* एसो0 प्रोफेसर–समाजशास्त्र (कला संकाय), महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय, चित्रकूट (सतना) म0प्र0
* शोध छात्रा, महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय, चित्रकूट (सतना) म0प्र0

अपना प्रभाव डालती रही है। मिड–डे–मील (मध्याह्न भोजन योजना) इस ओर एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। मध्याह्न भोजन योजना भारत में 1960 के दशक में आरम्भ की गई, इसका तात्पर्य यह है कि विद्यालय के कार्य दिवसों में बच्चों को दोपहर का भोजन विद्यालय में मुफ्त प्रदान किया जाये। प्रदेश की जनता का अधिकांश भाग ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करता है, जहॉ पर निम्न आय वर्गीय अभिभावकों के अधिकांश बच्चे परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षा ग्रहण कर रहे है। एक सर्वे के अनुसार आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के 70ः बच्चे प्रातःकाल बिना भोजन किये विद्यालयों में पढ़ने आते है। इनमें से 15५3ः बच्चे स्कूली शिक्षा पूर्ण करने से पूर्व विद्यालय छोड़ देते है। यह देखा गया है कि यदि बच्चे कुपोषण का शिकार है, तो उनकी शिक्षा ग्रहण करने की क्षमता में प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। ऐसे छात्र सामान्यतः चार प्रकार के व्यवहार करते पाये गये है।

1. विद्यालय में नियमित रूप से न आना।
2. पढ़ाई पर ध्यान केन्द्रित न कर पाने के कारण पिछड जाना।
3. परीक्षाओं में खराब परिणाम प्रदर्शित करना।
4. पढ़ाई पूर्ण करने से पूर्व विद्यालय छोड़ देना।

अतः स्कूली बच्चों में कुपोषण दूर करने हेतु सुबह घर से भूखे चल के आये हुये विद्यार्थियों को भोजन करवाना, स्कूल में छात्रों की संख्या व उपस्थिति को बढ़ाना आदि इस योजना के मूलभूत उद्देश्य है।

**मिड–डे–मील कार्यक्रम (मध्याह्न भोजन योजना) :**

वर्ष 1995 में मध्याह्न भोजन योजना प्रारम्भ हुई, इस योजना के अन्तर्गत प्रत्येक छात्र को हर महीने 3 किलोग्राम गेहू/चावल उपलब्ध कराया जाता था, केवल खाद्यान्न उपलब्ध कराये जाने से बच्चों के स्वास्थ्य एवं उनकी स्कूल में उपस्थिति पर आपेक्षित प्रभाव नही पड़ा, अतः 1 सितम्बर 2004 से पका–पकाया भोजन प्राथमिक विद्यालयों में उपलब्ध कराने की योजना आरम्भ कर दी गई। वर्तमान में भारत सरकार द्वारा मानकों में परिवर्तन करते हुये यह निर्धारित किया गया है, कि उपलब्ध कराये जा रहे भोजन में कम से कम 450 कैलोरी ऊर्जा व 12 ग्राम प्रोटीन उपलब्ध हो।

**तालिका नं0 1– मध्याह्न भोजन व्यवस्था के अन्तर्गत साप्ताहिक मैन्यू**

| दिन | आहार |
|---|---|
| सोमवार | रोटी–सब्जी (जिसमें सोयाबीन अथवा दाल की बरी का प्रयोग हुआ हो) व मौसमी फल |
| मंगलवार | दाल–चावल |
| बुधवार | तहरी एवं दूध |
| गुरूवार | रोटी–दाल |
| शुक्रवार | तहरी (जिसमें सोयाबीन की बरी का प्रयोग हुआ हो) |
| शनिवार | सब्जी (सोयाबीन युक्त) एवं चावल |

**मध्याह्न भोजन योजना के मुख्य उद्देश्यः–**

1. प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक कक्षाओं के नामांकन में वृद्धि।
2. छात्रों को स्कूल में पूरे समय रोककर रखना तथा विद्यालय छोड़ने की प्रवृत्ति (ड्रॉप ऑउट) में कमी।
3. छात्रों को पौष्टिक आहार प्रदान करना।
4. निर्बल आय वर्ग के बच्चों में शिक्षा ग्रहण करने की क्षमता विकसित करना।

**मध्याह्न भोजन योजना सिद्धान्तः–**

योजना को सुचारू ढंग से चलाने के लिये निम्न सिद्धान्त इस प्रकार है।

1. भोजन की कीमत उचित सीमा के अन्दर होनी चाहिये।
2. भोजन पकाते समय आवश्यक तत्वों को नष्ट नही करना चाहिये।
3. भोजन बनाते व बांटते समय स्वच्छता का ध्यान रखना चाहिये।
4. विद्यालयों में विद्यार्थियों को अनुशासित जीवन जीने के लिये प्रेरित करना चाहिये।
5. रसोई घर में भोजन कक्ष की उत्तम व्यवस्था होनी चाहिये।

6. कीटाणुनाशक दवाईयों से भोजन कक्ष व रसोई घर को साफ करना चाहिये।

7. भोजन के साथ स्थानीय मौसम के फल देने चाहिये।

8. बालकों के लिये दूध का प्रबन्ध अवश्य करना चाहिये।

9. भोजन कक्ष में उचित प्रकाश की व्यवस्था होनी चाहिये।

10. भोजन का प्रबन्ध एक प्रशिक्षित आहार निदेशक की देख–रेख एवं मार्ग दर्शन में होना चाहिये।

**ड्रॉप ऑउट (विद्यालय छोड़ना):–**

ड्रॉप ऑउट से तात्पर्य बच्चों के विद्यालय छोड़ने से है। ड्रॉप ऑउट की समस्या कोई नयी नही है। भारत में असमय विद्यालय छोड़ने की प्रवृत्ति बच्चों में रही है।

ड्रॉप ऑउट के कारण निम्न है–

1. कुछ बच्चे अपने माता–पिता के खेती, मजदूरी जैसे कामों में हाथ बटॉते है।

2. कुछ बच्चे विद्यालय नियमित नही आते क्योकि उनके अभिभावक जागरूक नही है।

**अध्ययन के उद्देश्यः–**

1. मध्याह्न भोजन योजना का बच्चो के नामांकन पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन करना।

2. मध्याह्न भोजन योजना का बच्चो की उपस्थिति पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन करना।

3. मध्याह्न भोजन योजना के कारण बच्चो की शिक्षा व स्वास्थ्य की गुणवत्ता के स्तर पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन करना।

4. मध्याह्न भोजन योजना के प्रति छात्र/ छात्राओ का दृष्टिकोण ज्ञात करना।

5. मध्याह्न भोजन योजना को और अधिक उपयोगी बनाने के लिये सुझाव प्रस्तुत करना।

**शोध विधिः–** शोध कार्य हेतु चित्रकूट जिले के 5 विकासखण्डों में से कर्वी विकासखण्ड का चयन उद्देश्यपूर्ण निर्दशन विधि द्वारा किया गया है।कर्वी विकासखण्ड के प्राथमिक विद्यालयों में से 6 प्राथमिक विद्यालयों का चयन उद्देश्यपूर्ण निर्दशन विधि द्वारा किया गया एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालयों में से 4 पूर्व माध्यमिक विद्यालयों का चयन भी उद्देश्यपूर्ण निर्दशन विधि द्वारा किया गया है। प्रत्येक प्राथमिक विद्यालय में से 10 विद्यार्थियों (5 छात्र + 5 छात्रायें) एवं 2 अध्यापकों इसी प्रकार प्रत्येक पूर्व माध्यमिक विद्यालय में से 10 विद्यार्थियों (5 छात्र + 5 छात्रायें) एवं 2 अध्यापकों का चयन उद्देश्यपूर्ण निर्दशन विधि द्वारा किया गया है। इस प्रकार कुल 120 उत्तरदाताओं (100 विद्यार्थी + 20 अध्यापकों) का चयन अध्ययन हेतु किया गया है।

**उपकरणः–** साक्षात्कार अनुसूची, स्वनिर्मित प्रश्नावली।

**तालिका नं0 2 :– विद्यालय सम्बन्धी विवरण**

| क्र0 | जिला | ब्लाक | विद्यालय | |
|---|---|---|---|---|
| | | | शहरी क्षेत्र | ग्रामीण क्षेत्र |
| 1 | चित्रकूट | कर्वी | I प्राथमिक विद्यालय नया बाजार कर्वी | I प्राथमिक विद्यालय कपसेठी कर्वी |
| | | | II प्राथमिक विद्यालय शंकर बाजार कर्वी | II प्राथमिक विद्यालय रानीपुर भट्ट |
| | | | III प्राथमिक विद्यालय तरौंहा कर्वी | III प्राथमिक विद्यालय पुरवा तरौंहा |
| | | | IV पूर्व माध्यमिक विद्यालय सीतापुर | IV पूर्व माध्यमिक विद्यालय अमानपुर |
| | | | V पूर्व माध्यमिक विद्यालय नया बाजार ट्रैफिक चौराहा कर्वी | V पूर्व माध्यमिक विद्यालय तरौंहा |

स्त्रोतः– सर्वेक्षण

**विश्लेषणः—**

**तालिका नं0 3 : मध्याह्न भोजन योजना से विद्यार्थियों के नामांकन पर पड़ने वाले प्रभाव का अभिमत**

| क्र0सं0 | विकल्प | संख्या | प्रतिशत (लगभग में) |
|---|---|---|---|
| 1 | बहुत अच्छा | 85 | 71% |
| 2 | अच्छा | 15 | 12.5% |
| 3 | सामान्य | 15 | 12.5% |
| 4 | कोई प्रभाव नही | 05 | 04% |
| | | 120 | 100% |

उपर्युक्त तालिका से स्पष्ट है कि सर्वाधिक 71ः उत्तरदाताओं ने मध्याह्न भोजन योजना का नामांकन पर बहुत अच्छा प्रभाव बताया है। अतः यह योजना नामांकन हेतु प्रभावशील पायी गई है।

**तालिका नं0 3.1ः— ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के विद्यालयों के विद्यार्थियों का नामांकन पर पड़ने वाले प्रभाव का तुलनात्मक अध्ययन**

| क्र0सं0 | ग्रामीण क्षेत्र | | | शहरी क्षेत्र | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | विकल्प | संख्या | प्रतिशत (लगभग) | विकल्प | संख्या | प्रतिशत (लगभग) |
| 1 | बहुत अच्छा | 80 | 67% | बहुत अच्छा | 10 | 08% |
| 2 | अच्छा | 20 | 17% | अच्छा | 20 | 17% |
| 3 | सामान्य | 15 | 12% | सामान्य | 60 | 50% |
| 4 | कोई प्रभाव नही | 05 | 04% | कोई प्रभाव नही | 30 | 25% |
| | | 120 | 100% | | 120 | 100% |

उपर्युक्त तालिका से स्पष्ट है कि ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालय के विद्यार्थियों में नामांकन का सर्वाधिक सकारात्मक प्रभाव पड़ा है, जबकि शहरी क्षेत्र के विद्यालय के विद्यार्थियों में नामांकन का मिला—जुला प्रभाव पड़ा है। अतः स्पष्ट है यह योजना ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिये ज्यादा प्रभावी साबित हुई है।

**तालिका नं0 4ः— मध्याह्न भोजन योजना से विद्यार्थियों की उपस्थिति पर पड़ने वाले प्रभाव का अभिमत**

| क्र0सं0 | विकल्प | संख्या | प्रतिशत (लगभग में) |
|---|---|---|---|
| 1 | बहुत अच्छा | 75 | 63% |
| 2 | अच्छा | 35 | 29% |
| 3 | सामान्य | 10 | 08% |
| 4 | कोई प्रभाव नही | 00 | 00% |
| | | 120 | 100% |

उपर्युक्त तालिका से स्पष्ट है कि सर्वाधिक 63ः उत्तरदाताओं ने मध्याह्न भोजन योजना का उपस्थिति पर बहुत अच्छा प्रभाव बताया है। अतः यह योजना उपस्थिति हेतु प्रभावशील पायी गई है।

**तालिका नं0 4.1ः– ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के विद्यालयों के विद्यार्थियों की उपस्थिति पर पड़ने वाले प्रभाव का तुलनात्मक अध्ययन**

| क्र0सं0 | ग्रामीण क्षेत्र | | | शहरी क्षेत्र | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | विकल्प | संख्या | प्रतिशत (लगभग) | विकल्प | संख्या | प्रतिशत (लगभग) |
| 1 | बहुत अच्छा | 80 | 66% | बहुत अच्छा | 75 | 62% |
| 2 | अच्छा | 20 | 17% | अच्छा | 20 | 17% |
| 3 | सामान्य | 20 | 17% | सामान्य | 15 | 13% |
| 4 | कोई प्रभाव नही | 00 | 00% | कोई प्रभाव नही | 10 | 08% |
| | | 120 | 100% | | 120 | 100% |

उपर्युक्त तालिका से स्पष्ट है कि ग्रामीण एवं शहरी दोनो क्षेत्र के विद्यालयों में विद्यार्थियों की उपस्थिति का सर्वाधिक उत्तरदाताओं ने बहुत अच्छा प्रभाव बताया है। अतः स्पष्ट है यह योजना ग्रामीण एवं शहरी दोनो क्षेत्र के विद्यालय के विद्यार्थियों की उपस्थिति के लिये क्रियाशील पायी गई।

**तालिका नं0 5ः–मध्याह्न भोजन योजना का विद्यार्थियों की शक्षा व स्वास्थ्य के स्तर पर पड़ने वाले प्रभाव का अभिमत**

| क्र0सं0 | शिक्षा पर प्रभाव | | | स्वास्थ्य पर प्रभाव | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | विकल्प | संख्या | प्रतिशत (लगभग) | विकल्प | संख्या | प्रतिशत (लगभग) |
| 1 | बहुत अच्छा | 50 | 42% | बहुत अच्छा | 90 | 75% |
| 2 | अच्छा | 50 | 42% | अच्छा | 20 | 17% |
| 3 | सामान्य | 10 | 08% | सामान्य | 10 | 08% |
| 4 | कोई प्रभाव नही | 10 | 08% | कोई प्रभाव नही | 00 | 00% |
| | | 120 | 100% | | 120 | 100% |

उपर्युक्त तालिका से स्पष्ट है कि इस योजना का विद्यार्थियों की शिक्षा पर मिला–जुला सकारात्मक प्रभाव पड़ा है, जबकि विद्यार्थियों के स्वास्थ्य पर इसका सर्वाधिक उत्तरदाताओं ने बहुत अच्छा प्रभाव बताया है। अतः स्पष्ट है यह योजना विद्यार्थियों की शिक्षा व स्वास्थ्य का स्तर सुधारने में कारगर सिद्ध हुई है। उसमें भी मूलरूप से यह योजना विद्यार्थियों के स्वास्थ्य को सुधारने में ज्यादा प्रभावी पायी गई है।

**तालिका नं0 5.1:– ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के विद्यालय के विद्यार्थियों की शिक्षा व स्वास्थ्य के स्तर पर पड़ने वाले प्रभाव का तुलनात्मक अध्ययन**

**(शिक्षा के स्तर पर प्रभाव)**

| क्र0सं0 | ग्रामीण क्षेत्र | | | शहरी क्षेत्र | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | विकल्प | संख्या | प्रतिशत (लगभग) | विकल्प | संख्या | प्रतिशत (लगभग) |
| 1 | बहुत अच्छा | 40 | 33.3% | बहुत अच्छा | 20 | 17% |
| 2 | अच्छा | 40 | 33.3% | अच्छा | 30 | 25% |
| 3 | सामान्य | 40 | 33.3% | सामान्य | 60 | 50% |
| 4 | कोई प्रभाव नही | 00 | 00% | कोई प्रभाव नही | 10 | 08% |
| | | 120 | 100% | | 120 | 100% |

उपर्युक्त तालिका से स्पष्ट है कि ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालयों के विद्यार्थियों में शिक्षा के स्तर पर मिला–जुला सकारात्मक प्रभाव है अर्थात औसतन प्रभाव पड़ा है, जबकि शहरी क्षेत्र के विद्यालयों के विद्यार्थियों में इस योजना का सर्वाधिक सामान्य प्रभाव पड़ा है। अतः स्पष्ट है यह योजना ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिये ज्यादा प्रभावी पायी गई है।

**(स्वास्थ्य के स्तर पर प्रभाव)**

| क्र0सं0 | ग्रामीण क्षेत्र | | | शहरी क्षेत्र | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | विकल्प | संख्या | प्रतिशत (लगभग) | विकल्प | संख्या | प्रतिशत (लगभग) |
| 1 | बहुत अच्छा | 90 | 75% | बहुत अच्छा | 80 | 67% |
| 2 | अच्छा | 20 | 17% | अच्छा | 20 | 16.5% |
| 3 | सामान्य | 10 | 08% | सामान्य | 20 | 16.5% |
| 4 | कोई प्रभाव नही | 00 | 00% | कोई प्रभाव नही | 00 | 00% |
| | | 120 | 100% | | 120 | 100% |

उपर्युक्त तालिका से स्पष्ट है कि ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालयों में विद्यार्थियों के स्वास्थ्य पर उत्तरदाताओं ने सर्वाधिक 75: बहुत अच्छा प्रभाव बताया है। जबकि शहरी क्षेत्र के विद्यालय में विद्यार्थियों के स्वास्थ्य पर उत्तरदाताओं ने सर्वाधिक 67: बहुत अच्छा प्रभाव बताया है। अतः स्पष्ट है यह योजना विद्यार्थियों के स्वास्थ्य के लिये प्रभावी पायी गई है।

**तालिका नं0 6ः– मध्याह्न भोजन योजना के प्रति छात्र/छात्राओं का दृष्टिकोण**

| क्र0सं 0 | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| 1 | क्या आपको स्कूल में खाना दिया जाता है ? | हाँ 100% नही 0% |
| 2 | क्या खाना आपको खाने में अच्छा लगता है ? | हाँ 100% नही 0% |
| 3 | क्या आपको खाना भरपेट मिलता है ? | हाँ 100% नही 0% |
| 4 | क्या आपको विद्यालय में खाना दिया जाना चाहिये ? | हाँ 100% नही 0% |
| 5 | क्या आप खाना घर भी ले जाते है ? | हाँ 0% नही 100% |
| 6 | क्या स्कूल का खाना खाने से कोई बीमार पड़ा है ? | हाँ 0% नही 100% |
| 7 | क्या खाना खाने के लिये आप बर्तन घर से ले जाते है ? | हाँ 0% नही 100% |
| 8 | पानी का साधन क्या है ? | हैण्डपम्प |
| 9 | पढ़ाई के अलावा और क्या काम करते है ? | खेत का काम 50%, घर का काम 40%, कोई काम नही 10% |
| 10 | क्या आपके साथ ऐसे बच्चे भी खाना खाने आते है, जिनका स्कूल में नाम नही लिखा है ? | हाँ 0% नही 100% |

उपर्युक्त तालिका से स्पष्ट है कि मध्याह्न भोजन व्यवस्था के अन्तर्गत सभी उपस्थित बच्चों को विद्यालय में भोजन दिया जाता है, सभी बच्चों को भोजन अच्छा लगता है, विद्यालय में मिलने वाले भोजन से कोई बीमार नही हुआ है। इस प्रकार यह स्पष्ट है इस योजना के प्रति छात्र/छात्राओं का सकारात्मक दृष्टिकोण है।

**सुझाव :**

मध्याह्न भोजन योजना के क्रियान्वयन के विषय में शोध अध्ययन करने में कुछ समस्यायें प्राप्त हुई है, जो इस योजना को शोध क्षेत्र में प्रभावित कर रही है, अतः इन्ही समस्याओं को आधार मानकर कुछ सुझाव प्रस्तुत किये गये है जो इस प्रकार हैः–

1. शोध अध्ययन में पाया गया कि पीने के पानी की उचित व्यवस्था नही है, एक हैण्डपम्प ही है जो गर्मी में सही से पानी नही देता, जिसमें कभी–कभी पानी आता है, कभी–कभी पानी नही आता है। अतः पानी की उचित व्यवस्था हेतु सरकारी पाइप लाइन द्वारा पानी एवं पानी की टंकी की व्यवस्था प्रत्येक विद्यालय में की जाये।

2. शोध अध्ययन में पाया गया कि बच्चों के माता–पिता उनकी शिक्षा व स्कूल जाने की नियमितता के प्रति जागरूक व्यवहार नही करते, जिससे इस योजना के वांछित परिणाम नही प्राप्त होते है। अतः माता–पिता की जागरूकता के लिये अभियान चलाना चाहिये एवं संचार साधनों द्वारा भी इसका प्रचार किया जाना चाहिये।

3. मध्याह्न भोजन योजना के लिये सरकार द्वारा जो फण्ड व अनाज की धनराशि उपलब्ध करायी जाती है वह समय पर विद्यालयों में उपलब्ध नही हो पाती है, और जो धनराशि दी भी जाती है वह पर्याप्त नही होती है, ऐसी स्थिति में फण्ड की व्यवस्था मध्याह्न भोजन योजना के लिये नियुक्त इंचार्ज/सह अध्यापक अथवा प्रधानाध्यापक को ही करनी पड़ती है। उन्हे अपनी जेब से पैसा लगाना पड़ता है। इन सब के कारण अनाज, दूध, फल, सब्जी, तेल आदि पर्याप्त मात्रा में व अच्छी गुणवत्ता वाले उपलब्ध नही हो पाते है। अतः सरकार को फण्ड व अनाज आदि की धनराशि सीधे विद्यालयों के बैंक खाते में विद्यार्थियों की संख्यानुसार प्रति विद्यार्थी लागत के हिसाब से भेजनी चाहिये।

4. सरकार को चाहिये कि सप्ताह में दिये जाने वाले भोजन में किसी एक दिन मिठाई (जैसे–रसगुल्ला, खीर आदि) एवं मेवे (जैसे– काजू, बदाम आदि) को भी शामिल करे।

5. शिक्षको ने कहा कि मध्याह्न भोजन व्यवस्था करने में अधिक समय व्यतीत होने के कारण बच्चों को अधिक समय नही दे पाते है। अतः मध्याह्न भोजन व्यवस्था के लिये शिक्षक को छोड़कर अलग से कर्मचारी रखना चाहिये।

**निष्कर्षः–**

प्रस्तुत शोध के परिणामों से मध्याह्न भोजन योजना के यर्थात् का चित्रण किया गया है।

आंकडों के विश्लेषण से यह ज्ञात हुआ है कि

– मध्याह्न भोजन योजना विद्यार्थियों के नामांकन के लिये कारगर सिद्ध हुई है।

– मध्याह्न भोजन योजना का विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि पर मापदण्ड के हिसाब से जितना प्रभाव पड़ना चाहिये उतना प्रभाव नही पड़ा है।

– मध्याह्न भोजन योजना बच्चो की उपस्थिति बनाये रखने व ड्रॉप ऑउट (समय से पहले विद्यालय छोडने की प्रवत्ति) को रोकने में कारगर साबित हुई है।

– मध्याह्न भोजन योजना में भोजन की गुणवत्ता, पौष्टिकता का स्तर निर्धारित मानकों के हिसाब से नही पाया गया है।

**सन्दर्भ ग्रन्थसूचीः–**

1. मध्याह्न भोजन योजना (2004), मानव संसाधान विकास मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली।

2. तिवारी, सुभाष चन्द्र (2005–06),प्राथमिक स्तर पर मध्याह्न भोजन योजना की क्रियान्वयन समस्या का अध्ययन', लघु शोध प्रबन्ध, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर (म0प्र0)।

3. पाण्डेय, बैजनाथ (2007), 'पूर्ण साक्षरता के लिये वरदानरू मिड–डे–मील', मासिक पत्रिका कुरुक्षेत्र, ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली अंक 11।

4. परिहार, नीलम सिंह (2008–09), मध्याह्न भोजन योजना का क्रियान्वयन', लघु शोध प्रबन्ध, अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवां (म0प्र0)।

5. पुश्पद, नेहा (2008–09),मध्याह्न भोजन का विद्यार्थियों के स्वास्थ्य एवं शैक्षणिक उपलब्धि स्तर पर पड़ने वाला प्रभाव', लघु शोध प्रबन्ध, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर (म0प्र0)।

6. शर्मा, अंजना (2014), 'मध्याह्न भोजन योजना का विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धि पर प्रभावरू एक अध्ययन',शोध प्रबन्ध, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर (म0प्र0)।

7. Mittal, S.S. (1985), 'Impact of Mid-Day-Meal programme, Enrolment and attendance of primary stage'.

SHODH CHETNA – YEAR-8, VOL. 2 (APR. TO JUNE, 2022) ISSN : 2350-0441
A Peer-Reviewed & Refereed
International Multifocal
Research Journal
IMPACT-FACTOR
SJIF - 5.999
Paper Recieved : 20th Apr. 22 Paper Accepted : 10th May 22

# आचार्य सूर्यनारायण गौतम की कहानियों में नारी चिन्तन

❐ डॉ. राजकौर*

**शोध सारांश**

आचार्य सूर्यनारायण गौतम वर्तमान में एकलव्य विश्वविद्यालय, दमोह मध्य प्रदेश के संस्कृत विभाग में आचार्य पद पर कार्यरत हैं। संस्कृत, हिन्दी तथा बघेली साहित्य के मूर्द्धन्य विद्वान हैं। आपका वैशिष्ट्य यह है कि संस्कृत में वेद, शास्त्रों का गहन अध्ययन करने के उपरान्त उस ज्ञान को लोक से जोड़ने का अनुपम प्रयास किया है। 'किस्सन केर पोथन्ना' मूलतः बघेली बोली में आपके द्वारा लिखी गई कथाओं की पुस्तक है। इसमें 23 कहानियाँ संग्रहीत हैं जिसका अनुवाद डॉ.सुरेश कड़वासरा एवं दिव्यांशी गौतम ने किया है। इन कहानियों में अन्य लेखकों की कहानियों से भिन्नता है। आचार्य सूर्यनारायण गौतम की पृष्ठभूमि संस्कृत भाषा व साहित्यिक रही है, उसमें भी वेद विषय की मर्मज्ञता होने से आपके चिन्तन में वेदों की झलक स्पष्ट दिखाई देती है।

वैदिक साहित्य के अनुसार नारी का उच्चतम स्वरूप जो होना चाहिए वह आपके कथा साहित्य में अनायास ही प्राप्त होता है। परवर्ती साहित्य में नारी स्मिता को बनाये रखने के लिए बहुत प्रयास किये गये तथा किये जा रहे हैं, उसी कड़ी में आपके साहित्यिक योगदान को अनदेखा नहीं किया जा सकता। आपकी दृष्टि में नारी का क्या स्वरूप है इस दिशा में यह शोध कार्य प्रवृत्त है।

**शब्द कुंजी**–आचार्य सूर्यनारायण गौतम, कहानी, नारी चिन्तन।

आचार्य डॉ. सूर्यनारायण गौतम उस व्यक्तित्व का नाम है जो बहु आयामी प्रतिभा सम्पन्न और परम विद्वान के साथ परम विनम्र भी है। डॉ. यूसुफ साबिर जो कि उनके सहकर्मी रहे हैं अपनी 'अक्स ए अदब' पत्रिका में उनके विषय में कहते हैं कि–"दमदमी नूरानी चेहरा, आँखे छोटी और लम्बी नाक, बादामी रंग, छरहरा शरीर और उस पर कुर्ता–धोती उनपर बहुत ही सुन्दर खिलता है।"[1] मुख में हास्य और सदा प्रसन्न रहने वाले आचार्य सूर्यनारायण गौतम का कृतित्व बहुमूल्य है, उनका जन्म 02 मई सन् 1973 को रीवा मध्य प्रदेश में हुआ है तथा सम्पूर्ण शिक्षा रीवा में ही सम्पन्न हुई है।

महाकवि बाणभट्ट की जीवन शैली से अत्यन्त प्रभावित दिखने वाले आचार्य गौतम में अनेक महापुरुषों के लक्षण दिखाई देते हैं। संघर्षों से जूझना और उनमें सफल होना कोई आपसे सीखे।

* हिन्दी–विभाग, एस.एस. कालेज, बिगोदना, पिलानी, जिला– झुंझुनूं राजस्थान

आपके द्वारा सर्व प्रथम बघेली बोली में बिखरी लोक कथाओं का संकलन किया गया और उसके बाद लोककथा शैली और बोली में ही अन्य कहानियों का लेखन किया गया ताकि बघेली बोली का विकास हो सके। बघेली बोली के विकास में आपका प्रदेय प्रणम्य है, पहले लोक कथाओं का संकलन फिर उसी शैली में कथाओं का लेखन और फिर उससे भी आगे बढकर लोककवियों की चयनित रचनाओं का संकलन जो 'बघेली बिरबाही' नाम से 'सोंधी माटी लोनी बघेली साहित्यिक मंच, सीधी मध्य प्रदेश' के सौजन्य से प्रकाशित किया है का संपादन कार्य किया गया है। इसके आद आपने 'बोली आपन नाउ रे.....' नामक स्वरचित कविता संग्रह भी बघेली समाज को अर्पित किया है।

आपके इस उत्कृष्ट कार्य की भूरि–भूरि प्रसंशा करते हुए डॉ. नर्मदा प्रसाद मिश्र 'नरम' ने कहा है कि– ''आपका बघेली के विकास में किया गया प्रयास प्रणम्य है।''[2] वहीं बघेली बोली के प्रसिद्ध कवि भृगुनाथ प्रसाद पाण्डेय 'भ्रमर' ने 'बघेली पूत प्रो. गौतम' कहकर उनका सम्मान किया है। इतना ही नहीं 'बोली आपन नाउ रे...' पुस्तक पर तेरह कविताओं से पद्यमय समीक्षा कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है।[3]

संस्कृत साहित्य के महान विद्वान एवं पूर्व कुलपति संस्कृत विश्वविद्यालय, उज्जैन, महाकवि मिथिला प्रसाद त्रिपाठी ने डा. गौतम के विषय में कहा कि– 'डॉ. गौतम वेद पण्डित है, उनमें सामाजिक जीवन के साथ वैदिक दृष्टि एवं वैदिक चिन्तन को आत्मसात् करने की ललक है, इन्होंने अनेक ग्रन्थ इसी प्रकार रच दिया है। इलकी मननवृत्ति और रचनाधर्मिता उत्साहवर्धन योग्य ही है और सराहनीय भी है।''[4]

'किस्सन केर पोथन्ना' का शब्दिक अर्थ है किस्सों अर्थात् कहानियों की, तथा पोथन्ना का तात्पर्य है बड़ी पोथी। बड़ी का तात्पर्य यहाँ आकार में नहीं बल्कि बड़ी बात से लिया जाना चाहिए क्योंकि इस पुस्तक में केवल तेइस ही कहानियाँ संग्रहीत की गई हैं, जो आकार में लघु भी नहीं कही जा सकती किन्तु मध्यम की श्रेणी में अवश्य रखी जा सकती हैं। सनातन का तात्पर्य पुरातन से है। ऐसा पुरातन चिन्तन जो आदिकाल से चलता चला आ रहा है। पुराना होने का मतलब केवल किसी वस्तु या तथ्य की प्राचीनता बतलाकर उसके महत्व को गढ़ना नहीं होता बल्कि पुराना यदि आज भी प्रासंगिक है तो उसके पीछे उसकी वैज्ञानिकता और मौलिकता ही कारण होती है।

सनातन चिन्तन बनावटी नहीं है उसमें विज्ञान कण–कण में समाहित है, उसमें प्रकृति के पदार्थों का जिसे मानव अपने सम्पूर्ण जीवनकाल में उपभोग करता है उनके गुणों का बखान किया गया है। उस सनातन चिन्तन का नाम 'वेद' है जो भारतीय दर्शन का प्राण है। उसी वैदिक चिन्तन से अनुप्राणित राजर्षि मनु ने कहा है–

**''यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते, रमन्ते तत्र देवता''**

जिस समाज में नारी जाति का सम्मान होता है उस समाज में देवता अर्थात् दिव्य पदार्थों या दिव्य गुणों का निवास होता है। आचार्य सूर्यनारायण गौतम उसी वेद के अध्येता और विचारक हैं तभी तो 'चकरे की चाल' नामक कहानी में परवतिया के हाँथों ग्रहस्थी को खड़ी करना और समाज में अपने कुशल व्यवहार से सबका स्नेह भाजन बनने की नारी गत कौशल का दिग्दर्शन कराया है।

एक सम्पन्न घर किन्तु उजड़ी हुई व्यवस्था को एक सदाचरण से युक्त नारी ही ठीक कर सकती है। वह अपने पति का सम्मान करते हुए उसके प्रत्येक कार्य में सहायिका होना और घर के भीतरी सभी विषयों को स्वयं ठीक रखना यह वैदिक नारी का लक्षण है। डा. गौतम की नारी पात्र परवतिया परम उदार, धार्मिक कृत्यों में आस्थावान, सास की सेवा परायण, अपनी गृहस्थी के प्रति सजग, सन्तानों को सुशिक्षित करने वाली, उदारमना एवं व्यवहार कुशल नारी है।[5]

इसी प्रकार 'चुनाव' नामक कहानी में रामसुजान की पत्नी गुजजरिया के द्वारा राजनैतिक विषयों में नारी की भूमिका किस प्रकार होनी चाहिए ? नारी को

भी अपने समाज व देश के प्रति किस प्रकार सजग रहना चाहिए एक अनुपम उदाहरण है। नारी के लिए सम्बन्धों में उसके पति से आगे कोई नहीं होता। किन्तु यह गृहस्थी चलाने के लिए है न कि देश के लिए। डॉ. गौतम की दृष्टि में घर से समाज श्रेष्ठ है। समाज से राष्ट्र श्रेष्ठ है। समाज गठन में नारी की भी वही भूमिका है जो एक नर की होती है।

जब सरपंची के चुनाव का समय आता है तब उसका पति भी अयोग्य होने के बावजूद उस पद के लिए दावेदारी करता है। काफी जद्दोजहद से वोट पड़ते हैं और अन्त में निर्णय यह होता है कि दोनों प्रतिद्वन्दियों के वोट वराबर की संख्या में हो जाते हैं। अब निर्णयात्मक वोट  गुलजरिया के हाथों ही पड़ना है। डॉ. गौतम की गुलजरिया नारी पात्र समाज हित में निजी सम्बन्धों को नहीं देखती। वह समाज के हित को देखती है। ऐसे में उसे अपने पति से श्रेष्ठ दूसरा प्रतिद्वन्दी ही दिखाई देता है और उसने समाज हित को सर्वोपरि स्वीकार कर सम्बन्ध को ताक में रख समाज के प्रति जागरुक, सेवाभावी, कर्तव्यनिष्ठ, चरित्रवान भगवतशरण को अपना वोट प्रदान करती है।[6]

इसी प्रकार 'मेंछा' नामक कहानी की नारी पात्र पं. रामधनी की पत्नी एक कुशल सद्गृहणी है। उसे प्रतिक्षण अपने घर की मान मर्यादा का भान रहता है। उसके ही कृत्यों से उसके पति का घर के बाहर और भीतर सम्मान है।

पं. रामधनी स्वयं मूछ नहीं रखते। इस बात से उनके मित्रगण जब हंसी उडाते हैं कि किसके मुच्छ नहीं उसके कुच्छ नहीं। तब वह हँसते हुए कह देते हैं कि आप लोग अपनी मूँछ लिए घूमते हैं और मैं अपनी मूँछ घर में रखता हूँ। पं. रामधनी को अपनी पत्नी के कार्यों से गर्व है। इसलिए वह इस प्रकार की बातें कर देते हैं।

रामधनी के मित्र जब उनकी अनुपस्थिति में घर पहुँचते हैं तब घर की मर्यादा के अनुसार उनका आतिथ्य किया जाता है। इस बात को देखकर उनके मित्र को भारी आश्चर्य होता है और वे समझ जाते हैं कि वास्तव में किसी पुरुष की असली मूँछ उसके घर का बड़प्पन है, मर्यादा है। वह रामधनी के घर में है तथा उसके पत्नी के हाँथों से है।[7]

यह कहानी पुनः पुनः पठनीय है। इसमें डा. गौतम का व्यंग्य देखने योग्य है। समाज की दकियापूसी परम्पराओं के नाम पर सम्मान पाते रहने वाले लोगों पर करारा व्यंग्य है। जो रीति–नीति की बातें तो बढ़चढ़कर करते हैं किन्तु उसके पीछे के वैज्ञानिक चिन्तन से पूर्णतः अनभिज्ञ रहते हैं।

इसी प्रकार बुधिया नामक कहानी भी नारीगत चिन्तन, और उसके जागरण से समाज जागरण तक की गाथा है। किस प्रकार एक निर्धन मजदूर की बेटी के मन भी शिक्षा प्राप्त करने की लालसा होती है और वह उसे शिक्षित करने में असहाय दिखता है। किन्तु जब वह अधिक परिश्रम कर अपनी बेटी को शिक्षा दिलाने के लिए कटिबद्ध हो जाता है तो उसकी बेटी बुधिया भी पढ़ाई में अब्बल आती है। उसने न केवल पढ़ाई कर स्वयं का रोजगार प्राप्त करती है बल्कि उसने पूरे क्षेत्र में गरीबों के बच्चों को शिक्षित करने के लिए विद्यालयों का निर्माण भी करती है।[8]

'पर्दा प्रथा' कहानी में डा. गौतम यह चित्रित करते कि पर्दा (घूंघट) की प्रथा प्राचीन नहीं है। यह तो मध्य काल में आर्यावर्त में होने वाले आक्रमणों का दुष्परिणाम है कि इस प्रथा ने जन्म लिया। अब विश्व में ऐसा वातावरण कहीं नहीं है कि नारियों का मुँह छिपाकर चलना पड़े। अबवह पुनः घर की चहारदीवारी से वैसे ही मुक्त है जैसे की वेद और रामायण तथा महाभारत काल में थी। डा. गौतम ने पर्दा प्रथा के कारण समाज में होने वाली हानियों का दिग्दर्शन कराया है। कि पर्दे के कारण ही हरीपुर निवासी मानिकराम की माता जी का अपहरण हुआ। जिस प्रथा को वे स्वयं अपनी माता का दिया हुआ वरदान मानती थी उसी शिक्षा ने उनके जीवन में ऐसा झटका दिया कि वे उसे स्वयं ही समाज से हटवाने के लिए बाध्य हो गईं।[9]

नारीगत चिन्तन में डा. गौतम ने जहाँ नारी के सम्मान, उदारता, बड़प्पन आदि का चित्रण किया है वहीं नारी की यातनाओं को भी दर्शाया है। 'घूँसा' कहानी इसी बात को दर्शाती है कि पुरुष प्रधान समाज में किस प्रकार नारी पर पुरुष के अधिकार होते थे तथा उसका नारी पर कैसा दुष्परिणात होता है। 'घूँसा' कहानी का शंकरलाल अपने ससुराल में बेर के पेड़ के पास अनजाने में ही सही परन्तु अपनी पत्नी को घूँसा मार देता है। बाल विवाह के कारण जिसका अभी द्विरागमन नहीं हुआ है तथा वह अबोध भी है, उसके राने पर जब उसके पिता को यह पता चलता है कि उसके दामाद ने ही उसकी बेटी को मारा है तो वे अन्दर से सकपका जाते हैं कि अब वे इस विषय में क्या कहें ? वे इतना ही कहते हैं कि मेरे घर में मत मारो, अपने घर ले जाकर जो चाहे करना।10बाल विवाह दोनों का ही होता था किन्तु इसमें सताई केवल नारी जाती थी। क्योंकि वह अबोध हाती थी। उसे घर–गृहस्थी का ज्ञान नहीं होता था। इस बात से नारी की निरीहता स्पष्ट झलकती है जो डॉ. गौतम को सह्य नहीं है।

**निष्कर्ष–**

इस प्रकार हम देखते हैं कि डॉ. गौतम की दृष्टि में नारी का वही स्थान है जो वेदों में वर्णित मदालसा, पौलोमा, गार्गी एवं कात्यायनी आदि नारियों का है। वे भी समाज में पुरुषों के कन्धे से कन्धा मिलाकर समाज को गति प्रदान करने में अपनी अहम भूमिका का निर्वहन उसी प्रकार करती हैं जिस प्रकार पुरुष करता है। उनकी दृष्टि में स्त्री और पुरुष दोनों ही एक दूसरे के सहचर और सहचरी हैं। इसी प्रकार का आदर्श सम्बन्ध तथा उदात्त भाव घर को स्वर्ग बना सकता है। सुख शान्ति का धाम बना सकता है।

उनकी दृष्टि में नारी और नर में केवल शारीरिक बनावट का ही भेद है जो मानव निर्मित नहीं वल्कि संसार चक्र को सतत चलायमान रखने के लिए है तथा प्रकृति जन्य है।

**सन्दर्भ :**


1. अक्स ए अदब, ए के एस – ई औरंगाबाद, आई एस एस एन– 2320–6519, पेज–30
2. साहित्य का सूरज प्रो. सूर्यनारायण गौतम, लेखक– डॉ. राजेश शर्मा एवं डॉ. रमा शंकर मिश्र, प्रकाशक– एस. के. पब्लिकेशन, शहराराबाग, प्रयाग उ.प्र., पृष्ठ 59
3. 'बोली आपन नाउ रे......' जी एच पब्लिकेशन, शहराराबाग, प्रयाग उ.प्र. पृष्ठ 11–20
4. शतपथ संदर्शन, जी.एच. पल्किेशन, शहराबाग इलाहाबाद उत्तर.प्रदेश पृष्ठ 9
5. किस्सन केर पोथन्ना, लेखक– डॉ. सूर्यनारायण गौतम, अनुवादक– डॉ. सुरेश कडवासरा एवं दिव्यांशी गौतम 'दिव्या' प्रकाशक–सूर्य प्रकाशन मन्दिर, ए–1, जवाहर नगर, बीकानेर, राज., वर्ष–2021, पृ.19–26
6. वही, पृ. 40–44
7. वही,पृ. 92–97
8. वही, पृ.115–119
9. वही, पृ.108–110
10. वही, पृ.121–124

SHODH CHETNA – YEAR-8, VOL. 2 (APR. TO JUNE, 2022) ISSN : 2350-0441

A Peer-Reviewed & Refereed International Multifocal Research Journal

IMPACT-FACTOR SJIF - 5.999

Paper Recieved : 1st June. 22 Paper Accepted : 15th June. 22

# ''जबलपुर नगर में पर्यटन सुविधाओं तथा उनके विकास का विश्लेषणात्मक अध्ययन''

❒ डॉ. दुर्गा महोबिया*

## शोध सारांश

पवित्र नर्मदा नदी के तट पर बसा जबलपुर नगर मध्यप्रदेश के प्रमुख नगरों में से एक है अपने फलते-फूलते भौगोलिक, ऐतिहासिक व आध्यात्मिक तथा औद्योगिक महत्व के लिए प्रसिद्ध है। पर्यटन की दृष्टि से जबलपुर नगर अपने खूबसूरत नजारों, प्राचीन इतिहास, धार्मिक स्थल पर्यटकों को आर्कषित करते हैं। यहाँ पर्यटक विभिन्न उद्देश्यों जैसे मानिसक शान्ति, भ्रमण, मौज-मस्ती, रोमांच के साथ बेहतरीन समय बिता सकते हैं। प्रस्तुत शोधकार्य अध्ययन प्राथमिक आंकड़ों के माध्यम से किया गया है प्रत्येक 10 पर्यटक स्थलों मे आने वाले विभिन्न वर्ग के लोगों द्वारा कुल 100 प्रश्नावालियाँ भरवाई गई तथा आँकड़ों का अध्ययन किया गया है। आंकड़ों का अध्ययन किया गया है। आंकड़ों के विश्लेषण से यह निष्कर्ष जबलपुर नगर में आने वाले पर्यटकों के लिए सुविधाओं का औसत स्तर सामान्य तथा संतोषजनक है। सही प्रबंधन व आपसी सहयोग से इसे उत्तम स्तर तक लाया जा सकता है। शासन द्वारा सुनिश्चित सही दिशा-निर्देशों के पालन तथा प्रयासों से सुविधाओं के साथ पर्यटन का विकास किया जा सकता है। यह अतिथि देवो भव के परम्परागत दर्शन के अनुरूप होगा।

**प्रस्तावना :**

भारतीय सभ्यता व संस्कृति अतिथियों के स्वागत, आदर व सम्मान के लिए विश्वविख्यात है। भारतीय प्राचीन ग्रन्थों में भी इसका उल्लेख मिलता है। अतिथि देवो भवः की परम्परा प्राचीन काल से ही चली आ रही है। संस्कृत वाक्यांश अतिथि देवों भव जिसका अर्थ है अतिथि देवता तुल्य है तैतिरीयोपनिषद् उपनिषद से लिया गया है। तैतिरीय उपनिषद् के शिक्षावली के ग्यारहवें अनुवाक के दूसरे श्लोक में लिखा है-

**देवपितृकर्याभ्यां न प्रमदितव्यं। मातृदेवो भव। पितृदेवो भव। आचार्यदेवो भव। अतिथि देवो भव।**

अतिथि के लक्षणों का वर्णन करते हुए महर्षि शातातय कहते हैं कि जो सज्जन बिना किसी प्रयोजन, बिन बुलाए, किसी भी समय और किसी भी स्थान से

* असिस्टेंट प्रोफेसर एवं भूगोल विभागाध्यक्ष, एकलव्य विश्वविद्यालय, दमोह (म.प्र.)

घर में उपस्थित हो जाए। उसे अतिथि रूपों देव ही समझना चाहिए।

भारत देश को अतुल्य भारत की संज्ञा दी गई है। ऐतिहासिक, भौगोलिक सांस्कृतिक तथा आध्यात्मिक दृष्टिकोण से प्रतिवर्ष असंख्य पर्यटकों का आगमन होता है। जो कि देश के आर्थिक पक्ष को सुदृढ़ व मजबूत बनाता है। पर्यटकों की संख्या और अधिक वृद्वि के उद्देश्य से देश में पर्यटन विभाग द्वारा अतुल्य भारत विषय के साथ अतिथि देवो भव की एक राष्ट्रीय अभियान के रूप में की गई है। इस अभियान का उद्देश्य भारत मे आने वाले पर्यटकों को मानसिक शांति, धर्म व संस्कृति की सुखद व आध्यात्मिक आनन्द की अनुभूति प्रदान करना है।

**अध्ययन के उद्देश्य :**

पूर्व में किए गए शोध एवं उपलब्ध समसमायिक साहित्य के आधार पर जबलपुर नगर में पर्यटन की संभावनाओं तथा विकास के विश्लेषणात्मक अध्ययन के अंतर्गत प्रस्तुत शोध के अध्ययन के उद्देश्यों का निर्माण किया है-

1. जबलपुर नगर के पर्यटन स्थलों में उपलब्ध सुविधाओं का आंकलन करना।

2. जबलपुर नगर की विरासत, धरोहर और संस्कृति के संरक्षण मे सहायता करना तथा उन्हें विश्व के समक्ष प्रस्तुत करना।

3. रोजगार, आय, राजस्व, विदेशी मुद्रा सृजन आदि के रूप में सामाजिक-आर्थिक लाभ प्राप्त करना।

4. उत्तम सुविधाओं की उपलब्धता द्वारा जबलपुर पर्यटन में भविष्य की भावी संभावनाएँ उत्पन्न करना।

5. जबलपुर पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पर्यटकों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण रखते हुए सुझाव प्राप्त करना।

6. जबलपुर पर्यटन की ओर सुगम व प्रभावी बनाने के उद्देश्य से डिजिटल भारत से जोड़ना।

7. पर्यटन उत्पादों के विकास और संवर्धन के लक्ष्यों को प्राप्त करना।

8. पर्यटन संबंधी समारोह के आयोजनों को बढ़ावा देना।

**शोध प्रविधि :**

प्रस्तुत शोध-पत्र में जबलपुर में पर्यटन संभावनाओं तथा उनके विकास का विश्लेषणात्मक अध्ययन संबंधी आँकड़ों का अध्ययन किया गया है। आँकड़ों का संकलन वैज्ञानिक पद्धति द्वारा किया गया है। अध्ययन में विषय की आवश्यकता के अनुरूप मध्यप्रदेश राज्य के जबलपुर नगर को अध्ययन क्षेत्र के रूप में लिया गया है। शोध की सफलता हेतु आदर्श दैव-निदर्शन पद्धति का चुनाव किया गया है। शोध के विषय को ध्यान में रखते हुए संपूर्ण जबलपुर नगर के समस्त प्रमुख पर्यटन स्थलों में आने वाले पर्यटकों में परिवार, दोस्त, टूरिस्ट, भाई-बहन, दम्पत्ति, सहेलियाँ, बुजुर्ग वर्ग तथा अकेले आने वाले व्यक्तियों को उत्तरदाता के रूप में लिया गया है। इनके इस प्रकार के चुनाव का कारण यहाँ आने का अलग-अलग दृष्टिकोण है जबलपुर के पर्यटक स्थल दार्शनिक, आध्यात्मिक, प्राकृतिक सौंदर्य, रोमांच, ऐतिहासिक, भौगोलिक, सांस्कृतिक, आराम व मनोरंजन की दृष्टि से आकर्षण का केन्द्र है। अध्ययन की दृष्टि से जबलपुर शहर के अलग-अलग विशेषताओं वाले 10 प्रमुख पर्यटन स्थलों का चुनाव किया गया है प्रत्येक पर्यटन स्थल से विषय से संबंधित 10 प्रश्नावली विभिन्न दृष्टिकोण वाले 10 उत्तरदाता द्वारा भरवाई गई है। ताकि वैज्ञानिक पद्धति द्वारा शोध की सफलता हेतु विश्वसनीय आँकड़े प्राप्त किये जा सके इस प्रकार कुल 100 उत्तरदाताओं से प्रश्नावली द्वारा आँकड़ों का संकलन किया गया है तथा समस्त पर लागू कर निष्कर्ष प्राप्त किए गए है।

**अध्ययन क्षेत्र :**

विंध्य पर्वत श्रृंखला में स्थित जबलपुर नगर नर्मदा नदी के तट पर स्थित है। पुराणों और किवदंतियों के

अनुसार जबलपुर शहर को पूर्व में जबालिपुरम के नाम से जाना जाता था। इसका नामकरण महर्षि जबालि से संबंधित है साथ ही इस शहर के मताभर ग्राम को परशुराम की तपोभूमि के रूप में जाना जाता है। इसे मध्यप्रदेश की 'संस्कारधानी' तथा न्यायिक राजधानी भी कहा जाता है। ऐतिहासिक दृष्टिकोण से जबलपुर नगर का महत्व अधिक है। जबलपूर नगर का क्षेत्रफल 10,160 कि.मी. है। 2011 की जनगणना के अनुसार जबलपुर नगर निगम क्षेत्र की जनसंख्या 14,44,667 हैं।

जबलपुर शहर में हवाई मार्ग के द्वारा पहुचा जा सकता है। डुमना हवाई अडडा शहर से 20 किमी की दूरी पर है जबलपुर नगर से भोपाल ,दिल्ली, मुम्बई, हैदराबाद, पुणे, इन्दौर व नागपुर आदि हवाई मार्ग से जुड़े हैं।

जबलपुर रेलवे मध्य भारत का प्रमुख रेलवे स्टेशन है। मध्य रेलवे का विभगीय क्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय इस शहर में है। जबलपुर रेलवे स्टेशन की रेलवे कनेक्टिविटी भरत के प्रमख शहरों तथा पर्यटन स्थलों के साथ बहुत अच्छी है। जबलपुर से गुजरने वाली सभी प्रमुख ट्रेनें यहाँ आकर रूकती हैं।

जबलपुर से राष्ट्रीय राजमार्ग-7 होकर गुजरता है, जो वाराणसी को कन्याकुमारी से जोड़ता है। जबलपुर से जुडे निकटवर्ती महत्वपूर्ण शहर नागपुर, भोपाल, रायपुर, इन्दौर, खजुराहो आदि द्वारा भारत के किसी भी स्थान पर जा सकते हैं। प्रमुख पर्यटन स्थल की सडक मार्ग से सीधी बस कनेक्टिविटी है।

## नगर के प्रमुख पर्यटन स्थल

**भेड़ाघाट :**

भेड़ाघाट जबलपुर का सबसे बेहतरीन व आर्कषक पर्यटन स्थल है जहाँ पहुँचकर पर्यटक संगमरमरी चट्टानों के बीच से बहती नदी के प्राकृतिक नैसर्गिक दृश्य देख मंत्रमुग्ध हो जाते हैं। भेड़ाघाट मे नर्मदा नदी घुआँधार जलप्रपात का निर्माण करती है। संगमरमरी चट्टानों में धुआँधार का सुन्दर दृश्य देखने के लिए यहाँ लगा रोप-वे का आनन्द उठाते हैं। भेड़घाट शहर से लगभग 22 किमी. दूरी पर स्थित है जहाँ सुगमता से पहुँचा जा सकता है।



**ग्वारीघाट :**

ग्वारीघाट जबलपुर का शहर के अन्दर प्रमुख आकर्षक का केन्द्र है। नर्मदा नदी का किनारा नदी में तैरते प्रवासी पक्षियों के विशाल झुण्ड, नदी में नौका विहार का शानदार दृश्य देखते ही बनता है। यहाँ के सुन्दर दृश्य में फोटोग्राफी का आनन्द उठाना तथा द्वीपदान करना पक्षियों को बहुत आकर्षित करता है इसका अपना धार्मिक महत्व भी है।

**डुमना नेचर पार्क**

जबलपुर शहर में स्थित डुमना नेचर पार्क प्रकृति प्रेमियों के लिए आकर्षण स्थान है यह मध्यप्रदेश का टूरिज्म भी है। यहाँ कई तरह के दुलर्भ जानवरों तथा पक्षियों की प्रजातियां देखने को मिलती हैं। यहाँ पर्यटकों के लिए खूबसूरत झील है जिसमें नौका विहार का आनंद उठाते हैं। यहाँ साइकिलिंग तथा आटो की सवारी पर्यटकों के आकर्षित करती है।



## मदनमहल रानी दुर्गावती किला

जबलपुर शहर के मध्य मदन महल की पहाड़ियों में बना ऐतिहासिक रानी दुर्गावती का किला पर्यटकों को आकर्षित करता है। इस किले का निर्माण 11वीं शताब्दी में यहाँ के शासक मदन सिंह द्वारा करवाया गया था।



## बरगी डेम

बरगी डेम जबलपुर का एक महत्वपूर्ण पर्यटन केन्द्र के रूप में विकसित है। मध्यप्रदेश सराकार द्वारा पर्यटकों के लिए रिसॉर्ट खोला गया है। रिसॉर्ट से डेम और जलाशय का असाधारण नजारा देखने को मिलता है। यहाँ बोट राइड, फिशिंग, वाटर स्कूटर तथा क्रूज द्वारा बरगी डेम की यात्रा और भी मनोरंजक बनाती है।



## बैलेंसिग रॉक

जबलपुर नगर में पर्यटन स्थल के रूप में बैलेंसिग रॉक पर्यटकों के आकर्षण का केन्द्र है। यह विशालकाय पत्थर की चट्टान बहुत ही छोटे भाग पर टिकी हुई है। कई वर्षो से अपना बैलेंस बनाये हुए हैं। शोध के आधार यह विशालकाय पत्थर 6.0 रियेक्ट पैमाने वाले भूकंप को झेल सकता है।



## पिसनहारी की मढिया

जबलपुर नगर में पिसनहारी की मढिया गढा मेडिकल रोड पर एक पहाडी पर स्थित है। यह एक जैन समर्पित मंदिर है जहां हर समय श्रद्धालुओं का मेला लगा रहता है। इस मंदिर की सुन्दरता व नक्काशी पर्यटकों को आकर्षित करती है।

## घुघरा जल प्रपात

जबलपुर नगर से निकट नर्मदा नदी में बहता हुआ एक शानदार घुघरा जलप्रपात है जो यहाँ के पर्यटकों का आकर्षण स्थलों में से एक है। यह नगर से मात्र 17 कि.मी. की दूरी पर है। यह जल प्रपात रोमांच तथा सेल्फी व फोटो ग्राफी की प्रमुख जगह हैं।

## चौंसठ योगिनी मंदिर

भारत के कुछ प्रमुख स्थलों में ही चौंसठ योगिनी मंदिर मौजूद है जिनमे एक भेडाघाट के निकट स्थित पहाडी पर है। यह मंदिर हिन्दू देवी दुर्गा को समर्पित है। इस प्राचीन मंदिर के वृत्ताकार आंगन के चारों ओर छोटे छोटे 64 अलग अलग मुद्रा में देवी की पाषाण निर्मित मूर्तियाँ पर्यटकों के आकर्षण का मुख्य केन्द्र है।



**शिव मंदिर कचनार**

कचनार सीटी में शिव मंदिर पर्यटकों के आकर्षण का मुख्य केन्द्र है। यहाँ भगवान शिव की विशालकाय 76 फिट उँची प्रतिमा स्थित है जिसके गर्भ गृह के गुफादार जगह में शिव शंकर की 12 ज्योतिर्लिगों की स्थापना की गयी हैं।



**आँकडों का विश्लेषण :**

**आरेख क्रमांक 1**




प्रस्तुत आरेख में जबलपुर मे स्थित अनेक पर्यटन स्थलों तक पहुँचने के यातायात साधनों की उपलब्धता का अध्ययन किया गया है। विभिन्न पर्यटकों द्वारा एकत्रित आँकड़ो के अध्ययन से ज्ञात होता है कि जबलपुर में यातायात सुविधाएं सामान्य स्तर की है पर्यटन स्थ्लों तक लोगों द्वारा स्वयं के साधनों तथा सार्वजनिक साधनों यथा- ऑटो, मेट्रों, बस आदि का प्रयोग करते है। नगर के प्रमुख पर्यटन स्थलों के लिए विशेष नगर भ्रमण के लिए सुचारू व्यवस्था प्रभावी होना आवश्यक है या विशेष पैकेज तैयार किए जाने चाहिए ताकि पर्यटन को बाढ़ावा मिल सके।

**आरेख क्रमांक 2**




किसी भी स्थल की सुन्दरता वहाँ की स्वच्छता पर निर्भर करती है। प्रस्तुत आरेख में माध्यम से जबलपुर के विभिन्न पर्यटन स्थलों में स्वच्छता के स्तर का आकलन किया गया। आकलन से ज्ञात होता है कि पर्यटन स्थलों में स्वच्छता का स्तर सामान्य है। धार्मिक स्थलों में विशष रूप में कचरा व अपशिष्ट के कारण गंदगी पाई जाती है। पर्यटन की दृष्टि से शहर में स्वच्छता स्तर उत्तम होना आवश्यक है। यह तभी सम्भव है जब प्रत्येक व्यक्ति अपनी जबावदारी स्वंय समझे तथा तदनुसार आचरण करें।

**आरेख क्रमांक 3**

जल ही जीवन है तथा नर्मदा नदी जबलपुर शहर की जीवन रेखा है। शहर के विकास में नर्मदा नदी का विशेष महत्व है। पर्यटन की दृष्टि से प्रमुख पर्यटन स्थलों मे स्वच्छ पेयजल की सुविधाओं का आँकलन




प्रस्तुत आरेख मे किया गया है। आँकडों के अनुसार स्वच्छ जल आपूर्ती सामान्य है। स्वच्छ जल की उपलब्धता अधिकतम पैकेज वॉटर तक सीमित है, जिसके लिए अधिक मूल्य चुकाना पड़ता है जो की सामान्य वर्ग की पहुँच से बाहर हैं। निःशुल्क व शुद्ध पेयजल की सुविधा बहुत कम है। जबलपुर पर्यटन के विकास हेतु उचित मूल्य पर शुद्ध पेयजल होना आवश्यक है। इस दिशा में उचित प्रयास किया जाना आवश्यक है।

### आरेख क्रमांक 4

जबलपुर शहर संस्कारधानी के के नाम से जानी जाती है। इस परम्परा के चलते यहाँ के लोगों का व्यवहार तथा भाषा शैली पर्यटकों के प्रति समान्य व संतोषजनक है। जबलपुर के लोगो की आम बोलचाल की भाषा में क्षेत्रीय भाषा का प्रभाव अधिक है इस कारण भाषा शैली अधिक मधुर नहीं है। हमें इसे उत्तम स्तर पर लाने की आवश्यकता है जो पर्यटन उद्योग के विकास में महत्वपूर्ण है। यह हम सभी का नैतिक कर्तव्य है कि शहर में आने वाले पर्यटको से अच्छा व्यवहार करें ताकि लोग यहाँ बार-बार आए।




### आरेख क्रमांक 5

जबलपुर शहर अपने सुस्वादिष्ट भोजन के स्वाद के लिए भी प्रसिद्ध है शहर में आने वाले पर्यटकों को उत्तम भोजन की सुविधाएं उपलब्ध है। सभी पर्यटन स्थलों में होटल, रेस्टोरेंट, केफेटेरिया, छोटे बड़े भोजनालयों आदि के माध्यम से सभी तरह का भोजन सभी तरह के मूल्यों पर उपलब्ध है पर्यटकों के लिए उनकी सुविधानुसार भोजन की सुविधा जबलपुर शहर में आसानी से उपलब्ध हो जाती है। नगर में भोजन की सुविधा का स्तर उत्तम है।




### आरेख क्रमांक 6

किसी भी पर्यटन स्थल बाहर से आने वाले पर्यटकों के लिए जबलपुर नगर में सभी प्रकार के लॉज, होटल, धर्मशाला, रेस्टोरेंट, गेस्ट हाउस आदि ठहरने की उत्तम व्यवस्था है। शहर में आने वाले पर्यटक अपनी जेब के अनुसार शहर में आकर रह सकते हैं।



**आरेख क्रमांक 7**

प्रत्येक पर्यटन स्थल में स्वच्छ व साफ सुलभ शौचालयों का होन अति आवश्यक है। नगर में पर्यटकों के लिए सुलभ शौचालयों की सुविधाएं तो उपलब्ध है परन्तु शौचालयों की न तो ठीक तरह से सफाई की जाती है न निर्धारित मापदंड का ध्यान रखा जाता है। ठेकेदारों तथा केयर टेकर की लापरवाही के कारण शौचालयों की स्थिति अच्छी नहीं है। पर्यटकों के अनुसार यह असंताषजनक है। इस ओर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। समय समय पर ठेकेदारों तथा केयर टेकर द्वारा रिपार्ट तथा अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किए जाने की आवश्यता है ताकि पर्यटको को असुविधा न हो तथा इसे उत्तम स्तर तक लाया जा सके।




**आरेख क्रमांक 8**

पर्यटन स्थलों से पर्यटकों द्वारा विशेष रूप से वहाँ मिलने वाली वस्तुओं को खरीद कर साथ ले जाने की परम्परा है। पर्यटकों में बहुत से लोगों को खरीददारी करने का शौक होता है। जबलपुर नगर में उचित मूल्य पर वस्तुएँ आसानी से मिल जाती है। पर्यटकों के चेहरे




पर मुस्कान व संतोष देखने को मिलता है। जबलपुर नगर अपने महिला मार्केट के लिए भी प्रसिद्ध हैं यहाँ विशेषकर यहाँ संगमरमर से बनी वस्तुएँ विशेष रूप से खरीदी पर्यटकों द्वारा की जाती है।




**आरेख क्रमांक 9**

जबलपुर नगर में विशेष रूप से बाहर से आने वाले पर्यटकों के लिए उचित मार्गदर्शन की सुविधाएं उपलब्ध है एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन तथा बस स्टेण्ड से पर्यटन स्थलो की जानकारी आसनी से मिल जाती हैं। इसमें पर्यटन विभाग का विशेष सहयोग रहता है। पर्यटको के लिए विशेष रोड मैप, ब्रोशर तथा किताबे आसानी से उपलब्ध है। पर्यटन स्थलों पर भी लोकल टूरिस्ट गाइड तथा लोकल रहने वाले लोग पूर्ण रूप सहयोग प्रदान करते हैं।




**आरेख क्रमांक 10**

कानून और व्यवस्था की दृष्टि से जबलपुर शहर की स्थिति अच्छी है कानून व्यवस्था का स्तर उत्तम तथा

संतोषजनक है यहाँ आने वाले पर्यटकों में सुरक्षा की भावना होना आवश्यक है। लोग अपने आप को सुरक्षित महसूस करेंगे तभी पर्यटन स्थलों का भरपूर आनंद ले पाएंगे।

**आरेख क्रमांक 11**

जबलपुर शहर में इन्टरनेट नेटवर्क की उपलब्धता बहुत ज्यादा अच्छी तो नहीं है लेकिन कुछ स्थानों पर इन्टरनेट नेटवर्क उपलब्ध नहीं हो पाती है।




## निष्कर्ष एवं सुझाव

प्रस्तुत शोध पत्र में जबलपुर नगर में पर्यटन सुविधाओं तथा उनके विकास का विश्लेषणात्मक अध्ययन किया गया है। प्राथमिक आकड़ों के अन्तर्गत पर्यटकों से आँकडों का संकलन किया गया हैं। अध्ययन से यह निष्कर्ष प्राप्त हुए हैं कि जबलपुर नगर में आने वाले पर्यटकों के लिए सुविधाओं का औसत स्तर सामान्य तथा संतोषजनक है। सही प्रबंधन व आपसी सहयोग से इसे उत्तम स्तर तक लाया जा सकता है।

शासन द्वारा सुनिश्चित सही दिशा-निर्देशों के पालन तथा प्रयासो से सुविधाओं के साथ पर्यटन का विकास किया जा सकता है। यह अतिथि देवो भव के परम्परागत दर्शन और सत्कार-सम्मान के अनुरूप होगा।

1. पर्यटकों की संतुष्टि जानने हेतु फीड बेक लेना।
2. प्रबंधन को और मजबूत करना।
3. उत्पादों व सेवाओं में वृद्धि करना।
4. स्वच्छ पर्यटन को बढ़ावा देना।
5. प्रचार व प्रसार में व्यापकता लाना।
6. सांस्कृतिक व सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन।
7. शैक्षणिक कार्यक्रमों का आयोजन।
8. पर्यटन की गुणवत्ता पर समय समय विचार विमर्श तथा विश्लेषण करना।
9. सार्वजनिक भागीदारी के साथ पर्यटन को विकास हेतु समारात्मक प्रयास करना।

पर्यटन विकास को बढ़ावा देने के लिए राष्टीय विरासतों के संरक्षण, प्राकतिक वातावरण का निर्माण किया जाना चाहिए। आध्यात्म की भावना पर्यटन के संवर्धन के लिए उत्पादों के विकास व संवर्धन को महत्व देन हेतु योजनाओं का क्रियान्वयन किया जाना चाहिए। पर्यटकों को प्रत्याशित लागत पर विश्वसनीय सेवाएँ उपलब्ध कराकर नगर प्रवास को स्मरणीय और सुखद बनाना ताकि वे मित्र के रूप में बारम्बार भ्रमण के लिए आएँ।

**सन्दर्भ ग्रन्थः**


- Singh, Rana PB and Rana,Pravin(2001) “The future of Heritage Tourism in Varanasi:
- Scenario, Prospects and Perspective, National Geographical Journal of India, Banaras Hinhu University, Varanasi
- प्राथमिक आँकडों के आधार पर।
- विद्वानों से विचार विमर्श के आधार पर।
- www.google.com

SHODH CHETNA – YEAR-8, VOL. 2 (APR. TO JUNE, 2022) ISSN : 2350-0441
A Peer-Reviewed & Refereed International Multifocal Research Journal
IMPACT-FACTOR SJIF - 5.999
Paper Recieved : 1st June. 22 Paper Accepted : 15th June. 22

# Phenolic and Flavonoid contents of monofloral honeys Ayodhya district of Uttar Pradesh

❐ Ajay Kumar*
❐ Rakesh Kumar**
❐ Neelam Pathak***

## ABSTRACT

The present study was carried out to access the total phenolic and total flavonoid content of monofloral honey samples collected from four tehsils of Ayodhya district. A total of 12 samples from each tehsil were evaluatedby Folin-Ciocalteu technique and colorimetric technique. Result showed that the total phenolic content was ranged from 45.60 to 148.45 mg GAE/100 g honey.The overall means of Eucalyptus, Brassica and Litchi honey were 133.33±2.76, 73.82±4.27 and 56.84±2.65 mg GAE/100 g honey, respectively.The value of flavonoid contentwas between the 0.60 – 8.60 mg QAE/100g honey.Flavonoid content of Eucalyptus honey was highest in Sadar (7.47±0.70) and lowest in Rudauli (5.12±0.62) mg QAE/100g honey. The mean flavonoid contents of Litchi honey samples were observed as highest in honey samples of Sadar tehsil, followed by Bikapur tehsil, Sohawal tehsil and least in Rudauli tehsil.The overall means of flavonoid content irrespective to their locations were 5.96±0.47, 2.54±0.33 and 1.24±0.16 mg QAE/100 g honey in Eucalyptus, Brassica and Litchi honeys, respectively.

**Key Words:** Monofloral Honey, Total phenolic content, Total flavonoid content

## 1. Introduction

Honey is the saccharine product gathered by the bees from the nectar of flowers. Honey is a notable candy substance obtained from honeycomb. According to Codex Alimentarius; Honey is an herbal sweet substance produced with the aid of the honey bees from the nectar of blossoms or from the secretion of living elements of flora or excretion of plant-sucking bugs at the components of plants, which honey bees accumulate, transform and integrate with precise materials in their own and save within the honey comb to ripen and mature. Some of the compounds in honey have been shown to have antioxidant and antibacterial properties as well as

* **Ph.D Scholar,** Department of Biochemistry, Shri Jahdishprasad Jhabarmal Tibrewala University, Jhunjhunu, Rajsthan, ***Email:*** *ajayrajbhar500@gmail.com*
** **2.** Associate Professor, Department of Biochemistry, Shri Jahdishprasad Jhabarmal Tibrewala University, Jhunjhunu, Rajsthan, ***Email:*** *rakeshgawaria@yahool.com*
*** **3.** Professor and HOD, Department of Biochemistry, RML University, Ayodhya, Uttar Pradesh ***Email:*** *neelam007@gmail.com*

inflammatory and proliferation inhibiting characteristics. Polyphenols are currently of particular interest to medical and food nutrition research, mainly because of their functional properties. Besides being radical scavenger, polyphenol could be an effective immune modulator and hormone action inhibitor. Polyphenols are believed to be potent scavengers of peroxyl radicals, mainly because of the presence of high mobility of hydrogens in their molecular structures. Among polyphenols, phenolic acids are probably the major group found in honey. They have also been reported to affect the flavour and physical appearance of honey, particularly honey colour. Due to much variation in honey composition, the biological activities exhibited by the honey samples varied as per the geographical and botanical origin of honey, while processing and storage condition might affect the biological activities only to a minor degree.

The use of analytical methods for the determination of phenolic acids and flavonoids individually or as a group at the same time, has been related to the floral and geographical origins of honey and propolis. Folin-Denis and Folin-Ciocalteu reagents were widely used for estimation of plant phenols through colour changes. Folin-Denis colorimetry was considered the best method but was subject to precipitations that interfered with colorimetry, yet gives good result. One of the important functions of antioxidants in the living system is preventing the disturbance and functional loss of biological membranes and enzymes by scavenging the free radicals that otherwise induce oxidation of lipids, proteins, and DNA. Therefore, this study was designed to determine the total phenolic and flavonoid contentsof honey samples collected from different geographical sources of Ayodhya district.

## 2. Materials and Methods:

A total of 36 monofloral honey samples (12 each) of Musturd (Brassica sp.), Lychee (Litchi chenensis) and Eucalyptus (Eucalyptus sp.) were collected from local beekeepers of four tehsils namely Bikapur, Rudauli, Sohawal, and Sadar of Ayodhya district of Uttar Pradesh. Samples were stored in sterile air tight glass/plastic containers in ambient temperature further to analyzed for different physic-chemical characteristics.

### 2.1 Preparation of Honey Samples

The Association of Official Analytical Chemists (AOAC) standard was followed in the preparation of the samples. The honey samples used had no granulation, suspended sol-ids, or crystallization of any kind. To assure uniformity before usage, the samples were carefully mixed with a clean, sterile glass rod.

### 2.1.1 Determination of Total Phenolic content

The Folin-Ciocalteu technique was used to determine total phenolic content of honey (Hoerudin, 2004 and Mahadavi*et al.*, 2010). 1 ml of extract or gallic acid standard solution (100 g/ml–1000 g/ml) and 9 ml of distilled waterwere placed to a 25 ml volumetric flask. The mixture was added to 1 ml of Folin-Ciocalteu reagent, which was then shaken. After waiting for five minutes, 10 ml of a 7 percent $Na_2CO_3$ solution was added. The solution was then diluted with distilled water to volume and thoroughly mixed. An UV-VIS spectrophotometer was used to evaluate the absorbance against a produced reagent blank (distilled water) following a 90-minute incubation period at room temperature. A standard curve of known gallic acid standard solution was constructed to measure the total phenolic content, which was denoted as gallic acid equivalent (GAE) per 100 g of honey sample.

### 2.1.2 Determination of Total Flavonoid content

The flavonoid content of honey samples was determined by using a colorimetric technique with aluminium chloride (AlCl3) as per procedure described by Hoerudin, 2004and Mahadavi*et al.*, 2010.Different test tubes were placed with an aliquot (0.5 ml) of the extracts, 2 ml of distilled water, 0.15 ml of sodium nitrite (5 percent NaNO2, w/v). After incubating for 6 minutes, 0.15 ml of aluminium trichloride (10% AlCl3) was added. Next, 2 ml of sodium hydroxide (NaOH, 4% w/v) was added, and finally, the volume was increased to 5 ml with distilled water. The mixture coloured pink after 15 minutes of incubation at room temperature, and the absorbance was then determined using a UV spectrophotometer at a wavelength of 510 nm. As a blank, distilled water was used. By creating solutions,

the calibration standard curve was created, and the findings were expressed as mg of quercetin equivalent (QAE) per 100 g of honey sample.

## 3. Results and Discussions

### 3.1 Total Phenolic content

The total phenolic content was ranged from 45.60 to 148.45 mg GAE/100 g honey (Table 1 & Fig. 1). The mean phenolic content of Eucalyptus honey samples was highest in Sadar with 142.15±4.38, followed by Bikapur with 135.52±5.70, Rudauli with 127.95±4.40 and Sohawal with 127.68±5.01 mg GAE/100 g honey. The mean values of phenolic content of Brassica honeys were 84.60±6.35, 64.30±10.42, 69.88±2.66 and 87.95±6.56 mg GAE/100 g honey in Bikapur, Rudauli, Sohawal and Sadar placed samples, respectively. In Litchi honeys, the mean phenolic contents were observed as highest in Sadar with 62.36±5.95, followed by Bikapur with 58.19±6.97, Rudauli with 56.22±5.16 and lowest in Sohawal with 50.60±2.84 mg GAE/100 g honey. The overall means of Eucalyptus, Brassica and Litchi honey were 133.33±2.76, 73.82±4.27 and 56.84±2.65 mg GAE/ 100 g honey, respectively.

The current findings of total phenolic content of eucalyptus were more or less corroborated with the observations reported by RuizNavajuvas*et al.*, 2011 (51.32 -134.02 mg GAE/100 g) in Mexican honey samples. Contrary, the lower phenolic estimates were observed by Combarros-Fuertes *et al.* (2019) in Eucalyptus honey in different Ethiopian honeys. Bakchiche*et al.* (2017) reported 38-86 mg GAE/100g honey in south Algerian honey, which was similar to total phenolic content of Brassica and litchi honey of this study. Lianda*et al.* (2012) in multyfloral Brazilian honey (78.2 mg GAE/100g honey) and Silici and Ulgen (2019) in Mustard honey (70.60 mg GAE/100g honey) found similar total phenolic content to current findings of brassica honey of this study.

The Eucalyptus honey had significantly greater phenolic content than the Brassica and Litchi honey samples in all the studied tehsils of Ayodhya districts of Uttar Pradesh. Present significant results were agreement with Boussaid*et al.* (2014), Bhattarai *et al.* (2019), Hailu & Belay (2020) and Hernandez-Fuentes *et al.* (2021). However, Pauliuc*et al.* (2020) observed non-significant differences among the different floral honeys.

### 3.2 Total Flavonoid content:

The value of flavonoid content in individual samples, irrespective to their floral origin and their geographical location was between the 0.60 – 8.60 mg QAE/100g honey (Table 1 & Fig. 2). Flavonoid content of Eucalyptus honey was highest in Sadar (7.47±0.70) and lowest in Rudauli (5.12±0.62) mg QAE/100g honey, while Bikapur and Sohawalplaced Eucalyptus honeys were intermediately with 5.70±0.69 and 5.54±1.35 mg QAE/100g honey, respectively. In Brassica honey, the Sadar tehsil located honey had greatest flavonoid content (3.06±0.56 mg QAE/100g honey), followed by Bikapur honeys (3.00±0.56 mg QAE/100g honey), Rudauli honeys (1.97±0.72 mg QAE/100g honey) and least in Sohawal honey (2.50±0.79 mg QAE/ 100g honey). The mean flavonoid contents of Litchi honey samples were observed as highest in honey samples of Sadar tehsil, followed by Bikapur tehsil, Sohawal tehsil and least in Rudauli tehsil with quantities of 1.43±0.33, 1.40±0.49, 1.17±0.22 and 1.13±0.16 mg QAE/100 g honey, respectively. The overall means of flavonoid content irrespective to their locations were 5.96±*0.47*, 2.54±*0.33* and 1.24±*0.16* mg QAE/100 g honey in Eucalyptus, Brassica and Litchi honeys, respectively.

Similar to current findings, Moniruzzaman*et al.* (2014) reported similar flavonoid content (1.15 to 11.67 mg QAE/100g)in monofloral honey samples. Combarros-Fuertes *et al.* (2019) andSaral*et al.* 2019 observed 1.65 to 5.93 and 4.00 to 5.00 mg QAE/ 100g flavonoid content respectively in different samples of monofloral honey, which is similar to Brassica honey samples of this study. Ibrahimi*et al.* (2020)quoted1.11 ±0.62–5.24 ±1.59 mg QEA/100 g honey in different unifloral honeys, which is more or less similar to brassica and Litchi honeys of this study.

Flavonoid content of Eucalyptus honey was significantly higher (P<0.05) than Brassica and Litchi honeys but Brassica and Litchi honeys were non-significantly differed in Bikapur, Sohawal and Sadar tehsils of Ayodhya. In Rudauli tehsil, the Eucalyptus honey was significantly (P<0.05) with Litchi honeys and non-significantly differed with

Brassica honeys. Moreover, there was non-significant variation between the Brassica and Litchi honeys in Rudauli tehsil of Ayodhya. Likely, Boussaid*et al.* (2014) and Hailu and Belay (2020) observed significant differences in Flavonoidcontent among the various floral honeys, conversely Bhattarai *et al.* (2019) and Pauliuc*et al.* quoted non-significant differences between different monofloral honey.

The variations in phenolic and flavonoid contents in different floral honeys are due to differences in antioxidative biomolecules concentrations in different floral nectars.

**Table-1 : Total phenolic content and total flavonoid content in different floral honey**

| Particulars | Bikapur | Rudauli | Sohawal | Sadar | Overall |
|---|---|---|---|---|---|
| **Total Phenolic Content** | | | | | |
| Eucalyptus Honey | 135.52±5.70$^{X}$ | 127.95±4.40$^{X}$ | 127.68±5.0$^{X}$ | 142.15±4.38$^{X}$ | 133.33±2.76 |
| Brassica Honey | 84.60±6.35$^{Y}$ | 64.30±10.42$^{Y}$ | 69.88±2.66$^{Y}$ | 87.95±6.56$^{Y}$ | 73.82±4.27 |
| Litchi Honey | 58.19±6.97$^{YZ}$ | 56.22±5.16$^{YZ}$ | 50.60±2.84$^{Z}$ | 62.36±5.95$^{Z}$ | 56.84±2.65 |
| **Total Flavonoid Content** | | | | | |
| Eucalyptus Honey | 5.70±*0.69*$^{X}$ | 5.12±*0.62*$^{X}$ | 5.54±*1.35*$^{X}$ | 7.47±*0.70*$^{X}$ | 5.96±*0.47* |
| Brassica Honey | 3.00±*0.56*$^{Y}$ | 2.97±*0.72*$^{XY}$ | 2.50±*0.79*$^{Y}$ | 3.06±*0.56*$^{Y}$ | 2.54±*0.33* |
| Litchi Honey | 1.40±*0.49*$^{YZ}$ | 1.13±*0.18*$^{YZ}$ | 1.17±*0.22*$^{YZ}$ | 1.43±*0.33*$^{YZ}$ | 1.24±*0.16* |






## References:

Bakchiche, B. Habati, M., Benmebarek, A. and Gherib, A. (2017). Total Phenolic, Flavonoid Contents and Antioxidant Activities of Honey and Propolis Collected from the Region of Laghouat (South of Algeria). World News of Natural Sciences, 11: 91-97.

Bhattarai, S., Subedi, U., Bhattarai, U. K., Karki, R., & Ojha, P. (2019). Study on Chemical and Bioactive Components of Different Floral Sources' Honey in Nepal. *Journal of Food Science and Technology Nepal*, *11*: 51–59.

Boussaid, A., Chouaibi, M., Rezig, L., Hellal, R., Donsi, F., Ferrari, G. and Hamdi, S. (2014). Physicochemical and bioactive properties of six honey samples from various floral origins from Tunisia. Arabian Journal of Chemistry, 11(2): 265-274.

Combarros-Fuertes, P., Estevinho, L.M., Dias, L.J., Castro,J.M., Tomaìs-Barberaìn, F.A.,Tornadijo, M.E. and Fresno-Baro, J.M. (2019) . Bioactive Components and Antioxidant and Antibacterial Activities of Different Varieties of Honey: A Screening Prior to Clinical Application. Joural of Agricultural and Food Chemistry, 67: 688-698.

Hallu, D. and Belay, A. (2020). Melissopalynology and antioxidant properties used to differentiate schefflera abysinica and polyfloral honey. *PLOS ONE*, 15(10): e0240868.

Hernandez-Fuentes, A.D., Chavez-Borges, D., Cenobio-Galindoa, A.J., Zepeda-Velazquez A.P., Figueirab, A.C., Jim´enez-Alvarado, R. and Campos-Montiel, R.G. (2021). Characterization of Total Phenol and Flavonoid Contents, Colour, Functional Properties from Honey Samples with Different Floral Origins. International Journal of Food Studies. 10: 346–358

Hoerudin, D. (2004) Phenolic and Flavonoid Contents of Australian Honeys from Different Floral Sources, Master Thesis, Queensland University, Brisbane, Australia.

Ibrahimi, H. and Hajdari, A. (2020). Phenolic and flavonoid content, and antioxidant activity of honey from Kosovo. *Journal of Apicultural Research*, 59(4): 452-457.

Lianda, R.L.P., Sant'Ana, L.D., Echevarria, A. and Castro, R.N. (2012). Antioxidant Activity and Phenolic Composition of Brazilian Honeys and their Extracts. *J. Braz. Chem. Soc.*, 23(4): 618-627

Mahdavi, R., Nikniaz, Z., Rafraf, M. and Jouyban A. (2010). Determination and Comparison of Total Polyphenol and Vitamin C Contents of Natural Fresh and Commercial Fruit Juices. *Pakistan J. of Nutr.* **9** (10), 968-972.

Moniruzzaman, M., Yung An, C., Rao, P.V., Hawlader, M.N.I., Azlan, S.A.B.M., Sulaiman, S.A., Gan, S.H. (2014). Identification of Phenolic Acids and Flavonoids in Monofloral Honey from Bangladesh by High Performance Liquid Chromatography: Determination of Antioxidant Capacity. BioMed Research International, 2014, Article ID 737490

Pauliuc, D., Dranca F. and Oroian, M. (2020). Antioxidant Activity, Total Phenolic Content, Individual Phenolics and Physicochemical Parameters Suitability for Romanian Honey Authentication. *Foods*, 9: 306.

Ruiz-Navajas, Y.; Viuda-Martos, M.; Fernández-López, J.; Zaldivar-Cruz, J.M.; Kuri, V.; Pérez-Álvarez, J.Á. Antioxidant activity of artisanal honey from Tabasco, Mexico. Int. J. Food Prop. 2011, 14, 459–470.

**Saral, O., Kiliçarslan, M., Şahin, H., Yildiz, O., Dinçer, B. (2019).**Evaluation of antioxidant activity of bee products of different bee races in Turkey. Turk J Vet Anim Sci, 43: 441-447.

Silici, S. and Ülgen, N. (2019). Bioactive Properties of Blossom and Honeydew Honeys. *Mellifera,* 19(2):41-52

SHODH CHETNA – YEAR-8, VOL. 2 (APR. TO JUNE, 2022) ISSN : 2350-0441
A Peer-Reviewed & Refereed
International Multifocal
Research Journal
IMPACT-FACTOR SJIF - 5.999
Paper Recieved : 10th Apr. 22 Paper Accepted : 25th Apr. 22

# बुन्देलखण्ड में 1857 का संग्राम

❒ डॉ. राजेश कुमार*

**शोध सारांश**

बुन्देलखण्ड का अतीत बड़ा गौरवपूर्ण रहा है। यहाँ के नर एवं नारियों ने समान रूप से देश की स्वतंत्रता के लिए कुर्बानियाँ दी हैं। भारत के इतिहास में बुन्देले शौर्य वीरों की गाथा बहुत पुरानी है। प्राचीनतम् पर्वत विन्ध्याचल की शाखाओं से आच्छादित भू-प्रदेश जिसे यमुना अपनी सहायिकाओं सहित सींचती है व प्राकृतिक सौष्ठव से सजा हुआ जो भू-भाग है, उसे ही बुन्देलखण्ड के नाम से पुकारा जाता है। प्रो. गोरे लाल तिवारी ने अपनी पुस्तक 'बुन्देलखण्ड का संक्षिप्त इतिहास' में स्वीकार किया है कि 'विन्ध्याटवी' में स्थित होने के कारण इस प्रदेश का नाम विन्ध्येलखण्ड पड़ा। बाद में अपभ्रंश होकर बुन्देलखण्ड कहलाया।

प्रो. भगवान दास ने 'बुन्देलखण्ड का इतिहास' में वर्तमान में जिला झाँसी, जालौन, बाँदा, हमीरपुर, ललितपुर तथा मध्यप्रदेश में स्थित सागर, दमोह, छतरपुर, ओरछा, जबलपुर, पन्ना, दतिया आदि को शामिल किया है।

अत्यन्त प्राचीन काल में कहा जाता है कि अगस्त मुनि का आश्रम कालिंजर के पास स्थित था। वेदों की रचना करने वाले महर्षि वेदव्यास की तपोभूमि कालपी थी। स्पष्ट है कि आध्यात्मिक बुन्देलखण्ड गौरवमयी एवं क्रान्तिकारी इतिहास से भरा पड़ा है। जहाँ तक 1587 की क्रान्ति का प्रश्न है, मेरा अपना विचार है कि बुन्देलखण्ड में यह संग्राम मात्र एक विद्रोह न होकर स्वतंत्रता के लिए होने वाले महासमर का प्रारम्भ था। वास्तव में यदि 1857 के संग्राम से महारानी लक्ष्मीबाई को निकाल दिया जाये तो इसकी सम्पूर्ण रोचकता ही समाप्त हो जाये। श्री निवास बाला जी हार्डीकर के शब्दों में—''रानी लक्ष्मीबाई ने जिस वीरता एवं सैनिक योग्यता का परिचय दिया वह संसार के इतिास में अद्वितीय है।''

* *अध्यक्ष (इतिहास विभाग), धर्म समाज महाविद्यालय, अलीगढ़*

## बुन्देलखण्ड के अतीत का गौरवपूर्ण इतिहास

बुन्देलखण्ड में 1857 के वर्ष में जो विद्रोह की चिंगारियाँ भड़की वे पूरे भारत में अंग्रेजों के विरुद्ध भड़की ज्वाला से अलग नहीं थी। विद्रोह की शुरुआत भले ही बंगाल की फौज अथवा मेरठ की छावनी से शुरू हुई हो किन्तु उसके मूल में जो कारण थे वह समान रूप से पूरे भारत में विद्यमान थे। ब्रिटिश फौजों की हिन्दुस्तानी रेजीमेन्टों में अव्वल दर्जे की असन्तोष की भावना व्याप्त थी। यही कारण था कि विद्रोह की चिंगारी एक रेजीमेन्ट के बाद दूसरी रेजीमेन्ट में फैलती चली गई। जिसमें भारत के बड़े भू-भाग के विभिन्न वर्गों के लोग कूद पड़े। उस विद्रोह में राजा से प्रजा, जंगलों के आदिवासी कबीले एवं शहरी सभ्यता के लोग सफेद पोश लोग, बिना किसी पूर्व योजना एवं संगठन के अपने-अपने क्षेत्रों में कूद पड़े।[1]

इन असंगठित विद्रोहों में तमाम भारतीय शहीद हो गये और उन शहीदों की पूरी-पूरी पहचान आज भी इतिहास के गर्भ में छिपी हुई है। इन शहीदों के बलिदान ने एक राजनीतिक चेतना को जन्म दिया और विदेशी शासन के विरुद्ध एक सोच पैदा हो गई जो आगे चलकर सम्पूर्ण क्रान्ति में बदल गई। सामाजिक दृष्टिकोण से 1857 के विद्रोह को भारतीय राजाओं, सामन्तों एवं जमींदारों, जो ब्रिटिश शासन से त्रस्त थे और जिनके सम्पत्ति अधिकार क्षीण हो गये थे, जिनका सामाजिक महत्व कम हो गया था और जिनकी निरंकुश स्वेच्छाचारिता बुरी तरह से दुष्प्रभावित हो चुकी थी, विद्रोह कहा जाता है जो भावार्थ में सही नहीं प्रतीत होता, क्योंकि इन विद्रोहों में वे तमाम लोग भी शामिल हुए जो न तो राजा थे, न ही सामन्त थे और न ही किसी अधिकार सम्पन्न वर्ग से जुड़े हुए थे।[2]

बुन्देलखण्ड भी विद्रोह की इस चिंगारी से अछूता नहीं रहा। बुन्देलखण्ड के लगभग सभी स्थानीय मुखियों जिनमें विजय राघवगढ़, पतेरा, गुवहाट, रायचोल, शाहगढ़, बानपुर, जासो के शासक समय की विद्रोही अंगड़ाई से प्रभावित हुए बिा न रह सके।[3] इन शासकों में से शाहगढ़ एवं बानपुर के शासक अंग्रेजों के पूर्व शत्रु माने जाते थे।[4]

इनके प्रमुख वफादार सहायक बुद्दिनदावा, लाला दुलारेह, जुलकुन लोधी, ह्रदयसाई[5], अर्जुनदाव, महाराजा सिंह दावा एवं रामप्रसाद प्रमुख थे और शाहगढ़ राजा के अधिकारी थे।[6]

चुट्टोदावा एक अन्य अधिकारी भी इनके साथ था।[7] शाहगढ़ का राजा बखताली, बानपुर का राजा मदनसिंह चन्देरी भी जिसके अधीन था, 1857 के विद्रोह के पूर्व ही युद्ध की तैयारी में रत था। बानपुर विन्ध्यप्रदेश में टीकमगढ़ से छः किलोमीटर दूर है। कहा जाता है कि बानपुर का मदन सिंह पहले से ही झाँसी की रानी से विचार-विमर्श करता रहता था। और वह झाँसी की रानी के साथ कन्धा-से-कन्धा मिलाकर बड़ी बहादुरी के साथ अंग्रेजों से लड़ा। जून 1857 के मध्य तक उसने चन्देरी पर अपना स्वतन्त्र शासन कायम कर लिया। राजस्व की वसूली करने लगा और बानपुर में यूरोपीय सिद्धान्तों के अनुसार एक तोप बनाने की फैक्ट्री खड़ी कर दी, जिसमें उच्चकोटि की तोपों का निर्माण प्रारम्भ कर दिया और जुलाई के प्रथम सप्ताह में उसने सागर जिले के उत्तरी भू-भाग पर कब्जा कर लिया। उसका यह कब्जा जनवरी 1858 तक कायम रहा। उसका यह कब्जा सेन्ट्रल इण्डियन फील्ड फोर्स के पहुँचने तक बरकरार रहा।[8]

मैहर के सभी प्रमुख नेपाल सिंह[9] एवं उसके भाई अंग्रेजों के विरुद्ध विद्रोह का परचम ऊँचा किये रहे।[10] यहाँ पर मुकुन्द सिंह का भी सन्दर्भ मिलता है जिसे अंग्रेजों ने अवज्ञाकारी एवं धृष्ट कहा है।[11]

दूसरी तरफ अजयगढ़ के विद्रोही फैजुद्दीन मुख्यतियार ने सोअलसिंह को अजयगढ़ का राजा घोषित कर दिया।[12] बुन्देलखण्ड में पन्ना का राजा अंग्रेजों का स्वामिभक्त बना रहा किन्तु उसके दीवान मिर्जारहीम

को एवं चौलन्तिया को विद्रोही कार्यगुजारियों में संलिप्त रहना बताया गया है।[13]

इसी प्रकार चरखारी राज्य में विद्रोह का जोश देखने को नहीं मिलता। लेकिन दबलसिंह को विद्रोही कार्यगुजारियों के तहत फाँसी पर लटका दिया गया था।[14] इस क्रम में सजैतपुर की रानी जो परीक्षत राजा की विधवा थी अपने राज्य की वापसी के लिए एक शक्तिशाली विद्रोह किया।[15]

उपरोक्त के अतिरिक्त बुन्देलखण्ड में बाँदा, हमीरपुर, जालौन, झाँसी, सागर, जबलपुर एवं नर्मदा बेसिन के क्षेत्रों में भी इस विद्रोह की व्यापक चिंगारियाँ भड़कीं। अध्ययन की स्पष्टता के लिए इनका वर्णन पृथक-पृथक किया जा रहा है।

**बाँदा**—बाँदा में फौजी विद्रोह जनता के विप्लव के बाद हुआ था। 5 जून की सुबह इलाहाबाद जेलके कैदी जेल के बाहर निकल पड़े और पर्व की ओर बढ़कर मऊ जिले में प्रवेश कर गये तथा जनता के क्रोध को इतनी तीव्रता से भड़काया कि जनता खून-खराबे पर उतारू हो गयी। मऊ तहसील के ग्रामीणों ने भड़क कर थानेदार, तहसीलदार तथा उनके अमला एवं सरकारी सम्पत्ति पर हमला बोल दिया। कार्यालयों की सम्पत्ति को नष्ट कर दिया, भवनों में आग लगा दी, 1200 रुपये के सरकारी खजाने को लूट लिया। कचहरी के कागजातों को फाड़कर हवा में उड़ा दिया। यह विद्रोह का तूफान पश्चिम की ओर पहुँचकर बबेरू तहसील में घुस गया और उसे भी तहस-नहस कर दिया। बाँदा एवं उससे लगे अन्य गाँवों के निवासी एवं पैलानी के निवासियों ने हथियार उठा लिये जिसमें चिल्ला के मुसलमानों की प्रमुख भागीदारी रही।[16]

14 जून को जब फौजी टुकड़ियों ने विद्रोह कर दिया तो सरकारी अमला भाग खड़ा हुआ। भागते समय जिले का चार्ज नवाब अली के सुपुर्द कर दिया गया था जो स्वयं आगे चलकर अंग्रेजों के विरुद्ध छिड़ी जंग में शामिल हो गया। यह विद्रोह की ज्वाला बाँदा के आस-पड़ोस के जिलों फतेहपुर, इलाहाबाद, हमीरपुर में पूरी तरह से फैल गयी। अंग्रेजी अफसरों के पलायन के बाद नवाब अली बहादुर ने स्वयं को राजा घोषित कर दिया और अपने अफसरों की नियुक्ति कर दी।

कर्वी में नारायणराव एवं माधवराव ने नवम्बर 1857 में जिले के पूर्वी भाग पर अपने आधिपत्य की घोषणा कर दी। दूसरी ओर जालौन के पश्चिमी बाँदा के खुन्देह परगना पर कब्जा जमा लिया। इसी प्रकार पन्ना, चरखारी, अजयगढ़ के विद्रोहियों ने जिले के अन्य भागों पर कब्जा जमा लिया। इस प्रकार पूरे बाँदा जिले में ब्रिटिश सत्ता के विरुद्ध विद्रोह का परचम लहरा उठा और ब्रिटिश शक्ति धूल-धूसरित हो गयी।[17]

फरवरी 1858 के अन्त तक बाँदा पूरी तरह विद्रोह की लपटों में समा चुका था। वजीरखान एवं अन्य असन्तुष्ट एवं क्षुब्ध शहजादों ने बाँदा के नवाब के साथ मिलकर अंग्रेजों से मोर्चा लिया किन्तु अधिक समय तक न टिक सके और 19 अप्रैल को ब्हिट लॉक के आक्रमण के सम्मुख न टिक पाने के कारण अपने 2000 साथियों के साथ बाँदा छोड़कर कालपी को ओर कूच कर गये। दूसरी दिन बाँदा पर ब्रिटिश फौजों का कब्जा हो गया।

बाँदा में विद्रोह की व्यापकता से वहाँ के लोगों की दृढ़ राजनीतिक इच्छा शक्ति के तल में छिपी ब्रिटिश राज्य को उखाड़ फेंकने की भावना के स्पष्ट दर्शन होते हैं।

**हमीरपुर**—हमीरपुर जिले के मौजारमारी के किसानों ने 13 जून के फौजी विद्रोह के पूर्व ही अपने विद्रोही तेवरों की अभिव्यक्ति कर दी थी। विद्रोही सिपाहियों ने मजिस्ट्रेट टी.के लायड की हत्या कर दी थी।[18]

इसके पश्चात एक सामूहिक विद्रोह एवं विपल्व उठ खड़ा हुआ। चारों तरफ के लोगों ने विद्रोह का परचम उठा लिया तथा बैंकर्स, सूदखोरों एवं ठेकेदारों पर हमला बोल दिया। जो लगभग जिले की आधी सम्पत्ति पर अधिपत्य जमा बैठे थे।[19]

वहाँ के कलेक्टर जी.एच. फ्रीलिंग ने लिखा है कि वहाँ के विद्रोह में मुख्य रूप से बैंकर्स, बनियाओं एवं मारवाड़ियों को भू-सम्पत्ति से बेदखल कर देने की भूमिका रखता था। उन लोगों ने भले ही उन सम्पत्तियों पर किसी भी प्रकार से स्वामित्व प्राप्त किया हो।[20]

जुलाई 1858 में नाना साहब पेशवा का वहाँ अधिपत्य हो गया एवं अधिकांश गाँवों में उनका झंडा फहरा दिया गया।[21] संदेश यह मिला था शेख वहीज्जुर्रहमान, नाना साहब पेशवा के नाम से सत्ता संचालन करेंगे किन्तु सरकारी दस्तावेजों में जो सन्दर्भ मिलता है उसमें मिर्जारहीम, बेग को नाना साहब का एजेन्ट तथा भाँऊतातियाँ को उनका दीवान कहा गया है।[22]

बाँदा के नवाब का प्रमुख रहीमुद्दीन एक विद्रोही था जबकि हमीरपुर के टाउन पर बेरी के राजा का कब्जा था।[23] इस प्रकार हमीरपुर में भी विद्रोह का स्वरूप कुछ भी रहा हो किन्तु यह पूरी तरह से ब्रिटिश शासन के खिलाफ एक खुला विद्रोह था।

**जालौन**—जालौन हमीरपुर के उत्तर पश्चिम में तथा झाँसी से 76 मील पर स्थित है। विद्रोह के संग्राम की कुछ प्रसिद्ध मुठभेड़ें यहाँ हुईं। इस जिले में यमुना तट पर कालपी एक सैनिक महत्व का स्थान था। इसके सैनिक महत्व को ध्यान में रखते हुए विद्रोही क्षेत्रों ने अपनी सेनाओं को यहाँ पर संगठित किया और अपने सैनिक अभियानों को यमुना पार तथा उसके नीचे तक संचालित किया। झाँसी के विद्रोह के पश्चात् 53 बी रेजीमेन्ट, जो उरई में तैनात थी। 9 जून में अपने अधिकारियों से पृथक हो गयी। परिणामस्वरूप अंग्रेज वहाँ से हट लिय। गुरूसराय के क्षेत्र केशवराव और उसके ज्येष्ठ पुत्र शिवराम तातियाँ ने वहाँ की सत्ता सम्भाल ली। इन दोनों में केशवराव दोहरी चाल चलता था। जबकि शिवराम तातियाँ बहुत ही धृष्ट एवं कुख्यात था।[24]

कानपुर में नाना साहब की पराजय से इन दोनों के आचरण में कुछ नरमी आयी। आगे चलकर तात्या टोपे ने इनकी सत्ता को उखाड़ फेंका। कालपी में कुंवर सिंह के पहुँचने के पश्चात् ही तात्या टोपे भी 29 अक्टूबर को वहाँ पहुँच गया। तात्या टोपे ने राज्य परिवार की ताराबाई का पक्ष लेकर उसे सत्ता नसीन कर दिया तथा 3 नवम्बर को वहाँ से ब्रिटिश एजेंट को उखाड़ फेंका।[25]

इस विद्रोही सरकार के प्रमुखों में पंडित तातियाँ गांगुली तथा मोहम्मद ईसाक संयुक्त रूप से सत्ता का संचालन करते थे और विश्वास राव जो ताराबाई का एजेन्ट था, भी सत्ता संचालन में अपनी भागीदारी रखता था।

कुंवर सिंह एवं तातियाँ ने अपनी फौजों को संयुक्त कर कानपुर पर हमला बोल दिया। उनके पीछे नाना साहब के भाई बालाराव कालपी के हथियार खाने के प्रभारी बनाये गये थे। इस मध्य नाना साहब का भतीजा राव साहब भी कालपी पहुँच गया और वहीं रहने लगा। इसी क्रम में विभिन्न भगों से विद्रोही सेनाएँ यहाँ आकर इकट्ठी होने लगीं और कालपी उनका केन्द्र बन गया। इस एकत्रीकरण से कालपी में विद्रोहियों की तोपखाने की शक्ति एवं सैनिक साजो-समान की अभिवृद्धि ने उनके किले की शक्ति को बढ़ा दिया। तातियाँ कानपुर में अपनी पराजय के पश्चात् पुनः कालपी वापस लौट आया और वहाँ से उसने चरखारी की ओर प्रस्थान किया। उसका चरखारी अभियान सफल नहीं हुआ। 1 अप्रैल, 1858 को तातियाँ ने झाँसी की रानी जो उस समय अपने किले में अंग्रेजी फौजों से घिरी हुई थी, को सहायता पहुँचाने हेतु झाँसी की ओर चल पड़ा। झाँसी पहुँचने से पूर्व ही अंग्रेजी फौजों ने उसे पराजित कर दिया। तातियाँ इस पराजय से पीछे हटकर कोंच पहुँच गया और वहाँ रुककर झाँसी भेजे जाने वाले हथियारों की आपूर्ति में दृढ़तापूर्वक बाधा डालना शुरू कर दिया। अंग्रेजी फौजों के 7 मई के आक्रमण के सामने वह न टिक सका और उसे मजबूरन कालपी की तरफ पीछे हटना पड़ा। ब्रिटिश फौजें बराबर उसका पीछा करती रहीं। मालेशन ने तातियाँ के पीछे हटने की कला की बहुत तारीफ की और उसे अद्वितीय बताया। तातियाँ की इस पराजय से विद्रोहियों के हौसले को बड़ा आघात लगा।[26]

इसी मध्य झाँसी की रानी भी कालपी पहुँच गयीं जिसने बाँदा के नवाब एवं राव साहब की सहायता से सर हग रोज़ से मोर्चा लिया किन्तु अंत में 23 मई को

अंग्रेजों की फौजों ने कालपी के किले पर कब्जा कर लिया। कालपी में ब्रिटिश शासन की पुनर्स्थापना का कोंच के बलजोर सिंह तथा गंभीर सिंह और देवी सिंह ने जमकर विरोध किया।[27]

मात्र आठवें दिन, 31 मई को रोज़ की सेनाएँ छितर-बितर हो गयी और कोंच बलजोर सिंह एवं दौलत सिंह के कब्जे में आ गया परन्तु सितम्बर 4 एवं 5 को इन विद्रोहियों का सफाया कर दिया गया।

**झाँसी**—झाँसी एक मराठा राज्य था, जो आगरा के दक्षिण में 140 मील बुन्देलखण्ड के हृदय-स्थल में अवस्थित था। झाँसी के शासक गंगाधर राव के 1854 में निधन के पश्चात् झाँसी का राज्य ब्रिटिश साम्राज्य में शामिल कर दिया गया तथा झाँसी के साथ जालौन एवं चन्देरी की सीमाओं को मिलाकर कैप्टन स्कीम के अधीन एक सुपरिनटेन्डेन्सी बना दी गयी। झाँसी के राजा गंगाधर राव की विधवा लक्ष्मीबाई ने ब्रिटिश सरकार से अपने पति के उत्तराधिकारी के स्वरूप में एक पुत्र को गोद लेने की याचना की जिसे ब्रिटिश सरकार ने ठुकरा दिया। ब्रिटिश शासन ने झाँसी राज्य की 3000 वर्ग मील एवं ढाई लाख आबादी वाले क्षेत्र के बदले में लक्ष्मीबाई के लिए 5000 रुपया मासिक की पेन्शन निर्धारित कर दी। लक्ष्मीबाई ने अपने प्रतिनिधि को इंग्लैण्ड भेजकर अपने साथ हुए अन्याय को दूर करने एवं क्षतिपूर्ति की याचना की जिसे भी ठुकरा दिया गया। इस सबके अतिरिक्त झाँसी में अधिकारिक तौर पर पशुवध की आज्ञा प्रदान कर दी गई जो झाँसी में पहले नहीं होती थी।[28]

महालक्ष्मी के मंदिर से जुड़े दो गाँवों के राजस्व की मंदिर को वापसी की मांग के ठुकराये जाने एवं जाति अपवित्रता की अफवाहों ने लक्ष्मीबाई के मानसिक असंतोष को बहुत बढ़ा दिया और वह कठोर निर्णय लेने पर मजबूर हो गयीं। बानपुर के राजा को भी इसी तरह की बहुत शिकायतें थीं। उसे यह उम्मीद थी कि ब्रिटिश आधिपत्य समाप्त हो जाने पर चन्देरी का राज्य उसे पुनः मिल जायेगा। इस आशा के तहत बानपुर का मदन सिंह गंगाधर राव की मृत्यु के बाद लक्ष्मीबाई से भेंट एवं परामर्श करने के लिए कई बार झाँसी गया। रानी लक्ष्मीबाई ने पवार ठाकुरों तथा ऊद गाँव, नोनरी एवं जिगना के जमींदारों को भी अपने विश्वास में लिया जो ब्रिटिश शासन से त्रस्त थे।[29]

इसी बीच 12वीं रेजीमेंट एवं 13वीं घुड़सवार सेना के दस्तों ने विद्रोह कर दिया जिसमें तमाम अंग्रेजों को मौत के घात उतार दिया गया। इस सैनिक विद्रोह में अंग्रेज इतिहासकार भी रानी लक्ष्मीबाई का हाथ होने की बात साबित नहीं कर सके।[30]

यह सैनिक विद्रोह 5 जून को शुरू हुआ था। अहसान अली ने मुसलमानों को नमाज के समय उत्तेजित कर अंग्रेजी अफसरों के कत्ले-आम के लिए भड़काया। इस अवधि में सरकारी भवनों को क्षतिग्रस्त किया गया और उनमें आग लगा दी गयी। इस विद्रोह में कैन्टोनमेंट क्षेत्र और उनमें बने बंगले बुरी तरह प्रभावित हुए। जेल के दरवाजे खोलकर कैदियों को रिहा कर दिया गया। यही अवसर था जब रानी लक्ष्मीबाई ने अपने दत्तक पुत्र, दामोदर राव, जो उस समय मात्र 8 वर्ष का था, के नाम पर शासन सत्ता सम्भाल ली और इस आशय की अधिसूचना जारी कर दी। झाँसी की रानी ने बड़े सक्षम तरीके से झाँसी की किलेबन्दी की और एक टकसाल की स्थापना की। तत्कालीन इतिहासकारों ने उसे बहुत सक्षम राज्याधिकारी बताया है। वह पुरुषों की तरह वस्त्र धारण करती थी और समस्त सरकारी कामकाज स्वयं किया करती थी। यहाँ तक कि खुली अदालत में वह प्रजा के प्रतिवेदनों को सुना करती थी और उन पर बड़ी दक्षता से निर्णय करती थी। वह बहुत ही योग्य घुड़सवार थी। रानी लक्ष्मीबाई के अतिरिक्त उसके पिता मोरोपंत ताम्बे, लालू बख्शी, लक्ष्मणराव एवं काशीनाथ राज्य के विभिन्न विभागों के सक्षम पदाधिकारी थे। अर्सकीन और हैमिल्टन के तेवरों से रानी लक्ष्मीबाई को यह बिल्कुल स्पष्ट हो गया था कि उसका नाम युद्ध अपराधियों की सूची में शामिल है और उसका भविष्य अंधकारमय हैं उससे कम महत्व के लोग फाँसी पर लटकने के बजाय युद्ध भूमि पर लड़कर मर जाना बेहतर समझते

थे, झाँसी की रानी के लिए यह कठिन था कि वह निष्क्रिय बैठकर अपने गले में फाँसी के फंदे का इंतजार करे। ऐसी परिस्थितियों में दृढ़ प्रतिज्ञ एवं वीरांगना लक्ष्मीबाई ने अंग्रेजों के खिलाफ तलवार उठा ली और फिर—सुभद्रा कुमारी चौहान का कवि हृदय भी कह उठा—

*''खूब लड़ी मर्दानी वह तो झाँसी वाली रानी थी,*
*बुन्देले हरबोलों के मुँह हमने सुनी कहानी थी।''*

सेनापति रोज़ के नेतृत्व में सेन्ट्रल इंडियन फील्ड फोर्स राहतगढ़, सागर, गढ़ाकोटा की लड़ाईयों में विजय हासिल करती हुई बढ़ती गई और 22 मार्च 1858 को झाँसी के किले की घेराबंदी कर दी। 1 अप्रैल 1858 को तातियाँ टोपे ने झाँसी की रानी की सहायता हेतु अपनी 22000 जवानों की सशक्त सेना के साथ झाँसी की ओर बढ़ा किन्तु ओरछा की लड़ाई में उसकी शिकस्त हो गयी। उसके 1500 जवान मारे गये और उसे कालपी की तरफ पलायन करना पड़ा। सेनापति रोज़ को झाँसी की गली-गली में विद्रोहियों के भयंकर प्रतिरोध का सामना करना पड़ा। गली-गली और कूचों-कूचों में घमासान लड़ाई हुई। किले पर लगातार बमबारी से किले की एक ओर की दीवार टूट गई थी और उस स्थिति में झाँसी की रानी को किले के अंदर बने रहने से खतरा उत्पन्न हो गया था। अतः 4 अप्रैल 1858 को झाँसी की रानी मर्दाना भेष बदलकर किला छोड़कर कालपी की ओर चल पड़ी। लेफ्टीनेंट डॉकर उसके पीछे लग लिया। रानी झाँसी के साथ उसकी सुरक्षा हेतु 200 काबुली जवान उसके दोनों ओर चल रहे थे। कालपी के पतन के पश्चात् झाँसी की रानी ग्वालियर की ओर इस इरादे से चल पड़ी कि वहाँ पहुँचकर सिंधिया की फौजों में राष्ट्रीय भावना को उद्वेलित कर एक नया मोर्चा खड़ा कर लेगी। इस आशय से उसने अपना एक दूत ग्वालियर को पहले ही भेज दिया था।[31]

साथियों ने झाँसी की रानी की फौजों को रोकने को असफल प्रयत्न किया। लक्ष्मीबाई एवं तातियाँ को विजयी के रूप में 1 जून 1858 को एक विजेता के रूप में ग्वालियर पहुँच गये और नाना सहब को वहाँ का शासक घोषित कर दिया।[32]

राव साहब को ग्वालियर का गवर्नर नियुक्त किया गया। वहाँ उसने ग्वालियर की अभेद्य सुरक्षा सुनिश्चित की। सेनापति रोज़ को मराठा अभ्युदय का खतरा नजर आया और उसने बड़ी शक्ति के साथ हमला बोलकर मुरार में 16 जून को तातियाँ को पराजित कर दिया। दूसरे दिन जनरल स्मिथ ने पूरब की ओर से ग्वालियर पर हमला बोल दिया। कोटा की सराय, जो ग्वालियर से दक्षिण पूर्व की ओर 5 मील की दूरी पर है, में उसकी मुठभेड़ हो गयी। घमासान युद्ध हुआ। झाँसी की रानी बहादुरी के साथ लड़ती हुई 17 जून को अपनी बहन के साथ शहीद हो गयी। सेनापति रोज़ झाँसी की रानी की बहादुरी एवं उसके रणकौशल से बहुत प्रभावित हुआ और उसने लिखा कि झाँसी की रानी महिला होते हुए भी विद्रोहियों में सबसे अधिक बहादुर थी और उत्कृष्ट कोटि की सेनानायक थी।[33]

20 जून को अंग्रेजी सेना ने ग्वालियर को फतेह कर लिया और कैनिंग ने कुछ दिनों बाद शान्ति की घोषणा कर दी। हालाँकि तमाम विद्रोही उस समय भी इधर-उधर हो गये थे। झाँसी की रानी के खूनी विद्रोह की इतिहास में एक अमर कहानी है उसके शौर्य की गाथाएँ इतिहास में अमर हैं। झाँसी की रानी के द्वारा शुरू किया गया स्वतंत्रता संग्राम 1947 में स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् ही समाप्त हुआ।

**सागर, जबलपुर एवं नर्मदा क्षेत्र**—सागर, जबलपुर एवं नर्मदा क्षेत्र में भी समान तौर पर विद्रोह की ज्वालाएँ भड़की। जुलाई 1857 में सागर जिला लगभग पूरी तरह से विद्रोहियों के कब्जे में आ गया था। राहतगढ़ के किले पर फाजिल मोहम्मद ने कब्जा कर लिया था और अपने को मंदसौर का शहजादा घोषित कर दिया था। गढ़ाकोटा के किले पर शाहगढ़ की फौजों ने कब्जा कर लिया था। किशोरी सिंह के नेतृत्व में दमोह में विद्रोह का परचम लहरा रहा था। यहाँ पर विद्रोहियों में प्रमुख जुंगासिंह, बलभूधर सिंह, सोहालपुर का तालुकदार लक्ष्मण सिंह एवं नवाब कन्धार खान पिन्डारी की प्रमुख भूमिका रही।[34]

जबलपुर में रानी दुर्गावती के उत्तराधिकारी राजा शंकरशाह एवं उसका पुत्र रघुनाथ शाह को अंग्रेजी सेनाओं ने कम्पनी राज्य के विरुद्ध षड्यन्त्र के आरोप में गिरफ्तार कर लिया और 18 सितम्बर को उन्हें तोप के मुँह पर बाँधकर उड़ा दिया गया।[35] तोप से उड़ाये जाने के समय राजा शंकरशाह के मुख पर एक अद्‌भुत वीरतापूर्ण मुस्कान थी जो उसके अद्‌भुद शौर्य को मुखरित कर रही थी। इस दृश्य को देखने के लिए पूरे शहर के लोग बुला लिये गये थे। जब इन दोनों को ताप से उड़ा दिया गया तो इनके शरीर के टुकड़े-टुकड़े होकर बिखर गये। राजा शंकरशाह की रानी जिस समय अंतिम संस्कार के लिए शरीर के टुकड़ों को एकत्रित कर रही थीं उस समय अंग्रेजी फौजों के जवान मुस्करा रहे थे। इस तरह जबलपुर एवं नर्मदा क्षेत्र में व्यापक रूप से विद्रोह की घटनाएँ हुईं।

विद्रोह की उपरोक्त तमाम घटनाओं ने भारतीयों के अंदर ब्रिटिश शासन के विरुद्ध एक गहरे असंतोष के साथ-साथ ब्रिटिश शासन को जड़ से उखाड़ फेंक देने की दृढ़ एवं प्रबल इच्छा शक्ति के दर्शन होते हैं। यही विद्रोह की आग आगे चलकर पूर्ण स्वतन्त्रता में बदल गयी।

**संदर्भ ग्रंथ—**

1. चौधरी शशि भूषण, रिवेलियन इन दि इंडियन म्यूटनी, पृ. 15
2. वही
3. एफ.पी., IV, 228
4. एफ.पी., 277-285-5, 153, 157, 269, 836
5. एफ.पी., VII, 285.6
6. एफ.पी., IX, 277
7. एफ.पी., IX, 269
8. एन.ई., I, 562
9. मार्टिन, II, 500
10. एफ.पी. VI, 143-9577
11. एफ.पी., IX, 609
12. एफ.पी., VIII, 136
13. एफ.पी., VI, 196
14. एफ.पी., VI, 169
15. एफ.पी., VIII, 100, 140-1
16. एन.ई., I, 521, रिपोर्ट बाई एफ., मैने मजिस्ट्रेट एण्ड कलेक्टर
17. एन.ई., I, 530
18. एन.ई., I, 545
19. एन.ई., I, 545
20. एन.ई., I, 548
21. एन.ई., I, 548
22. एफ.पी., IX, 604
23. एफ.पी., IX, 834
24. एफ.पी., I, 579, 584
25. एफ.पी., II, 272
26. मालेशन (जी.बी.), हिस्ट्री ऑफ इंडियन म्यूटनी, 178-9
27. एन.ई., I, 566
28. एन.ई., I, 549
29. एन.ई., I, 550
30. मजूमदार, आर.सी., द स्पोय म्यूटनी एण्ड रिबोल्ट ऑफ 1857, पृ. 149, 151, 152
31. मालेशन, III, 204-05
32. एन.ई., II, 330
33. मार्टिन, II, 489
34. एफ.पी., IX, 850
35. एफ.पी., VII, 277, 281-2

**ABBREVIATIONS**

Narrative of Events regarding the Mutiny in India of 1857-58 and the Restoration of authority (Vlos. I and II), Calcutta Foreign Department Press 1881

**....NE**

Further Papers Relative to the Mutinies in the East Indies presented to both House of Parliament by command of Her Majesty.

**....FP**

SHODH CHETNA – YEAR-8, VOL. 2 (APR. TO JUNE, 2022) ISSN : 2350-0441
A Peer-Reviewed & Refereed International Multifocal Research Journal
IMPACT-FACTOR SJIF - 5.999
Paper Recieved : 15th May 22 Paper Accepted : 30th May 22

# सिवनी जिले का ऐतिहासिक भूगोल

❑ डॉ. संकेत कुमार चौकसे*

**शोध सारांश**

भारत के सांस्कृतिक इतिहास में आधुनिक मध्यप्रदेश के सिवनी जिले की सीमा में आने वाले भू-भाग की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। यह जिला अपनी समृद्ध परम्परा एवं सांस्कृतिक धरोहरों के लिए विख्यात रहा है। प्रागैतिहासिक काल से लेकर आधुनिक काल तक इस क्षेत्र के विभिन्न अंचलों में भारतीय संस्कृति का विकास अनेक रूपों में विकसित और पल्लवित हुआ। सतपुड़ा पर्वत श्रृंखला में बसा यह जिला अपने प्राकृतिक सौन्दर्य के लिए विख्यात है। नर्मदा एवं वैन गंगा इस जिले की सीमाओं में प्रवाहित होने वाली मुख्य नदियाँ हैं। जिले के अनेक स्थलों—यथा बंडोल, अलोनिया, कान्हीवाड़ा, छपारा, सुआखेड़ा, दिघोरी, आष्टा, घंसौर, लखनादौन, बीसापुर, चाँवड़ी, आदेगांव इत्यादि—से पुरातात्त्विक अथवा ऐतिहासिक महत्व के अनेक साक्ष्य प्राप्त होते हैं। प्रस्तुत शोध-पत्र का मूल उद्देश्य सिवनी जिले से संबंधित ऐतिहासिक सामग्री का अध्ययन एवं संकलन कर उन नवीन पहलुओं को प्रकाश में लाना है, जिन पर अभी तक समुचित कार्य नहीं किया गया है।

**पारिभाषिक शब्द**—ऐतिहासिक भूगोल।

ऐतिहासिक भूगोल के तहत किसी स्थान अथवा क्षेत्र की भूतकालीन भौगोलिक दशाओं अथवा समय के परिवर्तित होते भूगोल का अध्ययन किया जाता है। इसमें अध्ययन क्षेत्र के सभी मानवीय एवं भौतिक पहलुओं का अध्ययन किया जाता है। ऐतिहासिक भूगोल की विषय-वस्तु की सीमा में सभी प्रकार की साहित्यिक एवं पुरातात्त्विक सामग्री सम्मिलित की जाती है। आधुनिक संदर्भ में ऐतिहासिक भूगोल का अध्ययन 18वीं सदी में यूरोप में आरंभ हुआ। इसी परिप्रेक्ष्य में भारत में वेद, पुराण, महाकाव्य एवं अन्य साहित्यिक ग्रंथों में वर्णित नदियों, पर्वतों, नगरों, ग्रामों, मार्गों इत्याति के प्राचीन नाम, उनसे संबंधित ऐतिहासिक घटनाओं एवं व्यक्तियों के अभिज्ञान द्वारा अल्प ज्ञात इतिहास के सूत्रों का पता लगाने का प्रयास किया गया है।[1] मध्यप्रदेश में ऐतिहासिक भूगोल पर महत्वपूर्ण कार्य प्रणब कुमार भट्टाचार्य (हिस्टोरिकल ज्योग्राफी ऑफ मध्यप्रदेश) द्वारा किया गया है। वस्तुतः मध्यप्रदेश के किसी जिले विशेष के ऐतिहासिक भूगोल विषय पर अभी तक कोई महत्वपूर्ण

* *सहायक प्राध्यापक (इतिहास विभाग), राजमाता सिंधिया शासकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय, छिंदवाड़ा (म.प्र.)*

कार्य नहीं किया गया है। इस तथ्य को दृष्टिगत रखते हुए प्रस्तुत शोधपत्र में सिवनी जिले के ऐतिहासिक भूगोल विषय का चयन किया गया है।

सिवनी जिला मध्यप्रदेश के जबलपुर संभाग के अंतर्गत सम्मिलित है। यह जिला 21°36' से 22°57' उत्तरी अक्षांश एवं 79°19' से 80°17' पूर्वी देशांश के मध्य स्थित है।[2] यह अपने वर्तमान स्वरूप में 1 नवम्बर 1956 को मध्यप्रदेश राज्य के पुनर्गठन के अवसर पर स्थापित किया गया था। जिले के उत्तर में जबलपुर, पश्चिम में छिंदवाड़ा, पूर्व में बालाघाट, उत्तर-पूर्व में मण्डला, उत्तर-पश्चिम में नरसिंहपुर एवं दक्षिण में महाराष्ट्र राज्य के नागपुर और भण्डारा जिले स्थित हैं। यह जिला बहुत ही विषमता लिए दक्षिण की ओर कुछ संकरा और उत्तर की ओर अपेक्षाकृत चौड़ा है। इस जिले का आकार वाराह या मछली के समान दिखाई देता है। जिले के उत्तर में वाराह का सिर दृष्टिगत होता है जिसमें एक सींग सा नजर आता है।[3] सिवनी जिले की गोंड जनजाति में सींग का गीत विख्यात था।[4]

सिवनी जिला मूल रूप से जंगलों एवं पर्वतों से युक्त एक जनजातीय बाहुल्य क्षेत्र रहा है। 19वीं सदी के सिवनी जिले की प्राकृतिक सुंदरता का वर्णन सर राबर्ट अर्मिटेस्ट्रेण्डले ने अपनी पुस्तक 'सिवनी कैम्प लाईफ ऑन द सतपुड़ा रेंज' में किया है। सिवनी जिला सतपुड़ा पर्वत के उत्तरी ओर दक्षिणी श्रेणियों के मध्य समुद्र सतह से लगभग 550 मीटर की ऊँचाई पर स्थित है।[6] जिले की सबसे ऊँची चोटी मनोरी है जो कि जिले के पश्चिमी छोर पर स्थित है। सिवनी के नामकरण के संबंध में अनेक किंवदंतियाँ प्रचलित हैं। प्रथम अवधारणा के अनुसार यहाँ कभी सेवन के वृक्षों की अधिकता थी जिसके आधार पर इसको सेवनी कहा जाने लगा जो आगे चलकर परिवर्तित होते-होते सिवनी बन गया। इसी प्रकार अन्य अवधारणाएँ शिवभक्तों की बाहुल्यता (शिवनी), नैनागढ़ (नैनपुर) का गोंड शासक इन्दरमन की बहिन सोनारानी (सुवनीरानी), विल्व अर्थात् श्रीवृक्ष की अधिकता (श्रीवनी), विशाल सैनिक छावनी इत्यादि पर आधारित है।[7]

सिवनी जिले की सीमाओं में प्रवाहित होने वाली प्रमुख ऐतिहासिक नदियाँ नर्मदा एवं वैनगंगा है। नर्मदा नदी सौन्दर्य एवं संस्कार की नदी मानी जाती है। यह अमरकंटक के पठार के पश्चिमी पार्श्व से निकलती है और लगभग 1,312 किलोमीटर की यात्रा कर अरब सागर में समाहित हो जाती है। यह प्राचीन भारतीय धार्मिक ग्रंथों में उल्लेखित सात अत्यन्त पवित्र नदियों में से एक बतलायी गयी है। टॉलमी और पेरीप्लस के लेखक ने इसका नोम्माडोस या नम्माडियस के रूप में उल्लेख किया है।[8] स्कंदपुराण में इसके संबंध में एक पृथक अध्याय मिलता है। इसे इन्दुजा, मेकलसुता, मेकलकन्या तथा सोमाभवा इत्यादि नामों से भी जाना जाता है।[9] नर्मदा की उत्पत्ति के संबंध में एक किवदंती यह है कि जब भगवान शिव ऋक्ष पर्वत (विंध्याचल का एक भाग) पर तपस्या कर रहे थे तब उनके शरीर से नर्मदा की उत्पत्ति हुई।[10]

सिवनी जिले की जीवन रेखा नाम से विख्यात वैनगंगा मध्यप्रदेश की एक महत्वपूर्ण नदी है। यह सतपुड़ा पर्वत श्रेणी के दक्षिणी ढलानों में सिवनी जिले के मुण्डारा ग्राम से लगभग 12 किमी दूर परसवाड़ा पठार के राजोलताल से उद्गमित होती है।[11] पौराणिक साहित्य में इस नदी के लिए वेणा अथवा वेण्वा नाम प्रयुक्त किया गया है। बृहत्-शिव पुराण में इसे वैनगंगा नाम से संबोधित किया गया है।[12] संभवतः इस नदी का नाम पुराणों में उल्लेखित राजा वेनु या राजा बेन या बेले के नाम पर पड़ा। राजा वेनु ने दमोह में सिंगोरगढ़ के किले से शासन किया।[13] यह नदी सिवनी जिले में अर्द्धचन्द्राकार रूप में होते परिक्रमा करते हुए बालाघाट, भण्डारा तथा चांदा जिलों में प्रवाहित होते हुए वर्धा नदी में मिलती है तथा जहाँ से इसे प्राणहिता नाम से जाना जाता है।[14] अंततः यह गोदावरी नदी में समाहित हो जाती है।

सिवनी जिले की सीमा में आने वाले भू-भाग में मानव के अस्तित्व के प्रमाण प्रागैतिहासिक युग से ही प्राप्त होने लगते हैं। सागर विश्वविद्यालय के पुरातत्त्व विभाग द्वारा किये गये सर्वेक्षण में सिवनी जिले से अनेक पूर्व-पाषाण एवं मध्यपाषाण युगीन स्थल, मध्य पाषाणकालीन स्थापत्य एवं कलावशेष प्राप्त हुए हैं।[15] पाषाण युग से संबंधित विविध साक्ष्य जिले के बंडोल, अलोनिया, कान्हीवाड़ा, छपारा तथा सुआखेड़ा इत्यादि अनेक ग्रामों से प्राप्त हुए हैं।[16] जिले के सरेखा नामक ग्राम में अश्मयुगीन वृत्ताकार शव स्थान प्राप्त हुए हैं। यह ग्राम सिवनी से 21 मील उत्तर में वैनगंगा और हिर्री नदियों के संगम पर स्थित है। यहाँ चार-पाँच पत्थर, स्तम्भ रूप में स्थित है।[17] ताम्र पाषाणयुगीन संस्कृति से संबंधित साक्ष्य सिवनी जिले के निकट स्थित बालाघाट जिले के गुंगेरिया नामक स्थल से प्राप्त हुए हैं।[18]

ऐतिहासिक युग में यह जिला नंद, मौर्य, शुंग, सातवाहन, वाकाटक एवं कलचुरी इत्यादि राजवंशों के उत्थान एवं पतन का साक्षी रहा है। 'हिस्ट्री ऑफ द सेन्ट्रल प्रोविन्सेस एण्ड बरार' के अनुसार वाकाटक वंश का राज्य बरार, खानदेश, सिवनी, बालाघाट, छिंदवाड़ा, बैतूल इत्यादि जिलों में फैला हुआ था।[19] वाकाटक राज्य की समाप्ति के पश्चात इस क्षेत्र में महिष्मती के कल्चुरी शासकों ने ख्याति अर्जित की। इसके स्पष्ट प्रमाण तो उपलब्ध नहीं होते किंतु कल्चुरी कला से प्रभावित मूर्तियाँ सिवनी जिले के घंसौर से प्राप्त होना एवं आष्टा स्थित प्राचीन मंदिर पर कल्चुरी कला के प्रभाव के आधार पर अनुमान लगाया जाता है कि यह क्षेत्र कल्चुरी शासकों के प्रभाव क्षेत्र में रहा होगा।[20] तत्पश्चात् इस क्षेत्र पर संभवतः राष्ट्रकूट एवं त्रिपुरी के कल्चुरी शासकों का प्रभाव पड़ा।

मध्यप्रदेश एवं विदर्भ क्षेत्र के विशाल भू-भाग पर 13वीं शताब्दी से लेकर 18वीं शताब्दी तक 4 प्रमुख गोंड राज्यों खेरल (बैतूल), गढ़मण्डला (मण्डला), देवगढ़ (छिंदवाड़ा) तथा चंद्रपुर (चांदा) का प्रभुत्व था। इनमें सिवनी जिले का संबंध गढ़-मण्डला एवं देवगढ़ राज्यों से रहा।[21] लगभग 1742 में देवगढ़ का साम्राज्य नागपुर के भोंसले शासकों के अधीन हो गया।[22] 1818 में हुए आंग्ल-मराठा युद्ध के तहत हुए सीताबर्डी युद्ध में अप्पा साहब भोंसले की पराजय के पश्चात सम्पन्न हुई संधि में भोंसले राज्य का विशाल भू-भाग ब्रिटिश शासन के अधीन हो गया।[23] 1861 में प्रशासनिक सुविधा की दृष्टि से मध्यप्रांत का गठन किया गया और सिवनी को मध्यप्रांत का एक जिला बना दिया गया। 1932 में ब्रिटिश सत्ता द्वारा प्रशासनिक पुनर्गठन करते हुए सिवनी को छिंदवाड़ा जिले का एक सबडिवीजन बना दिया गया। भारत की स्वतंत्रता के पश्चात् राज्य पुनर्गठन के समय 1956 में सिवनी को पुनः जिला बनाया गया।[24]

दिघोरी, घंसौर, आष्टा, लखनादौन, बीसापुर, भैरोंथान, अमोदगढ़, चांवड़ी, डोंगरताल, छपारा, सोनगढ़, आदेगांव, घूमा इत्यादि सिवनी जिले में स्थित अनेक ऐतिहासिक स्थल हैं। दिघोरी ग्राम सिवनी से वायव्य (उत्तर-पश्चिम) दिशा में लगभग 25 मील की दूरी पर स्थित है। यह एक प्राचीन गुफा के लिए विख्यात है जिसमें भीतरी दीवारों पर अस्पष्ट चित्र अंकित हैं।[25] घंसौर सिवनी जिले के केवलारी रेलवे स्टेशन से लगभग छः मील की दूरी पर स्थित है। इस क्षेत्र से प्राचीन मंदिरों एवं मूर्तियों के ध्वंसावशेष प्रचुर मात्रा में उपलब्ध होते हैं। यहाँ से प्राप्त कुछ गढ़े हुए पत्थर सिवनी में दलसागर तालाब पर स्थापित कर दिये गये हैं जबकि कुछ जैन मूर्तियाँ जैन मंदिरों में प्रतिष्ठित कर दी गयी हैं।[26] आष्टा सिवनी से लगभग 35 किमी की दूरी पर आग्नेय (दक्षिण-पूर्व) दिशा में स्थित है। यहाँ हिमादपंथी शैली के प्राचीन मंदिरों के साक्ष्य प्राप्त हुए हैं।[27] लखनादौन से प्राचीन मंदिरों के ध्वंसावशेष एवं अनेक जैन प्रतिमाएँ प्राप्त हुई हैं।[28] इस नगर के संबंध में किवदंती है कि यह नगर पाण्डवों के वंशज लखनकुंवर द्वारा बसाया गय है।[29]

ग्राम बीसापुर में एक प्राचीन मंदिर है जिसे गोंड राजा भोपत की विधवा रानी पलई के द्वारा निर्मित करवाया गया था। जनश्रुति के अनुसार राजा भोपत औरंगजेब के किसी सरदार के द्वारा युद्ध में वीरगति को प्राप्त हो गया था तथा उसकी रानी पलई ने बाद में अपने सतीत्व की रक्षा हेतु आत्महत्या कर ली थी।[30] भैरोंथान (मठघोघरा) लखनादौन से लगभग 13 किमी उत्तर में स्थित है। यह क्षेत्र एक गुफा के लिए विख्यात है जिसमें शिवमूर्ति स्थापित है।[31] भीमगढ़ छपारा से लगभग 10 मील पूर्व में स्थित है। यहाँ एक पहाड़ी में अश्वारोहियों, सैनिकों की छोटी-छोटी प्रस्तर मूर्तियों के अवशेष प्राप्त हुए हैं।[32] अमोदगढ़ ग्राम से सोनारानी के महल एवं किले के ध्वंसावशेष प्राप्त हुए हैं।[33] चाँवड़ी सिवनी से दक्षिण-पश्चिम की ओर लगभग 6 मील की दूरी पर स्थित एक ग्राम है। यह गोंड शासक संग्राम सिंह के 52 विख्यात गढ़ों में से एक गढ़ था।[34] यहाँ से जैन मंदिरों के ध्वंसावशेष प्राप्त हुए हैं।[35]

छपारा दो शब्दों छः एवं पारा (टोले) का सम्मिलित रूप है। वर्तमान में यह सिवनी जिले का विख्यात नगर है। इसे 1703 में बख्तबुलंद के अधीनस्थ जागीरदार रामसिंह ने बसाया था। उसने यहाँ एक किले का निर्माण भी करवाया था।[36] 1774 में सूबेदार अमीन खां ने छपारा परगना का केन्द्र सिवनी को बनाकर वहाँ एक किला (दीवानखाना) निर्मित करवाया।[37] इसके पश्चात् सिवनी नगर शासन का केन्द्र बन गया। आदेगांव लखनादौन से 8 मील पश्चिम में स्थित है। यह एक मराठाकालीन गढ़ी के लिए विख्यात है जिसे वहाँ के जागीरदार खड्गभारती ने बनवाया था। इस गढ़ी के भीतर कालभैरव का मंदिर स्थित है।[38] घूमा सिवनी-जबलुपर मार्ग पर स्थित है। यह प्राचीन राजगोंड घराने का मुख्य केन्द्र था। इनके अतिरिक्त सिवनी जिले में सोनगढ़, उमरगढ़, भैंसागढ़, परताबगढ़, कोहबागढ़ इत्यादि अनेक स्थल हैं जहाँ से ऐतिहासिक दुर्ग एवं अन्य पुरातात्त्विक साक्ष्य प्राप्त होते हैं। इन पर विस्तृत अनुसंधान की आवश्यकता है।

इस प्रकार सिवनी जिला एक सतपुड़ा पर्वत शृंखला में स्थित वनाच्छादित जनजातीय बाहुल्य जिला रहा है। प्राचीन साहित्य में इस जिले के ऐतिहासिक भूगोल से संबंधित साहित्यिक जानकारी बहुत कम ही प्राप्त होती है। यद्यपि इस जिले से संबंधित पुरातात्त्विक साक्ष्य पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध होते हैं। प्राप्त पुरातात्त्विक साक्ष्यों के आधार पर कहा जा सकता है कि इस क्षेत्र में मानव जीवन का अस्तित्व पाषाणकाल था। प्राचीनकाल में वाकाटक राजवंश एवं कल्चुरी राजवंश, मध्ययुग में गढ़मण्डला एवं देवगढ़ के गोंड राजवंश तथा आधुनिक युग में नागपुर के भोंसले एवं ब्रिटिश शासन से संबंधित अनेक ऐतिहासिक स्थल इस जिले में प्राप्त होते हैं।

**संदर्भ ग्रंथ—**

1. तिवारी, शिवकुमार; ऐतिहासिक भूगोल, मध्यप्रदेश का इतिहास खण्ड-1 प्राचीन काल, मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रंथ अकादमी, भोपाल, 2010, पृ. 05
2. रसल, आर.व्ही.; सेण्ट्रल प्रोविन्स डिस्ट्रिक्ट गजेटियर, सिवनी डिस्ट्रिक्ट, इलाहाबाद, 1907, पृ. 01
3. पाठक, पं. जानकी प्रसाद; सिवनी कल आज और कल, कोणार्क कम्प्यूटर्स, सिवनी, 2004, पृ. 01
4. प्रसाद, गोकुल, सिवनी सरोजिनी, डॉ. हीरालाल : एक संकलन, कला एवं सांस्कृतिक धरोहर हेतु भारतीय राष्ट्रीय न्यास, जबलपुर प्रभाग, 1988, पृ. 277
5. स्ट्रेण्डले, राबर्ट अर्मिटेज; सिवनी कैम्प लाईफ ऑन द सतपुड़ा रेंज, लंदन, 1877, पृ. 143-144
6. गुरू, एस.डी.; मध्यप्रदेश डिस्ट्रिक्ट गजेटियर सिवनी जिला, संस्कृति विभाग, भोपाल, 1989, पृ. 02

7. श्रीवास्तव 'चातक', रमेश; स्मारिका समर्पण, श्री महावीर व्यायामशाला संगठन सिवनी, 2021, पृ. 18
8. सिन्हा, ए.एम.; मध्यप्रदेश जिला गजेटियर, होशंगाबाद जिला, संस्कृति विभाग, भोपाल, 1994, पृ. 06
9. भट्टाचार्य, प्रणव कुमार; हिस्टोरिकल ज्यॉग्राफी ऑफ मध्यप्रदेश फ्रॉम अर्ली रिकार्ड्स, मोतीलाल बनारसीदास, नई दिल्ली, 1977, पृ. 96-97
10. श्रीवास्तव, पी.एन.; मध्यप्रदेश जिला गजेटियर पश्चिमी निमाड़, संस्कृति विभाग, भोपाल, 1975, पृ. 09
11. सिन्हा, ए.एम.; मध्यप्रदेश जिला गजेटियर, बालाघाट, संस्कृति विभाग, भोपाल, 1998, पृ. 06
12. भट्टाचार्य, प्रणव कुमार; वही, पृ. 108
13. सिन्हा, ए.एम.; वही, पृ. 06
14. पाठक, पं. जानकी प्रसाद; वही, पृ. 177
15. शर्मा, राजकुमार; मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के पुरातत्त्व का संदर्भ ग्रंथ (पूर्व-मुस्लिमकाल), मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रंथ अकादमी, भोपाल, 2010, पृ. 145
16. इण्डियन आर्कियोलॉजी, ए रिव्यू, 1959-60, पृ. 25
17. शर्मा, एस.एन.; सिवनी प्राचीन एवं अर्वाचीन, दिवाकर प्रिंटर्स, सिवनी, 1961, पृ. 18
18. दीक्षित, एम.जी.; मध्यप्रदेश के पुरातत्त्व की रूपरेखा, पुरातत्त्व विभाग, सागर विश्वविद्यालय, 1954, पृ. 06
19. सील, जे.एन.; हिस्ट्री ऑफ द सेण्ट्रल प्रोविन्सेस एण्ड बेरार, कोलकाता, 1917, पृ. 13
20. पाठक, पं. जानकी प्रसाद; वही. पृ. 08
21. वही
22. ओकटे, मारूतिराव; छिंदवाड़ा क्षितिज—छिंदवाड़ा जिले का भौगोलिक, ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, शैक्षणिक एवं राजनैतिक परिवर्तनों का प्रामाणिक वर्णन, हिन्दी प्रचारिणी समिति, छिंदवाड़ा, 1993, पृ. 110
23. गुरू, एस.डी.; वही, पृ. 36
24. पाठक, पं. जानकी प्रसाद; वही, पृ. 10
25. शर्मा, एस.एन.; वही, पृ. 19
26. प्रसाद, गोकुल, वही, पृ. 293
27. गुरू, एस.डी.; वही, पृ. 251
28. शर्मा, राजकुमार, वही, पृ. 389
29. गुरू, एस.डी., वही, पृ. 255
30. शर्मा, एस.एन.; वही, पृ. 19
31. वही
32. प्रसाद, गोकुल, वही, पृ. 296
33. शर्मा, एस.एन.; वही, पृ. 21
34. माहेश्वरी आर.जी. (सं.); शुक्ल अभिनंदन ग्रंथ इतिहास खण्ड, नागपुर, 1955, पृ. 40
35. शर्मा, एस.एन.; वही, पृ. 21
36. वही
37. पाठक, पं. जानकी प्रसाद; वही, पृ. 09
38. शर्मा, एस.एन.; वही, पृ. 22

SHODH CHETNA – YEAR-8, VOL. 2 (APR. TO JUNE, 2022) ISSN : 2350-0441
A Peer-Reviewed & Refereed International Multifocal Research Journal
IMPACT-FACTOR SJIF - 5.999
Paper Recieved : 20th Apr. 22 Paper Accepted : 10th May 22

# महिला उपन्यासकारों की अस्तित्ववादी चेतना

❑ लल्ली त्रिपाठी*
❑ प्रो. अमित शुक्ला**

**शोध सारांश**

'अस्तित्ववाद' साहित्य का एक तर्कशास्त्र है, एक मनोविज्ञान है, और दर्शन है। इस दर्शन ने जीवन पर अपना विशेष प्रभाव डाला और अमूर्त को ठोस के रूप में समझने के उद्देश्य से व्यक्ति के अध्ययन पर बल दिया। अस्तितवाद के वास्तविक प्रवर्तक सारेन कीर्केगार्द ने प्रकट किया था कि हम जीवन में आगे बढ़ते तो है, पर सोचते समझते पीछे है। साहित्य में अस्तित्ववाद की अवधारणा मानवीय यथार्थ और परिस्थितियों के विश्लेषण से प्रारम्भ होती है। मानवीय अस्तित्व के सम्भावित रूप को उपलब्ध करने का संघर्ष, वर्तमान घृणित व्यवस्था, अनैतिक अवसर वादिता और संवेदनाहीन व्यावहारिकता के विरुद्ध संघर्ष के रूप में परिणत हो जाता है। अस्तित्ववाद का काल्पनिक साहित्य–सृजन में विश्वास नही रहता। वह जीवन के नित्यप्रति के स्वाभाविक संघर्षों को महत्व प्रदान करता है। मानव की विवशता से परिपूर्ण एवं असहाय स्थिति में ही अस्तितवाद का प्रारम्भ होता है। मानव जीवन क्षणभंगुर है। कुछ निश्चित नही है कि जीवन कब अँत सीमा में पहुँच जायेगा इस अनिश्चितता की स्थिति में मनुष्य अपने को अनेक बंधनों में बँधा हुआ पाता है, और देखता है कि उसे स्वछन्दता नही प्राप्त है। वह अपने जीवन को एक निश्चित अर्थ देना चाहता है, भावाभिव्यक्ति से पूर्ण करना चाहता है और स्वतंत्रता का उद्घोष करना चाहता है, अस्तितवाद की सीमा यही से प्रारम्भ होती है। अस्तिववाद में मानवीय जीवन और मानवीय नियति का यथार्थ परक विश्लेषण उपलब्ध होता है।

**मूल शब्द–** अस्तित्ववाद, उपन्यासकारों, विवाह,महरूख़,रूढ़ियां, परिस्थितियाँ।

**घुटन–पारिवारिक एवं सामाजिक संत्राश**

**व्याख्या–**'मुझे माफ करना' उपन्यास की नारी पात्र मँदा एक विवाहित प्रौढ़वय परन्तु बहुत बड़े उद्योग पति से विवाह का प्रस्ताव डेढ़ वर्ष तक अस्वीकार करने के पश्चात अपनी स्वीकृति दे देती है। माँ के पूछने व समझाने पर भी वह अपना निर्णय किसी प्रकार भी बदलना स्वीकार नही करती। तब माँ कहती है कि क्या तुमने अपने पिता जी से इस विषय में बात

* शोधार्थी, एम0ए0 हिन्दी, अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा (म0प्र0), मो.9826460631
** शोध निर्देशक, टी.आर.एस. महाविद्यालय, रीवा (म0प्र0)

की है और वह कहती है, ''हाँ, गाँ विवाह के हक में ही सलाह दी है।'' और माँ चुप है तथा कुछ काम याद आ जाने के कारण उसको ऊपर जाने के लिए कहती है। ऊपर जाकर उसने देखा कि वह व्यक्ति जिससे वह शादी करने वाली थी है एक कुर्सी पर बिना सहारा लिए बैठा है और उसे पास बिछे सोफे पर बैठने का इशारा किया है। परन्तु वह मौन रही। उस व्यक्ति के चेहरे पर निरन्तर गर्व और दुख दिखायी पड़ रहा था परन्तु नायिका का मन इस चुप्पी से घुटकर अधिक बेचैन हो रहा था वह यह भी नही समझ पा रही थी कि इस चुप्पी को किस प्रकार समाप्त किया जाए। विवाह के कुछ समय पश्चात् जब नंदा का पति अपनी पहली पत्नी की ''बच्ची को घर लाता है तब वह उसको गोंद में लेना चाहती है, परन्तु वह बच्ची रो रही थी। नँदा के 'पति गलती हो गयी' कहकर लौट गये और वह चित्र लिखी सी उड़ती हुयी धूल को देखती रह गयी इन सभी परिस्थितियो मे उसका दम घुटने लगा और अपने शरीर को गिरने से बचाने के लिए वह उसी जगह बैठ गयी।

'ठीकने की मंगनी' उपन्यास की पात्र महरूख की मंगनी एक अंधविश्वास के तहत जन्म के तुरन्त बाद ही रफत के साथ हो गयी थी। परन्तु रफत अमरीका जाकर वहाँ शादी कर लेता है। जब यह बात महरूख को पता चली तो वह अन्दर से टूट चुकी थी। जब महरूख गर्मी की छुघट्टियों में घर आयी तो सब उसकी हालत देख परेशान हो गये। महरूख हफ्ते भर तक सबसे लिपट लिपट कर रोती रही धीरे धीरे उसे इस माहौल से घुटन होने लगी और वह अपने आप को घर के काम में व्यस्त रखने लगी। रफत भारत लौट कर महरूख से विवाह करना चाहता था लेकिन महरूख ने सभी के सामने शादी से मना कर दिया था। रफत ने अम्मी से अपना विवाह कहीं और करने को कह दिया और उठकर बाहर चला गया।

'आँख मिचौली' उपन्यास में सामाजिक रूढ़ियों और मर्यादाओं से जकड़ी हुई लड़की है रेणू। अपने पिता के उम्र के बैरिस्टर मेहता के प्रति उसका प्रेमाकर्षण, मेहता की पत्नी बनने की उसकी तीव्र इच्छा और मेहता द्वारा उसके प्रेम को नकारने रेणू के मन को घायल कर दिया। मेहता के अस्वीकार के दर्द भरे शब्द्राश्रु कविता बन गये रेशु की। उस दमघोंटू वातावरण में रहना रेणु को असह्य लगता। उसके उपचार के जतन किये जाने लगे किन्तु असली कारण जानने वाला कोई नही थी।

नासिरा शर्मा के 'जिन्दा मुहावरे' उपन्यास का पात्र निजाम और बहुत से जवान भारत–पाक विभाजन के पश्चात् कराची चले गये थे। परन्तु वे खुश नहीं थे और लौटना उनके बस में नहीं था। उन लड़कों से दोस्ती होने पर उसे पता चला कि सभी खाते–पीते परिवारों से हैं और यहाँ आकर बिखर गए। बचपन की यादें उनका पीछा नही छोडती और उनका साँस लेना मुश्किल हो रहा है। निजाम का विवाह शमीरा की बहन सुगरा से तय हो चुका था परन्तु निजाम के जाने के पश्चात सुगरा का विवाह कही और हो जाता है। निजाम कराची शहर की बदलती हुई स्थिति को देखकर सोचता है कि क्या सोचा या क्या हो गया। कभी कभी तो इतना ऊब जाता और घबराकर खुद से कहता ''यहाँ से भागकर कहाँ जाऊँ यारब।''

'सूर्यबाला' के 'दीक्षान्त' उपन्यास के मुख्य पात्र शर्मा जी के द्वारा ठक्कर की बीबी को काम के लिए मना करने बाद उनके द्वारा जानबूझकर की जा रही उपेक्षा और अपमान से उनका चेहरा और कान दहक उठते हैं। कभी–कभी अन्दर से विद्रोह चीख पड़ने को होता है, लेकिन जाने कहाँ की सहनशक्ति और धैर्य आकर उनकी पूरी अस्मिता को दबोच लेता है। यही कारण है कि पेंसिल के टूट जाते पर वह विनय को डाँटते हैं, परन्तु यहाँ डाँटना नही घुटते मन का अवसाद कहीं ठौर कुठौर उड़ेलना है, कुछ हल होने के मकसद के लिए। घुटन नामक अस्तितवादी भाव हमें सूर्यबाला के 'दीक्षान्त' उपन्यास में सर्वत्र दिखायी पड़ता है।

प्रभा खेतान का 'छिन्नमस्ता' उपन्यास उसकी प्रमुख पात्र प्रिया के अचेतन में दमित भावनाओं का

संग्रहालय उसे कभी चैन नहीं लेने देता। माँ ने उसे भोटा, भंगन, पत्थर गधीं कहा है। खाने–पीने में भी अम्मा की प्रिया के प्रति भेदभाव पूर्ण नीति देखकर प्रिया का एक असहाय यंत्रणा से दम घुटने लगता है। कितना बुरा लगता है माँ की आलोचना करना लेकिन माँ मुझे बिल्कुल प्यार नही करती। शायद मै लड़की हूँ वो भी चौथे नम्बर की। भाभी जी पुराने ख्यालों की थीं इसलिए भईया को व्हिस्की पीना उन्हे चरित्रहीनता लगती थी। जब उन्होने अम्मा को इस बारे में बताया तो उन्होंने कहा ''बिणनी तू फालतू बात मतकर। मेरा सरवण कुमार – सा बेटा! तुम्हे तो इस बात की जलन है कि मापत की सेवा क्यों करता है? तुम्हारे इशारे पर क्यों नहीं नाचता ? भाभी जी घुटकर रह जाती। भैया के चरित्र को लेकर भाभी जी की घुटन बढ़ती गयी और भाभीजी बीमार रहने लगी।

'भाई' उपन्यास के पात्र सुबोध और सुनैना नवीन विचारधारा के होने के बाद भी भाई को रूढ़िवादिता के घुटनपूर्ण वातावरण से नही निकल पाते।

'अपने – अपने चेहरे' की रमा अपने और राजेन्द्र के संबंधपर दृष्टिपात करते हुए स्वयं को

असहाय एवं अधिक एकांकी महसूस करती है। आखिर भारतीय समाज में एक रखैल की हैसियत भी क्या है? भले ही वह राजेन्द्र की प्रेमिका है। रमा को यदाकदा पार्टी समारोह में लोग भी सुनने को मिलते। राजेन्द्र के परिवार वालों के कटाक्ष भी सहने पड़ते हैं। फिर भी वह राजेन्द्र के साथ अपने प्रेम संबंध का निर्वाह करती जा रही थी। कभी– कभी वह सोचती है कि इस घुटन भरी जिंदगी से छुटकारा पा लूँ। नही, स्वाभाविक कहीं कुछ नहीं है। कम–से–कम मेरे जीवन में..... यह कैसी जिंदगी में जी रही हूँ मैं छोड़ क्यों नही देती ?

मैत्रेयी पुष्पा के 'चाक' उपन्यास में रेशम भरी जवानी में पति की मौत के पाँच महीने बाद गर्भ धारण कर उसका हिम्मत के साथ ऐलान करती है। इसी कारण जेठ डोरिया उसकी हत्या करता है। रेशम की हत्या के बाद सारंग अत्यधिक विकल हो उठती है।'' मैं छटपटा– छटपटाकर खत्म हो जाऊँगी रेशम। तू अपनी बहन की व्यथा इतनी न बढ़ा। धरती पर बैठी सारंग पति को देखते ही खड़ी हो जाती है। और गुलाबी चेहरा दर्द से भरा हुआ ज्यों छाती पर घन बरसते हों। सारंग के पति ने हत्यारे को हथकड़ी लगवा दी।

''कलिकथा : वाया बाइपास'' उपन्यास का मुख्य पात्र किशोर कई बार सोचता है कि हमारे घर की औरतों की जिंदगी कैसी है। सारा दिन घर में बन्द रहती है, कभी निकलना हुआ तो जरीदार ओढ़नी ओढकर। 'कलिकथा : वाया बाइपास' ऐसे कालखण्ड से जुड़ी है जिसने स्त्री पात्रों को महत्वहीन सा बना दिया है। लगता है कि उनका न कोई विकास होता है, न उनमें कोई इच्छाशक्ति और न व्यक्तित्व।

**संत्रास :–**

एक पवित्र अवसाद है जो मनुष्य भ्रष्ट और पतनोन्मुख होने से बचाता है। यह अस्तित्ववादी धारा हमें 'दीक्षान्त' उपन्यास के पात्र मि० शर्मा में दिखाई पड़ती है। निरन्तर उपेक्षाओं, उपहास और तमाम संत्रासों के बीच निरन्तर घुटन पूर्ण जीवन यापन करते हुये इस स्थिति से मुक्ति पाने के लिए एक बार उनके मन में चन्द्रभान सिंह के पास जाने का विचार आता है परन्तु दिमागी ऊहापोह के पश्चात् वे इस निष्कर्ष पर पहुंचते है कि कुछ दिनों पहले स्वयँ चन्द्र ने अपने विषय में कहा था – ''वे ईमानदारी की रोटी खाने वाले प्रतिष्ठित सम्मानित अध्यापक नही बल्कि अपने स्वार्थो की पूर्ति के लिए गुण्डेबाजी की हद तक उतर जाने वाले.... नही और धीरे–धीरे तूफान शान्त पड़ने लगा।

प्रभा खेतान के 'छिन्नमस्ता' उपन्यास की दस वर्षीय प्रिया के अंदर भय भी था और विद्रोह की जलती हुयी अग्नि भी पिता की मृत्यु और भाई द्वारा बलाकार के अनंवरत आघातों की शिकार प्रिया यह जानती है कि भाई द्वारा किये गये इस बलाकार का दोष भी माँ. उसी के सिर मढ़ेगी। बेटे की तरफदारी करेगी और ब्याहकर अने घर से निकालने की जुगत करेगी।

गीताजलि श्री के 'भाई' उपन्यास में नारी विषयक पुरानी मान्यताओं और भूलों का चित्रण है। इस उपन्यास का केन्द्रीय चित्रण भाई है जो अपनी सास की रूढ़िवादिता के कारण आजीवन संत्रस्त रहते हुए भी अपने जीवन में उनकी जकड़न से मुक्त नहीं होती। नए विचारों के उनके बेटे–बेटी उसकी मानसिकता बदलने में सफल नही हो पाते।

'मीनारें' उपन्यास में महाविद्यालय के हेडक्लर्क मि० शर्मा को ईमानदारी से काम करने के बावजूद भी बेइज्जती और जलालत के सिवा और कुछ नहीं मिलता। यही कारण है कि वह अत्यधिक संत्रस्त है और प्राचार्या प्रेमा दीवान से कहता है– ''नहीं नहीं मैं इस तरह जिंदा नहीं रह सकता बहनजी। ............. मैं मर जाऊँगा, मेरा स्वाभिमान मुझे इस तरह, जिन्दा नही रहने देगा। शर्मा बुदबुदाते हुए दफ्तर से जुड़े कमरे में जाकर बैठ गया और फूट फूटकर रोने लगा।

'इदन्नमम' उपन्यास की मुख्य पात्र मंदाकिनी मकरन्द से खेलने का आग्रह करती है परन्तु वह उससे नहीं बोलता। एक साल में ही न बोलने का कारण भी जता दिया कि ''तुम्हारे पीछे पुलिस लगी है। तुम्हारी अम्मा को डाकू ले गये। सबको डर लगता है तुमसे।'' यह सब सुन मंदा त्रस्त हो उठी। तब उसे इस बात का आभास हुआ कि क्यों वह खेल–कूद की बिरादरी से बाहर हो गयी। वह चीफ काका के यहा चली जाती है। काका से श्यामली लौटने के लिए कहती है क्योकि मकरन्द की याद उसे बहुत सताती है। वह चाहकर भी मन को नहीं रोक पाती वह त्रस्त मन से सोचती है– ''क्या मालूम था कि राधा की तरह एक दिन अकेली ......... या सीता की तरह हो जायेगा वनवास...... या मीरा की तरह विरह का विष.....।

'अपने–अपने चेहरे' उपन्यास की नायिका रमा अपने प्रेमी राजेन्द्र के द्वारा समय न दिये जाने के कारण अधिक त्रस्त दिखायी पड़ती है। इसी कारण उन दोनों में झगड़ा भी हो जाता है नहीं किसी की गलती नहीं तुम जिम्मेदार हो'' रमा इन सब की दोषी स्वयं को मानती है।

'पीली आँधी' उपन्यास में सुजानगढ़ में सूखा पड़ने के कारण स्त्री–पुरुष पशु–पक्षी सभी अधिक संत्रस्त है। सुराणा जी माधोबाबू की पत्नी पद्मावती से प्रेम करते है परन्तु चाहने पर भी वे उनको प्राप्त न कर सकने के कारण उपन्यास के अंत में अत्यधिक संत्रस्त दिखायी देते हैं।

**निराशा :–**

'शाल्मली' उपन्यास की नायिका शाल्मली अपने पति नरेश के साथ कुछ समय व्यतीत करना चाहती है। इसी कारण वह कई बार आफिस से भी जल्दी लौट आती है, इस आशा में कि दोनों लोग साथ–साथ चाय पिएंगे मगर होता उसका उल्टा है। जब वह घर जल्दी लौटती है तो नरेश रात गए लौटता है और जब वह थकी हारी देर से घर लौटती है तो नरेश को मुँह फुलाए बैठा देखती है। वह इस प्रकार के उलाहने व प्रताड़ना के वातावरण में टूटकर बिखरती है।

'हीरामन हाईस्कूल' उपन्यास की मुख्य पात्र जुगनी की दो बेटियाँ है :– तान्या और सोन्या नाजिम साहेब के लड़के विपुल के लिए उसकी छोटी बेटी सोन्या के लिए रिस्ता आया। जुगनी ने सोन्या से पूछा तो उसने मना नही किया। जुगनी ने कहा ''तू आगे पढ़ेगी नहीं क्या ?'' शादी से बेहतर कुछ और करने को तेरा मन नही करता क्या? सोन्या के इस व्यवहार से जुगनी गहन निराशा का अनुभव करती है।

'ठीकरे की मंगनी' उपन्यास की नायिका महरूख रफत से विलग बने रहने के सवाल पर टूट जाती है। जब रिश्तों का भ्रम टूट जाये, तो फिर जीने का लुत्फ ही क्या ? इन्सान के अन्दर की ललक और उमंग कहीं दम तोड़ देती है।

'आंख मिचौली' उपन्यास की पात्र रेणु विवाह के लिए बैरिस्टर मेहता को पत्र लिखती है, नकारात्मक जवाब पाकर वह पूर्ण रूपेण निराश हो जाती है। मेहता के अस्वीकार और लोकापमान के तूफानी धक्के से उसके अन्दर का छुपा कोश एक झटके से बाहर आ गया।

'दीक्षान्त' उपन्यास में विद्याभूषण शर्मा योग्य होने पर भी अपनी योग्यता के अनुरूप पद न मिलने के कारण स्वयं को अत्यधिक निराश दिखायी पड़ते हैं।

**अजनबीपन :–**

नासिरा शर्मा के 'जिन्दा मुहावरे' उपन्यास का मुख्य पात्र निजाम जब कराची पहुंचता है तो अनजान जगह को देखकर ऐसा घबराता है कि जी चाहा वापस घर लौट जाओ साथ आए लोग जाने कहाँ गुम हो गए थे। हमदर्दी के दो बोल बोलने वाला कोई नजर न आता। रात को जब सोता तो बार–बार चौंक कर उठ जाता। समझ नहीं पा रहा था कि वह कहाँ है? भारत आकर भी वह महसूस करता है कि यहाँ भी वह गैर की तरह ही हैं।

'अपने–अपने चेहरे' उपन्यास के प्रमुख पात्र मिस्टर राजेन्द्र गोयनका अपने बड़े बेटे रमेश से रुपया लाकर माँ को देने के लिए कहते हैं परन्तु वह मना कर देता है। जिसके कारण वो अत्यधिक आहत होकर सोचता है कि इस घर में मेरा कोई अपना नहीं है ''और यह पत्नी ? जिंदगी के चालीस. साल साथ बिताने पर भी इतनी अपरिचित क्यों लगती है और फिर मैं इसको ढो क्यों रहा हूँ ? किसके भय से मैं इसके साथ एक बिछावन पर सोता हूँ ? साथ खाता हूँ उठता बैठता हूँ। समाज के लिए ? जिसको प्यार करता हूँ वह केवल कर्मक्षेत्र की साथी है और ये अजनबी लोग फलों के मौसम मे कहाँ से चले आते हैं, झांक के झांक''।

**संदर्भ :–**


1. ठीकरे की मंगनी, नासिरा शर्मा पृ0 सं0 69
2. जिंदा मुहावरे, नासिरा शर्मा, पृ0 स0 30
3. प्रभा खेतान, छिन्नमस्ता पृ0 सं0 43.
4. प्रभा खेतान छिन्नमस्ता पृ0 सं0 78
5. अपने–अपने चहरे, प्रभा खेतान पृ0 सं0 75
6. पीली आंधी प्रभा खेतान पृ0 सं0 234
7. चाक मैत्रेयी पुष्पा पृ0 सं0 8
8. समय सरगम कृष्णा सोबती. शाल्मली
9. शाल्मली नासिरा शर्मा
10. हीरामन हाईस्कूल कुसुम कुमार
11. एक जमीन अपनी चित्र मुद्गल
12. इदन्नमम् मैत्रेयी पुष्पा
13. दीक्षांत सूर्यबाला
14. जिन्दा मुहावरे, नासिरा शर्मा

SHODH CHETNA – YEAR-8, VOL. 2 (APR. TO JUNE, 2022) ISSN : 2350-0441
A Peer-Reviewed & Refereed International Multifocal Research Journal
IMPACT-FACTOR SJIF - 5.999
Paper Recieved : 15th May 22 Paper Accepted : 30th May 22

# "Biochemical Analysis of Isabgol" (Plantago ovata forssk.) with particular Reference to Rewa district

❒ Ashish Dwivedi*

## ABSTRACT

Cultivation of medicinal plant is one of the most important aspect of Indian Agriculture Now. Isabgol is an important medicinal plant belonging to family plantaginaceae and is commonly known as blonde psyllium and botanically known as plantago ovata forssk. Present paper deals with the Biochemical study of content present in the seed of isabgol, such as Ash, protein, oil, crude fiber and seed moisture. The isabgol husk is a membranous covering of the seed. It absorb moisture and forms a tasteless mucilaginous substance which constitute the drug. It also used for making "Ice cream". The seed and husks are used to cure inflammation of the mucous membranes of gastro urinary tracts, duodenal ulcers, gonorrhorea and piles. It is also used as substitute of agar-agar as culture media.

**Keywords :** WHO (World Health Organisation) AOAC (Association of official Agriculture chemists analytical)

**Introduction :**

Isabgol (*Plantago ovata* Forsk) is an important medicinal crop beloning to family plantaginaceae and is commonly known as blonde psyllium. The genus Plantago comprises of 200 species out of which 10 occurs in India. Isabgol is an annual herb, which attains a height of 30-45 cm under cultivation. It is nearly stemless, softly hairy plant with large narrowly linear 7.5-20 cm long and about 0.6 cm broad leaves appearing whorled due to the short stem. The spikes are 1.2 to 4 cm long about 0.5 cm broad, cylindrical to ovoid in shape which bear 45 to 4 cm long about 0.5 cm broad cylindrical to ovoid in shape which bear 45 to 69 flowers. The flowers are bisexual. tetramerous. anemophilous and protogynous and as such favouring out crossing. The calyx tube is 4 toothed and corolla is scarious; the stamens are four in number coming upto the top of bud and dehisce longitudinally, producing large quantity of dry powdery pollens is scarious; the stamens are four in number coming upto the top of bud and dehisce longitudinally. producing large quantity of dry powdery pollens. The fruit is an ellipsoid capsule, about 8 mm long containing 23 mm long, boat shaped, smooth rosy white seeds. The concave side of the seed is covered

* Guest Faculty, Govt. College, Beohari, Distt. Shahdol (M.P.)

which a thin white membrane. produced by fusing of outer layer of ovule together which the inner epidermis forming the seed coat. The seed epidermis is made of polyhedral cells whose walls are thickened by secondary deposit which is the sources of mucilage.

**Experimental sites**

The study was conducted in Rewa. The experimental plots were marked in Nipaniya (Plot-A) cultivating field adjacent to Rewa town (5 Kms from city), Bichhiya (Plant-B) cultivating fields (4Km. from city) and Bodabag (Plot-C), cultivating fields (3 Km. from city). The experiments were performed for the two consecutive years 2019-20 and 2020-21 (table 1). The observations recorded was synthesized and analysed to draw conclusions.

**Table-1**
**Biochemical analysis of Isabgol (*Plantago ovata* Forsk)**

| | Year 2019-20 | | | Year 2020-21 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | A | B | C | A | B | C |
| Ash | 6.5 | 5.7 | 5.2 | 5.9 | 6.0 | 6.4 |
| Protein | 21.9 | 21.2 | 20.9 | 20.9 | 21.0 | 21.6 |
| Oil | 4.8 | 4.7 | 4.4 | 4.7 | 4.6 | 4.8 |
| Carbohydrate | 23.8 | 23.1 | 21.9 | 22.7 | 22.8 | 23.2 |
| Crude Fiber | 31.4 | 29.9 | 29.8 | 30.6 | 31.3 | 31.4 |
| Seed Moisture | 8.3 | 8.4 | 8.1 | 8.3 | 8.4 | 8.5 |




Graph showing Biochemical analisys of Isobgoal

## Material method :

## Crude fiber :

It was determined by method described in AOAC (1980) and its detailed procedure is mentioned below. .

$$Ash\ (\%) = \frac{\text{Weight of ash}}{\text{Weight of Sample}} \times 100$$

$$\text{Nitrogen (\%)} = \frac{\text{Normality of } H_2SO_4 \times \text{Vol. of } H_2SO_4 \times 1.4}{\text{Weight of sample}} \times 100$$

Protein percent in the seed was estimated multiplying nitrogen percentage of seed by factor 6.25.

Protein (%) = Nitrogen % $\times$ 6.25

## Carbohydrate content :

The content of carbohydrates in seed was determined by calculating the difference obtained after subtracting the sum of values of moisture, protein, oil, crude fiber and ash from a figure of 100.

$$\text{Oil (\%)} = \frac{\text{Wt. of flask (B)} - \text{Wt. of flask (A)}}{\text{Weight of sample}} \times 100$$

## Result and discussion :

In the year 2020 at plot A,B & C the Ash content in the seed of Isabgoal varies from 5.2 to 6.5 percent. Protein in the seed varies from 20.9 to 21.9 percent. Oil content in the seed varies from 4.4 to 4.8 percent. Carbohydrate percent in the seed varies from 21.9 to 23.8 percent crude fiber in the seed varies from 29.8 to 31.4 percent and seed moisture varies from 8.1 to 8.4 percent.

In the year 2021 at same plot A, B and C Ash content varies from 5.9 to 6.4 percent Protein varies from 20.9 to 21.6 percent. Oil content varies from 4.6 to 4.8 percent crude fiber varies from 30.6 to 31.4 percent and seed moisture varies from 8.3 to 8.5 percent.

From the above data analysis, it clearly shows that Isabgoal can easily be grown in Rewa district with good quality content in their seed. The content in the seed is nearly same as it found in other area. So the seed is off good quality and the quantity or yield is good.

## References :


1. The most common method for water extraction-Zhooetal, 2020
2. The alkali extraction by Kumar, Tanna, Mishra & Jha, 2018
3. Auxiliary extraction method by ultra sound Ilikham, Ghanbar Zadeh, Ayaseh and Rezagholi 2020
4. Poly saccnarides savage method by yin, chen, cin, Xie & Alive 2016
5. Isolation of polysaccharides by Ehsan et al. 2020
6. Ashish Dwivedi, Dr. Ajay Kumar Awasthi (2007) "Ecophysiological Studies of Some Medicinal Plants Grown in Kymore Plateau Region", School of Environmental Biology, A.P.S. University, Rewa (M.P.)

**SHODH CHETNA – YEAR-8, VOL. 2 (APR. TO JUNE, 2022)** **ISSN : 2350-0441**

**A Peer-Reviewed & Refereed International Multifocal Research Journal**

**IMPACT-FACTOR SJIF - 5.999**

**Paper Recieved : 10th Apr. 22** **Paper Accepted : 30th Apr. 22**

# भारतीय राजनीति में महिलाओं की सहभागिता

❒ डॉ. अंजना खेर*

## शोध सारांश

लेकतांत्रिक शासन प्रणाली में महिलाओं को स्वतंत्रता प्राप्ति के साथ ही भारत में महिलाओं को समान राजनीतिक अधिकार प्रदान किये गयें। लेकिन स्वतंत्रता प्राप्ति के 70 वर्ष उपरान्त भी महिलाओं का राजनीतिक प्रतिनिधित्व पुरूषों की तुलना में बहुत कम है।

स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् भारत में महिलाओं की दषा सुधारनें के लिए अनेक प्रयास किए गए और कई योजनाएं बनाई गई, परन्तु कल्याणकारी योजनाओं का वांछित प्रभाव भारतीय महिलाओं पर समान रूप से नही पडा। तथा उन सबका लाभ महिलाओं तक नही पहुॅच पाया। इसके परिणामस्वरूप महिलाओं की सामान्य स्थिति में कोई उल्लेखनीय सुधार नही हुआ। इसके अलावा महिलाएं हिंसा और अत्याचारों का सिकार भी बनती रही है।

**प्रस्तावनाः–**

भारत में महिलाओं की राजनीतिक भूमिका का अर्थ है। कि निर्वाचन में मतदाता एवं प्रत्याशी के रूप में सहभागिता से लेकर सत्ता में महिलाओं की भागीदारी से है। मताधिकार की प्रक्रिया से निर्णय–निर्माण में अहम भूमिका निभाती है। जो कि यही राजनीतिक सहभागिता है। किन्तु वर्तमान में लोकतंत्रीय विकेन्द्रीकरण के कारण राजनीतिक सहभागिता मान मतदान एवं राजनीतिक सक्रियता तक सीमित नही हैं, बल्कि राजनीतिक सत्ता में भागीदारी से भी जुड गयी है। सत्ता में भागीदारी होने का अर्थ है कि शक्ति प्राप्त करना और बैध शक्ति (सत्ता) ही वह प्रमुख प्रक्रिया है जो समाज की अन्य उपव्यस्थाओं एवं संरचनाओं को निर्देशित संचालित एवं प्रभावित करती है। इसलिए राजनीति में महिलाओं की भूमिका एक महत्वपूर्ण मांग बन गई है।[1]

भारत विश्व का सबसे बडा लोकतांत्रिक देश है जिसकी अपनी सभ्यता व संस्कृति है, जिस पर वह गर्व करता है। भारत एक विशाल व विकासशील देश है। इसकी कला, साहित्य दर्शन इसको मानव के अध यात्म जीवन से जोडते है। जिसमें महिलाओं की अहम भूमिका होती है। महिलाओं के बिना श्रृश्टि की कल्पना भी नही की जा सकती है। पुरूष प्रधान समाज कभी स्वीकार नहीं कर पाया कि महिलाओं को उसका हक मिले, जिसने उसके जीवन में अतुलनीय योगदान दिया है। वैदिक काल में शिक्षा सिर्फ उच्च

* सहायक प्राध्यापक राजनीति विज्ञान, शासकीय महाविद्यालय बलदेवगढ़, जिला–टीकमगढ़ (म.प्र.)

वर्ग की बालिकाओं व राजकुमारियों को ही दी जाती थी जो अपवाद स्वरूप है। बौद्ध काल में भी महिलाओं की दशा में विशेष सुधार नही हुआ। मध्यकाल में भारत पर मुस्लिम सुल्तानों ने शासन किया, उस समय शिक्षा को ही एक2 सामाजिक कर्तव्य नही माना गया था महिला शिक्षा तो दूर की बात थी। ब्रिटिश काल में शिक्षा को अवश्य बढावा मिला, लेकिन नगन्य रही पुरूष प्रभुता समाज में महिलाओं के प्रति जो दृष्टिकोण विकसित हुआ, उसके अन्तर्गत काम चलाने लायक अल्प शिक्षा व घर ग्रहस्थी की देखभाल तक उसकी सीमाएॅ निर्धारित की गई थी।[2]

यह (आज) प्रजातंत्रीय शासन प्रणाली महिला एवं पुरूष दोनो को उन्नति तथा उत्थान के समान अवसर प्रदान करती है। प्रजातंत्र की भावना के अनुरूप सम्पूर्ण विश्व में महिलाओं के विकास तथा कल्याण के लिए आवश्यक समानता स्वतंत्रता एवं निर्णयकारी संस्थाओं में भागीदारी हेतु अनेक राजनीतिक अधिकार प्रदान किये गये है। आप विकसीत एवं विकासशील सभी देशों में महिलाओं की आर्थिक, सामाजिक, एवं राजनीतिक स्थिति में सुधार करने तथा उनकी स्थिति को सदृढ बनाने के प्रयास हर स्थान और स्तर पर किये जा रहे है। परिणामस्वरूप आप सभी स्थान एवं क्षेत्रों में महिलाओं के समुचित विकास के लिए अनुकूल वातावरण विकसित हो रहा है। महिलाओं को प्रशासन एवं राजनीति में समानाधिकार प्रदान करने में अग्रणी प्रयास करने वाले देश संयुक्त राज्य अमेरिका, फॉस, ब्रिटेन, डेनमार्क, नार्वे, फिनलैंड, जैसे देशों में साथ ही आज रूस जैसे साम्यवादी देश ईरान जैसे कटटपेयी राष्ट्र तथा अनेक अल्प विकसित एवं विकासशील राष्ट्रों में महिलाओं को राजनीतिक दृष्टि से शक्ति सम्पन्न बनाया जा रहा है। तथा महिलाएँ अपनी प्रभावशाली भूमिका से वैश्विक राजनीति में अपनी अहम उपस्थिति दर्ज कराने में सफल हो रही है।[3]

### भारत में महिलाओं की (प्रस्थिति) स्थिति

अनेक ऐतिहासिक एवं स्वतंत्र भारत की महिलाएं आज समाज और राष्ट्र निमार्ण की मुख्य धारा में पुरूषों के साथ कन्धे से कन्धा मिलाकर चलते हुए एक नवीन भारत की परिकल्पना को साकार करने में संलग्न है।1 आज जीवन का ऐसा कोई क्षेत्र नही है। जहॉ महिलाएॅ उत्कृष्ट भूमिका नही निभा रही है। एक और जहॉ शहरी महिलाएं, स्कूलों, कालेजों, दफ्तरों कारखानों आदि में पुरूषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कारखानों देश के विकास में संलग्न है। वही दूसरी ओर ग्रामीण महिलाएं खेतो, खलिहानों तथा अन्य विविध क्षेत्रों में रात–दिन काम करके देश के आर्थिक विकास में अपना अमूल्य योगदान दे रही है इन सबसे बावजूद समाज में नारी की स्थिति दोयम दर्जे की समझी जाती है। खासकर ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं और अधिक अपेक्षित है।[4]

किसी भी देश के विकास में महिलाओं की भूमिका को ज्ञात करने हेतु यह जानना आवश्यक है कि वहॉ के समाज में महिलाओं की क्या स्थिति रही? समाज महिलाओं को कौन–कौन से अधिकार प्रदान करता है जिससे समाज को गति मिले। इस गहन तथ्य का ज्ञान उस देश के इतिहास में छिपा होता है। अतः हमें सर्वप्रथम यह समझने (जानने) का प्रयास करना होगा कि हमारे देश के ऐतिहासिक पृष्ठों पर महिलाओं का कैसा चित्र अंकित है।

### 1. वैदिक काल में महिलाओं की प्रस्थिति (स्थिति)

वैदिक समाज भारतीय इतिहास का सर्वाधिक आदर्श समाज रहा है। वस्तुतः वेद भारतीय संस्कृति के प्राण है। इस युग में महिलाओं ने अपने समस्त अधिकारों का पूर्णता के साथ उपयोग किया था।

वैदिक युग में नारी को पुरूषों के समकक्ष अधिकार प्राप्त था। अथर्ववेद मे कहा गया है कि "नववधु तु जिस घर में जा रही है वहॉ की तु साम्राज्ञी है तेरे ससुर, सास देवर और व्यक्ति तुझे साम्राज्ञी समझते हुए तेरे शासन में आनन्दित रहे।" नारी को शिक्षा, धर्म, राजनीति और सम्पत्ति में पुरूष के समान अधिकार थे। ऐसा लगता है कि वैदिक काल में नारी कुछ हद तक समाज के आर्थिक विकास में योगदान देती थी।1

इस काल में महिलाओं की स्थिति अन्य कालों के अपेक्षा सम्मान्जनक थी। इस युग में पति की पूर्णता पत्नि के अस्तित्व में ही निहित मानी जाती थी पत्नि रूप में महिला निश्चय ही पति की अध्दांगिनी होती थी। तथापि वेद युग में पत्नि को मित्र का रूप प्राप्त था।2

**उत्तर वैदिक काल में महिलाओं की प्रस्थिति (स्थिति)**

उत्तर वैदिक काल को सामान्यतः ईसा से 600वर्ष पूर्व से लेकर ईसा के 300वर्ष बाद तक माना जाता है। उत्तर वैदिक काल में सामाजिक व धार्मिक क्षेत्र में स्त्री पुरूष के समान अधिकार रखती थी। भीष्म पितामह का यह कथन है कि स्त्री को सदैव पूज्य मानकर स्नेह का व्यवहार करना चाहिए।4

सोलहवी शताब्दी से अठारहवीं शताब्दी का युग मध्य युग के रूप में जाना जाता है।1

इसका आरंभ ही मातृसत्ता की समाप्ति और नारी की पराधीनता के आधारभूत विधान से होता है। जिसमें नारी को वर्ण व्यवस्था के निम्नतक वर्ण शुद्र के साथ ही पाप योनि वाले वर्ण में रखा गया है। इस काल में महिलाओं की स्थिति में जितना ह्रास हुआ उसे कभी भुलाया नही जा सकता है।2

इस काल कि आते–आते नारी बाल्यकाल में पिता, युवावस्था में पति और वृद्धावस्था में पुत्रों के संरक्षण में रहने की आदि बन चुकी थी। उसे अधिकारों से वंचित कर दिया गया और वह परिवार की एक आवश्यकता मात्र बनकर रह गई थी। हालाकि बौद्ध धर्म के उदय से उसकी स्थिति में सुधार हुआ भी, परन्तु मुगल काल में नारी की दशा और भी दण्डनीय हो गई। पर्दा प्रथा ने नारी के घर की चार दीवारी की कैद में रहने के लिए मजबूद कर दिया। समाज में बाल–विवाह का प्रचलन बढ गया तथा शिक्षा के द्वार उसके लिए लगभग बंद कर दिये गये। सती प्रथा अपने शिखर पर पहुच गई और उसकी आवाज चिंता के चारों ओर बजते ढोल नगाडों में दब कर रह गई।3

वस्तुतः मध्यकाल में स्त्रियों की स्वतन्त्रता सब प्रकार से छीन ली गई तथा उन्हे जन्म से मृत्यु तक पुरूषों के अधीन कर दिया गया था।4

सन् 1940 तक स्त्रियों की एकान्तता तथा उनके निम्न स्तर के लिए हिन्दु धर्म, जाति, व्यवस्था, संयुक्त परिवार, इस्लामी शासन तथा ब्रिटिश उपनिवेशवाद उत्तरदायी है। वस्तुतः इस काल में स्त्रियों की विभिन्न क्षेत्रों में निर्योग्यताएँ बनी रही।5 भारतीयों द्वारा समय–समय पर समाज सुधार के विशेष प्रयास किये गये, किन्तु अंग्रेजों का समाज सुधार में सहयोग नहीं मिला। महिलाओं को शोषित तथा पीडित रखना ही उनके हित में था। अतः इस समग्र (सम्पूर्ण) पृष्ठभूमि में भारत की महिलाओ के सशक्तिकरण की आवश्यकता समझी गई।6

किसी भी स्वस्थ एवं विकसित समाज के निर्माण एवं विकास में महिला एवं पुरूष दोनों की परस्पर सहभागिता एवं साझेदारी अत्यन्त आवश्यक है। यह बात नैसर्गिक सिद्धान्त और पर्यावरणीय सन्तुलन की दृष्टि से भी नितान्त आवश्यक ही नही, अपितु अनिवार्य भी है। वैसे भी मानव समाज के सन्तुलित एवं सर्वागीण विकास में महिलाओं की भागीदारी और योगदान कभी भी कम नही रहा है, परन्तु यह एक विडम्बना ही रही है कि समाज में उन्हें बराबरी का दर्जा शायद ही कभी मिला हो।1 हमारे देश की कुल आबादी का 50 प्रतिशत भाग महिलाओं का है फिर भी उन्हें समाज में वह दर्जा प्राप्त नही है जो पुरूषों को है। यह विडम्बना केवल भारत की ही नही बल्कि विश्व के सभी राष्ट्रों की है।2

राजनीतिक चेतना के विकास की यात्रा महिलाओं की राजनीतिक सहभागिता और सक्रियता की गति के साथ समान्तर रूप से जुडी हुई है। महिलाओं का राजनीतिक मुद्दों और गतिविधियों के प्रति जागरूकता का बढाना उनके प्रति अपनी संवेदनशीलता को विभिन्न संगठनों निकायों और इकाइयों के माध्यम से सामाजिक पटल पर उजागर करना एवं समस्याओं के निराकरण के लिए राजनीतिक गतिविधियों के माध्यम से आगे

आना है। भारत में राजनीतिक चेतना और सामाजिक पुनर्जागरण का विकास साथ–साथ हुआ है।

भारतीय नारी जो सदियों से पुरूष प्रधान समाज की ही हुई व्यवस्थाओं और पैतनोन्मुख समाज की स्थितियों में रहने के कारण पिछलें वर्गो में गिनी जाती थी, प्रायः प्रत्येक सुधार आन्दोलन का आधार बनी, उसे विदेशी दासता, पुरूष समाज की दास्ता एवं सामाजिक रूढियों के विरूद्ध एक साथ तीन–तीन मोर्चो पर लडना पडा। इसलिए उसके मुक्ति संघर्ष कों सामाजिक व राजनीतिक स्तरों पर अलग–अलग करके नही एक साथ ही देखना होगा।3

राजनीतिक सहभागिता में मतदान राजनीतिक दलों का समर्थन, विधायकों से सम्पर्क मतदाताओं में राजनीतिक विचारों का प्रचार और अन्य सम्बंघित गतिविधियों सहित ऐसी स्वैच्छिक गतिविधियॉ भी शामिल है जो राजनीतिक गतिविधियों को प्रभावित करती है। ऐसी किसी भी प्रकार की संगठित गतिविधि में शामिल होने को राजनीतिक सहभागिता माना जा सकता है। जो इन सत्ता सम्बन्धों को प्रभावित करती है या प्रभावित करने का प्रयास करती है मोटे तौर पर इससे उन लोगों की गतिविधियों का भी बोध होता है। जिन्हे निर्णय लेने की औपचारिक शक्ति प्राप्त नही है। महिलाओं की सहभागिता में विभिन्न मुद्दों पर आन्दोलन विरोध प्रदर्शन और समर्थन के लिए बैठके और शांति को बढावा देने के आन्दोलन भी शामिल है राजनीतिक सहभागिता मानव समाज के सदस्यों के जीवन को भी पुनः संगठित करना चाहती है और यह सुनिश्चित करना चाहती है कि महिलाओं की सहभागिता को गैर राजनीतिक कह कर उसका महत्व कम ना किया जाएें।4

आज के इस चैतन्य युग में जहॉ मानवता शांति का प्रश्रय चाहती है महिलाओं की राजनीतिक सहभागिता एक आवश्यकता बन गई है।5राजनीतिक परिदृश्य एवंनिर्णय प्रक्रिया में महिलाओं की भागीदारी उनके सबलीकरण का एक महत्वपूर्ण साधन तो है लेकिन इसके लिए आवश्यक आर्थिक एवं सामाजिक परिस्थितियों का भी निर्माण करना होगा।6

लोकतंत्र सही अर्थो में तभी सफल है जब राजनीतिक दलों, सांसदो और सरकारों के स्तर पर राष्ट्रीय निर्णय पुरूष व स्त्रियों द्धारा समान रूप से लिए जाये।7 आजादी के बाद सत्ता परिवर्तन के साथ ही महिलाओं की राजनीतिक स्थिति में भी प्रतिनिधित्व संख्या के लिहाज से थोडा–बहुत बढ भी गया हो लेकिन राजनीति में उनकी कुल और प्रभावी मौजूदगी भी गया हो लेकिन राजनीति में उनकी कुल और प्रभावी मौजूदगी कम हो गयी। अगर हम गॉधी युगीन सरोजनी नायडू, सुचेता कृपलानी, अरूणा आसफ अली, डॉ सुशीला नायर आदि की तुलना आज की मायावती, शीला दीक्षित, रावडी देवी, जयललिता आदि से आज की मायावती, शीला दीक्षित, रावडी देवी, जयललिता आादि से करे तो महिला राजनीतिज्ञों के प्रभाव तथा उनके महत्व में लगातार गिरावट को साफ समझा ला सकता है।8

**निष्कर्षः–**

अतः स्पष्ट है कि महिलाओं को राजनीतिक जीवन का पूर्णत ज्ञान और अनुभव तब ही होगा जब उन्हें आगे बढने का अवसर दिया जायेगा। क्योंकि जब भी उन्हे अवसर दिया गया है तब उन्होने अवसर मिलने पर अपनी दक्षता का परिचय दिया है और समाज में अपनी भूमिका का पूर्ण दृढता के साथ निर्वाह किया है। लेकिन भारतीय समाज ने ही महिलाओं के हितों को अनदेखा किया है। जिसके कारण से आज भी कई समस्याओं का सामना कर रही है तथा महिलाओं को उनके महिलाओं को यथोचित स्थान दिया जाए। शासन (सरकार) के सभी अंगों में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढाया जाएँ क्योकि लोकतांत्रिक शासन प्रणाली में संसद के द्धारा ही नियम कानून बनाने का अधिकार होता है और वही से न्यायपूर्ण समाज बनाने के लिए नीतियों का निर्धारण किया जाता है। इसलिए यह आवश्यक है कि संसद में महिलाओं का न्यायपूर्ण प्रतिनिधित्व होना चाहिए। आधुनिक सामाजिक व्यवस्था और उसमें महिलाओं की समस्याओं को देखते हुए जरूरी है कि संसद में महिलाओं प्रतिनिधित्व बढाना

बहुत मुश्किल है क्योकि पिछले 70 सालों से अधिक समय तक उनके प्रतिनिधित्व बहुत कम है इसलिए राजनीति में महिलाओं की सक्रियता ही महिला उत्थान की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकता है। ये प्रयास महिला उत्थान के लिए ये प्रयास मात्र कानून बना देने से ही सफल नही हो सकते इन्हे सफल बनाने के लिए गम्भीर प्रयास करने की आवश्यकता है अतः महिलाओं को भी स्वयं जागरूक एवं एकजुट होने से अपने अधिकारों की प्राप्ति होगी। अतः महिलाओं को दृढ संकल्प के साथ समस्याओं का हल निकालना होगा।


1. गुप्ता नीलम, "भारत में महिलाओं के राजनीतिक अधिकार एवंनेतृत्व के आयाम" पृष्ठ–157।
2. राजस्थान पत्रिका, 8 मार्च–2016।
3. चतुर्वेदी, इनाक्षी एवं अग्रवाल, सीमा "महिला नेतृत्व एवं राजनीतिक सहभागिता", अविष्कार पब्लिशर्स, डिस्ट्रीब्यूटर्स जयपुर 2013, पृ0–15।
4. अग्रवाल, चन्द्रमोहन (2003) "भारतीय नारीः विविध आयाम" इंडियन पब्लिशर्स डिस्ट्री ब्यूटर्स, दिल्ली पृष्ठ संख्या–208।
5. लवानिया, एम0एम0 (2012), "भारतीय महिलाओं का समाज शास्त्र", रिसर्च पब्लिकेंसन, जयपुर, पृष्ठ सं0–3।
6. लवानिया पूर्वोक्त, पृ0 सं0–04।
7. अग्रवाल, चन्द्र मोहन, पूर्वोक्त।
8. सिंह राजवाला, सिहं मधुबाला, "भारत में महिलाए", अविष्कार पब्लिशर्स, डिस्ट्रीब्यूटर्स, जयपुर, 2006 पृ0सं0–1–04
9. लबानिया एम0एम0 "भारतीयमहिलाओं का समाज शास्त्र", रिसर्च पब्लिकेंसन, जयपुर, 2005 पृष्ठ सं0–143।
10. आर0 पी0 तिवारी व डी0 पी0 शुक्ला 1999 पृ0 सं0–1–12
11. सिंह आनन्द प्रकाश, "भारत में महिला सशक्तीकरणः नीति एवं नियोजन" पृ0 सं0–09।
12. राजजादा डॉ0 अजीत, "महिला उत्पीडन, समस्या और समाधान", मध्य प्रदेश हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, रविन्द्रनाथ ठाकुर मार्ग, बानगंगा।
13. लता डॉ0 मंजू, पूर्व उध्र्दत, पृ0 सं0 –144।
14. ब्होरा आशारानी, "भारतीय नारीःदशा और दिशा", नेशनल पब्लिशिंग हाऊस, नई दिल्ली, 1983, पृ0 सं0 11।
15. रस्तोंगी दया प्रकाश, जैन रीनू, "भारतीय इतिहास में नारी साधना" प्रकाशन रस्तोगी स्ट्रीट, सुभाष बाजार मेरठ, 2005 पृ0 सं0 55।
16. बारबरा नैलसन एण्ड नजमा चौधरी, "वूमैन एण्ड पॉलिटिक्स", पृ0 सं0–14।
17. अंसारी, एम0 ए0 "राष्ट्रीय महिला आयोग और भारतीय नारी", ज्योति प्रकाशन, जयपुर 2002, पृ0 सं0–157।

SHODH CHETNA – YEAR-8, VOL. 2 (APR. TO JUNE, 2022) ISSN : 2350-0441
A Peer-Reviewed & Refereed
International Multifocal
Research Journal
IMPACT-FACTOR
SJIF - 5.999
Paper Recieved : 1st May 22 Paper Accepted : 10th May 22

# भवभूति एवं हर्ष की वस्तु-भाव-शैली का जयदेव पर प्रभाव

❒ डॉ. रमेश कुमार साकेत*

**शोध सारांश**

भवभूति, संस्कृत के महान कवि एवं सर्वश्रेष्ठ नाटककार थे। इनका समय 8वीं शताब्दी का पूर्वार्ध्द सिध्द् होता है उनके नाटक, कालिदास के नाटकों के समतुल्य माने जाते हैं। ये विदर्भ देश के पद्मपुर नामक स्थान के निवासी श्री भट्ट गोपाल के पोते थे। शंकरदिग्विजय से ज्ञात होता है कि उम्बेक, मण्डन सुरेश्वर, एक ही व्यक्ति के नाम थे। अतः नाटककार भवभूति, मीमांसक उम्बेक और अद्वैतमत में दीक्षित सुरेश्वराचार्य एक ही हैं, ऐसा कुछ विद्वानों का मत है।

जयदेव (12वीं ईस्वी के आसपास संस्कृत के महाकवि हैं, जिन्होंने गीतगोविन्द और रतिमंजरी की रचना की। जयदेव को श्रीमद्भागवत्कार व्यास का अवतार माना है।

भवभूति उत्कृष्ट कोटि के विद्वान थे। इन्हें विद्वता पैतृक सम्पत्ति के रूप में प्राप्त हुई थी। अपनी विद्वता पर इन्हें गर्व भी था, जो भाषा पर इनके पूर्ण अधिकार को देखते हुए स्वाभाविक एवं सात्विक प्रतीत होता है। 'मालतीमाधव' के ये नाम केचिदिह – इत्यादि श्लोक से प्रतीत होता है कि इन्हें प्रारम्भिक जीवन में उचित सम्मान नहीं प्राप्त हुआ था। किन्तु 'सर्वथा व्यवहर्तव्यंकुतो हावचनीयता। यथा स्त्रीणां तथा वाचां साधुत्वे दुर्जनो जनः।' (उत्तररामचरितम् 1/5) के अनुसार कर्तव्य पालन में आस्था रखने वाले महाकवि को 'उत्तररामचरित' की रचना के बाद यशः प्राप्ति के साथ–साथ प्रौढावस्था में कन्नौज के राजा यशोवर्मा का आश्रय भी प्राप्त हो गया था।[1]

कर्मकाण्ड प्रवीण तथा विश्रुत मीमांसक होते हुए भी भवभूति स्त्री–शिक्षा के पक्षपाती थे। इनके नाटकों में विदूषक की योजना न होने से इनके गम्भीर स्वभाव का पता लगता है। बहुत सम्भव है कि साहित्य क्षेत्र में बहुत दिनों तक होने वाली इनकी उपेक्षा ने अथवा बारम्बार विधुरावस्था के इनके वर्णन से प्रतीयमान असामयिक वैधुर्य भाव ने ही इन्हें गम्भीर बना दिया हो। इनकी यह गम्भीरता हास परिहास को भी गम्भीर बनाकर ही प्रस्तुत करती है। चित्रवीथी में लक्ष्मण द्वारा चित्रों को दिखलाते समय उर्मिला को छोड़कर आगे बढ़ने पर सीता की – 'वत्स! इयमप्यपरा का' इस उक्ति से लक्ष्मण लजा जाते हैं। यह परिहास अत्यन्त शिष्ट और मनोरम होते हुए भी कवि की गम्भीरता के कारण स्मिति तक ही सीमित रह जाता है। प्रस्तुत नाटक के अन्त में सीता को मिलते समय लक्ष्मण प्रणाम करते हुए कहते हैं – 'अयं निर्लज्जो लक्ष्मणः प्रणमति'। सीता आशीर्वाद देती है – 'वत्स

* र

ईदृशस्त्वं चिरज्जीव।' सीता की यह उक्ति मधुर उपालम्भ के साथ ही विनोद से भी पूर्ण है, किन्तु कवि की गम्भीरता के कारण ही इसमें उच्छृंखलता की गंध ा नहीं है। वस्तुतः निर्मल हास का प्रस्तुतीकरण भी गम्भीरता की अपेक्षा रखता है। यही कारण है कि भवभूति हास्य के क्षेत्र में भी अन्य कवियों से अनूठे ही दिखलायी पड़ते हैं। अन्य कवि तो हास्य को उच्छृंखलता बनाने के ही उद्देश्य से विदूषक की योजना करते हैं। अतः उसमें निर्मलता का दर्शन असम्भव ही है।[2]

परवर्ती नाटककारों में महाकवि जयदेव ऐसे नाटककार हैं, जिन पर 'उत्तररामचरित' का विशेष प्रभाव परिलक्षित होता है। उनके 'प्रसन्नराघवं'के वस्तुविन्यास पर दृष्टिपात करते ही आपाततः ऐसा प्रतीत होता है कि जयदेव 'उत्तररामचरित' को मन में रखते हुए इस नाटक की रचना में प्रवृत्त हुए है। जैसे चित्रदर्शन द्वारा उत्तररामचरित मे राम का पूर्वचरित प्रदर्शित किया गया है, ठीक वैसे ही चित्र का आलम्बन लेकर समुद्र तट पर स्थित कपिसैन्य, राम के द्वारा समुद्र का अनुनय विभीषण को राम के द्वारा लंकाधीश बनाया जाना तथा सेतुबन्ध आदि का प्रदर्शन कराया गया है। इसके अतिरिक्त उसी की अनुकृति पर गंगा–यमुना–सरयू के संवाद के रूप में रामवनगमन, दशरथमरण तथा वालिसुग्रीव की कथा का निबन्धन हुआ है, रामचन्द्र द्वारा कनक मृग का अनुसरण हंस द्वारा वर्णित हुआ है तथा गोदावरी और सागर के संलाप के रूप में जानकी हरण, जटायु का मारा जाना और ऋष्यमूक पर्वत पर सीता के द्वारा नूपुर का गिराया जाना आदि कथा की सूचना दी गई है। अधि ाकांश पद्यों में भी 'उत्तररामचरित' के पद्यों के ही समान चमत्कार दिखलायी देता है। उत्तररामचरित के समान ही इस नाटक में भी विदूषक की अवतारणा नहीं है। 'उत्तररामचरित; में यज्ञाश्व वर्णन के प्रसंग में हास्य रस की झलक है तो 'प्रसन्नराघव' के तृतीय अंक में वामनक और कुब्जक ने अपने संलाप से हास्य की सृष्टि की है। 'प्रसन्नराघव' के षष्ठ अंक में इन्द्रजाल के आश्रयण से लंका स्थित सीता की दशा, रावण द्वारा सीता का अनुनय विनय किया जाना, अन्त में मार डालने की धमकी, सीता–त्रिजटा का संवाद, हनुमान का सीता से मिलना, मुद्रिका देकर राम का संदेश सुनाना, अशोकवाटिका का विध्वंस, लंकादहन आदि समस्त वृत्तान्त नाटकीय ढंग से राम और लक्ष्मण के सामने प्रस्तुत किया गया है। कवि को ऐसा करने की प्रेरणा निश्चय ही 'उत्तररामचरित' से प्रभावित हैं।[3]

नाटक में कवि ने अपनी काव्यपटुता का बड़ा ही सुन्दर निदर्शन दिया है। वे रस के अनुकूल ही वर्णो का विन्यास करते हैं। वे श्रृंगार रस के वर्णन के साथ मधुरवर्णों एवं उद्धत वस्तु के साथ वर्णों का प्रयोग कर अपनी कलाचातुरी दर्शाकर रसिक जनों का चित्त लुभाते हैं। इनके करुण का एक उदाहरण द्रष्टव्य है जिसे पढकर पाषाण हृदय व्यक्ति भी नवनीत के समान पिघलने लगेगा –

**निराधारं धैर्यं कमिव शरणं यातु विनयः**
**क्षमः क्षान्तिं वोढुं क इह? विरता दानपरता?**
**हतं सत्यं सत्यं व्रजतु कृपणा क्वाद्य करुणा**
**जगज्जातं शून्यं त्वयि तनय। लोकान्तरगते।।[4]**

इस पद्य को देखकर महाकवि भवभूति के मालती माधव का यह पद्य बरबस हो स्मरण हो जाता है–

**असारं संसारं परिमुषितरत्नं त्रिभुवनं**
**निरालोकं, लोकं, मरणशरणं बान्धवजनम्।**
**अदर्प कन्दर्षं जननयननिर्माणफलं**
**जगज्जीर्णारण्यं कथमसि विधातुं व्यवसितः।।[5]**

श्री हर्ष नाटक के प्रणयन में अत्यन्त कुशल है – काव्य प्रणयन में हर जगह सरस रीति का प्रयोग किया है। पात्रों के चरित्रांकन में भी श्री हर्ष सिद्धहस्त हैं इनके नाटकीय पात्र नाटक में भार स्वरूप न होकर नाटकीय कथावस्तु को जीवंतता प्रदान करते हैं। नाटक के नायक जीमूतवाहन के त्याग एवं परोपकार तथा अहिंसा व्रत को कवि ने इस ढंग से दर्शाया है कि पाठक एवं दर्शक के चित्त पर वह बरबस ही अपना स्थान बना लेता है।

नागानन्द नाटक का मुख्य रस वीर है परन्तु युद्ध वीर नहीं अपितु दानवीर एवं दयावीर। नाटक की शैली अनुप्रणात्मक होने के कारण संगीतमय है। इसमें विभिन्न छन्दों का यथास्थान प्रयोग हुआ है।

इस प्रकार कहा जा सकता है कि नागानन्द एक सफल नाट्य कृति है जो संस्कृत नाट्यसाहित्य में अपना अन्यतम स्थान बनाये हुए हैं। उसको परवर्ती आचार्यों ने ग्रहण करते हुए उसकी प्रशंसा की है।

श्री हर्ष की काव्य प्रतिभा उच्च कोटि की है। संस्कृत नाट्य साहित्यकारों के बीच 'प्रणय नाटिका' के निर्माता के रूप में वे हमेशा सम्मान की दृष्टि से देखे जायेंगे। उन्होंने अपनी रचनाओं के निर्माण के लिए अपने पूर्ववर्ती नाटककारों भास एवं कालिदास से काफी ग्रहण किया। भास ने भी उदयन से सम्बद्ध 'स्वप्नवासदत्त' तथा प्रतिज्ञायौगन्धरायण नाटक लिखा था। महाकवि कालिदास के नाटकों में वर्णित घटनाओं दृश्यों सम्वाद तथा विशेष रूप से मालविकाग्निमित्र का हर्ष के ऊपर काफी प्रभाव दृष्टिगोचर होता है।

नाटिका में गर्भांक का निर्माण कवि की संस्कृत नाट्य साहित्य के लिए नयी देन है। इसका प्रयोग इनके परवर्ती कवि भवभूति ने उत्तररामचरित में तथा राजशेखर ने बालरामायण में नैपुण्य के साथ किया है।

हर्ष कालिदास के सम्मान मानव के साथ प्रकृति का तादात्म्य स्थापित करते हैं। मानवीय भावों को जागृत करने के लिए उन्होंने प्रकृति के रमणीय वातावरण का निर्माण किया हैं। हर्ष की रचनाएं आकार में लघु होने पर अभिनय की दृष्टि से सफल है और उनके नाटकीय संवाद लघु, मार्मिक एवं प्रभावोत्पादक हैं।

प्रणय नाटिका (रोमांटिक ड्रामा) के जितने भी साधन है उनका प्रयोग हर्ष ने कौशलपूर्वक अपने रूपकों में किया है। इनकी शैली स्फीत, सरल एवं कोमल है। ये प्रणय के सफल चित्रकार है तथा प्रणय एवं प्रकृति के कोमल चित्रों को दर्शाने में ये दक्ष है। इनका वर्णन इतना विशद है कि सम्पूर्ण दृश्य आंखों के सामने से गुजरता हुआ सा प्रतीत होता है। इनकी रचनाओं – प्रियदर्शिका, रत्नावली एवं नागानन्द में अनेकों ऐसे सुन्दर स्थल है जो कवि की भावुकता तथा श्रृंगारिकता की ओर संकेत करते हैं। कुछ उदाहरण यहां दृष्टव्य है –

**किं पद्यस्य रुचिं न हन्ति नयनानन्दं विधन्ते न किं वृद्धिं वा झष केतनस्य कुरुते नालोकमात्रेण किम्। वक्त्रेन्दौ तव सत्ययं यदपरः शीतांशुरुज्जृम्भते दर्पः स्यादमृतेन चेहिद तवाव्यस्त्येव विम्वाधरे।।**[6]

राजा उद्यन सागरिका से कह रहा है कि क्या तुम्हारा मुख चन्द्र कमल की कान्ति को नष्ट नहीं करता ? अवश्य करता है। क्या नेत्रों को आनन्दित नहीं करता? अवश्य करता है। दर्शन मात्र से काम की वृद्धि नहीं करता है ? अर्थात करता है। तुम्हारे इस मुखचन्द्र के रहते दूसरा चन्द्रमा क्यों उदय ले रहा है? यदि चन्द्रमा को अपने में अमृत होने का अभिमान है तो वह भी तुम्हारे इस बिम्बफल सदृश अधर में ही है।

नायिका के साथ प्रकृति का साम्य देखें –

**शीतांशुर्मुखमुत्पले तव दृशौ पद्मानुकारौ करौ रम्भागर्भनिभं तथोरुयुगलं बाहू मृणालोपमौ। इत्याहृादकराखिलांगि रभसान्निःशंकमालिंगय मा–मंगानि त्वमनंगतापविधुराण्येहोहि निर्वापय।।**[7]

अर्थात् – राजा उद्यन सागरिका से कह रहा है कि तुम्हारा मुख चन्द्रमा है, आंखे नीलकमल के सामन हैं, दोनों हाथ कमल है, दोनों जंघाएं कदली के मध्य भाग के समान है, तुम्हारी बाहें मृणाल के समान है आनन्द प्रदान करने वाली तुम निःसंकोच मेरा आलिंगन कर कामदेव से पीड़ित मेरे अंगों की शीतलता प्रदान कर दो।

एक अनोखा के अनुभाव एवं संचारी भावों को देखें –

**दृष्टा दृष्टिमधो ददाति कुरुते नालापमाभाषिता शय्यायां परिवृत्य तिष्ठति वलादालिंगिता वेपते। निर्यान्तीषु सखीषु वासभवनान्निर्गन्तुमेवेहते जाता वामतयैव मेऽद्य सुतरां प्रीत्यै नवोढा प्रिया।।**[8]

अर्थात् – नायक मलयवती को देखकर प्रसन्नतापूर्वक कहता है कि जब मै उसकी ओर देखता हूँ तो वह लज्जा से अपनी दृष्टि झुका लेती है।

बोलने पर कुछ बातचीत नहीं करती। शैय्या पर अपना मुख दूसरी तरफ करके बैठती है तथा हठ पूर्वक आलिंगन करने पर कांपने लगती है। शयन गृह से सखियों के चले जाने पर घर से बाहर जाना चाहती है। इस प्रकार मेरो नवोढा पत्नी मलयवती मेरे प्रतिकूल आचरण कर मुझे और अधिक प्रिय लगती है।

इसे हम कह सकते है काव्यकला और नाट्य कला एवं दोनों दृष्टियों से हर्ष एक सफल कवि एवं निरूपक निर्माता है, जिनके वस्तु भाव एवं शैली का जयदेव जैसे कवियों पर प्रभूत प्रभाव पड़ा है।

**संदर्भ सूची :–**

1. भवभूति 3.1 पृष्ठ संख्या 16–17
2. उत्तररामचरितम् 1.6 पृष्ठ संख्या – 348
3. भास 1.1 पृष्ठ संख्या – 15
4. रत्नावली नागानंद 3.12 पृष्ठ संख्या – 353
5. रत्नावली नागानंद पृष्ठ संख्या – 354
6. रत्नावली 3.13 पृष्ठ संख्या – 356
7. नागानंद 3.4 पृष्ठ संख्या – 356
8. उत्तररामचरितम् 1.5 पृष्ठ संख्या – 347

SHODH CHETNA – YEAR-8, VOL. 2 (APR. TO JUNE, 2022) ISSN : 2350-0441
A Peer-Reviewed & Refereed International Multifocal Research Journal
IMPACT-FACTOR SJIF - 5.999
Paper Recieved : 1st May 22 Paper Accepted : 10th May 22

# ''राम का आध्यात्मिक एवं दार्शनिक सौष्ठव''

❑ डॉ. हनुमान प्रसाद त्रिपाठी*


## शोध सारांश

श्रीराम साक्षात् ब्रह्म हैं और अवसरानुकूल अपनी ऐश्वर्य शक्ति का यथास्थल उद्घाटन भी करते हैं, किन्तु उनके आध्यात्मिक चरित्र में किसी भी प्रकार के अहंकार का दर्शन नहीं होता। अहिल्या का उद्धार करते हुए भी वे अप्रकट भाव से उसे शाप मुक्त करते हैं। जिस विषय की जानकारी गुरु विश्वामित्र देते हैं और अहिल्या के साथ की कथा बताते हैं, वह अहिल्या श्रीराम की प्रभुता के चरण स्पर्श से प्रकट हो गयी। उसका शोक नष्ट हो गया।


तुलसीदास जी ने श्रीराम को पूरी तरह से ईश्वर का अवतार मानते हुए मर्यादा पुरुषोत्तम का स्वरूप दिया है। इसलिए युगानुकूल आध्यात्मिक साधनाएँ, उपासनाएँ हैं। विभिन्न दार्शनिक मत और सिद्धांत का श्रीराम अपने धर्म और कर्म को निष्ठापूर्वक निर्वाह करते हैं। उनका आचरण ही धर्म है और धर्म का आचरण उनकी उपासना है। यह कहना बहुत कठिन लगता है कि श्रीराम का दर्शन अर्थात्–सर्वव्यापी दृष्टि पथ क्या है? और अध्यात्म क्या है? माना कि वे पूर्ण ब्रह्म है, किन्तु मनुष्य का जन्म लेने के उपरांत हमारे भारतीय दर्शन के अनुसार ब्रह्म में भी जीव तत्व का समावेश तो है ही, इसलिए ईश्वर से हटकर यदि श्रीराम के अध्यात्म और दर्शन पर विचार करें तो रामकाव्य के महाकवि एवं भक्त शिरोमणि तुलसी दास जी स्थल–स्थल पर राम द्वारा यह घोषणा कराते हुए देखे जा सकते हैं कि शंकर का द्रोही मेरा भक्त नहीं हो सकता। न स्वप्न में भी मुझे पा सकता।

**शिव द्रोही मम भगत कहावा। सो नर सपनेहुँ मोहिं न पावा।**[1]

और –

**शंकर बिमुख भगति चह मोरी। सो नारकी मूढ़ मति थोरी।।**[2]

**शंकर प्रिय मम द्रोही सिव द्रोही मम दास।**[3]

श्रीराम पूरी तरह से शंकर की आराधना में डूबे दिखाई पड़ते हैं। यहाँ यह उल्लेखनीय है कि सर्वोच्च ईश्वरीय शक्तियाँ ब्रह्मत्व और प्राकृतिक नियम की मर्यादा से बंधी हुई हैं। यह ईश्वरता का मर्यादा की सर्वश्रेष्ठ कल्पना है कि स्वयं ब्रह्म का अवतार शिव आराधना और शिव–शक्ति की स्थापना का महान् उद्योग करता हुआ दिखाई पड़ रहा है। एक दृष्टि से इसे हम तुलसी दास की आध्यात्मिक समन्वय–साधना की सफलता कह सकते हैं, तो दूसरी तरफ यह भी कह सकते हैं कि ईश्वर अपने ही उपजाए, संसार के प्राणि मात्र को भेद की दृष्टि से नहीं देखता है। यह

* छत्रपति नगर, रीवा (म.प्र.)

भारतीय दर्शन ही नहीं संसार के सभी दार्शनिक सिद्धांतों में स्थापित और मान्य है।

इस दृष्टि से भी देखें तो श्रीराम का यह कथन अन्यथा नहीं प्रतीत होता कि मुझसे बढ़कर मेरा दास प्रिय है। जो राम ऐसा कह सकते हैं, वह अगर शंकर की भक्ति और शंकर की शक्ति का आवाहन करते हुए दिखाई पड़े तो कोई आश्चर्य की बात नहीं है। श्रीराम अच्छी तरह से जानते हैं कि शंकर उनकी पूजा और उपासना में दिन भर ध्यान मग्न रहते हैं, फिर स्वामी अपने भक्त की भक्ति पर अनुरक्त होकर उसकी आराधना क्यों नहीं करेगा?

यह राम तो इतना उदार है और इतना प्रेममय है कि अनायास अपने प्रेमी के दरवाजे पर पहुँच जाता है, इसीलिए समाज की सबसे वंचित दीन–हीन शबरी की कुटिया पर अपनी अनुरक्ति का प्रकटी करण करता है।

महाराज रघुराज सिंह के राम स्वयंवर एवं तुलसीदास के मानस से यह पुष्टि होती हैः–

**''ऐहहिं प्रभु यह हित शबरी फल चीख–चीख कर राख्यो।**

**शबरी कुटी जाइ रघुनंदन, प्रेम विवश फल चाख्यो।।''[4]**

श्रीराम का दर्शन यह है कि संसार के काल चक्र का संचालन ईश्वर के निर्धारण के आधार पर होता है।

**अखिल विश्व यह मोर उपाया। सब पर मोहि बराबर दाया।।[5]**

ईश्वर की इच्छा के प्रतिकूल कुछ भी नहीं होता। जीव ईश्वर का अंश है, वह प्राकृतिक रूप से 'अविनाशी' 'निर्मल' 'चैतन्य' और सुख का समुद्र है–

**''ईश्वर अंस जीव अविनासी। चेतन अमल सहज सुख रासी।।''**

किन्तु संसार में जन्म के साथ ईश्वर की दासी माया के वशीभूत होकर अपने स्वरूप को भूल बैठता है। अविद्या उसे ग्रसित कर लेती है। क्योंकि यह माया ही है जो ईश्वर कृत कर्म विधान की संचालिका होती है। वह जीवन को जगत् के अनेक लोभी प्रपंचों में आकर्षित कर भटकने के लिए मजबूर करती है–

**''माया संभव भ्रम सब, अब न व्यापिहहिं तोहिं। जानेसु ब्रह्म अनादि अज, अगुन गुनाकर मोहिं।।''[6]**

और यह माया बड़ी प्रभाव शालिनी और अनेक रूपों में संसार में व्याप्त है। यह अविद्या रूपी माया सहज ढंग से मनुष्य से नहीं छूटती। यह ईश्वर साधन से और साधन का वह मार्ग सुगमतम् है। अहंकार और माया का परित्याग, वासनाओं से मुक्तिः–

**तिन्ह महँ जो परिहरि मद माया। भजय मोंहि मन वच अरु काया।।[7]**

भक्ति पूर्वक भगवान का आश्रय ग्रहण करने एक मात्र ईश्वर में अनुरक्ति हो जाने वाले भक्त को संसार बंधन से मुक्ति मिल जाती है। माया का प्रभाव होते ही उसे आनंद की प्राप्ति होती है और यही आनंद ही मोक्ष का द्वार होता है। मोक्ष अर्थात् सांसारिक वासनाओं से मुक्ति। यह मुक्ति श्रीराम के चरित्र के कर्म के विधान में रामकाव्य में स्थल–स्थल पर दिखाई पड़ती है। श्रीराम मायामृग के पीछे दौड़कर माया के प्रति आकर्षण जनित विनाशक परिणामों से सीता का हरण होना दिखाकर यही बताना चाहते हैं कि माया की शक्ति बहुत प्रबल है। इससे मनुष्य को सावधान रहनें की महती आवश्यकता होती है।

इस प्रकार हम संक्षेप में यह कह सकते हैं कि राम की नरता, ईश्वरता को स्वीकार करती है और ईश्वरता जीव की नरता को प्रेम से गले लगाती है, क्योंकि वह भक्त और भक्ति के आधीन है। भक्ति पूर्णतः स्वतंत्र और सुख की खान है, जिसे सत्संग के बिना प्राप्त नहीं किया जा सकताः–

**''भक्ति सुतंत्र सकल सुख खानी। बिनु सत्संग न पावहिं प्रानी।।''[8]**

राम भक्तों पर संकट उत्पन्न होने पर अवतार ग्रहण करते हैं। श्रीराम संतों के कल्याण और उनकी रक्षा तथा धर्म की क्षति को देखकर यथा समय

विभिन्न रूपों में अवतार धारण करते हैं, वे निर्गुण और सगुण दोनों के स्वरूप हैं।

**"अगुन अरूप अलख अज जोई। भगत प्रेम बस सगुन सो होई।।"[9]**

वे प्रेम के अधीन है। प्रेम के वशीभूत होकर निर्गुण ब्रह्म ही भक्तों के लिए सगुण रूप धारण करते हैं। वे शिव जी के स्वामी है।

## ग्रन्थ सूची

1. रामचरित मानस (गीता प्रेस, गोरखपुर)
2. राम स्वयंवर – महाराज रघुराज सिंह

## संदर्भ ग्रंथ

1. रामचरित मानस, लंका काण्ड–7/2
2. रामचरित मानस, लंका काण्ड– 8/2
3. रामचरित मानस, लंका काण्ड–02
4. रामस्वयंवर, : पृ. 776
5. रामचरित मानस, उत्तरकाण्ड : 2/117
6. रामचरित मानस, उत्तरकाण्ड : 87
7. रामचरित मानस, उत्तरकाण्ड : 8/87
8. रामचरित मानस, उत्तरकाण्ड : 5/45
9. उद्घृत मानस रहस्य : पृ. 8

SHODH CHETNA – YEAR-8, VOL. 2 (APR. TO JUNE, 2022) ISSN : 2350-0441
A Peer-Reviewed & Refereed International Multifocal Research Journal
IMPACT-FACTOR SJIF - 5.999
Paper Recieved : 1st Apr. 22 Paper Accepted : 10th Apr. 22

# ''वाल्मीकीय रामायण में बिम्ब दर्शन''

❒ पंखुड़ी शर्मा*
❒ डॉ. बृजेश नाथ ओझा**

**शोध सारांश**

काव्य में बिम्ब और बिम्ब विधान की प्रक्रिया भाषा और भाव के प्रत्यक्षीकरण की प्रक्रिया है। अमूर्त भावों को मूर्त रूप देने की कवियों की कलाकारों की यह प्रवृत्ति ही बिम्ब विधान के नाम से जानी जाती है।

बिम्ब काव्य का मुख्य गुण होता है। कवि का अव्यक्त भाव या कल्पना जब साकार रूप में प्रकट होती है; तभी कवि की कलाकारिता निखरती है। वही काव्य शिल्प बिम्ब का रूपधारण करता है।

वाल्मीकि ने अपने महाकाव्य में बिम्ब के कुछ इस प्रकार संकेत दिये हैं–

**''किं प्रमाणमिदं काव्यं का प्रतिष्ठा महात्मनः।**
**कर्त्ता काव्यस्य महतः को वासौ मुनिपुंगवः।।''[1]**

आदिकवि महनीय गुणों को आदिकाव्य में स्थापित करना चाहते हैं। तभी तो वे श्रीराम के उदात्त गुणों को व्यक्त करते हैं। राम का सम्पूर्ण आचरण मानवीयता को उच्चाशय प्रदान करता है।

अभिधा, व्यंजना और लक्षणा का बिम्बात्मक चित्रण 'रामायण' में मिलता है। यह प्रसंग उस समय का है जब वाली अपने प्राण त्यागते हैं।

**''इत्युक्त्वाथ विवृत्ताक्षः शरसम्पीडितो भृशम्।**
**विवृतैर्दशनैर्भीमैर्बभूवोत्क्रान्तजीवितः।।''[2]**

इस तरह बाण से घायल वाली की आँखें घूमने लगी। उसके दाँत खुल जाने से जीवात्मा शरीर से निकल जाती है। 'विवृताक्ष' और 'विवृतदशन' में बिम्ब योजना का दिग्दर्शन हुआ है। इसके माध्यम से मरने वाले वाली का शोकात्मक एवं भयानक मुखाकृति व्यक्त होती है। वाल्मीकि की बिम्ब योजना अद्भुत है। अप्रस्तुत पात्र भी अचानक प्रस्तुत हो जाते हैं। राम के राज्याभिषेक के समय कैकेयी की प्रिय दासी मंथरा अकस्मात् हमारे सामने उपस्थित होती है। इसके पहले उसका कहीं अता–पता नहीं था।

**''ज्ञातिदासी यतो जाता कैकेय्या तु सहोषिता।**
**प्रासादं चन्द्रसंकाशमारूरोह यदृच्छया।।**
**सिक्तराजपथा कृत्स्नां प्रकीर्णकमलोत्पलाम्।**
**अयोध्यां मन्थरा तस्मात् प्रासादादन्ववैक्षत।।''[3]**

* शोध–छात्रा, शास. टी.आर.एस. महाविद्यालय, रीवा (म.प्र.)
** विभागध्यक्ष (संस्कृत), श्रीयुत महाविद्यालय गंगेव, रीवा (म.प्र.)शोध–छात्रा, शास. टी.आर.एस. महाविद्यालय, रीवा (म.प्र.)

यहाँ मंथरा का आगमन बाधा डालने के लिए होता है। 'यतो जाता' एवं 'यदृच्छया' में ध्वन्यात्मक बिम्ब का दिग्दर्शन होता है।[4] मंथरा कैकेयी के कुल की है। अर्थात् माता के पक्ष की सेविका है, जो रानी कैकेयी के साथ दहेज में आई थी। वह रानी के साथ हमेशा रहती थी। अतः चन्द्रमा के समान चमकते हुए महल पर वह बिना रोक–टोक चढ़ सकती थी। वह प्रासाद की छत पर चढ़कर अयोध्या नगरी की सजावट देखती है।

कवि की कल्पना स्थूल से सूक्ष्म के भावों को उद्घाटित करती है। यह रानी कैकेयी की सेविका मंथरा राम के राज्य अभिषेक को अपनी मलिन बुद्धि से रोक देती है। क्योंकि उसका कैकेयी पर अधिकार है। '' 'यदृच्छा'–कैकेयी की स्वेच्छाचारिता इतनी बढ़ेगी कि राजा असहाय हो जाएँगे। सारे राज्य की, अराजक जैसी स्थिति हो जाएगी।''[5]

इस तरह हम देखते हैं कि एक दासी किस प्रकार पूरे राज्य की बागडोर अपने हाथ में लेकर उथल–पुथल मचा देती है। उसकी कुबुद्धि काम कर जाती है और वह रानी को अपने हाथ की कठपुतली बनाकर नचाती है।

मंथरा की भेदनीति कारगर सिद्ध हुई। यह वही माता कैकेयी हैं, जो राम और भरत में भेद करना नहीं जानती थी। मंथरा के प्रभाव में आकर उनकी बुद्धि मलिन हो गई। वह भरत के राज्याभिषेक के लिए चिंतित हो उठी। उसे लगा वास्तव में कुबरी सही कह रही है। राम मेरे पुत्र भरत के लिए समस्या बन सकते है। अतः उन्हें वनवास देना ही उपयुक्त है।

**''श्रुत्वैवं वचनं तस्या मन्थरायास्तु कैकयी।**
**किंचिदुत्थाय शयनात् स्वास्तीर्णादिदमब्रवीत्।।**
**कथयस्व ममोपायं केनोपायेन मन्थरे।**
**भरतः प्राप्नुयाद् राज्यं न तु रामः कथंचन।।''[6]**

अब कैकेयी को दासी मंथरा वह उपाय बताती है, जिससे राम को वनवास और भरत को राज्य मिले। जब मंथर वह युक्ति बताती है, तो रानी विस्तर से थोड़ा उठकर उपाय को सुनने के लिए व्याकुल हो उठती हैं। यहाँ बिम्ब के रूप में जिस शब्द का चयन हुआ है वह है– 'किंचिदुत्थाय शयनात्' यह चेष्टात्मक बिम्ब है। अर्थात् उस उपाय को सुनने की कोशिश रानी सावधानी पूर्वक करती है। इस बिम्ब के माध्यम से कैकेयी की मानसिक दशा का यथार्थ रूप दिग्दर्शित होता है।

ऊपर लिखी हुई श्लोक की अंतिम पंक्ति भी बिम्ब के रूप में देखने योग्य है। भरत राज्य को प्राप्त कर लेंगे लेकिन राम नहीं प्राप्त कर पाएँगे। अब कैकेयी मंथरा की युक्ति से राजा दशरथ से वरदान मांग लेती हैं और उस वरदान को सुनकर राजा व्याकुल हो उठते हैं। शोकग्रस्त हो जाने के कारण नरेश की दशा अत्यंत दयनीय हो जाती है।

**''अकीर्तिरतुला लोके ध्रुवं परिभविष्यति।**
**तथा विलपतस्तस्य परिभ्रमितचेतसः।।**
**अस्तमभ्यागमत् सूर्यो रजनी चाभ्यवर्तत।**
**सा त्रियामा तदार्तस्य चन्द्रण्डलमण्डिता।।**
**राज्ञो विलपमानस्य न व्यभासत शर्वरी।**
**सदैवोष्णं विनिःश्वस्य वृद्धो दशरथो नृपः।।**
**विललापार्तवाद् दुःखं गगनासक्तलोचनः।**
**न प्रभातं त्वयेच्छामि निशे नक्षत्रभूषिते।।''[7]**

राजा दशरथ अपनी प्रिय रानी कैकेयी को फटकारते हुए कहते हैं–इस तरह के कार्य से तू अपयश की भागीदार हो जाएगी। उस पर राजा की किसी बात का असर नहीं पड़ता। राजा फूट–फूट कर रोते हैं। सूर्यास्त हो जाता है। चन्द्रमा की चाँदनी से पूरा वातावरण आभामण्डित है, लेकिन दशरथ जी के विलाप के कारण चाँद की ज्योत्सना सुखमय होते हुए भी दुःखमय प्रतीत होती है। वहां मुख्य बिम्ब देखने को मिलता है।

'गगनासक्तलोचनः' यद्यपि रात्रि चाँदनीमय है। आदि कवि ने लिखा है 'चन्द्रमण्डलमण्डिता' फिर भी वह अवधनरेश को सुख नहीं प्रदान कर रही क्योंकि उनके लिए समूची सृष्टि बेगानी सी नजर आ रही है। वे विवश, शोक से ग्रसित और चेतना शून्य हो गये।

वृद्ध राजा आसमान की ओर आँखे गड़ाये दुःखी होकर रो रहे हैं।

इस तरह हम देखते हैं कि आदि कवि वाल्मीकि जी यहाँ चेष्टात्मक बिम्ब उतारने में पूरी तरह सफल हैं। रामाण में बिम्ब योजना का सुंदर परिपाक हुआ है।

''आदिकवि कलात्मकता के साथ अपने कथ्य के अनुरूप वस्तु को मोड़ देते हैं। कुरूप वस्तु भी कलाकार के हाथों में पड़कर रूपवान एवं आकर्षक हो जाती है।''[8]

वाल्मीकि के बिम्ब शिल्प में ये गुण हैं कि वे अपने पात्रों को वास्तविक रूप से व्यक्त करते हैं।

**संदर्भ ग्रन्थ सूची :–**


1. वा.रा.
2. वाल्मीकि की बिम्ब योजना डॉ. राम नरेश तिवारी


**संदर्भ ग्रन्थ**


1. वाल्मीकि की बिम्ब योजना–लेखक–डॉ. रामनरेश तिवारी, पृ. 15
2. वा. रा. – 04/22/24
3. वा. रा. – 02/07/01,02
4. वाल्मीकि की बिम्ब योजना–लेखक–डॉ. रामनरेश तिवारी, पृ. 19
5. वाल्मीकि की बिम्ब योजना–लेखक–डॉ. रामनरेश तिवारी, पृ. 20
6. वा. रा. – 02/09/08,09
7. वा. रा. – 02/13/14–17
8. वाल्मीकि की बिम्ब योजना–लेखक–डॉ. रामनरेश तिवारी, पृ. 26

SHODH CHETNA – YEAR-8, VOL. 2 (APR. TO JUNE, 2022) ISSN : 2350-0441

A Peer-Reviewed & Refereed International Multifocal Research Journal

IMPACT-FACTOR SJIF - 5.999

Paper Recieved : 1st May 22 Paper Accepted : 15th May 22

# अपराध की रोकथाम में पुलिस छवि का सामाजिक विवेचन
## ( रीवा जिला के विशेष सन्दर्भ में )

❒ प्रो. प्रीति सिंह*

**शोध सारांश**

पुलिस छवि है क्या? क्या यह वह छवि है, जिसको पुलिसकर्मी अपने दर्पण में देखता है या एक अस्थायी इकट्ठे समाज की जनता के विशेष वर्गों द्वारा मानी हुई छवि है? राजनीतिज्ञ, शिक्षाशास्त्री, व्यापारी, छात्र, उद्योगपति, अल्पसंख्यक, श्रमिक तथा समाज के अन्य अंग अपनी ओर से एक व्यापक छवि बना लेते हैं। असंगत, परस्पर, विरोधी, कर्कश और कभी–कभार श्रोताओं की आकांक्षाओं वाली अनेक छवियों को कैसे लिया जाए? एक तरफ पुलिस के सम्बन्ध में ऐसी छवि प्रस्तुत की जाती है जो मनगढ़न्त, बढ़ी–चढ़ी या कारस्तानियों से युक्त होती है। दूसरी तरफ राष्ट्रीय पुलिस आयोग के अध्यक्ष का यह कथन पुलिस की छवि को प्रस्तुत करता है, जो उन्होंने आयोग की पहली रिपोर्ट गृहमन्त्री को भेजते हुए लिखा था, ''जो कुछ हमने देखा तथा सुन रखा है, पुलिस के जालिम व्यवहार और ज्यादतियों के खिलाफ जनता द्वारा शिकायतों की उत्तरोत्तर वृद्धि के विषय में हम अत्यधिक दुखी तथा गम्भीरतापूर्वक चिन्तित हुए हैं। इससे साफ जाहिर है कि पुलिस द्वारा अधिकारों के अतिदुरूपयोग को रोंकने के वर्तमान प्रबन्धों के प्रति और देश की कानून व्यवस्था तथा आपराधिक स्थिति से कारगर रूप से निपटने में पुलिस की दक्षता के प्रति, जनता का विश्वास शीघ्रतापूर्वक उठता जा रहा है।

**मुख्य शब्द**– पुलिस, छवि, कार्यप्रणाली, अपराध, विवेचन।

**प्रस्तावना**

पुलिस एक सुरक्षा बल होता है जिसका उपयोग किसी भी देश की अन्दरूनी नागरिक सुरक्षा के लिये ठीक उसी तरह से किया जाता है, जिस प्रकार किसी देश की बाहरी अनैतिक गतिविधियों से रक्षा के लिये सेना का उपयोग किया जाता है। गृहरक्षा विभाग के अन्तर्गत आने वाला विभाग होने से देश की कानून व्यवस्था को संभालने का काम पुलिस के हाथ ही होता है। आपराधिक गतिविधियों को रोकने, अपराधियों को पकड़ने, अपराधियों के द्वारा किये जाने वाले अपराधों की खोजबीन करने, देश की आंतरिक सम्पत्ति की रक्षा करने और जो अपराधी हैं और उनका अपराध साबित करने के लिए पर्याप्त साक्ष्य जुटाना ही पुलिस का कार्य है। अपराधी घोषित

* सहायक प्राध्यापक, पं. रामसुन्दर शुक्ला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान पहड़िया जिला रीवा (म.प्र.)

करने के बाद पुलिस संबन्धित व्यक्ति को अदालत को सौंपती है। यह न्याय व्यवस्था की एक महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में काम करती है, लेकिन किसी अपराधी को सजा देना पुलिस का काम नहीं होता है, सजा देने के लिये अदालातों को पुलिस द्वारा अपराधी के खिलाफ जुटाये गये पुख्ता सबूत और जानकारी पर निर्भर रहना होता है साथ ही इसी जानकारी और सबूतों के आधार पर ही किसी व्यक्ति को अपराधी घोषित किया जा सकता है।

अलग–अलग देशों की पुलिस के पास अलग प्रकार की कानूनी धारायें है और प्रत्येक धारा अलग–अलग दंड घोषित करती है। अपराध निरोध के अन्तर्गत न केवल व्यक्ति एवं सम्पत्ति संबंधी अपराधों का निरोध होता है, वरन् मादक द्रव्यों का तथा गाँजा, भाँग, अफीम, कोकीन के तस्कर व्यापार का निरोध और वेश्यावृत्ति संबंधी अधिनियम को लागू कराने की कार्यवाहियाँ भी सन्निहित हैं। यातायात संबंधी व्यवस्था स्थापन में ट्रेफिक पुलिस द्वारा नगरों में यातायात का सुनियंत्रण एवं मोटर संबंधी अधिनियमों का परिपालन कराने की कार्यवाही की जाती है। इस संबंध में अमरीका आदि में राष्ट्रीय मार्गों पर मोटर साइकिल अथवा मोटर गाड़ियों पर यंत्रों से सुसज्जित पुलिस अधिकारियों द्वारा गश्त कराए जाते हैं। राजनीतिक सूचनाओं के एकत्रीकरण का कार्य देश के भीतर एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर गुप्तचरों द्वारा होता है। इसके निमित्त देश के भीतर विभिन्न समुदायों एवं वर्गों की राजनीतिक, प्रवृत्तियों, गतिविधि एवं नीतियों से संबंधित सूचनाएँ एकत्र की जाती हैं। प्रत्येक युग में राजनीतिक षड़यंत्र एवं हत्याकांड होते रहे हैं और पिछले कुछ वर्षों में विश्व में इस संबंध में अनेक घटनाएँ, होने के कारण अपने देश के एवं बाहर के महत्व वाले व्यक्तियों की सुरक्षा का आयोजन प्रत्येक राष्ट्र की पुलिस द्वारा किया जाता है। निरंतर वैज्ञानिक विधियों और साधनों का प्रयोग हो रहा है। हत्या और बलात्कार से संबंधित विवेचनाओं में रक्त, केश और वीर्य के वैज्ञानिक विश्लेषण से सहायता मिलती हैं। जिन अपराधों में आग्नेय आयुधों का व्यवहार होता है उनको विवेचनाओं के निमित्त आग्नेय आयुध से संबंधित विश्लेषण किया जाता है। अंगुलिचिन्ह से अपराधों के विवेचन में एक अत्यंत विश्वसनीय साक्ष्य उपलब्ध होता है। अतरू प्रत्येक देश में अंगुलिचिन्हों, के प्रर्याप्त अभिलेख एकत्र किए जाते हैं ताकि कालांतर में घटनास्थल पर उपलब्ध अंगुलि चिन्हों की उनसे तुलना की जा सके एवं अपराधों की शोध का कार्य हो सके। पदचिन्हों, हस्तलिपियों आदि का विश्लेषण भी अपराध विवेचन में सहायक होता है। वैज्ञानिक रीति से उन्नतिशील देशों में 'लाइ डिटेक्टर' के द्वारा अपराधी की मनोदशा का ज्ञान करते हुए झूठ सच का अनुमान किया जाता है। अनेक देशों में कुत्तों का उपयोग अपराधी का पता लगाने के लिए होता है।

विद्रोह एवं उपद्रवी तत्वों के दमन के निमित्त अनेक अवसरों पर पुलिस को अश्रुवाहक गैस, लाठी अथवा आग्नेय आयुधों का प्रयोग करना पड़ता है। हमारे देश में प्रादेशिक पुलिस का एक अंग, जिसे आर्म पुलिस, प्राविंशिल आर्म कांस्टेबुलरी, स्पेशल आर्म फोर्स आदि नाम विभिन्न प्रदेशों में दिए गए हैं, विशेष आशंकाजनक स्थितियों में मुख्यतः उपद्रवों के दमन के लिए प्रयुक्त होता है। सामान्य प्रशासन अथवा अपरोधों की रोकथाम थानों पर नियुक्त सिविल पुलिस द्वारा की जाती है पुलिस की जितनी बुरी छवि है, वास्तव में पुलिस उतनी बुरी है नहीं, असलियत में तिराहे–चौराहे, मोहल्ले के साथ पुलिस हर जगह नजर आती है, इसलिए उसका छोटा–मोटा भ्रष्टाचार भी सबकी नजर में रहता है। इस अध्ययन का मुख्य केन्द्र बिन्दु पुलिस छवि है, जिसके की मुख्य इकाइयां पुलिस अधिकारी है। पुलिस छवि अध्ययन रीवा जिले के विशेष संदर्भ में किया गया है। पुलिस की छवि का समाजशास्त्री अध्ययन करने हेतु पुलिस अधिकारियों का साक्षात्कार लिया गया है। इस तरह इस अध्ययन की मुख्य इकाईयाँ रीवा जिला में पदस्थ पुलिस अधिकारी तथा जनता के विभिन्न वर्गों के लोग हैं। यह वह पुलिस अधिकाररी है, जो रीवा जिला के

विभिन्न थानों में पदस्थ हैं। पुलिस थाना प्रभारियों एवं पुलिस थाना में कार्यरत निरीक्षक, उपनिरीक्षक, सहायक उपनिरीक्षक, प्रधान आरक्षक एवं आरक्षक ग्रामीणी एवं शहरी अंचलों में जनता के सबसे अधिक नजदीक रहते हैं। देनिक कार्यों में उनका सामना जनता से रोजाना होता है।

**कार्यप्रणाली के संदर्भ में छवि – पूर्व अध्ययनों का संक्षिप्त विश्लेषण :–**

अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर पुलिस छवि विषय पर अध्यन Joseph. A. Schater, Southern Illionis University Carbondable, Illinoius द्वारा 21वीं शताब्दी के प्रारम्भ में किया गया है। इस शोध में उन्होंने पुलिसजनों के संघर्षों का अध्ययन करते हुए पुलिस छवि पर अपना निष्कर्ष प्रस्तुत किये हैं। सन् 2006 में William J. Woska. ने इस विषय पर कार्य किया है, उनके निष्कर्षों का प्रकाशन जीम च्वसपबम बैपमि ;छमू ल्वताद्ध के अक्टूबर 2006 के अंक में हुआ है। डॉ. एस. अखिलेश ने पुलिस एवं समाज, पुलिस संगठन एवं प्रशासन, पुलिस प्रक्रिया आदि विषयों पर भारतीय संदर्भ का अध्ययन किया है। Sanuel Walker के अध्ययन का प्रकाशन Sage Publication द्वारा सन् 2005 में किया है। North Washington में Police Image and Ethics Committee, द्वारा इस दिशा में कुछ शोध कार्य किये जा रहे हैं। भारत में भी पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो, भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा भारतीय पुलिस पर कुछ अध्ययन कराये एवं प्रकाशित किये गये हैं। राष्ट्रीय स्तर पर पुलिस सम्बन्धित विषयों पर अरूण प्रसाद मुर्कजी, ए.पी. मोहम्मद अली, बी.रामन, बी.पी. शाह, बी.आर. लाल, बी.एल. बोहरा, किरण देवी आदि ने महत्वपूर्ण कार्य किये हैं।

**अध्ययन के उद्देश्य :–**

पुलिस की विभिन्न भूमिकाएं और सीमाएं हैं। इस अध्ययन का मुख्य उद्देश्य यह है कि पुलिस सामाजिक नियंत्रण में भूमिका का निर्वाह करते समय लोगों पर क्या प्रभाव डालती है। मानव व्यवहार को कुछ नियमों एवं मान्यताओं के अनुरूप नियंत्रण करने की आवश्यकता प्रत्येक समाज में अनुभव की जाती है।

**शोध प्रविधि –**

अध्ययन प्रविधि का आशय उन सुव्यवस्थित तरीकों और विधियों से है, जिनके द्वारा शोधार्थी अध्ययन विषय से सम्बन्धित विश्वसनीय एवं यथार्थ तथ्यों का संकलन करता है तथा उन्हें व्यवस्थित करता है यह अध्ययन ऐतिहासिक पद्धति, वैयक्तिक पद्धति तथा समाज वैज्ञानिकक पद्धति द्वारा किया गया है। समाज वैज्ञानिक पद्धति से इस शोध अध्ययन में अवलोकन, साक्षात्कार, अनुसूची, सहभागी–अवलोकन, केन्द्रित साक्षात्कार की अध्ययन प्रविधि का उपयोग किया गया है। इसके अलावा शोध से सम्बन्धित तथ्यों को एकत्रित करने के लिये अवलोकन में समाज के विभिन्न वर्गों के 400 लोगों का साक्षात्कार लिया गया है। जिनका विवरण इस प्रकार है–

**अध्ययन की चयनित इकाईयाँ (सामान्य जन)**

| वर्ग | चयनित इकाईयों की संख्या | प्रतिशत |
|---|---|---|
| अध्यापक | 40 | 10 |
| अधिवक्ता | 40 | 10 |
| चिकित्सक | 40 | 10 |
| पत्रकार | 40 | 10 |
| छात्र | 40 | 10 |
| जनप्रतिनिधि | 40 | 10 |
| व्यवसायी | 40 | 10 |
| कृषक | 40 | 10 |
| पंचायतकर्मी | 40 | 10 |
| श्रमिक | 40 | 10 |
| **योग** | **200** | **100** |

इस स्थिति को नीचे डायग्राम में प्रस्तुत किया जा रहा है।




इन प्राथमिक स्रोतों के साथ ही अध्ययन में द्वैतीयक स्रोतों पुस्तकों, पत्र–पत्रिकाओं, रिपोर्टर्स एवं प्रकाशित आंकड़ों का भी प्रयोग किया गया है। तत्पश्चात् तथ्यों का सारणीयन, विश्लेषण करते हुये प्रतिवेदन लेखन का कार्य किया गया है।

**अध्ययन क्षेत्र–**

भारत के मध्य में स्थित रीवा जिला स्वतंत्रता पूर्व रीवा रियासत का मुख्य भाग था, जहाँ राज्य की राजधानी थी। स्वतंत्रता के बाद नवगठित विंध्य प्रदेश में भी इस जिले की यही स्थिति रही। 1 नवम्बर 1956 से मध्यप्रदेश का संभागीय मुख्यालय है। मध्यप्रदेश के उत्तर पूर्वी भाग में स्थित रीवा जिला 23.11 से 24.18 उत्तरी अक्षांश एवं 81.03 से 82.10 डिग्री पूर्वी देशान्तर में स्थित है। रीवा जिला मध्यप्रदेश के उत्तर–पूर्वी कोने में स्थित है। इसके उत्तर में बाँदा और इलाहाबाद जिले, पूर्व तथा उत्तर प्रदेश का ही मिर्जापुर जिला, दक्षिण में मध्यप्रदेश का सीधी जिला और दक्षिण–पश्चिम में सतना जिला है।

**शोध की सीमाएँ –**

इस अध्ययन का क्षेत्र म.प्र. का पुलिस जिला रीवा है। इस शोध कार्य में पुलिस छवि का समाजशास्त्री अध्ययन करने का यथासंभव पूर्ण निष्पक्ष ढंग से प्रयास किया गया है। इस अध्ययन में शोधकर्ता के समक्ष अनेक समस्यायें एवं कठिनाईयाँ सामने आयी हैं, जिनमें कुछ इस प्रकार हैं–

- अध्ययन विषय अत्यन्त विस्तृत एवं व्यापक है,
- बदलते हुये सामाजिक परिवेश में पुलिस के दायित्व बहुत बढ़ गये हैं। अतः उनके पास समय की अत्यन्त कमी है। इस परिप्रेक्ष्य में पुलिस छवि के सम्बन्ध में उनसे साक्षात्कार लेना अत्यन्त टेढ़ी खीर प्रतीत हुआ है।
- सामान्यजनों समाज में इतने वर्ग हैं कि उन सभी वर्गों से साक्षात्कार आयोजित करना भी कठिन कार्य सिद्ध हुआ है।

इन कठिनाईयों के होते हुये भी इस अध्ययन में पुलिस और समाज के लोगों का उचित निदर्शन करते हये उनसे साक्षात्कार लिया गया है। प्राप्त तथ्यों को तटस्थ ढंग से वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाते हुये इस शोधपत्र में उन्हें प्रस्तुत किया गया है।

उक्त पृष्टभूमि के आधार पर इस शोध अध्ययन में जनता के विभिन्न वर्गों अध्यापक, अधिवक्ता, चिकित्सक, पत्रकार, छात्र, जनप्रतिनिधि, व्यवसायी, कृषक, पंचायतकर्मी तथा श्रमिकों से चयनित उत्तरदाताओं से पुलिस की छवि के सम्बन्ध में निम्न वर्गों के अन्तर्गत तथ्यों का संग्रहण साक्षात्कार के माध्यम से किया गया है–

1. क्या प्राथमिकी दर्ज करने में पुलिस थाने में विलम्ब किया जाता है? – सामान्य अर्थ में किसी अपराध के घटित होने की पुलिस को दी गई सूचना को ''प्रथम सूचना रिपोर्ट'' कहा जाता है। ऐसी सूचना मौखिक या लिखित हो सकती है। यद्यपि दण्ड प्रक्रिया संहिता में प्रथम सूचना रिपोर्ट की कोई परिभाषा नहीं दी गई है, फिर भी अन्वेषण तथा आपराधिक न्याय विधि एवं प्रक्रिया में इसका विशेष महत्व है। दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 154 के अधीन दी गई सूचना को अंग्रेजी में एफ.आई.आर. हिन्दी में प्रथम इत्तिला रिपोर्ट या प्रथम सूचना रिपोर्ट और उर्दू में ''रपट इब्तेदाई'' कहा जाता है। अपराध की प्रथम सूचना दो प्रकार से दी जा सकती है। किसी भी थाने के भारसाधक अधिकारी को संज्ञेय अपराध की मौखिक

या लिखित सूचना दी जा सकती है। यदि सूचना मौखिक है तो पुलिस थाने का भारसाधक अधिकारी उसे स्वयं लिखेगा या अपने निर्देश से अपने अधीनस्थ पुलिस अधिकारी से लिखायेगा। सूचना लिख लिये जाने के पश्चात् उसे सूचना देने वाले को पढ़कर सुनाया जायगा और उस पर उसके हस्ताक्षर या अंगूठा का निशान लगाया जायगा। धारा 144 के अनुसार ऐसी सूचना के लिखे जाने का एक फार्म होता है, जिसे सामान्य बोलचाल की भाषा में एफ. आई.आर. फार्म कहा जाता है।

संज्ञेय अपराध की लिखित सूचना में भी सूचना देने वाले के हस्ताक्षर या अंगूठे के निशान लिया जाता है। इसे भी एफ.आई.आर. (फार्म–1, धारा 154 दण्ड प्रक्रिया संहिता के अन्तर्गत) के रूप में इन्द्राज किया जताा है। दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 154 (2) के अनुसार उसकी एक प्रति सूचना देने वाले व्यक्ति को उसी समय निःशुल्क दी जाती है। उक्त विधिक व्यवस्था के होते हुए भी जनता के विचार इस सम्बन्ध में भिन्न–भिन्न पाये गये हैं, जिन्हें निम्न तालिका में प्रस्तुत किया जा रहा है।

**तालिका क्रमांक 1**

**प्राथमिकी दर्ज करने में पुलिस थाने में विलम्ब**

| चयनित इकाईयाँ | प्राथमिकी दर्ज करने में पुलिस थाने में विलम्ब | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | हाँ | | नहीं | | पता नहीं | |
| | संख्या | प्रतिशत | संख्या | प्रतिशत | संख्या | प्रतिशत |
| अध्यापक | 20 | 8.0 | 16 | 4.0 | 4 | 1.0 |
| अधिवक्ता | 24 | 6.0 | 16 | 4.0 | — | — |
| चिकित्सक | 16 | 4.0 | 14 | 3.5 | 10 | 2.5 |
| पत्रकार | 24 | 6.0 | 16 | 4.0 | — | — |
| छात्र | 20 | 5.0 | 16 | 4.0 | 4 | 1.0 |
| जनप्रतिनिधि | 16 | 4.0 | 16 | 4.0 | 8 | 2.0 |
| व्यवसायी | 18 | 4.5 | 14 | 3.5 | 8 | 2.0 |
| कृषक | 16 | 4.0 | 18 | 4.5 | 6 | 1.5 |
| पंचायतकर्मी | 20 | 5.0 | 12 | 3.0 | 8 | 2.0 |
| श्रमिक | 24 | 6.0 | 12 | 3.0 | 4 | 1.0 |
| **योग/प्रतिशत** | **198** | **49.5** | **150** | **37.5** | **52** | **13.0** |

उक्त तालिका से यह स्पष्ट होता है कि 49.5 प्रतिशत उत्तरदाता यह स्वीकार करते हैं कि पुलिस थानों में प्राथमिकी दर्ज करने में विलम्ब किया जाता है, जबकि 37.5 प्रतिशत उत्तरदाता इस तथ्य को स्वीकार नहीं करते हैं। 13 प्रतिशत उत्तरदाता इस विष में अनभिज्ञता प्रकट करते हैं। इस स्थिति को नीचे डायग्राम में प्रस्तुत किया जा रहा है।




इस तरह पुलिस की छवि को निखारने हेतु पुलिस थानों में पदस्थ पुलिस अधिकारियों को अपने कार्य एवं व्यवहार से उन सभी व्यक्तियों को जो अपनी किसी भी बात को पुलिस के समक्ष रखने हेतु थाना पहुँचते हैं। थाने में उनकी बात सुनी चाहिए। प्राथमिकी दर्ज करने वाले प्रकरणों में कतई विलम्ब नहीं करना चाहिए। अन्य प्रकरणों में भी सम्बन्धित व्यक्ति को सल भाषा में उन कारणों को समझाना चाहिए ताकि सम्बन्धित व्यक्ति तथ्य को समझ सके। पुलिस अधिकारियों को समय–समय पर उचित प्रशिक्षण दिलाया जाना चाहिए। उक्त तालिका में दिये तथ्यों से यह पता चलता है कि 37.5 प्रतिशत उत्तरदाता यह स्वीकार करते हैं कि पुलिस थानों में उनकी बात सुनी जाती है तथा प्राथमिकी दर्ज की जाती है। अभी इस दिशा में पुलिस अधिकारियों को और परिश्रम की आवश्यकता है। संवाद शैली में कुशलता का निर्वाह करना भी आवश्यक है।

2. गिरफ्तारी, तलाशी, पूछतांछ, नजरबन्दी अभी के दौरान पुलिस का व्यवहार पुलिसकर्मियों को दो प्रकार के व्यक्तियों से पूँछताछ करने की आवश्यकता पड़ती है। प्रथम, साक्षियों (गवाहों) से जो परिचित अथवा अपरिचित कोई भी हो सकते हैं तथा द्वितीय, उन व्यक्तियों से जिनके बारे में यह शंका होती है कि वे किसी न किसी तरह से अपराध से जुड़े हैं या उनका क्रियाकलाप संदिग्ध प्रतीत होता है। एक साधारण व्यक्ति के मन में पुलिस के प्रति ऐसी पूँछताछ के समय यह धारणा रहती है कि पुलिस कहीं उसे फँसा न दे और इसलिये वह प्रश्नों का उत्तर देने से कतराता है। इसलिए पुलिसकर्मी को ऐसे व्यक्तियों को यह विश्वास दिलाना चाहिये कि पुलिस उनकी मित्र है और यह पूँछताछ उनके कर्तव्य का एक अंग है। सामान्य व्यक्तियों को यह भी समझना चाहिए कि ऐसी पूँछताछ समाज में शान्ति और व्यवस्था बनाये रखने हेतु आवश्यक है। पूँछताछ करते समय पुलिसजनों को थर्ड डिग्री मैथडस् का प्रयोग कतई नहीं करना चाहिये। इस पृष्ठभूमि में जब साक्षात्कार के दौरान, उत्तरदाताओं से इस सम्बन्ध में पूछा गया तो 224 उत्तरदाताओं ने पुलिस के व्यवहार को खराब, 112 में अच्छा तथा 64 ने संतोषजनक बताया। तथ्यों को निम्न तालिका में प्रस्तुत किया जा रहा है।

**तालिका क्रमांक 2**

**गिरफ्तारी, तलाशी, पूँछताछ, नजरबन्दी के दौरान पुलिस का व्यवहार**

| चयनित इकाईयाँ | गिरफ्तारी, तलाशी, पूँछताछ, नजरबन्दी के दौरान पुलिस का व्यवहार | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | खराब | | अच्छा | | संतोषजनक | |
| | संख्या | प्रतिशत | संख्या | प्रतिशत | संख्या | प्रतिशत |
| अध्यापक | 24 | 6.0 | 8 | 2.0 | 8 | 2.0 |
| अधिवक्ता | 28 | 7.0 | 8 | 2.0 | 4 | 0.5 |
| चिकित्सक | 24 | 6.0 | 6 | 1.5 | 10 | 2.5 |
| पत्रकार | 26 | 7.5 | 12 | 3.0 | 2 | 0.5 |
| छात्र | 22 | 5.5 | 10 | 2.5 | 8 | 2.0 |
| जनप्रतिनिधि | 20 | 5.0 | 16 | 4.0 | 4 | 1.0 |
| व्यवसायी | 16 | 4.0 | 10 | 2.5 | 14 | 3.5 |
| कृषक | 18 | 4.5 | 14 | 3.5 | 8 | 2.0 |
| पंचायतकर्मी | 22 | 5.5 | 16 | 4.0 | 2 | 0.5 |
| श्रमिक | 24 | 6.0 | 12 | 3.0 | 4 | 1.0 |
| **योग / प्रतिशत** | **224** | **56** | **112** | **28** | **64** | **16** |

400 उत्तरदाताओं में से 224 उत्तरदाताओं ने यह कहा कि गिरफ्तारी, तलाशी, नजरबन्दी आदि के दौरान पुलिसजनों का व्यवहार खराब रहता है। 112 उत्तरदाताओं ने यह कहा कि इन प्रक्रियाओं के दौरान पुलिस का व्यवहार अच्छा रहता है। जबकि 64 उत्तरदाता पुलिस के व्यवहार को संतोषजनक मानते हैं। प्रतिशतीय तथ्यों को निम्न डायग्राम में प्रस्तुत किया जा रहा है।

पुलिस की उपस्थिति एक सामाजिक आवश्यकता है। एक तरह से कहा जाय कि बिना पुलिस के समाज का अस्तित्व ही खतरे में पड़ जायेगा तो इसमें कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। जब पुलिस और समाज का इतना निकटता का सम्बन्ध है या पुलिस की छवि तो फिर उसे जनसहयोग प्रापत करने में कठिनाईयाँ क्यों आती है? दोनों एक दूसरे को संदेह की दृष्टि से क्यों देखते हैं? अक्सर समाचार पत्रों, सेमिनारों व अन्य आयोजनों तथा गोष्ठियों के माध्यम से पुलिस को जनसहयोग या पुलिस जनता सम्बन्ध विषय पर चर्चा की जाती है। इनमें एक ही बात सामने आती है कि पुलिस जन सहयोग नहीं ले पाती या पुलिस को जनता का सहयोग नहीं मिलता। इस कारण अमुक वारदात हो गई या पर्याप्त सहयोग के अभाव में अपराधी पकड़ा नहीं जा सका या माल बरामद नहीं हो सका।

ऐसे कौन–कौन से कारण हैं, जिनसे हमें जनता का पर्याप्त सहयोग प्राप्त करने में कठिनाईयाँ होती हैं। प्रश्न के उत्तर में जो सबसे बड़ी बात सामने आती है वह जनता के प्रति पुलिस का व्यवहार है। अक्सर पुलिस अधिकारी व कर्मचारी अपनी भाषा से तथ्य व्यवहार से जनता के मन में घृणा उत्पन्न कर देते हैं। पुलिस अधिकारियों को चाहिए कि ये सर्वप्रथम सौहार्दपूर्ण व्यवहार जनता के साथ करें, सैदव मदद की भावना रखें, दूसरा कारण है, विलम्ब व पक्षपात। अक्सर ये शिकायत रहती है कि पुलिस कार्यवाही विलम्ब से की जाती है तथा उसमें भी पक्षपात किया जाता है। पुलिस प्रभावशाली व पैसे वाले लोगों के

प्रति नरम तथा आम जनता के प्रति सख्त रवैया अपनाती है, जिससे जनता का सहायोग प्राप्त करने में काफी कठिनाई होती है। इसी तरह साक्षी व मुखबिर जो पुलिस के मददगार हैं, उनके प्रति भी पुलिस का व्यवहार खराब रहता है। अनावश्यक रूप से साक्षियों को थाने में बैठा कर रखा जाना, व बार–बार गवाही हेतु बुलाना, उनकी सुख–सुविधाओं का ख्याल न करना भी जन–सहयोग प्राप्त करने में बाधा पहँचाता है।

राजनैतिक हस्तक्षेप व व्यक्तिगत स्वार्थों के कारण भी अक्सर पुलिस को जनता के असन्तोष का सामना करना पड़ता है। कभी–कभी तो अनापेक्षित हस्तक्षेप के कारण पुलिस को पूर्णतयः गलत कार्य भी करने पड़ते हैं। जिससे जनता के मन में इस संगठन के प्रति नफरत होने लगती है। इसके अलावा कुछ पुलिस अधिकारी अपने व्यक्तिगत स्वार्थों में आकर भी जनता के साथ अन्याय कर बैठते हैं, जिनसे सहयोग प्राप्त करने में कठिनाई होती है। पुलिस विभाग के पास शासन द्वारा बहुत सीमित मात्रा में धन का आवंटन किया जाता है तथा ऐसा कोई भी आयोजन नहीं है कि जो बिना धन के पूर्ण हो सके। शासन व पुलिस विभाग के स्वयं के कोई ऐसे विशेष आयोजन भी नहीं हैं जो दो–चार माह के अंतराल में करके जनता को आमंत्रित किया जा सके या जनता के साथ सहयोग बढ़ाया जा सके। इसके अलावा पुलिस अधिकारी का व्यक्तिगत चरित्र व योग्यता भी जनसहयोग प्राप्त करने में मुख्य भूमिका निभाते हैं। जो योग्य व अच्छे पुलिस अधिकारी हैं, उन्हें आज भी पर्याप्त जनसहयोग मिलता है। अक्सर पुलिस अधिकारियों के खराब आचरण भी जनसहयोग प्राप्त करने में कठिनाई उत्पन्न कर देते हैं। इसलिये पुलिस को सत्यनिष्ठा के बारे में जनता के मन में विश्वास उत्पन्न करना होगा तथा कार्य–संचालन के बारे में लोगों के मन में उत्पन्न गलतफहमियों को दूर करना होगा। पुलिस जन्मक से लेकर मृत्यु पर्यन्त लोगों के जीवन को व्यवस्थित एवं नियमित कराने में सहयोगी है। जीवन का कोई ऐसा सामाजिक, भौतिक, सांस्कृतिक तथा नैतिक पहलू नहीं है जो कि पुलिस की देखभाल में न आता हो पुलिस केवल जीवन की रक्षा कर उन्हें सुरक्षा प्रदान करने के कर्तव्य पालन को नहीं कर रही है अपितु भूखों मरने वालों की, बीमारी से पीड़ित व्यक्तियों की, अनाथ बालकों की, भटके हुये राहगीरों की सेवा भी कर रही है। इसलिए जनता के बीच पुलिस का शिष्ट होकर सद्व्यवहार जनता व पुलिस के बीच सहयोग के मार्ग में आने वाली कठिनाइयाँ अवश्य दूर करने में सहायक होगा।

**संदर्भ ग्रन्थ सूची –**

1. एस., डॉ. अखिलेश, (1995), ''पुलिस एवं समाज'', राधाकृष्ण प्रकाशन, नई दिल्ली,
2. दीक्षित, रमेश चन्द्र, (1997), पुलिस अभिरक्षा एवं मानवाधिकार, उ.प्र. पुलिस, लखनऊ,
3. दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (1974 का अधिनियम क्रमांक 02),
4. एस., डॉ. अखिलेश, (1995), ''आधुनिक भारत और पुलिस की भूमिका'', राधाकृष्ण प्रकाशन, नई दिल्ली,

SHODH CHETNA – YEAR-8, VOL. 2 (APR. TO JUNE, 2022) ISSN : 2350-0441
A Peer-Reviewed & Refereed
International Multifocal
Research Journal
IMPACT-FACTOR
SJIF - 5.999
Paper Recieved : 15th May 22
Paper Accepted : 30th May 22

# मुगलकालीन सेना के युद्ध तकनीक एवं अस्त्र-शस्त्र का ऐतिहासिक अध्ययन

❐ डॉ. (श्रीमती) पूनम मिश्रा*
❐ राजभान चर्मकार**

**शोध सारांश**

मुगल शासकों की प्रत्येक युद्ध में अलग–अलग तकनीक होती थी। किसी भी युद्ध में आक्रमण करने से पूर्व शासक शत्रु (विरोधी पक्ष) के संबंध में समस्त जानकारियों को एकत्रित कर लेते थे जैसे– भौगोलिक स्थिति, सैन्य स्थिति, आर्थिक स्थिति इत्यादि। युद्ध का संचालन प्रायः देश की भूमि और उसकी किस्म पर निर्भर होता था।[1] सफल युद्ध के लिये खुला प्रदेश पहली आवश्यकता समझी जाती थी। मुगल सेना को अपनी युद्ध कुशलता व शौर्यता के प्रदर्शन के लिये विशिष्ट रूप से युद्ध स्थल की भौगोलिक स्थिति पर ही निर्भर रहना पड़ता था। मुगल सेना के अंगों के अनुसार युद्ध स्थल जितना अधिक विस्तृत एवं खुला होता था उतना ही सफलता का प्रतिशत बढ़ जाता था। मुगल अपनी युद्ध नीति में शक्ति का प्रयोग कम कूटनीतिक नीति का प्रयोग अधिक करते थे। इस युद्ध नीति के द्वारा ही अकबर ने बिना किसी समस्या के राजपूत शूरवीरों को अपने पक्ष में करने में सफलता अर्जित की थी।[2] मुगल शासक कुछ विशेष रणनीतियों द्वारा सत्ता प्राप्त करते थे– जैसे कूटनीति शिष्ट मण्डलों की सहायता से शासक अपना एक दूत शत्रु के राज्य में भेजता था जो राज्य के शासक को समर्पण करने के लिए तैयार करता था।

**भूमिका :–**

मुगल वंश की स्थापना 1526 ई. में बाबर ने किया था, जो कि सेना के बल पर दिल्ली के सिहांसन पर बैठा था। मुगल शासकों के शक्ति का मूल आधार मजबूत सैन्य प्रणाली थी। सेना के माध्यम से ही युद्धों में विजय हासिल करके भारत जैसे विशाल देश में राज्य करते थे। मुगल सेना का वास्तविक संगठनकर्ता अकबर को माना जाता है, क्योंकि अकबर ने मनसबदारी व्यवस्था को लागू करके सैनिकों के मनोबल तथा उत्साह में वृद्धि कर दी थी। इस व्यवस्था में सेना के पद का निर्धारण, नकद वेतन, सैनिक संख्या, अस्त्र–शस्त्र तथा निश्चित संख्या में अश्व रखने का नियम निर्धारित किया गया था। प्रस्तुत शोध पत्र में मुगल सेना के युद्ध तकनीक एवं अस्त्र–शस्त्र का अध्ययन

* प्रोफेसर, इतिहास विभाग, शासकीय टी.आर.एस. महाविद्यालय, रीवा (म.प्र.)
** शोधार्थी इतिहास विभाग, शासकीय टी.आर.एस. महाविद्यालय, रीवा (म.प्र.)

किया गया है। जो कि आज के समय में पूर्व के युद्धों एवं शस्त्रों की जानकारी विद्यार्थियों तथा नवीन शोधार्थियों के लिये उपलब्ध करायेगा।

## युद्ध तकनीक

सेना का युद्ध ब्यूह 'सफ आरास्तन' नाम से जाना जाता था। मुगलों की सामरिकी तैमूर द्वारा निर्धारित नियमों पर आधारित होती थी। जब कोई बड़ा युद्ध सिर पर होता था तब सेनापति (कमाण्डर–इन–चीफ) का यह कर्तव्य होता था कि वह आक्रमण की योजना बनाये उसके अनुसार सेनाओं को डिवीजनों में विभाजित करे, प्रत्येक का स्थान नियत करे तथा प्रत्येक के नेता का नाम भी निर्धारित करे। प्रस्तावित योजना को सम्राट के असमक्ष रखा जाता था। युद्ध के एक दिन पहले सेनापति (कमाण्डर–इन–चीफ) एक सैनिक उपस्थिति नामावली (डनेजमत) भी तैयार कराता था और मौजूदा स्थिति का सारांश बादशाह को भी दिखाया जाता था।

युद्ध से पूर्व ही समस्त परिस्थितियों की जांच पड़ताल करके स्थल का चुनाव कर लिया जाता था। इस कार्य के लिये जंग–गाह नामक एक अधिकारी था, जो जल की उपलब्धता, शत्रु के आक्रमण से सुरक्षा, युद्ध में कुशलतापूर्वक प्रदर्शन हेतु घुड़सवारों के लिये मैदान ऊँचाई में स्थित युद्ध भूमि का चुनाव करना ताकि शत्रु की स्थिति का अनुमान लग सके इत्यादि आवश्यकताओं के अनुरूप युद्ध क्षेत्र का चुनाव किया जाता था। बाबर ने पानीपत3 का मैदान इब्राहिम लोदी के विरुद्ध युद्ध हेतु चुना क्योंकि दाए ओर से नगर सेना के लिये सुरक्षा ढाल का कार्य कर रहा था। बाबर ने 'तुलगमा युद्ध नीति' के द्वारा पानीपत का युद्ध जीता था। युद्ध का एक बुनियादी नमूना होता था, जिसका स्थितियों के अनुसार कुछ परिवर्तन या अनुसरण किया जाता था। जैसे– पहले झड़प करने वाले (लड़ाकू) होते थे। इसके पीछे तोपखाना होता था, इसकी सुरक्षा के लिए अग्निबाण चलाने वाले होते थे। इसे कच्ची मोर्चे बन्दी कर सम्भव हो तो सारी तोपों को जंजीर से बाँध दिया जाता था। तोपों के पीछे अग्र–गारद खड़े होते थे। फिर कुछ दूर पर केन्द्र (मध्य–भाग) होता था, जहां हाथी पर सवार सम्राट होता था। जिसके कुछ दूर अंग्र–गारद खड़ा रहता था इसके प्रत्येक पक्ष में ताराह नामक दो दल कुछ आगे की ओर होते थे। केन्द्र के पीछे पश्च–रक्षक (चन्दावल) होता था, जिसकी निगरानी में माल–असबाव और महिलाएं होती थी। कभी–कभी हरावल को भी अंग्र गारद के आगे रखा जाता था।

तोपखाने की तोपों को सामान्यतः एक जंजीर से बाँध कर एक पंक्ति में रखा जाता था। यदि तोपें बहुत बड़ी संख्या में न होती थी, तब उन्हें गाँव के मकानों की मिट्टी की दीवारों के पीछे या ईटों के किसी पुराने भट्ठे के ऊपर प्रमुख स्थान पर या सामान्यतः वृक्षों के एक झुण्ड़ से घिरे मिट्टी के टीले के ऊपर या अस्थायी खाई–बन्दी बना कर रखने का रिवाज था।

तोपखाने का प्रयोग करने से ही युद्ध का आरम्भ समझा जाता था।[4] जब तोपखाने की लड़ाई जारी रहती थी, सेना ढोल पीटती और तुरही बजाती तथा झण्डें का प्रदर्शन करती हुई। बाकी सेना समर–ब्यूह रचना बनाती थी। मुगल घुड़सवार सेना अपनी अत्यधिक क्षमता और कार्य कुशलता के लिए प्रसिद्ध थी। एक सामान्य घुड़सवार छः बार तीर चला सकता था जबकि इतने ही समय में एक बन्दूकची मात्र दो बार गोली चलाता था। बर्नियर के अनुसार एक अच्छा घुड़सवार योद्धा अपने सर्वोच्च आदेश को युद्ध भूमि में शत्रु के समक्ष ही प्रस्तुत करता था। मुगल घुड़सवार सेना के युद्धभूमि में सफल प्रदर्शन के उपरांत पैदल सेना आगे आती थी व तत्पश्चात् सामान्य युद्ध आरम्भ होता था। दोनों ओर से मध्यम दूरी के अस्त्र जैसे– तलवार, बरछी, भाला, कुल्हाड़ी का प्रयोग सैनिक करते थे।

युद्ध के समय शत्रु सेना को पूर्णरूप से नष्ट करने हेतु हाथियों का प्रयोग किया जाता था। इस कार्य के लिये उनकी सूंड को चाकू एवं भालों से सुसज्जित किया जाता था। 1526 ई. में पानीपत के

युद्ध के समय इब्राहिम लोदी के 1000 हाथी युद्ध भूमि में उपस्थित थे। 1556 ई. में पानीपत के द्वितीय युद्ध में हेमू ने अकबर के विरुद्ध 'गालिनजंग', गज भवंर' तथा 'हवाई' इत्यादि युद्धक हाथियों का प्रयोग किया था। अतः मुगल सेनापति सदैव हाथी पर सवार रहते थे ताकि सेना का प्रत्येक दल उन्हें सुगमता से देख सके परन्तु यह एक बहुत ही खतरनाक कार्य भी था क्योंकि इसके द्वारा शत्रु भी बड़ी सुगमता से सेनापति को अपना निशाना बना सकता था। अंग्रेजों ने अपने भारतीय शत्रुओं पर अत्यंत आसान सफलता सैनिकों को क्षति न पहुँचाकर बल्कि उनके हाथियों को क्षति पहुँचाकर अर्जित की थी। सेनापति के युद्ध में मारे जाने का खबर सेना को लग जाता या हाथी के ऊपर दिखाई नहीं देता था, तब सैनिक तत्काल लड़ना बन्द कर देते थे और अधिकांश सैनिक भाग कर अपनी सुरक्षा कर लेते थे। हार जाने की स्थिति में भारी एवं बोझिल तोपों को सामान्यतः छोड़ दिया जाता था क्योंकि वे जल्दी हटाई नहीं जा सकती थी। ऐसी स्थिति में उन्हें अनुपयोगी समझा जाता था।

सिकन्दर लोदी के जमाने से ही भारतवासियों के नगर दीवालो से घिरे होते थे। इस प्रकार सुदृढ़ स्थानों का निर्माण करने की रिवाज कभी भी छोड़ी नहीं गयी थी और जब मुगल भारत में आये उन्होंने भी इस सामारिकी को अपनाया। मुगलों ने कई बहुत बड़े दुर्गों का भी निर्माण किया था। मुगलों के समय में किलों को सामान्यतः किसी बनावटी टीले पर बनाया जाता था, जिसकी मिट्टी उसी स्थान की तराई से ली जाती थी, इस प्रकार चारों दिशाओं में एक बड़ा तालाब या दलदल वाला प्रदेश बना जाता था, जो किले की आकस्मिक आक्रमण से रक्षा करता था। आमतौर पर इन किलों में चार दिवारे होती थी जो प्रत्येक कोने पर एक बुर्ज या मीनार रहती थी और इनके एक ओर एक आरक्षित फाटक होता था, प्रवेश मार्ग वाली गली उस स्थान के भीतर पहुँचने से पहले समकोण बनाती हुई कई बार घूम जाती थी। घुमावदार तंग प्रवेश मार्ग वाली इस गली के हर तरफ सामान्यतः तोपे जुड़ी होती थी और साथ ही छिद्र या झरोखे भी बने होते थे। महत्वपूर्ण स्थानों पर तोपे ऊपर चढ़ाई जाती थी और दस्ती बन्दूकों के लिए दीवारों में झरोखे बने होते थे। किला के चारों ओर सदैव पानी से भरी एक खाई होती थी। इन किलों को संरक्षात्मक ओट देने का एक अन्य सही तरीका था कि इनके चारों ओर कटीले वृक्षों का झाड़ीदार एक जंगल तैयार किया जाता था जिसकी ऊँचाई लगभग 20 फुट थी। जंगल को काटे बिना कोई भी व्यक्ति इसे पार नहीं कर सकता था, यह एक अत्यंत कठिन काम होता था, क्योंकि ऐसा करने के लिए चारों तरफ बहुत मजबूत और बड़े नुकीले काँटों का सामना करना पड़ता था। किलों पर आक्रमण करना बड़ा कठोर काम था। जब शत्रु आता तब किले के प्रतिरक्षक इन किलों में अपनी पेशकन्दी कर लेते। किले पर घेरा डाल दिया जाता था। ये प्रतिरक्षक बड़ी बहादुरी से लड़ते थे। जहाँ तोपें रखी जाती थी, वहां किला बन्दी की जाती थी। मुगल बादशाहों के पास इन किलों को जीतने या घेरा डालने के लिए विशेष सैन्य दल होता था। घेरा डाले जाने पर वहां के निवासी बड़ी बहादुरी और उत्साह से लड़ते थे और जब शत्रु बहुत समीप आ जाता था तब उन्हें कई प्रकार की युक्तियों की शरण लेनी पड़ती थी। पास में गोले या हथगोले न होने पर किले में रहने वाले बारूद के थैलों को खाई में दे मारते थे, जो उन पर आग डाले जाने पर फट जाते थे और आक्रमणकारी को झुलसा देते थे। परन्तु जब किले की दीवारों में दरार पड़ जाती थी तब सेना शत्रुओं से तलवारों और कटारों के साथ खुले आम लड़ाई करती थी।

सैनिक युद्ध के समय अनेक उद्घोषों का प्रयोग करते थे। वह सामान्यतः भगवान का स्मरण या उनका आशीर्वाद पाने के लिये ऐसा करते थे। मुगल काल में 'हू–हू', 'मार–मार' (मारो–मारो) इत्यादि अन्य उद्घोष भी युद्ध के दौरान किये जाते थे।

कभी–कभी सैनिकों के युद्ध हेतु प्रोत्साहित करने तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए उन पर धन की

वर्षा भी की जाती थी। अकबर ने 1567–68 के चित्तौड़ के घेरे में इसी तकनीक का प्रयोग किया था। मुगल अधिकारी मिर्जा नथान ने 1662 में दकचरा के घेरे के समय अपने सैनिकों को युद्ध में बहादुरी से लड़ने हेतु प्रोत्साहित करने के लिए उनके मध्य 3,000 रुपये बांटे थे।

**अस्त्र–शस्त्र :–**

मुगलकालीन सैनिकों के पास आक्रमण और बचाव के दोनों तरह के हथियार थे। मुगल सैनिक भारत तथा तुर्की, मध्य एशिया तथा ईरान में प्रयोग किये जाने वाले हथियारों का प्रयोग करते थे। घुड़सवार–दल के पास भी हमला करने और बचाव करने के लिए बढ़िया हथियार होते थे। मुगल अश्वारोही सैनिक अपने पास तलवार, ढाल, खंजर या कटार, कुल्हाड़ी और धनुषबाण रखते थे,[5] बाद में वे पिस्तौल या बड़ा तमंचा भी रखने लगे थे। तलवार कई प्रकार की होती थी, झुकी हुई टेढ़ी तलवार को शमशेर कहते थे, चौड़ी और सीधी तलवार को खांडा कहते थे ढ़ाल या तो फौलाद की या सांभर भैसे या हाथी के मोटे चमड़े की बनी होती थी। श्रेष्ठ उच्च श्रेणी का योद्धा ''गुर्जर'' (गदा) भी रखता था। भाला का भी प्रयोग करते थे, ये लम्बे बाँस का होता था जिसके एक सिरे पर फौलाद का नुकीला भाग रहता था। युद्ध की कुल्हाड़िया भी कई प्रकार की होती थी एक धार वाली, दो धार वाली, तिकोनी धारवाली, चौड़ी धारवाली जिसका एक सिरा नुकीला होता था।

मुगल सैनिक जिन हथियारों पर सबसे अधिक भरोसा करते थे, वे कोता यारक या छोटी मार के हथियार (अर्थात व हथियार जो आमने–सामने की लड़ाइयों के काम में लाये जाते थे) कहलाते थे। ये छीटी मार के हथियार पाँच किस्म के थे– 1. ढाल और तलवार, 2. गदा, 3. भाले और 4. छूरे। अधिक लम्बी मार के लिये तीर–कमान, तोड़दार बन्दुके और पिस्तौले प्रयोग में लायी जाती थी। अग्नि बाणों का भी प्रयोग किया जाता था।

तीर कमान को अत्यधिक उपयोगी और प्रभावशाली हथियार माना जाता था। लगभग सारा घुड़सवार दल इसे अपने साथ लेकर चलता था। और सब मुगल घुड़सवार अपने धनुष–कौषल के लिए प्रसिद्ध थे। तोड़दार बन्दूके जो काफी भारी और सम्भवः कम असरदार हथियार भी पैदल सेना द्वारा काम में लायी जाती थी। जहाँ तक पिस्तौल का प्रयोग बहुत ही कम होता था। तोड़दार बन्दुक और तीर–कमान की तुलना करते हुए बर्नियर ने लिखा है जितनी देर में कोई बन्दुकची दो बार गोली चला सकता है उससे भी कम समय में एक घुड़सवार छः बार मार सकता था।

मुगल सैनिक का धनुष लगभग चार फुट लम्बा होता था6 और उसमें आम तौर पर दुहरा मोड़ होता था। यह पशुओं के सीग, लकड़ी, बांस और लोहे से बनाया जाता था। कभी–कभी हाथी दाँत और फौलाद का भी बना होता था। धनुष की डोरी सफेद रेशम के मजबूत तथा विभिन्न प्रकार के बाण उपयोग मे लाये जाते थें निरिक्षण और प्रमाणीकरण के अवसर पर सैनिक अपने सभी हथियार पेश करते थे।

युद्ध क्षेत्र में अश्वों की सुरक्षा के लिए उनके वक्ष स्थल और कपाल पर लोहे की चद्दर लगायी जाती थी। अश्वरोहीं भी सुरक्षा के लिये कवच पहिनते थे। यह लोहे के मजबूत मोटे तारों से बनाया जाता था। कवच दो प्रकार के होते थे– प्रथम सिर7 को ढ़कने के लिए लोहे की चादर से बना हुआ टोपेनुमा भाग, भुजाओं वक्षस्थल और पीठ की सुरक्षा के लिये ढ़कने हेतु फौलाद की चद्दरें, ये सभी परस्पर जुड़ी रहती थीं और अलग भी हो सकती थी। द्वितीय लोहे के मोटे तारों से गूंथा हुआ कमीज और मस्तक, गर्दन और मुँह की सुरक्षा के लिये लोहे के तारों के बने हुए जालीदार भाग। कवच के नीचे रूई भरे मोटे कपड़े पहिने जाते थे, जिससे कि तलवार का आघात शरीर पर नही लगे।

उपरोक्त शोध अध्ययन से पता चलता है कि मुगलों ने अपने शासन के दौरान बेहतरीन और घातक हथियारों का निर्माण किया जिनके दम पर शाही सेना

बड़े–बड़े युद्धों में सफलता–हासिल करती थी। जिसके कारण मुगल शासक बाबर से लेकर औरंगजेब तक भारत के विशाल साम्राज्य में राज्य किया था किन्तु लगभग दो शताब्दी के बाद सैन्य संगठन का संचालन ठीक ढंग से नहीं कर पाये, जिससे मुगल साम्राज्य का पतन हो गया।

**संदर्भ स्त्रोतः–**


1. डेविड, मेजर ऐल्फ्रेड (अनु. चौपड़ा एस.डी.) भारतीय युद्धकला, म.प्र. हिन्दी ग्रन्थ अकादमी भोपाल 1972, पृ.15–19
2. रावत, अनिल कुमार, मुगल साम्राज्य में मनसबदारी प्रथा, कनिष्क पब्लिशिग हाऊस दिल्ली, पृ. 255
3. द्विवेदी, आर.एस., मध्यकालीन भारत, विश्व भारती पब्लिकेशन नई दिल्ली पृ.179
4. भदौरिया, संजना सिंह, मुगलों के सैन्य व्यवस्था का विश्लेषणात्मक अध्ययन (शोध–प्रबंध) छत्रपति शाहु जी महाराज विश्व. कानपुर, पृ. 207–15
5. इर्विन, विलियम, द अर्मी ऑफ द इडियन मुगल्स, दिल्ली 2004, पृ. 74–91
6. लुणिया, बी.एन., मुगल शासन व्यवस्था, कमल प्रकाशन इन्दौर, प्रथम संस्करण, पृ. 142–43
7. श्रीवास्तव, हरिशंकर, मुगल शासन प्रणाली, दिल्ली 1978, पृ. 205

SHODH CHETNA – YEAR-8, VOL. 2 (APR. TO JUNE, 2022) ISSN : 2350-0441
A Peer-Reviewed & Refereed International Multifocal Research Journal
IMPACT-FACTOR SJIF - 5.999
Paper Recieved : 10th Apr. 22 Paper Accepted : 25th Apr. 22

# ''त्रिजटा का चारित्रिक वैशिष्ट्य''

❑ रत्ना शुक्ला*
❑ डॉ. बृजेश नाथ ओझा**

## शोध सारांश

त्रिजटा एक आध्यात्मिक नारी है। संतान विहीना त्रिजटा को सीता ने माता का सम्बोधन देकर अपना अहैतुक चिंतक मानने लगीं। तामसी वृत्ति त्रिजटा को प्रभावित नहीं कर पायी और वह समय–समय पर सीता को आश्वस्त करती रहती है। त्रिजटा एक बूढ़ी राक्षसी है। राक्षस कुल में जन्म होते हुए भी वह सीता की सहायिका एवं संरक्षिका है। वही अशोक वाटिका में सीता को धैर्य बंधाती है। जब राक्षसियाँ सीता को परेशान कर रहीं थी उसी समय वह सोकर उठी और अपने स्वप्न की बातें बताने लगी।

**''सीता ताभिरनार्याभिर्दृष्ट्वा संतर्जितां तदा।**
**राक्षसी त्रिजटा वृद्धा प्रबुद्धा वाक्यमब्रवीत्।।''[1]**

आज मैंने जो स्वप्न देखा है, वह बहुत ही भयंकर तथा रोमांचित करने वाला है। मेरा स्वप्न राक्षसों के विनाश की सूचना देता है। श्रीराम राक्षसों को मारकर लंका पर विजय ध्वज फहरा रहे हैं।

**''स्वप्नो ह्यद्य मया दृष्टो दारुणो रोमहर्षणः।**
**राक्षसानामभावाय भर्तुरस्या भवाय च।।''[2]**

जब त्रिजटा अपने स्वप्न की बात राक्षसियों से बताती है तब वे डर जाती हैं। वही राक्षसियाँ जो रावण का बल पाकर सीता को डराती, धमकाती थी, अब अत्यंत भयभीत होकर मूर्च्छित हो रही हैं। फिर त्रिजटा से पूँछती हैं कि बताओ आज रात्रि तुमने कौन–सा सपना देखा?

**''एवमुक्तास्त्रिजटया राक्षस्यः क्रोधमूर्च्छिताः।**
**सर्वा एवाब्रुवन् भीतास्त्रिजटां तामिदं वचः।।''**
**कथयस्व त्वया दृष्टः स्वप्नोऽयं कीदृशो निशि।**
**तासां श्रुत्वा तु वचनं राक्षसीनां मुखोद्गतम्।।''[3]**

त्रिजटा अपने स्वप्न से जुड़ी हुई बातें उन राक्षसियों से कहती हैं कि दिव्य शिबिका आकाश में गतिमान है। उसका निर्माण हाथी के दाँतों से हुआ है। उसमें एक हजार घोड़े बंधे है। श्रीराम और लक्ष्मण सफेद फूलों की माला पहने हुए उस शिबिका पर चढ़कर यहाँ आए हैं। सीता भी उज्ज्वल वस्त्र धारण कर श्वेत पहाड़ की चोटी पर बैठी है और वह शिखर समुद्र से घिरा है। वह जिस प्रकार सूर्य भगवान से उनकी प्रभा की किरण मिलती है, उसी प्रकार सीता जी भी अपने प्रियतम श्री राम से मिलती हैं।

* शोध–छात्रा, शास. टी.आर.एस. महाविद्यालय, रीवा (म.प्र.)
** विभागध्यक्ष (संस्कृत), श्रीयुत महाविद्यालय गंगेव, रीवा (म.प्र.)

**"गजदन्तमयीं दिव्यां शिबिकामन्तरिक्षगाम्।।
युक्तां वाजिसहस्रेण स्वयमास्थाय राघवः।
शुक्लामाल्याम्बरधरो लक्ष्मणेन समागतः।।
स्वप्ने चाद्य मया दृष्टा सीता शुक्लाम्बरावृता।
सागरेण परिक्षिप्तं श्वेतपर्वतमास्थिता।।
रामेण संगता सीता भास्करेण प्रभा यथा।"[4]**

तदुपरांत कमल के समान नेत्रवाली सीता अपने पति श्रीराम के अंक से ऊपर उछलकर सौर मण्डल में पहुँच जाती है। वहाँ वे अपने हाथों से सूर्यदेव एवं चन्द्र देव को पोंछती है।

**"भर्तुरङ्कात्समुत्पत्य ततः कमललोचना।।
चन्द्रसूर्यौ मया दृष्टा पाणिभ्यां परिमार्जती।"[5]**

त्रिजटा का स्वप्न सीता की रक्षा में सहायक होता है। यह सपना उस समय बताया गया, जब सीता चारों ओर से दुखी एवं निराश थी। रावण के चले जाने पर निशाचरियों ने सीता को अनेक प्रकार से त्रास देना प्रारम्भ कर दिया था। उनके सामने पूरा जीवन कष्टमय दिख रहा था। उसी समय त्रिजटा ने निशाचरियों से बात कही, जिससे वे राक्षसियाँ सीता के प्रति प्रेमभाव रखें। त्रिजटा का अशोक वाटिका में आना सीता के लिए संजीवनी है। अब त्रिजटा नाम की वह राक्षसी सीता एवं अपने अन्य राक्षसियों के समक्ष अपने स्वप्न का विस्तार करती है।

**"पाण्डुरर्षभयुक्तेन रथेनाष्टयुजा स्वयम्।
इहोपयातः काकुत्स्थः सीतया सह भार्यया।।
शुक्लमाल्याम्बरधरो लक्ष्मणेन सहागतः।
ततोऽन्यत्र मया दृष्टो रामः सत्यपराक्रमः।।
लक्ष्मणेन सह भ्रात्रा सीतया सह वीर्यवान्।
आरुह्य पुष्पकं दिव्यं विमानं सूर्यसंनिभम्।।
उत्तरां दिशमालोच्य प्रस्थितः पुरुषोत्तमः।
एवं स्वप्ने मया दृष्टो रामो विष्णुपराक्रमः।।"[6]**

फिर त्रिजटा बताती है कि मैंने स्वप्न में यह भी देखा कि श्रीरामचन्द्र जी आठ स्वेत बैलों से जुते हुए एक रथ पर श्वेत पुष्पहार एवं सुन्दर वस्त्र पहने अपनी पत्नी सीता और भाई लक्ष्मण के साथ यहाँ पधारते हैं। इसके पश्चात् स्वप्न में जो दूसरा दृश्य दिखाई दिया, उसमें सत्यपराक्रमी पुरुषोत्तम श्रीराम अपनी भार्या सीता और अनुज लक्ष्मण के साथ सूर्य सदृश तेजस्वी दिव्य पुष्पक विमान पर बैठकर उत्तर दिशा की ओर चले गये। श्रीराम में भगवान विष्णु के समान पराक्रम है। वे अवश्य लंका को जीतकर सीता को रावण के चंगुल से मुक्त कराएँगे।

त्रिजटा ने केवल राम के ऐश्वर्य एवं पराक्रम को नहीं देखा बल्कि रावण को भी रेखा लेकिन किस रूप में देखा ? उसकी भी विवेचना वह करती है

**"रावणश्च मया दृष्टो मुण्डस्तैलसमुक्षितः।
रक्तवासाः पिबन्मत्तः करवीरकृतस्रजः।
विमानात् पुष्पकादद्य रावणः पतितः क्षितौ।।
कृष्यमाणः स्त्रिया मुण्डो दृष्टः कृष्णाम्बरः पुनः।
रथेन खरयुक्तेन रक्तमाल्यानुलेपनः।
पिबंस्तैलं हसन्नृत्यन भ्रान्तचित्ताकुलेन्द्रियः।
गर्दभेन ययौ शीघ्रं दक्षिणां दिशमास्थितः।।"[7]**

रावण तेल से भीगा हुआ था। उसके सिर में बाल नहीं थे। अर्थात् मुण्डन कराया था। लाल रंग की पोषाक धारण किये हुए था। शराब पीकर अपनी मस्ती में झूम रहा था। करवीर के पुष्प की माला पहने था। इसी अवस्था में वह पुष्पक विमान से नीचे गिर पड़ता है। फिर त्रिजटा क्या देखती है कि एक स्त्री उस मूड़–मुड़ाए हुए रावण के सिर को कहीं दूर खींचकर ले जा रही है। अब रावण काले कपड़े में दिख रहा है। उसके रथ को गधा खींच रहा हैं रावण लालपुष्प की माला और लाल चंदन लगाए हुए है। वह तेल पीकर कभी हँसता है, तो कभी पागलों की तरह चिल्लाता या फिर नाचने लगता। उसकी इन्द्रियाँ उसके वश में नहीं थी। उल्टे वह गधे की सवारी करते हुए दक्षिण दिशा की ओर गमन कर रहा है।

यहाँ यह स्पष्ट हो जाता है कि जो–जो शुभ कार्य राम के दिखाई देते है। उसी के ठीक विपरीत रावण को अपशकुन होता है। स्वप्न–विचार या मंथन किया जाए तो इसमें तनिक भी संदेह नहीं कि त्रिजटा ने रावण का भविष्य स्वप्न के जरिए देख लिया था। त्रिजटा का स्वप्न आने वाले समय में सत्य हो जाता

है, लेकिन वर्तमान में जानकी जी के प्राणों के रक्षक हैं। फिर वह रावण की दुदर्शा को बताती है।

**"पुनरेव मया दृष्टो रावणो राक्षसेश्वरः।**
**पतितोऽवाक्शिरा भूमौ गर्दभाद् भयमोहितः।।**
**सहसोत्थाय सम्भ्रान्तो भयार्तो मदविह्वलः।**
**उन्मत्तरूपो दिग्वासा दुर्वाक्यं प्रलपन् बहु।।**
**दुर्गन्धं दुःसहं घोरं तिमिरं नरकोपमम्।**
**मलपङ्कं प्रविश्याशु मग्नस्तत्र स रावणः।।"[8]**

रावण गधे की सवारी करते हुए पृथ्वी पर गिर जाता है। उसका सिर नीचे एवं पैर ऊपर हो जाता है। वह अत्यंत भयभीत है, घबराया हुआ मदहोश, पागल एवं नंग–धड़ंग वेष में अपशब्द बकता हुआ दुर्गन्ध युक्त घोर अंधकार एवं नरक के समान मल के कीचड़ में गिरकर डूब जाता है।

**"प्रस्थितो दक्षिणामाशां प्रविष्टोऽकर्दमं ह्रदम्।**
**कण्ठे बद्ध्वा दशग्रीवं प्रमदा रक्तवासिनी।।**
**काली कर्दमलिप्तांगी दिशं याम्यां प्रकर्षति।**
**एवं तत्र मया दृष्टः कुम्भकर्णो महाबलः।।**
**रावणस्य सुताः सर्वे मुण्डास्तैलसमुक्षिताः।**
**वराहेण दशग्रीवः शिशुमारेण चन्द्रजित्।।**
**उष्ट्रेण कुम्भकर्णश्च प्रयातो दक्षिणां दिशम्।"[9]**

रावण दक्षिण की ओर एक ऐसे सरोवर में प्रवेश करता है, जहाँ कीचड़ का नामों निशान नहीं है। वहीं पर एक ऐसी काले रंग की स्त्री थी, जिसके शरीर में कीचड़ लगा था। वह स्त्री लाल वस्त्र धारण कर रावण की गर्दन बांधकर दक्षिण दिशा की ओर खीचे ले जा रही है। इसी तरह कुम्भकर्ण की भी स्थिति है।

रावण के सारे पुत्र सिर मुड़ाए और तेल से स्नान किए हुए दिखाई दे रहे हैं। त्रिजटा ने यह भी देखा कि रावण सूअर पर बैठा है, उसका भाई कुम्भकरन ऊँट पर और पुत्र मेघनाद सूँस पर बैठकर दक्षिण–दिशा को प्रस्थान कर रहे हैं।

त्रिजटा सत्वगुण प्रधान होने के कारण सीता की सहायता की। उसका चरित्र उत्तम है। एक नारी दूसरी नारी की वेदना को समझ सकती है, अतः सीता को वह सर्वमना सहायता पहुँचाना चाहती है। त्रिजटा ही एक ऐसी है जो सीता के लिए सात्विक आहार का प्रबन्ध करती है क्योंकि सीता राजसी भोग नहीं लेना चाहतीं। इस तरह त्रिजटा का चरित्र उज्ज्वल एवं परोपकारी सिद्ध होता है।

**सन्दर्भ ग्रंथ**

1. वा. रा. – 05/27/04
2. वा. रा. – 05/27/06
3. वा. रा. – 05/27/07,08
4. वा. रा. – 05/27/09–11 1/2
5. वा. रा. – 05/27/09–15 1/2
6. वा. रा. – 05/27/17–20
7. वा. रा. – 05/27/22–25
8. वा. रा. – 05/27/26–28
9. वा. रा. – 05/27/29–311/2

SHODH CHETNA – YEAR-8, VOL. 2 (APR. TO JUNE, 2022) ISSN : 2350-0441
A Peer-Reviewed & Refereed International Multifocal Research Journal
IMPACT-FACTOR SJIF - 5.999
Paper Recieved : 10th Apr. 22
Paper Accepted : 25th Apr. 22

# चम्पू-काव्यों में सत्-असत् व्यवहार के स्वरूप का विवेक का अध्ययन

❒ संतोष कुमार तिवारी*
❒ डॉ. आर.बी. त्रिपाठी**

## शोध सारांश

संस्कृत साहित्य की परम्परानुसार अधिकांशतः इन चम्पूकाव्यों के मूल स्त्रोत सामान्यतः रामायण, महाभारत तथा अनेक पुराणादि रहे हैं। अतः इसी कारण यह चमत्कृत शैली स्वतः मानव–जीवन के उदात्त भावों से परिपूर्ण एवम् उनके उद्देश्यों को सदसद्–व्यवहार की दृष्टि से सार्थक करता है। इस श्रेणी में यशस्तिलकचम्पू एवं रामायणचम्पू पूर्णतः आदर्श उदाहरण सिद्ध होता है। संस्कृत–साहित्य में कवियों की प्रतिमा समयानुसार विभिन्न साहित्यिक रूपों में अभिव्यक्त होती रहती हैं। इन्हीं साहित्यिक रूपों में गद्यकाव्य एवं पद्यकाव्य के अतिरिक्त साहित्य का एक और भी प्रकार हमारे सामने उपस्थित होता है, जिसे साहित्य–जगत् में 'चम्पूकाव्य' के नाम से जाना जाता है।

**मुख्य शब्द :–** चम्पू–काव्य, सत्–असत्, व्यवहार, स्वरूप, रामायण, महाभारत आदि।

**प्रस्तावना :–**

वस्तुतः चम्पूकाव्य मिश्रित शैली अर्थात् गद्य–पद्य दोनों का सम्मिश्रण होता है।[1] अतः दोनों की (गद्य–पद्य) समष्टिगत रूप से सहृदय सामाजिक विशेष रूप से आनंदित होते हैं और ऐसा अद्वितीय काव्य 'चम्पूकाव्य' नाम से जाना जाता है। 'चम्पू' शब्द की व्युत्पत्ति चुगदिगण के गत्यर्षक 'चापि' धातु से प्रत्यय करने पर 'चम्पयतीति चम्पूः' रूप प्राप्त होता है। इसमें गद्य, पद्य एवं मिश्र तीनों प्रकार के काव्यों की विशेषताएँ समन्वित रूप में पायी जाती है।

चम्पूकाव्य का क्षेत्र निश्चित रूप से बहुत व्यापक है, जो संस्कृत वाङ्मय को एक आह्लादकारिणी गति प्रदान करता है। आचार्य दण्डी भी चम्पूकाव्य को इसी मिश्रकाव्य के रूप में परिभाषित करते हैं।[2]

श्रव्यकाव्य के अंतर्गत प्रबन्धात्मक इस शैली में गद्य का अर्थगौरव और पद्यकाव्य की रागमयता का समिश्रित रूप सहृदयाह्लादकारी होता है, जिससे व्यक्ति उसी प्रकार आनंदित होता है जैसे लोग बाल्य एवं तारुश्य के मध्य अवस्थित कन्या की चारुता से आनंदित होते हैं।[3] संस्कृत साहित्य की परम्परानुसार अधिकांशतः

* शोधार्थी, शासकीय ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय, रीवा मध्य प्रदेश
** शोध निर्देशक, सेवानिवृत्त प्राध्यापक, शास. स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सतना (म.प्र.)

इन चम्पूकाव्यों के मूल स्त्रोत सामान्यतः रामायण, महाभारत तथा अनेक पुराणादि रहे हैं। अतः इसी कारण यह चमत्कृत शैली स्वतः मानव–जीवन के उदात्त भावों से परिपूर्ण एवम् उनके उद्देश्यों को सदसद्–व्यवहार की दृष्टि से सार्थक करता है। इस श्रेणी में यशस्तिलकचम्पू एवं रामायणचम्पू पूर्णतः आदर्श उदाहरण सिद्ध होता है।

**(i) यशस्तिलकचम्पू**

भारतीय संस्कृति के विभिन्न अंगों को प्रकाशित करने वाला ''महाकवि सोमदेवप्रभासूरि'' द्वारा विरचित 'यशस्तिलकचम्पू' महाकाव्य अपनी उत्कृष्टता के कारण साहित्य सागर का अमूल्य एवम् अनोखा रत्न है।

'यशस्तिलकचम्पू' आठ–आश्वास में वर्णित आठ जन्म की नाना योनियों में भ्रमण तथा अंत में जैनधर्म में दीक्षित होते का बड़ा ही उदात्त एवं विशद् आख्यान हैं। जो मनुष्य के कर्माकर्म–विवेकज्ञान तथा उसके सद्–असद् फल को बड़े ही सजीव ढंग से प्रस्तुत करता है। इस काव्य के प्रारम्भ में ही जैसा कि बताया गया है उसी से स्पष्ट होता है कि यह काव्य सज्जनोचित एवं दुर्जनों के व्यवहार की पूर्णतः प्रकट करने तथा उसके अनुसार फल को भी निर्धारित करने में सर्वथा सक्षम है।[4]

प्रथम आश्वास में राजा 'मारिदत्त' अपने राजवंश को अपने स्वच्छंद एवं नीतिसिरुद्ध आचरण से कलुषित करता हुआ प्रतीत होता है और यदि कभी वह सज्जनों के आग्रहवश कोई उचित कार्य करने को उसी प्रकार प्रवृत्त होता है जैसे रोगी व्यक्ति बैद्य के परामर्श से औषधि के लिए तत्पर होते हैं।[5] उससे सज्जन लोग दूर भागते थे वह अपने स्वार्थ एवं धर्मविरुद्ध आचरण से और अपने असत्कर्म से स्वयं पतनोन्मुख होता हुआ कुसंगति में ही सुख का अनुभष करता था क्योंकि दुष्ट एवं मूर्ख व्यक्ति किसी भी सत्पूरुष के परामर्श को स्वीकार नहीं करते, वह सत्पुरुषों से कटु औषधि के समान परहेज करते हैं।

'याशस्तिलकचम्पू' में कथा के माध्यम से सज्जनों एवं दुर्जनों के सत्–असत् व्यवहारों का भी उद्घाटन हुआ कि सत्पुरुष स्वभावतः दूसरों के गुणों का सम्मान उसी प्रकार करने वाले होते हैं, जिस प्रकार पुष्पमाला के पुष्प परस्पर में एक–दूसरे के गुणप्रणयी होते हैं।[6] इस लोक में प्रायः देखा जाता है कि सज्जन व्यक्ति के कार्यों में बाधा का होना उनकी सज्जनता को और भी प्रकाशित करता है इसके विपरीत जो व्यक्ति पाप कर्म में तत्पर होता है उनके कार्य विघ्न–रहित सिद्ध होते हैं। किन्तु वह सिद्धि उसके लिए व्यर्थ होती है।

इस 'काव्य में कुसंगति का जीवन पर प्रभाव दिखाते हुए कहा गया है कि कुसंगति से व्यक्ति के समग्र गुण दोष में परिणत हो जाते हैं।[7] अतः मनुष्य को सदा सत्संगति ही करनी चाहिए। सेवावृत्ति का निषेध करते हुए इस काव्य में उसे संसार का सबसे बड़ा पाप कहा गया है।[8] राजा 'मारिदत्त' अपने स्वार्थ में क्षुल्लक जोड़े की बलि हेतु तत्पर होता है किन्तु उनके तपोबल से वह सौम्य हो जाता है, अर्थात् सत्संगति का प्रभाव सभी को सज्जन बना देता है, यह सभी के लिए अत्यंत दुर्लभ होती है।[9]

इस काव्य में 'राजा यशोर्ध' के सभी क्रिया–कलाप एवम् उसके द्वारा सामाजिक दायित्वों का सदाचारोक्त निर्वाह करते हुए तथा अन्त में इस त्रिगुणात्मक संसार की निःसारता को प्रत्यक्ष देखकर इस भौतिक जीवन का त्याग कर वानप्रस्थी जीवन स्वीकार करना, प्रत्येक सामान्य–जन के लिए जो लौकिक जीवन व्यतीत करते हुए आध्यात्म की ओर अग्रसर होते है, उनके लिए आदर्श एवं अनुकरणीय है। क्योंकि इस नश्चर जीवन में मनुष्य अपने सद्–असद् कर्मविवेक से ही अपने इस जीवन से मुक्ति प्राप्त कर सकता है।[10]

'यशस्तिलकचम्पू' मानव पक्ष के विभिन्न संबंधों तथा उनके व्यवहारों को स्पष्ट करता हुआ पुरुषार्थ को ही उसकी सफलता का कारण मानता है।[11] अर्थात् प्रत्येक व्यक्ति को धर्मानुसार उद्योगशील होना चाहिए। सज्जनपुरुष सभी द्वारा आदरणीय होते हैं, और जो उनका अपमान करता है उनका सब–कुछ नष्ट हो जाता है।[12]

**(ii) चम्पू–रामायण :–**

'चम्पू–साहित्य' की अनुपम–निधि ''चम्पू–रामायण'' ''भोजराज'' (800 ई. से 825 ई.) की सुप्रसिद्ध काव्य रचना है। 'वाल्मीकि–रामायण' के विशाल वस्तुसंविधान को आधार बनाकर 'रामायणचम्पू' की रचना की गई है। 'रामायण–चम्पू' प्रस्तुत शोध–प्रबंध की दृष्टि से तात्कालीन सामाजिक परिस्थिति में उठने वाली मानवीय मनोगत भावों की सजीव अभिव्यंजना हैं। जो साधारण–जनमानस के हृदय को स्वकर्त्तव्य एवं स्वाभाविक सद्प्रवृत्तियों की ओर प्रेषित करने में पूर्णतः समर्थ है।

वस्तुतः इस नवीन चम्पूशैली में वर्णित 'रामायण–चम्पू' मानवीय अन्तः चेतना को एवम् उनके हृदगत् भावों को उजागर करने में पूर्णतः सार्थक सिद्ध होता है। मानवीय जीवन के विभिन्न पक्षों का नैतिक एवं लोकव्यावहारिक दृष्टिकोण का उद्घाटन इस 'रामायण–चम्पू' में हुआ है, जो सहृदयावर्जक है।

'रामायण–चम्पू' में 'श्रीराम' का व्यक्तित्व सभी पक्षों से लोकहितकारी एवम् अनुग्राही सिद्ध होती है। इन्हीं उदात्त गुणों के कारण श्रीराम के सर्वलोकप्रिय एवं प्रजानुरागी स्वरूप की व्यंजना होती है। राजा दशरथ के द्वारा शासित राज्य एवं प्रजा की पालनपद्धति सर्वथा उचित होते हुए भी उनके द्वारा पूर्वजों से प्रत्येक कार्य में मन्त्रणा करना एवं पूर्वजों को ही प्रमाण मानना एक राजा के सद्कर्त्तव्य एवं विनम्रता को द्योतित करता है।

'रामायण–चम्पू' सद्–असद् व्यवहार को अभिव्यंजित करता हुआ, दुर्जन एवं दुश्चरित्र की निंदा करता है, क्योंकि दुष्ट व्यक्ति निर्मल स्थान को भी अपने दुराचार से उसी प्रकार मलिन कर देते हैं, जैसे कुटिल मन्थरा ने सौजन्यशील कैकेयी के निर्मल हृदय में दुर्जनता का प्रादुर्भाव कर दिया।

इस 'चम्पू' में राम द्वारा किया गया व्यवहार एक आदर्श पुत्र के रूप में, भाई के रूप में एवं पति के रूप में अत्यन्त श्लाधनीय है, जो सर्वजन हितकारी एवं नैतिक है। वे माता–पिता की आज्ञा को सर्वोपरि स्वीकार करते हुए बिना विचार के उसे कार्यान्वित करने में तत्पर हो जाते हैं और उस व्यवहार को सभी आचारों में श्रेष्ठ मानते हैं।

'रामायणचम्पू' में लक्ष्मण एवं सीता द्वारा राम के साथ वन जाने हेतु उद्यत व्यवहार उनके भातृस्नेह एवं पतिध्रता धम्र को द्योतित करता है। भरत की विनम्रता एवम् उदात्तता उनके निर्मल गुण को प्रकट करती है। इसी अद्वितीय वैशिष्टध के कारण ही उन्हें 'विनयोज्जवल' कहा गया है। राम औदार्य के मूर्तिमान स्वरूप है। उनके द्वारा मैत्री के प्रति एवं शरणागत विभिषण के प्रति किया गया व्यवहार लोकव्यवहार की दृष्टि से प्रशंसनीय है।

किन्तु दुष्ट कुपथ–गामी 'रावण अपने दुष्चरित्र के कारण अपने कुल को अलंकित करता हुआ, अपने कर्त्तव्याकर्त्तव्य–विवेक का त्याग करते हुए सीता का अपहरण कर अपने अति–निंदित व्यवहार को प्रकट करता है। क्योंकि कुलीन व्यक्ति परस्त्री विषयक अनुराग को लज्जा एवं कुलधातक मानते है। 'रावण' भी अपने इसी कुकृत्य एवम् अत्यधिक अहंकार के कारण अपने कुल के नाश का कारण बनता है।

निष्कर्षतः इस प्रकार कह सकते हैं कि 'रामायणचम्पू' सद्–असद् व्यवहार की दृष्टि से सर्वजन ग्राह्य एवम् अनुकरणीय है, जो मानव के विभिन्न लोकव्यवहारों का एक उदाहरण सबके समक्ष प्रस्तुत करने में सर्वथा सार्थक सिद्ध होता है।

**संदर्भ स्रोत :–**


1. गद्यपद्यमय काव्य चम्पूरित्यभिधोवते।। (सा.द. 6/336 )
2. गद्यपद्यमयी काचिच्चम्पूरित्र्वाभधोवते। (काव्यादर्श, 1/31 )
3. गद्यावली पद्यपरम्परा च प्रत्यक्रमप्यावहति प्रमोदम्। हर्ष–प्रकर्ष तनुते मिलित्वा द्राक् कल्यावारूप्रदवतोव कन्या।। (जीवन्धर चम्पू, 1/9)
4. दुर्जनाना विनोदाय बुधाना मति जन्मने। मध्यस्थानां न मौनाव मन्ये काव्यमिदं भवेत्।। (वशस्तिलकचम्पू, 1/22)

5. परिपाकगुणकारिणी क्रियामकल्पस्वेव परोपराधादुपयुंचानस्य,
सत्पुरुषगोष्ठी विषादप्यनिष्टतरा परिगणवतः।
(वशस्तिलकचम्पू, पृ. 25)
6. सक्कुसुमेरिव निसर्गगुणप्रणयिभिः।
(वशस्तिलकचम्पू, पृ. 50)
7. ससर्गेण गुणा अपि भवन्ति दोषास्तदद्भुत नैव।
स्थितमधरं रमणीनाममृत चेतासि कलुषयति।।
(वशस्तिलकचम्पू, 1/79)
8. सत्वं दूरं विहरति सम साधुभवेन पुस।
सेवावृत्तेः परिमिह पर पातकं नास्ति किचित्।।
(वशस्तिलकचम्पू, 1/130)
9. संसारसागरमिमं भ्रमता नितान्तं जीवेन मानवभवः समवापि दैवात्।
तत्रापि वद्भुवनमान्यकुले प्रसूतिः सत्संगतिश्च तदिहान्धकवर्तकीयम्।।
(वशस्तिलकचम्पू, 2/153)
10. कर्मामवानुभवन्सत्पुरुषः परोऽपि प्राप्नेति पातमशुभासु भवावनीषु।
तस्मात्तयोः परमभेदविदो विदग्धः श्रेयस्तदादधतु यत्र न जन्मयोगः।।
(वशस्तिलकचम्पू, 2/126)
11. पुण्यपापे नृणां देव ते च स्वाभाविके न हि।
कि तूभयं समोहातस्तद्दैव कः सुधोर्भजेत्।।
(वशस्तिलकचम्पू, 3/47)
12. श्रीमान्विधे प्रप्तादेन यः सत्सु न कृतादरः।
आरण्यकुसुमानीव नीरर्थास्तस्य संपदः।।
(वशस्तिलकचम्पू, 3/280)

SHODH CHETNA – YEAR-8, VOL. 2 (APR. TO JUNE, 2022) ISSN : 2350-0441
A Peer-Reviewed & Refereed
International Multifocal
Research Journal
IMPACT-FACTOR
SJIF - 5.999
Paper Recieved : 5th Apr. 22 Paper Accepted : 25th Apr. 22

# भारतीय अस्मिता बोध और संवेदना के संवाहक माधवराव सप्रे

❑ डॉ. अंगद कुमार सिंह*

**शोध सारांश**

भारत ने कभी किसी का दुर्भावनावश अहित नहीं किया है बल्कि दुर्भावनाग्रस्त देश को भी गले लगाकर उसकी पीठ थपथपाई और सद्भाव व्यक्त किया, सहानुभूति तथा संवेदना की डोर में बाँधकर उसके प्रति सिर्फ़ प्रेम प्रकट किया।माधवराव सप्रे जी में भारतीय अस्मिता और संवेदना इस तरह कूट–कूटकर भरी हुई थी कि वे देशभक्ति के भाव से सराबोर होकर घर आयी और अंग्रेज सरकार द्वारा दी गयी 'तहसीलदार' की नौकरी को ठोकर मार दी।माधवराव भारतमाता के अमर और महान क्रांतिकारी सपूत के साथ–साथ उल्लेखनीय तथा संवेदनशील पत्रकार भी थे, हिन्दीभाषा के प्रोत्साहक थे तो प्रखर चिन्तक और विचारक भी, छत्तीसगढ़ पत्रकारिता के पितामह और मनीषी सम्पादक थे तो स्वतन्त्रता संग्राम के वीर सेनानी भी, सार्वजनिक कार्यों–हेतु तन–मन–धन अर्पित करने वाले स्वयं सेवक तैयार करने के प्रणेता थे तो प्रेरक–मार्गदर्शक गुरु भी, आज़ादी का बिगुल बजाने वाले थे तो प्रतिभा को पहचान कर पत्रकार बनाने वाले भी। सप्रे जी ने हिन्दी–पत्रकारिता द्वारा अपनी लेखनी की धार को तेज और प्रखर बनाकर हिन्दी नवजागरण में विशेष योगदान दिया तथा वे आधुनिक युग के भारतेन्दु मण्डल के समान पत्रकार और साहित्यकार दोनों गुणों से समुन्नत भी थे। पत्रकार होने के कारण राव जी समाज व राष्ट्र की ज्वलन्त समस्याओं को आसानी से पकड़ लेते थे तो साहित्यकार होने के कारण सच को जनता के समक्ष समझने लायक बनाकर उनकी भाषा में आसानी से व्यक्त कर देते थे।माधवराव सप्रे ऐसे स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी, प्रेरक व्यक्तित्व, मार्गदर्शक–गुरु, आज़ादी के अगुवा होने के साथ–साथ एक निर्भीक, निष्पक्ष और प्रभावी पत्रकार–सम्पादक थे। उनमें भारतीय अस्मिताबोध और भारत–जननी के प्रति ममतालु संवेदना के चटकचिह्न मौजूद थे। माधवराव जी के सम्पूर्ण चिन्तन–क्षितिज का सर्वेक्षण और आकलन करने के पश्चात् यह बात स्वतः ध्वनित हो उठती है कि वे एक विशालहृदयी पत्रकार थे। अपने समय, समाज और राष्ट्र के प्रति जाग्रत पत्र–पण्डित थे। माधव जी पत्रकारिता के क्षेत्र में एक प्रतिमान रहे हैं।

**कीवर्ड** : भारतीय परम्परा, संस्कार, अस्मिता,संवेदना, क्रांतिकारी, छत्तीसगढ़ मित्र।

* असिस्टेण्ट प्रोफेसर (हिन्दी), जवाहरलाल नेहरू पी.जी. कॉलेज, बाँसगाँव, गोरखपुर (उ.प्र.), भारत – 273403, मो. नं. : 7460856206, ई–मेल : anagadkumarsingh01@gmail.com

**साहित्य–समीक्षा :**

सदियों पहले भारतीय इतिहास में विश्व को एक परिवार मानते हुए 'बसुधैव कुटुम्बकम्' की भावना विकसित की गयी। भारत सिर्फ़ अपने ही देश को परिवार नहीं मानता बल्कि पूरी दुनिया में जितने भी देश हैं सभी को अपना परिवार और कुटुम्ब मानता है। भारत ने कभी किसी का दुर्भावनावश अहित नहीं किया है बल्कि दुर्भावनाग्रस्त देश को भी गले लगाकर उसकी पीठ थपथपाई औरसद्भाव व्यक्त किया, सहानुभूति तथासंवेदना की डोर में बाँधकर उसके प्रतिसिर्फ़ प्रेम ही प्रकट किया। यही कारण है कि कई समुदाय के लोग अपने मूल स्थान को छोड़कर यहाँ आकर सानन्द जीवनयापन कर रहे हैं। जिसका देश पूरे विश्व को अपना परिवार मानता है वह कैसे यहाँ की संस्कृति, सभ्यता, सद्भावना, सहानुभूति एवं संवेदना से अपने को दूर रख सकता? उसके भीतर भी भारतीय परम्परा, संस्कार और संवेदना का आ जाना स्वाभाविक है। भारतीय संवेदना को अपनाकर यहाँ के लोगों ने हमेशा दूसरों की मदद करने के लिए अपने हाथों को बढ़ाया है। इन्हीं सहायता करने वालों में एक नाम 'माधवराव सप्रे' का भी है।

माधवराव सप्रेजी में भारतीय अस्मिताबोध और संवेदना इस तरहकूट–कूटकर भरी हुई थी कि वे देशभक्ति के भाव से सराबोर होकर घर आयी और अंग्रेज सरकार द्वारा दी गयी 'तहसीलदार' की नौकरी को ठोकर मार दी। सप्रे जी भारतीय संवेदना को जन–जन तक पहुँचाने के लिए बामन लाखे महोदयके सहयोग से एक मासिक पत्रिका 'छत्तीसगढ़ मित्र' का सन् 1900 में सम्पादन बिलासपुर जिले के छोटे से गाँव 'पेण्ड्रा' से किया। इस पत्रिका ने मात्र 3 वर्ष की अल्पायु में वह कर दिखाया जो आज–कल के बड़े–बड़े समाचार–पत्र या पत्रिका भरपूर संसाधन होते हुए भी नहीं कर पा रहे हैं। अर्थाभाव और तमाम संघर्ष के कारण यह पत्रिका 1903 में स्थगित हो गयी।

माधवराव भारतमाता के अमर और महान क्रांतिकारी सपूत के साथ–साथ उल्लेखनीय तथा संवेदनशील पत्रकार भी थे, हिन्दीभाषा के प्रोत्साहक थे तो प्रखर चिन्तक और विचारक भी, छत्तीसगढ़ पत्रकारिता के पितामह और मनीषी सम्पादक थे तो स्वतन्त्रता संग्राम के वीर सेनानी भी, सार्वजनिक कार्यों–हेतु तन–मन–धन अर्पित करने वाले स्वयं सेवक तैयार करने के प्रणेता थे तो प्रेरक–मार्गदर्शक गुरु भी, आज़ादी का बिगुल बजाने वाले थे तो प्रतिभा को पहचान कर पत्रकार बनाने वाले भी। सप्रे जी ने हिन्दी–पत्रकारिता द्वारा अपनी लेखनीकी धार को तेज़ और प्रखर बनाकर हिन्दी नवजागरण में विशेष योगदान दिया तथा वे आधुनिक युग के भारतेन्दु मण्डल के समान पत्रकार और साहित्यकार दोनों गुणों से समुन्नत भी थे। पत्रकार होने के कारण राव जी समाज व राष्ट्र की ज्वलन्त समस्याओं को आसानी से पकड़ लेते थे तो साहित्यकार होने के कारण सच को जनता के समक्ष समझने लायक बनाकर उनकी भाषा में आसानी से व्यक्त कर देते थे।'छत्तीसगढ़ मित्र' मासिक पत्रिका के अलावा सप्रे जी ने लोकमान्य तिलक द्वारा सम्पादित 'मराठा केसरी' को 'हिन्दी केसरी' के रूप में सम्पादित किया तथा हिन्दी–कवियों और लेखकों को एकता के सूत्र में बाँधने और हिन्दीभाषा–छत्र के नीचे लाने के लिए 'हिन्दी–ग्रन्थमाला' के अन्तर्गत अनेक पुस्तकों का प्रकाशन किया एवं'कर्मवीर' जो जबलपुर से प्रकाशित हुआ उसके प्रकाशन में भी महती भूमिका निभायी। ख़ुद मराठीभाषी होकर भी हिन्दीभाषा को अपनी लेखनी का आधार बनाया। माधव जी स्वयं कहते थे कि, ''मराठी मेरी मातृभाषा है, पर मैं अपनी माँ की गोद में नहीं पला हूँ। हिन्दी मेरी मौसी है और यही मुझे पाला–सम्भाला करती है इसीलिए जो कुछ भी मुझसे सेवा बनी, मौसी की ही कर पाया।'' इसमें कोई सन्देह, किसी को भी नहीं करना चाहिए कि 'हिन्दी मौसी' के इस प्रेम को सप्रे जी अपने से कभी अलग नहीं कर पाये और आजीवन इसकी सेवा में तल्लीन रहते हुए ख़ुद को समर्पित कर दिया–महावीरप्रसाद द्विवेदी के समान।

माधवराव सप्रे जिस समय हिन्दीगद्य–लेखन–क्षेत्र में अपने पैर बढ़ाने शुरू किये थे उस समय हिन्दी–गद्य सृजनकर्त्ताओं को हेय समझा जाता तथा उपहास में 'कत्थक' की उपाधि से विभूषित किया जाता था। ऐसे विषम वातरवरण में मज़बूती के साथ पैर जमाकर बढ़ते हुए सप्रे जी ने हिन्दीगद्य के पक्ष में जबरदस्त वकालत करते हुए कहा है कि, ''जिन लोगों की रुचि गद्य की ओर नहीं झुकती, जो लोग गद्य लिखने वालों को कत्थक कहते हैं उनके लिए यही उपाय है कि हिन्दी के सुलेखक निराशा से हत न होकर धीरे–धीरे अपना कर्त्तव्य करते जायें, आज नहीं तोकल, दस–बीस वर्षों में कभी न कभी पठित समाज पर यह बात विदित हो जायेगी कि हिन्दी साहित्य का गद्य–साहित्य, बिना गद्य–लेखकों के पूरा नहीं होगा।''

पत्रकारिता की जिम्मेदारी बखूबी निभाने के साथ ही सप्रे जी ने 'स्वदेशी आन्दोलन और बायकॉट', 'जीवन–संग्राम में विजय प्राप्ति के कुछ उपाय', 'भारतीय युद्ध' आदि जैसे मौलिक ग्रन्थों की रचना किये तो समर्थ रामदास के मूलतः मराठी में रचित 'दासबोध', लोकमान्य तिलक लिखित 'गीतारहस्य' तथा चिन्तामणि विनायक वैद्य प्रणीत 'महाभारत–मीमांसा' (महाभारत–मीमांसा, लक्ष्मीनारायण प्रेस, बनारस, प्रथम संस्करण, 1920, पृष्ठ 4, भूमिका) के अलावा दत्त भार्गव, श्रीराम चरित्र, एकनाथ चरित्र और आत्मविद्या जैसे मराठी–ग्रन्थों का हिन्दीभाषा में अनुवाद किया। 'स्वदेशी आन्दोलन और बायकॉट' ऐसी पुस्तक माधव जी ने लिखी जिससे अंग्रेज के हुक्मरान भयभीत हो गये और इसको जब्त कर लिया। राव जी में अपनी राष्ट्रभाषा हिन्दी और देश के प्रति अपार श्रद्धा–भक्ति तथा समर्पणका भाव विद्यमान था। इसलिए मृत्यु के आने से पहले उन्होंने यह उद्घोषणा की थी कि,''मुझे मोक्ष प्यारा नहीं, मैं फिर से जन्म लूँगा, देश का तो मोक्ष अभी हुआ नहीं।''

पत्रकार माधवराव ने जो स्वप्न देखा था उसके बारे में अपने 'छत्तीसगढ़ मित्र' (जनवरी 1900 में प्रकाशित) के प्रथम अंक में 'आत्म परिचय' देते हुए लिखा था कि, ''जिस मध्यप्रदेश में लोकशिक्षा का परिणाम बिल्कुल कम है और उसके विभाग (छत्तीसगढ़) में वह केवल शून्यवत है। वहाँ विद्या वृद्धि के लिए आध ुनिक नूतन मार्ग निकाले जायें अर्थात् नयी–नयी शालाएँ स्थापित की जायें, विद्यार्थियों को आर्थिक सहायता दी जाय। भाषा में सुलेखकों को उत्तेजन दिया जाय, ग्रन्थ प्रकाश करने वाली मण्डलियाँ उपस्थित की जायें, प्रकाशित ग्रन्थों की समालोचना करने वाली ग्रन्थ परीक्षक सभाएँ बनायी जायें और समाचार–पत्र तथा मासिक पुस्तक प्रसिद्ध की जायें–यह हमाराअन्तिम उद्देश्य है।'' अपने स्वप्न को पूरा करने के लिए वे दिन–रात लगे रहे और उनका यह सपना समयानुसार पूर्ण हुआ तथा वे दो संस्था–पहली, 'राष्ट्रीय विद्यालय' और दूसरी, 'जानकी महिला पाठशाला' 1921 में रायपुर की धरती पर स्थापित किये तथा संचालन की पूरी जिम्मेदारी स्वयं सम्भाली। अपने अध्यापकीय जीवन में सप्रे जी ने अनेक प्रतिभाओं को खोजकर निकाला, फिर तराशा तथा बिना कोई शुल्क लिए उनके शिक्षा–दीक्षा की व्यवस्था की।

माधवराव सप्रे आजीवन संघर्ष करते रहे। कभी पत्रकार के रूप में तो कभी साहित्यकार के रूप में, कभी भाषा–परिष्कारक के रूप में तो कभी प्रखर चिन्तक के रूप में, कभी वीर सेनानी के रूप में तो कभी मार्गदर्शक–गुरु के रूप में। आपके इन्हीं संघर्षों और कर्त्तव्यबोध के कारण पं माखनलाल चतुर्वेदी ने 11 सितम्बर, 1926 को अपने पत्र 'कर्मवीर' में बहुत ही सटीक टिप्पणी करते हुए लिखा कि, ''पिछले पच्चीस वर्षों तक पं. माधवराव सप्रे जी हिन्दी के एक आधार स्तम्भ, साहित्य, समाज और राजनीति की संस्थाओं के सहायक उत्पादक तथा उनमें राष्ट्रीय तेज भरने वाले, प्रदेश के गाँवों में घूम–घूमकर, अपनी क़लम को राष्ट्र की जरूरत और विदेशी सत्ता से जकड़े हुए गरीबों का करुण क्रन्दन बना डालने वाले, धर्म में ध ँसकर, उसे राष्ट्रीय सेवा के लिए विवश करने वाले तथा अपने अस्तित्व को सर्वथा मिटाकर, सर्वथा नगण्य बनाकर अपने आस–पास के व्यक्तियों और संस्थाओं के महत्त्व को बढ़ाने और चिरंजीवी बनाने वाले थे।''[1]

**निष्कर्ष :**

समग्रतः माधवराव सप्रे ऐसे स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी, प्रेरक व्यक्तित्व, मार्गदर्शक–गुरु, आज़ादी के अगुवा होने के साथ–साथ एक निर्भीक, निष्पक्ष और प्रभावी पत्रकार–सम्पादक थे। उनमें भारतीय अस्मिताबोध ा और भारत–जननी के प्रति ममतालु संवेदना के चटकचिह्न मौजूद थे। माधवराव जी के सम्पूर्ण चिन्तन–क्षितिज का सर्वेक्षण और आकलन करने के पश्चात् यह बात स्वतः ध्वनित हो उठती है कि वे एक विशालहृदयी पत्रकार थे। अपने समय, समाज और राष्ट्र के प्रति जाग्रत पत्र–पण्डित थे। माधव जी पत्रकारिता के क्षेत्र में एक प्रतिमान रहे हैं। सार्वजनिक जीवन में खुली क़िताब की तरह थे। उन्हें कोई भी बाँच सकता था। प्रेरणा के सूत्र प्राप्तकर सकता था। सप्रे जी सही अर्थ में भारतीय संवेदना के संवाहक थे। उन्होंने भारतबोधके लिए अपनी मौलिक और नितान्त नवीन दृष्टि विकसित की थी।

**सन्दर्भः**

1. माधवराव सप्रे का महत्त्व, तद्‌भव मूल से 24 नवम्बर, 2009 को पुरालेखित, अभिगमन तिथि 2 मई, 2009

SHODH CHETNA – YEAR-8, VOL. 2 (APR. TO JUNE, 2022) ISSN : 2350-0441
A Peer-Reviewed & Refereed
International Multifocal
Research Journal
IMPACT-FACTOR
SJIF - 5.999
Paper Recieved : 1st June 22 Paper Accepted : 10th June 22

# राष्ट्रीय चेतना के संवाहक कवि : भूषण

❑ डॉ. यामिनी राय*

**शोध सारांश**

निर्विवाद रूप से हिन्दी साहित्य–वाणी का उत्तर मध्यकाल अर्थात् रीतिकाल एक श्रेष्ठ काव्यखण्ड है। इस काव्ययुग को ओझल–दृष्टि में रखकर न तो आगे बढ़ा जा सकता है और न ही पूर्ववर्ती काव्यजगत् का सही–सटीक मूल्यांकन और परख किया जा सकता है। दरअसल, हिन्दी का रीतियुग वह काव्यसेतु है जिसके ऊपर आवाजाही बनाकर वीरकाव्य, भक्तिकाव्य और आधुनिककाव्य की अन्तर्भूमि को ठीक से समझा–देखा जा सकता है। रीतिभूमि में शास्त्रकवि, काव्यकवि और शास्त्र–काव्योमय कवि साथ–साथ काव्ययात्रा करते दिखलाई पड़ते हैं। काव्यप्रतिभा का अथाह सागर जितनी तरंगों में यहाँ मौजूद है उतनी कला–सुषमा में अन्य युगों में नहीं। रीतिकाव्य की चारदीवारी में 'काव्यशास्त्र' की प्रयोगशाला है तो 'भक्तिकाव्य' की लोकगंगा भी। 'वीरकाव्य' की प्रशस्त रंगशाला है तो 'नीतिकाव्य' का निपुण सन्निधान भी। 'विनोदकाव्य' का हास्यलोक विद्यमान है तो 'राष्ट्रीय चेतना' का युगवाही उच्छ्वास भी। जाने कितने और भी अनेक काव्यरंग अन्योक्ति–समासोक्ति में मौजूद हैं जो काव्यपाठ और अर्थ की अभिव्यंजना में मनोरम सुख सौंपते हैं।

'रीति' की काव्यभूमि में छोटे–बड़े हजार कवि मिलते हैं। मगर, जिन कवियों से इस युग की पहचान बनती है, उनमें केशव, बिहारी, घनानन्द, सेनापति, मतिराम, वृन्द, भूषण प्रभृति चार–छह और कवि प्रतिनिधि के रूप में आते हैं। पाठ–शोध, अध्ययन–अध्यापन के विषय बनते हैं।

रीतिकालीन कवियों में भूषण का स्थान वीर–ओज और राष्ट्रीय चेतना के संवाहक–कवि के रूप में सुरक्षित है। हिन्दी के चन्दवरदायी, जगनिक, लालकवि, सूदन, ग्वालकवि, बाँकीदास, गंगाराम, प्राणनाथ, सेनापति, वृन्द, भूषण, दिनकर और श्यामनारायण पाण्डेय आदि वीरकाव्य–प्रणेता कवियों की योगदायी काव्यभूमिका की चर्चा जब भी उठेगी, कवि भूषण का नाम आदर और सम्मान के साथ लिया जायेगा।

'मॉडर्न वर्नाक्यूलर लिटरेचर ऑफ हिन्दुस्तान' के मुताबिक भूषण का आविर्भाव सं. 1660 विक्रमी में हुआ था। कानपुर के निकटस्थ तिकवाँपुर नामक स्थान पर पिता पं. रत्नाकर त्रिपाठी के घर पैदा हुए कवि भूषण चिन्तामणि–मतिराम–नीलकण्ठ समेत चार भाई थे। भूषण–कृत 'शिवराजभूषण' के छन्द–वर्ग 25–28 के आधार पर अन्तःसाक्ष्य मिलता है कि चित्रकूट के महाराज हृदयराम के पुत्र रुद्रसोलंकी ने आलोच्य कवि को 'भूषण' की उपाधि से आभूषित किया था। 'भूषण' उपनाम इतना प्रचलित और प्रख्यात हो गया

* एसो. प्रोफेसर (हिन्दी विभाग), श्यामेश्वर महाविद्यालय, सिकरीगंज, गोरखपुर

कि उनका जन्म–नाम, वास्तविक नाम दबकर विलुप्त हो गया। यह नाम–सन्दर्भ आज तक शोध का विषय बना हुआ है।

भूषण–ग्रन्थावली तथा प्राप्त अन्य गवेषणात्मक आलोचना–ग्रन्थों के आधार पर भूषण–कृत छह काव्यग्रन्थ बतलाये जाते हैं–1. शिवराजभूषण 2. भूषण हजारा 3. भूषण उल्लास 4. दूषण उल्लास 5. शिवाबावनी 6. छत्रसालदशक। इन कृतिकाव्यों के अतिरिक्त भूषण के अनेक स्फुट छन्द भी प्राप्त हैं।

भूषण के प्रमुख आश्रयदाता छत्रपति महाराज शिवाजी और छत्रसाल बुन्देला रहे हैं। दोनों दरबारों में कवि भूषण को अधिक मान–सम्मान प्राप्त था। 'शिवाबावनी' को शिवाजी ने और 'छत्रसालदशक' को छत्रसाल ने कई–कई बार सुना और प्रफुल्लित–रोमांचित हुए। शौर्य के प्रतिमान दोनों वीर–नायकों से समान रूप से प्रभावित काव्यवीर कवि भूषण काव्यगाथा में एक प्रशस्तिमूलक टिप्पणी कर वीरकाव्य–पाठकों के प्रियभाजन बन गये– पसिवा को बखानों कि बखानों छत्रसाल कोय। सचमुच, शिवाजी ने भूषण का और भूषण ने शिवाजी का व्यक्तित्व–निर्माण किया है। एक का नाम पाठक की लोकजिह्वा पर चढ़ते ही दूसरे का स्वतः उछल उठता है।

हिन्दी–साहित्य के 'रीतिकाल' में यद्यपि शृंगारपरक रचनाओं का ही प्राधान्य रहा है, किन्तु वीररस की धारा भी अपने मन्द–क्षीण प्रवाह में चलती रही। इस काल में जो वीर–रसात्मक रचनाएँ लिखी गयीं, वे पाँच पद्धतियों पर रचित हैं– शुद्ध वीरकाव्य, शृंगारमिश्रित वीरकाव्य, अनूदित वीरकाव्य, भक्तिभावित वीरकाव्य और प्रकीर्ण वीरकाव्य। सामान्यतः वीरकाव्य के रचयिता राज्याश्रित होते थे। भूषण इसी युग की सृष्टि थे। भूषण रीतिकालीन परम्परा के कवि होते हुए भी वीररस के प्रसिद्ध कवि हुए तथा उन्होंने वीरकाव्यों की रचना की। 'शिवराजभूषण', 'शिवाबावनी', 'छत्रसालदशक', 'भूषणहजारा' इनकी प्रमुख रचनाएँ हैं।

कवि भूषण ने शिवाजी के आश्रय में ही 'शिवराजभूषण' (1673), 'शिवाबावनी' तथा अनेक स्फुट छन्दों की रचना की। छत्रसाल की प्रशस्ति में इन्होंने 'छत्रसालदशक' की रचना की। एक जनश्रुति के आधार पर कतिपय विद्वान इन्हें रीतिकालीन कवि चिन्तामणि और मतिराम का भाई स्वीकार करते हैं। जब समस्त युग शृंगार के विलास में डूबा हुआ था, उस समय भूषण जैसा कवि अपनी ओजस्वी वाणी से वीरकाव्य की सर्जना में लीन था। वीररस के प्रसिद्ध राष्ट्रीय कवि भूषण के आगमन का समय हिन्दी साहित्य के इतिहास का वह समय है जबकि कविकर्म केवल आश्रयदाताओं की प्रशंसा करना और उनकी कुत्सित–कलुषित भावनाओं के अनुरूप साहित्य का सृजन करना रह गया था। भूषण वीररस के प्रणेता और राष्ट्रीयता के कवि थे। यद्यपि कुछ समीक्षकों ने जातीयता से प्रभावित कवि कहा है, किन्तु सत्य इसके विपरीत है। वीरभावों के पोषक राष्ट्रीय कवि भूषण का स्थान समस्त वीरकाव्यों में सर्वोपरि ठहरता है।

कवि–कर्म में सफलता की ऊँचाइयों पर पहुँचने वाले कवि भूषण को युग–परम्परा के आचार्य–कर्म में असफलता मिली है। प्रशस्तिपरक काव्य की रचना के कारण शृंगारिक कवियों के समान उन्हें कल्पना की ऊँची उड़ान भरने का अवकाश न मिल सकने के कारण रचनाओं में एकदम नये बिम्बों का कुछ सीमा तक अभाव रहा है। तथापि विषय के अनुरूप जिस ओजपूर्ण वाणी की अपेक्षा होती है वह उनमें सर्वत्र दृष्टिगत होती है। इसके निर्वाह के लिए संस्कृत, प्राकृत, अपभ्रंश, अरबी–फारसी तथा ब्रजभाषा और क्षेत्रीय बोलियों के ओजपूर्ण शब्दों की योजना ही उन्होंने नहीं की, बल्कि आवश्यकतानुसार शब्दावली को तोड़–मरोड़कर विकृत करने में भी संकोच नहीं किया। कवि भूषण वाणी के ओज पर पूर्ण दृष्टि रखने के कारण सामान्य रूप से उन तत्त्वों का सन्निवेश नहीं कर पाये जिनसे वीररस का परिपाक होता है। फिर भी उनकी वाणी का ओज अपने आपमें ऐसा है कि ये अभाव उसके भीतर दब जाते हैं। आपकी रचनाओं को पढ़ने के बाद सहृदय पाठक आनन्दविभोर होकर वीरोचित स्फूर्ति का अनुभव करता है।

**भूषण की रचनाएँ :**

वीररस के प्रसिद्ध कवि भूषण की तीन रचनाओं को प्रमुख माना गया है–'शिवराजभूषण', 'शिवाबावनी', 'छत्रसालदशक'।

**शिवराजभूषण :**

'शिवराजभूषण' भूषण का सबसे प्रसिद्ध ग्रन्थ है। यह एक अलंकार–ग्रन्थ है। यह लक्षण दोहों में और कवित्त सवैयों में है। सभी उदाहरणों में शिवाजी के शौर्य का वर्णन है। भूषण ने औरंगजेब के अत्याचारों की कलियुग के अत्याचार से तुलना करते हुए बड़ा ही विशद वर्णन किया है। उन्होंने पौराणिक भावनाओं का सहारा लेकर भी अनेक स्वाभाविक मनोचित्र उपस्थित किये हैं। भूषण ने शिवाजी के व्यवहार, राजनीति आदि का भी बड़ा सांगोपांग वर्णन किया है। स्थान–स्थान पर शिवाजी की दानशीलता और कृपामयता का वर्णन किया है। शिवाजी की अनेक विजयों का बड़े ही विस्तार से वर्णन हुआ है। इस कृति में शिवाजी के जीवन का अत्यन्त आकर्षक, महत्त्वपूर्ण और ओजस्वी वर्णन प्रस्तुत किया गया है।

**शिवाबावनी :**

'शिवाबावनी' भूषण के प्रसिद्ध काव्यों में से एक है। भूषण के ही संकलित पदों के संग्रह 'शिवाबावनी' के 52 छन्दों में शिवाजी की अद्भुत कीर्ति का वर्णन किया गया है। कवित्त और छप्पय छन्द में रचित यह मुक्तक रचना है। इसमें शिवाजी के प्रताप, रण–प्रस्थान, युद्ध, तलवार, नगाड़ा, पराक्रम, विजय आदि का वर्णन प्रस्तुत किया गया है। भूषण ने इस काव्य–रचना में शिवाजी के शौर्य के साथ–साथ शत्रुओं की दुर्दशा का सजीव वर्णन किया है। इसमें रूपक, अप्रस्तुत–प्रशंसा, अतिशयोक्ति, सम्भावना, अनुप्रास, यमक आदि अलंकारों की छटा द्रष्टव्य है। इस काव्य की भाषा परिष्कृत ब्रजभाषा है। ब्रजभाषा के अतिरिक्त फारसी, अरबी, बुन्देलखण्डी और राजस्थानी आदि भाषाओं के प्रचलित प्रयोग भी मिलते हैं। अतः यह भूषण की एक ऐसी कृति है जिसमें साहित्य और इतिहास–सम्बन्धी तत्त्व सुरक्षित हैं। निश्चय ही यह भूषण की वीर–भावाभिव्यंजक रचना है।

**छत्रसालदशक :**

भूषण की एक प्रसिद्ध रचना है 'छत्रसालदशक'। इसमें केवल दस छन्द हैं, जिसमें 9 कवित्त तथा 1 सवैया है। भूषण ने इस काव्य में अपने आश्रयदाता बुन्देला वीर–केसरी छत्रसाल के प्रताप, शौर्य, पराक्रम, रण, तलवार आदि का वर्णन किया है। इसमें भूषण ने छत्रसाल के विपक्षियों के रूप में मुहम्मद अली खाँ, तहवर खान और शेर अफगान आदि का सांकेतिक वर्णन किया है। इसमें वीररस की प्रधानता है। इसमें छन्द–योजना के अन्तर्गत अनुप्रास, उत्प्रेक्षा, यमक, उपमा और रूपक आदि अलंकारों का सफल एवं स्वाभाविक प्रयोग हुआ है। यह रचना 'भूषण–ग्रन्थावली' में प्रकाशित है।

**भूषण : राष्ट्रीय चेतना के कवि :**

हिन्दी साहित्य के रीतिकाल में भूषण एक ऐसे कवि हैं जो राष्ट्रीय भावना से ओतप्रोत थे। निश्चयतः यही वह एक ऐसा समय था जब समाज दुरवस्था में था, राष्ट्र पतन की ओर जा रहा था, राज्यसभा स्वार्थ और पक्षपात से भरपूर थी, राज्यों में विघटन हो रहा था, समाज में अस्थिरता छाई हुई थी, धार्मिक क्षेत्र में अराजकता बढ़ रही थी तथा राजनीति में अविश्वास और अनाचार–कदाचार पनप रहे थे। ऐसी विषम परिस्थितियों में भूषण ने जो कार्य किया वह समाज को सही दिशा देने वाला था। धर्म का रक्षक था। अच्छी सत्ता का प्रतिष्ठापक था। राष्ट्रोत्थान का कार्य था। राष्ट्रीय कवि तथा राष्ट्रीय भावना का कवि उसे कहते हैं जिसमें अपने देश के प्रति तीव्र अनुराग हो और जो अपनी संस्कृति का प्रेमी हो। राष्ट्र के उत्थान में लगा रहता हो, सामाजिक उत्थान के लिए चिन्तित हो। धर्म की रक्षा के लिए संकल्पनिष्ठ हो। ये सभी विशेषताएँ भूषण और उनके राष्ट्रवादी चरितनायकों में मिलती हैं। इस प्रकार भूषण को 'राष्ट्रीय कवि' और उनकी कविता को 'राष्ट्रीय कविता' कहना अत्युक्ति नहीं है।

कहने की आवश्यकता नहीं कि भूषण एक राष्ट्रीय कवि थे और आज भी उनकी कविता हमें राष्ट्रीय संचेतना का सन्देश देती है। सही अर्थों में भूषण राष्ट्रप्रेमी वीरभावों के पोषक और धर्म के रक्षक कवि थे। भूषण की कविता में जनता के हृदय का स्वर बोल रहा था। उसमें भारतीय राष्ट्र एवं राष्ट्रीय जवीन की अनुगूँज है। यही कारण है कि भूषण को जातीय कवि कहने की अपेक्षा राष्ट्र का प्रतिनिधि कवि मानना चाहिए। भूषण ने जिन दो वीर राष्ट्रनायकों को अपना काव्यनायक बनाया है, वे हैं– शिवाजी और छत्रसाल। दोनों युगनायक त्रस्त और अवसादग्रस्त भारत के

भीतमुक्त राष्ट्र का पुनर्निर्माण कर रहे थे। यही कारण है कि भूषण एक राष्ट्रीय कवि थे।

यद्यपि कि भूषण एक रीति–कवि हैं किन्तु उनका वैशिष्ट्य रीतिकार के रूप में न होकर एक कवि के रूप में ही है। भूषण ने अपने काव्य में आश्रयदाताओं की वीरता का गान किया है। अतएव यह स्वाभाविक है कि उनकी कविता वीररस–प्रधान है। वीररस के साथ–साथ रौद्र, भयानक और वीभत्स रसों का समुचित परिपाक भी भूषण के काव्य में देखने को मिलता है। भूषण का काव्य राष्ट्रीयता के भावों का वाहक है। भूषण ने अपनी वाणी ब्रजभाषा में निबद्ध की है। उनकी भाषा ओजपूर्ण और रसानुकूल है। उसमें युद्ध के कोलाहल, वीरों के दर्प, बादलों की कड़क एवं तलवारों की खनक का सम्मिलित स्वर गुंजायमान है। उसमें यदि एक ओर यथास्थान बुन्देलखण्डी तथा वैसवाड़ी के शब्द हैं तो दूसरी ओर अरबी, फारसी और तुर्की के शब्दों का अभाव नहीं है। शब्द–प्रयोग के समय कवि का मुख्य ध्यान उनकी रसानुकूलता तथा प्रभाव–क्षमता की ओर रहा है। इसी के साथ ही वे मानव–हृदय में ऐसी उमंग भर देते हैं कि रग–रग में रक्त ऊष्ण होकर तीव्र गति से प्रवाहित होने लगता है। भूषण ने उपमा अलंकार के सभी भेदों का प्रयोग करते हुए अत्यन्त सुन्दर एवं सजीव उदाहरण प्रस्तुत किया है। ऐसे ही रूपक, उल्लेख, प्रतीप, अतिशयोक्ति आदि के भी सुन्दर उदाहरण अत्यन्त मनोहर एवं उपयुक्त हैं। भूषण ने अपने इस छन्द में अलंकारों का एकत्र सुन्दर–संश्लिष्ट प्रयोग कर अलंकार–शास्त्रियों को चकित कर दिया है–

**"इन्द्र जिमि जृंभ पर, बाड़व सुअंभ पर,**
**रावण सदंभ पर रघुकुल राज हैं।**
**पौन वारिवाह पर संभु रतिनाह पर**
**ज्यों सहसबाहु पर राम–द्विजराज हैं।।"**

कवि भूषण ने अपनी काव्याभिव्यक्ति के लिए विविध काव्यशैलियों का प्रयोग किया है। जहाँ भूषण ने विविध प्राकृतिक पदार्थों की चर्चा की है वहाँ विवरणात्मक शैली दृष्टिगोचर होती है तो वहीं दूसरी ओर उनके काव्य में संश्लिष्ट शैली भी विद्यमान है।

अस्तु, कहा जा सकता है कि भूषण के काव्य में तत्कालीन सामाजिक, राजनीतिक और धार्मिक परिस्थितियों का जैसा मार्मिक संकलन मिलता है, वह निःसन्देह श्लाघनीय है। उनकी कविता में अपने आश्रयदाता के वीरतापूर्ण व्यक्तित्व की झाँकी प्रस्तुत करने में कहीं–कहीं जिस अतिशयोक्ति के दर्शन होते हैं वे तत्कालीन परिस्थितियों को देखते हुए स्वीकार किये जा सकते हैं। भूषण का काव्य देशप्रेम की भावना के कारण राष्ट्रीय काव्य है। भूषण तत्कालीन स्वातंत्र्य–संग्राम के प्रतिनिधि कवि थे।

कतिपय इतिहासकार और आलोचक भूषण को प्रशस्तिकार–कवि, चाटुकार–कवि और साम्प्रदायिक–कवि कहकर स्वयं अपनी पीठ ठोंकते हुए मगन हो लेते हैं। मगर, यह उनकी संकीर्ण और दृष्टिदोषी तबीयत का रुग्ण उच्छ्वास है। अपने देश के बलिदानी वीरों और युगनायकों की प्रशस्ति कोई चाटुकारिता नहीं है। ऐसे महापुरुषों के शौर्य–ओज–प्रताप का आख्यान किसी सम्प्रदाय का संकीर्तन भी नहीं है। बल्कि इस भावना को वीर–स्तुति और राष्ट्र का जयगान कहना समुचित है। इसी तर्क–मीमांसा में भूषण रीतियुगीन हिन्दी–काव्य के राष्ट्रकवि हैं और उनकी काव्यवाणी राष्ट्रकविता है। प्रकटतः शास्त्र–प्रणेता आचार्य न होते हुए भी वे वीर काव्यभाषा के आचार्य–कवि हैं। राष्ट्रीय संचेतना के कवि–शिरोमणि हैं।

**सन्दर्भ–ग्रन्थ सूची :**

1. आचार्य विश्वनाथ प्रसाद मिश्र, 'भूषण ग्रन्थावली' 1994, ISBN – 978 – 93 – 5000 – 264 – 3, वाणी प्रकाशन, दरियागंज, नयी दिल्ली।
2. डॉ. नगेन्द्र, 'रीतिकाव्य की भूमिका', संस्करण–2012, नेशनल पब्लिशिंग हाउस, नयी दिल्ली।
3. निर्मला जैन, 'हिन्दी आलोचना की बीसवीं सदी–'भूषण की काव्यगत विशेषता', 2006, राजकमल प्रकाशन।
4. नीलम कुमारी, 'भूषण के काव्य में राष्ट्रीय भावना–एक विश्लेषण', इण्टरनेशनल जर्नल ऑफ एडवांस रिसर्च एण्ड डेवलपमेंट, टवसण. अंक एक–2018, रोहतक, हरियाणा।
5. मोहनलाल जाट, 'रीतिकाव्य', हिमांशु पब्लिकेशन 2017, ISBN – 978-81-79063057, उदयपुर।

SHODH CHETNA – YEAR-8, VOL. 2 (APR. TO JUNE, 2022) ISSN : 2350-0441
A Peer-Reviewed & Refereed International Multifocal Research Journal
IMPACT-FACTOR SJIF - 5.999
Paper Recieved : 1st June 22 Paper Accepted : 20th June 22

# मानव-समाज के संतुलन-सेतु : कबीर

❑ डॉ. निमिषा सिंह*

## शोध सारांश

कबीर का लोकज्ञान सघन था। यद्यपि कि तमाम साहित्यकारों इतिहासकारों और अनुश्रुतियों के अनुसार कबीर का शास्त्रज्ञान, पुराणज्ञान और भाषाज्ञान 'नहीं के बराबर' था। परन्तु उन सभी स्थापनाओं और मान्यताओं को खारिज करते हुए मैं कहना चाहती हूँ कि लोकज्ञान अथवा लोकानुभूमि से सम्पन्न व्यक्ति किसी भी मायने में शास्त्रज्ञों और पुराणज्ञों से कमतर नहीं होगा। लिपिज्ञान और पोथीज्ञान से परिचित होना सर्वज्ञ होने का प्रमाण नहीं होना। सदैव अनुभवज्ञान और व्यवहारिकज्ञान को शिखरज्ञान पर विराजमान होते देखा गया है। जब कबीर कहते हैं ''पोथी पढ़ि पढ़ि जग मुवा'' तब यह स्पष्ट है कि पोथी–ज्ञान अर्थात् किताबी ज्ञान है, लिपिबद्ध ज्ञान है, आक्षरिक ज्ञान है, कूप–जल की सीमा है। वह दुनियाशास्त्र को जानने का ज्ञान नहीं है। दुनिया को जानने के लिए, विश्व को बूझने के लिए और अखिल ब्रम्ह से साक्षात्कार पाने के लिए लोकविद्या का ज्ञान–संज्ञान जरूरी है। वास्तव में जो लोग लोकलिपि से परिचित हैं, लोकचित्र बनाना जानते हैं, लोकजगत को पढ़ना जानते हैं, उन्हें संसार की सर्वविद्या का ज्ञाता समझना चाहिए। कबीरदास जी इस लोकविद्या के पारंगत संत–कवि थे। उनकी वाणी में कवित्व था। भाषा उनके इशारे की मोहताज थी। इसीलिए उन्होंने लोकज्ञान, संसारज्ञान और अनुभवज्ञान के बल पर सम्पूर्ण चेतन–जगत् से साक्षात्कार प्राप्त किया था। उन्होंने जो कहा सच कहा है। सच, इसलिए क्योंकि सब देखा हुआ है, परखा हुआ है, आजमाया हुआ है, तौला हुआ है, साधा हुआ है। रंचमात्र भी दुविधे की बात वे नहीं करते। निर्भय–निडर–निःशंक होकर आगे आते हैं। कहते हैं और चुनौती भी देते हैं। तभी तो उनके सामने पण्डित और मौलवी बगलें झाँकते नजर आते हैं।

**प्रमुख शब्दावली** : अनुश्रुति, खारिज, लोकानुभूति, प्रबोध, आक्षरिक, अखिल ब्रम्ह, मोहताज, रंचमात्र, साक्षात्कार, निःशंक, चेतन–जगत, कूप–जल।

* एसो0 प्रो0 (हिन्दी), जे0बी0 महाजन डिग्री कालेज, चौरी–चौरा, गोरखपुर (उ0प्र0)

कबीर का समय धर्म, अध्यात्म और चिन्तन की दृष्टि से चुनौतियों से भरा हुआ था। हठवाद, मायावाद, सूफीवाद, ऐकेश्वरवाद और तरह–तरह के वाद। सगुणवाद, निर्गुणवाद और तरह–तरह के नानावाद। कबीर को सभी से बहस बनानी थी, सभी के समक्ष तर्क रखना था और आत्मा तथा परमात्मा की नयी व्याख्या प्रस्तुत करनी थी। 'पुहुप–वास तें पातरा, ऐसो तत्त्व अनूप' कहकर उन्होंने सबकी बात रखते हुए एक नयी स्थापना दे डाली। उनकी यह अर्द्धाली व्याख्या की नयी जमीन माँगने लगी। अध्यात्म–विद्या को लेकर कबीर दृढ़ता के साथ खड़े थे। ''कबीर साहब की वाणियों में मानववाद और समाजवाद की स्पष्ट झलक मिलती है। उन्होंने एक बार नहीं अपितु अनेक बार जीवों को चेताया, मानव–देह प्राप्त करने का सच्चा अर्थ बताया। आत्मदर्शन, सर्वकल्याण की भावना, सबको समानाधिकार, देश–प्रेम, ईश्वरभक्ति, परोपकार, सदाचार आदि की बातें कबीर साहब की वाणी में पूर्णतः समाहित हैं।''[1]

कबीर को समझने का प्रयास सदियों से किया जा रहा है। पाठ के जरिए, शोध के बहाने, विमर्श के माध्यम् से और अब तो विश्वदृष्टि में रखकर भी। कबीर के व्यक्तित्त्व में जनवाद के अभिलक्षण मिलते हैं तो प्रगतिवादी कदम भी। वामपंथ और दक्षिणपंथ के समन्वय–सेतु मिलते हैं तो बुद्धिवादी विज्ञान–युग के निर्णय–विवक भी। न रागवादी और न विरागवादी। गृहस्थ–जीवन का आनन्द भी और अध्यात्म का परमानन्द भी। ना काहू सों दोस्ती, ना काहू सों बैर। सभी अपने और सभी को खैर। इतना महान चित्त का महामानव दूसरा कम ही मिलेगा। यह एकमात्र कबीर हैं जो कथनी, करनी और रहनी में अभेद बनाकर चलते हैं। कबीर का अनुभवबोध, आत्मानुशासन और कर्त्तव्यबोध निराला किस्म का था। सब कुछ साँच के आँच में ठोंस और तपा हुआ था। 'सत्य' उनकी साधना थी और 'सत्य से साक्षात्कार' उनका साध्य। इसमें ही ईश्वर की खोज निहित थी। उनका ईश्वर उनके आत्मघट में था। कबीर अत्यन्त भाग्यशाली थे, क्योंकि उनका सत्य और और ईश्वर दोनों उनके साथ था।

अब कबीर के दर्शन, साहित्य, लोकाख्यान, तर्कज्ञान, समाज–दर्शन, अनुभवज्ञान, संतमत, मन–आत्मा–परमात्मा आदि पर कुछ प्रकाश–नाथों के हठयोग, वैष्णवों की सरसता, शंकर के मायावाद, सूफियों के प्रेमवाद, इस्लामी एकेश्वरवाद आदि तत्कालीन प्रचलित विभिन्न दार्शनिक विचारधाराओं और उपासना पद्धतियों से प्रभावित समाज में कबीर का प्रादुर्भाव हुआ। इनमें से कोई भी धारा स्वतन्त्र रूप में जनता को संतोष प्रदान करने में असमर्थ थी। कबीर ने इस अभाव को पहचाना और सारी पद्धतियों को मिलाकर निर्गुण–पंथ की स्थापना की। उन्होंने सगुण और निर्गुण दोनों तत्त्वों को मिलाकर अपनी भक्ति–भावना का प्रचार किया।

प्रत्येक कवि युगीन परिस्थितियों से प्रभावित होता है। कबीर के अविर्भाव से पूर्व वज्रयान–सम्प्रदाय के सिद्धों ने काममूलक साधना का प्रचार करके समाज में बहुत सी विकृतियाँ फैला रखीं थी। वेद–सम्मत धर्म–मत को मानने वालों ने मध्यकाल तक पुराणों का अम्बार खड़ा कर लिया था। वेदों के समय में कर्म पर आधारित जो वर्ण–व्यवस्था बनी थी, उसने जाति–पाँति का रूप ले लिया। छुआ–छूत का भेदभाव बढ़ गया। ऐसी विषम परिस्थिति में एकता और समत्व की प्रबल भावना को लेकर कबीर जनता के सम्मुख आए। ''कबीर का व्यक्तित्त्व न केवल हिन्दी सन्त–कवियों में अपितु पूरे हिन्दी साहित्य में बेजोड़ है। हिन्दी–साहित्य के लगभग बारह सौ वर्षों के इतिहास में तुलसीदास को छोड़कर इतना प्रतिभाशाली और महिमामंडित व्यक्तित्त्व दूसरे कवि का नहीं है। वह हिन्दुओं के लिए 'वैष्णव भक्त', मुसलमानों के लिए 'पीर' सिक्खों के लिए 'भगत', कबीरपंथियों के लिए 'अवतार', प्रगतिशील तत्त्वों की दृष्टि में 'समाज–सुधारक', जातिगत श्रेष्ठता के विरोधी, सामाजिक दृष्टि से कमजोर वर्ग के पक्षधर, क्रान्तिकारी और समता, बन्धुत्व–भावना, न्याय तथा एकता के प्रतिपादक के रूप में मान्य हैं।''2 कबीर ने विभिन्न

सम्प्रदायों के वन में भटकती हुयी जनता को सच्चा मार्ग दिखाने का प्रयास किया। उन्होंने तत्कालीन परिस्थितियों के अनुसार धर्म को पहचानकर एक ऐसे निर्भीक एवं प्रगतिशील समाज की स्थापना की, जिसमें 'एकेश्वरवाद' और 'समत्व' सिद्धान्त की भावना प्रमुख थी। कबीर ने हिन्दू और मुस्लिम धर्मों के मूलभूत सिद्धान्तों को स्वीकार करते हुए उनके वाह्डम्बरों की खुलकर निंदा की। कबीर ने अच्छे और बुरे के रूप में समाज में दो तत्त्वों को स्वीकार किया है। उनका मानना है कि बुराईयों को त्यागकर अच्छाईयों को ग्रहण करना चाहिए। 'अहंकार' को उन्होंने व्यक्ति और समाज दोनों के लिए विनाशकारी बताया है। अहंकारी व्यक्तियों को समझाते हुए कबीर ने कहा है–

**''दुर्बल को न सताइये, जाकी मोटी हाय,**
**मुई खाल की सांस सो, सार भसम हो जाय।''**

कबीर ने वाह्याडम्बरों का जमकर विरोध किया है। वाह्यचार सदैव प्रेम में बाधक बनता है। यही कारण है कि कबीर ने साम्प्रदायिक भावना, जातिगत भावना, ऊँचनीच की भावना आदि का खुलकर विरोध किया है। अन्धानुकरण कबीर को असह्य था। उनके अनुसार पुस्तकीय ज्ञान भी थोथा है–

**''पोथी पढ़ि–पढ़ि जग मुआ, पंडित भया न कोय।**
**ढाई आखर प्रेम का, पढ़ै सो पंडित होय।।''**

''कबीर ने मन्दिर–मस्जिद अस्वीकार किया तथा राम–रहीम की एकता का प्रतिपादन किया। उन्होंने राम और रहीम नामों के कारण उत्पन्न होने वाले बुद्धि–भेद को भी पनपने नहीं दिया।''3 कबीर ने अपने समय की रूढ़ियों और परम्पराओं को तोड़ने की प्रेरणा दी है। सभी धर्मों में सामञ्जय बैठाते हुए कबीर ने अपनी प्रगतिवादी दृष्टि का परिचय दिया हैं–

**''कहै कबीरदास फकीरा, अपनी राह चलि भाई।**
**हिन्दू तुरक का करता एकै, ता गति लखी न जाई।।''**

''कबीर आज हिन्दी–साहित्य के सर्वाधिक प्रासंगिक कवि हैं। वे मध्यकाल की समाजिक संस्कृति के प्रतीक हैं। उन्होंने स्वयं को न हिन्दू कहा है और न मुसलमान। आज जाति, धर्म भाषा और मजहब के दलदल में पूरा राष्ट्र फँसा हुआ है। राष्ट्रीय संकट के इस दौर में कबीर के 'ढाई आखर' वाले प्रेम को पढ़ने और समझने की आवश्यकता है। हिन्दू–मुस्लिम एकता का नारा बुलन्द करने वाले कबीर मध्ययुगीन भारतीय कवि–मनीषा में पहले व्यक्ति हैं।''4 वर्ण–व्यवस्था भारतीय–समाज–संगठन का बहुत पुराना आधार है। कबीर स्वयं समाज के निचले स्तर से आये थे, इसलिए वे अपने सदृश अन्य लोगों के दुःख–दर्द को भली–भाँति समझते थे। हिन्दू–मुसलमान, ब्रह्मण और शूद्र का भेदभाव खड़ा करने वाले पंडित और मुल्लाओं पर उनका व्यंग्य कितना तीखा है–

**''जो तूँ बाँभन बाभनी जाया, आन मार्ग ह्वै क्यूँ नहीं आया।**
**जौं तूँ तुरूक तुरूकनी जाया, भीतर खतना क्यूँ न कराया।''**

कबीर ने समाज में समानता और एकरूपता लाने का प्रयत्न किया। वह प्रत्येक प्राणी को एक ही परमपिता की संतान मानते हैं और सबको बराबरी का दर्जा देते हैं। कबीर का साम्यवाद मानव–एकता को सर्वप्रथम सिद्ध करता है–

**''सांई सू सब होत है, बन्दै ते कछु नाँहि।**
**राई ते पर्वत करै, पर्वत राई माँहि।।''**

कबीरदास में हिन्दू और मुसलमान दोनों प्रकार के संस्कार जीवित थे। इसलिए दोनों धर्मों में व्याप्त बुराईयों पर उन्होंने चुन–चुन कर प्रहार किया है। 'अरे इन दोऊ, राह न पाई, कहकर कबीर ने अपने समय के हिन्दू और मुसलमान दोनों को फटकारते हुए उनमें साम्प्रदायिक एकता लाने का प्रयास किया है। वर्ण–व्यवस्था के समान ही कबीर ने हिन्दूओं के अवतारवाद और उनमें व्याप्त मूर्तिपूजा का घोर विरोध किया है। उनका मानना है कि निर्गुण और निराकार ब्रह्म की मूर्ति बनाकर पूजा करना असंगत और अस्वाभाविक है। उन्होंने नमाज, पूजा, जप–तप, तीर्थ–व्रत, कर्मकाण्ड आदि सभी की जमकर खबर ली है। वे कहते हैं –

**"काँकर पाथर जोरि कै, मस्जिद लई चिनाय।
ता चढ़ि मुल्ला बाग दै, क्या बहरा हुआ खुदाय।।"**

एक तरफ कबीर ईश्वरोपासना के वाह्य–विधानों का खण्डन करते हैं तो दूसरी ओर ईश्वर को अपने हृदय में ढूढ़ने का मार्ग सुझाते हैं–

**"मन मथुरा दिल द्वारका काया कासी ज्ञान।
दसवाँ द्वार देहुरा तामैं जोति पिछान।।"**

ईश्वर हम सभी प्राणियों के हृदय में निवास करता है। यह कितनी बड़ी विडम्बना है कि अज्ञानता के कारण हम उसे अपने अन्तःकरण में न ढूँढ़कर तीर्थों में भटकते और नदियों में स्नान करते हैं। कबीर के अनुसार ऐसे मूर्खों की स्थिति उस मृग की भाँति होती है, जो अपनी नाभि में स्थित कस्तूरी के लिए वन–वन घूमता है–

**"कस्तूरी कुंडली बसै, मृग ढ़ढ़ै बन माँहि।
ऐसे घट–घट राम हैं, दुनिया देखत नाँहि।।"**

कबीर मानते हैं कि कान फड़वाने से, दाढ़ी रखने से, योगी का वेश धारण करने से या सन्यासी रूप से ईश्वर की साधना नहीं होती, बल्कि सच्चे मन से ईश्वर की आराधना करने से उनकी प्राप्ति होती है–

**"मुझको कहाँ रे ढूढ़े बन्दे, मैं तो तेरे पास में।
ना मैं देवल, ना मैं मस्जिद, ना काबा कैलास में।।"**

सब जोड़–घटाकर देखने पर मध्ययुगीन कवि–श्रृंखला में कबीर बेमिसाल ठहरते हैं। उनकी काव्यवाणी आप्तवचन के रूप में सामने आती है। पढ़–अपढ़, संत–महात्मा, शिक्षक–शोधकर्ता, लेख–समीक्षक सभी के लिए कबीर एक प्रकाशवान मिथक बने हुए हैं। किसी भी सभ्य मानव–समाज के लिए संतुलन–सेतु हैं। कबीर सम्पूर्ण मानवता के पर्याय के रूप में हमारे सामने आते हैं। उनके एक ही व्यक्तित्व में करूणा, त्याग, प्रेम, क्षमा, सहिष्णुता, सेवा, विश्वास और समर्पण जैसे गुण दिखाई देते हैं। वास्तव में अपने भीतर के 'स्व' (अहंकार) का त्याग और 'पर' (दूसरों का हित) को अपनाना ही सच्ची मानवता है। कबीर की मानवीय संवेदनात्मक दृष्टि उनके व्यक्तित्व को और भी ज्यादा निखारती है। कबीर प्रत्येक तरह के सामाजिक कोढ़ से मनुष्यता की मुक्ति चाहते थे। वे सम्पूर्ण मानवता को विश्वशक्ति के रूप में देखना चाहते थे। युगमानव को सार्वभौम अनुभव–दृष्टि प्रदान करना कबीर की वाणी का मुख्य स्वर है। "भाषा, संवेदना, विचार–प्रणाली–सभी दृष्टियों से कबीर शास्त्रीयता के समक्ष खाँटी देसीपन को महत्व देते हैं। "संस्कीरत के कूप जल' को छोड़कर वे 'भाखा के बहते नीर' तक स्वयं पहुँचते हैं और सबको पहुँचाते हैं। संस्कृत से मुक्त लोक संस्कृत को बनाने में उनका योगदान अप्रतिम है। पंडित और मुल्ला यहाँ दोनों को वे एक साथ अप्रासंगिक करार देते हैं। मूलतः कवि के नाते शास्त्र की तुलना में वे अनुभव को प्रामाणित मानते हैं। 'भाखापन' को लेकर यह गहरा आत्मविश्वास–भाव उनके रचनाकार व्यक्तित्व की सबसे बड़ी विशेषता कही जा सकती है। भाखा के पहले बड़े कवि होने के नाते वे युगीन–संवेदना की इस माँग को पूरा करते हैं।"[5] संक्षेप में हम कह सकते हैं कि हिन्दू समाज में कबीर को जागरण–युग का 'अग्रदूत' कहा जाता है।

सारांश के तौर पर विचार किया जाए तो यदि सम्पूर्ण विश्व कबीर साहेब के संदेशों को आत्मसात कर ले, मन से स्वीकार कर ले, तो समस्त साम्प्रदायिक झगड़े जड़ से समाप्त हो जाएँ। जब मनुष्य अपने भीतर से छोटे और बड़े का भेद–भाव समाप्त कर लेगा तभी संसार में समरसता का जन्म होगा। कबीर साहेब के ऊपर अपनी युगीन परिस्थितियों का गहरा प्रभाव पड़ा। सामाजिक एवं सांस्कृतिक जीवन के प्रत्येक पक्ष को सुधारने के लिए उन्होंने अपनी आवाज उठाई। "सामयिक सन्दर्भ में, जबकि युग–मानवता दिग्भ्रमित होकर किसी बेहतर राह की तलाश में है, कबीर प्रासंगिक हो उठते हैं वैसे भी कबीर जैसा निर्भीक और प्रखर कवि कभी अप्रासंगिक नहीं होता। उसका मानवता–विषयक संदेश कभी अतीत नहीं बनता है।"[6] वास्तव में कबीर लोकवादी कवि थे। वे एक लोकवादी महामानव थे। वे मानवता के पर्याय हैं।

साधारण मनुष्य उनकी कविता का केन्द्रबिन्दु है। वैसे समकालीन सन्दर्भ में कबीर सर्वाधिक प्रासंगिक कवि हैं, क्योंकि उन्होंने साम्प्रदायिक एकता और समतामूलक समाज की स्थापना पर विशेष बल दिया है।

**सन्दर्भ ग्रन्थ :–**


1. बीजक ज्ञान अनुकृति पदावली, पृ0ः 7, आचार्य महन्त गंगा शरण शास्त्री, स्मारिका–2010, मगहर महोत्सव समिति, संत कबीर नगर।
2. कबीर : व्यक्तित्व –विश्लेषण, पृ0 : 1, कबीर वाणी पीयूष 1995 डॉ0 जयदेव सिंह, डॉ0 वासुदेव सिंह, विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी।
3. कबीरदास, पृ0 : 70, डॉ0 राजेश्वर प्रसाद चतुर्वेदी, प्रकाशन केन्द्र, लखनऊ।
4. लोकवादी कबीर पृ0ः 138 'मानक' हिन्दी–निबन्ध, चतुर्वेदी प्रकाशन, गोरखपुर, प्रथम–संस्करण–2000।
5. कबीर, पृ0ः 49, हिन्दी–साहित्य और संवेदना का विकास, रामस्वरूप चतुर्वेदी, लोकभारती–प्रकाशन, इलाहाबाद।
6. लोकवादी कबीर, पृ0 : 138, मानक हिन्दी–निबन्ध, चतुर्व्यूह प्रकाशन गोरखपुर, प्रथम–संस्करण–2000।

SHODH CHETNA – YEAR-8, VOL. 2 (APR. TO JUNE, 2022) ISSN : 2350-0441
A Peer-Reviewed & Refereed International Multifocal Research Journal
IMPACT-FACTOR SJIF - 5.999
Paper Recieved : 20th Apr. 22 Paper Accepted : 10th May 22

# मध्य प्रदेश में सोया आधारित उद्योग विकास : एक अध्ययन

❑ डॉ. प्रज्ञा यादव*

## शोध सारांश

सोयाबीन की फसल आने से अनेक लाभ हुए हैं। मध्य प्रदेश के किसानों की माली हालत में सुधार की दिशा में सोयाबीन की फसल की अहम भूमिका रही है। जहां यह फसल किसानों को अर्थिक रूप से मजबूत करती है वहीं इसकी पौष्टिकता से कुपोषण भी दूर हुआ है। साथ ही शारीरिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी बहुत लाभ हुआ है। सरकार को भी पर्याप्त राजस्व की प्राप्ति हुई है तथा उद्योगों की स्थापनाओं से क्षेत्र के लोगों को रोजगार भी तैयार हुआ है। शरीर को नित्य पौष्टिक व स्वास्थ्यवर्द्धक खाद्य पदार्थ की आवश्यकता होती है इसके लिए आवश्यक यह है कि ऐसा पदार्थ जो सर्वसुलभ हो। जिसकी कीमत इतनी न हो कि प्रत्येक वर्ग की खरीद से बाहर हो। ऐसा भी हो जिसका उत्पादन कमोवेश साधारण व्यक्ति भी कर सके। इन सभी प्रकार की समस्याओं के समाधान में सोयाबीन की कृषि ही वरदान के रूप में हमारे सामने दिखती है। जिसके उपयोग से शरीरिक, आर्थिक और सामाजिक लाभ प्राप्त होते हैं।

**शब्द कुंजी–** मध्य प्रदेश, सोया उद्योग, विकास।

मध्य प्रदेश के सोया उद्योग की विकास प्रक्रिया देखने के पूर्व उचित होगा कि सोया उद्योग के लिए आवश्यक कच्चा माल 'सोयाबीन' के बारे में ठीक से जान लिया जाय। सोयाबीन की आपूर्ति कम होने की स्थिति में सोया इकाइयों की स्थापना का विस्तार करना व्यर्थ होगा। भारत की कृषि आधारित अर्थव्यवस्था में जितनी तीव्रता से तिलहनी फसलों ने अपना स्थान बनाया है वैसा स्थान अन्य फसलें नहीं बना पाई हैं। गत दो शताब्दियों में सोयाबीन ने दलहनी फसलों में खोपरा और मस्टर्ड रेपसिग के बाद तीसरा महत्वपूर्ण स्थान बना लिया है। गत 20 वर्षों में सोयाबीन के अन्तर्गत क्षेत्र व उत्पादन क्रमशः 750 प्रतिशत तथा 1600 प्रति बढ़ा है।

भारत की कृषि आधारित अर्थव्यवस्था में सोयाबीन जिन स्थितियों के कारण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है उनमें मुख्य रूप से प्रथम सम्पूर्ण देश की जलवायु तथा मिट्टी सोयाबीन के लिए पर्याप्त रूप से अनुकूल है तथा दूसरा कारण सोयाबीन में लगभग 42 प्रतिशत प्रोटीन व अन्य पोषक तत्वों के कारण अन्य दूसरी फसलों में सोयाबीन ने अपना महत्वपूर्ण स्थान बना लिया है। सोयाबीन में इतनी तीव्र वृद्धि के बाद भी वर्तमान में विश्व सोयाबीन

* अतिथि विद्वान, वाणिज्य विभाग, शास. महाविद्यालय, गुढ़, जिला- रीवा (म.प्र.)

उत्पादन में भारत का अंश मात्र 3 प्रतिशत है तथा सोया खाद्य उत्पाद में लगभग 8 प्रतिशत अंश है, जो यह दर्शाता है कि सोयाबीन के उत्पाद में अभी और वृद्धि करना आवश्यक है।

सोयाबीन के उद्गम के बारे में अभी यह सुनिश्चित नहीं हो पाया है कि इसका उद्गम किस स्थान से हुआ था, किन्तु एक अनुमान के अनुसार इसकी सबसे पहली बार कृषि आज से लगभग 500 वर्ष पूर्व चीन में प्रारंभ हुई। उस समय चीन में इसे ''ग्यायसीन मैक्स मेरिल'' के नाम से जाना जाता था। प्रोटीन से भरपूर सोयाबीन विश्व का सबसे सस्ता तथा सर्वोत्तम उत्पादन माना जाता है।

जिस प्रकार इसके उद्गम के बारे में सुनिश्चित नहीं है वैसे ही इसकी कृषि किस अवधि में प्रारंभ हई इसके प्रमाण भी पर्याप्त रूप से उपलब्ध नहीं हैं। इस सन्दर्भ में प्राप्त कुछ प्रमाण जिनमें प्रमुख रूप से ईसा पूर्व 11वीं सदी में पाये गये। तांबे के शिलालेखों पर लिखित शब्द ''शू'' जिसका प्रयोग चीन के निवासी सोयाबीन के लिए करते थे, से ज्ञात होता है कि उत्तरी चीन के पूर्वोत्तर भाग में इसकी कृषि सबसे पहले प्रारंभ हुई। इसके बाद मंचूरिया में इसकी कृषि प्रारंभ हुई एवं वहां से कोरिया होती हुई यह फसल ईसा से 200 वर्ष पूर्व से ईसा पश्चात् तीसरी शताब्दी के मध्य जापान में होने लगी।

यूरोपियन देशों में सोयाबीन की कृषि 17वीं शताब्दी में प्रारंभ हुई, यद्यपि पश्चिमी देश 1712 तक इसके उपयोग के बारे में ठीक से जान नहीं पाये थे। यूरोप में इसका वास्तविक प्रवेश 1875 में तथा अमरीका में 1930 के आस–पास इसकी कृषि प्रारंभ हुई।

आज अमरीका, ब्राजील, चीन अर्जेंटीना ऐसे 4 बड़े देश हैं जो कुल विश्व सोयाबीन उत्पादन का 91 प्रतिशत उत्पादन करते हैं।

भारत में 1935 में इसकी कृषि प्रारम्भ हुई। उस समय इस ''भट्ट'' ''भट्टमास'' 'कहवान' 'राजकुथली' अथवा 'कालीतुवर' के नाम से जाना जाता था। भारत में इसका प्रवेश उत्तर प्रदेश के कुमायूं और गढवाल पर्वत श्रेणियों से हुआ और 1940 के आसपास काली तुवर के नाम से उसने मध्य प्रदेश में प्रवेश किया।

भारत में 1976 में विभिन्न संस्थानों के पौधे प्रजनन और कृषि विशेषज्ञों के सतत् प्रयासों के फलस्वरूप अखिल भारतीय एकीकृत सोयाबीन शोध परियोजना की शुरुआत से सोयाबीन को प्रोत्साहन मिला तथा मध्य प्रदेश इसका प्रमुख उत्पादक राज्य बना। प्रारम्भ में एस. बी. 5, ई.बी. 42 और ई. बी. 49 के नाम से पुकारी जाने वाली किस्में उत्पादित की जाने लगीं। चूंकि इन सभी किस्मों की परिपक्वता अवधि अधिक है अतः इन्दौर तथा नागपुर के कृषि महाविद्यालयों में उन्नत प्रजातियों को विकसित किया जा रहा है, जिसकी न केवल परिपक्वता अवधि कम होगी वरन् इसका प्रति हेक्टेयर उत्पादन तथा इनमें तेल का प्रतिशत भी अधिक होगा।

सोयाबीन उद्योग कृषि आधारित उद्योग है। सोयाबीन उद्योग के लिए प्रायः सबसे बड़ी समस्या वर्ष भर कच्चे माल की निरन्तर उपलब्धता का न होना है। सोयाबीन फसल का उत्पादन साल में केवल एक ही बार होता है। लेकिन सोयाबीन उद्योग का औद्योगिक उत्पादन पूरे वर्ष भर चलता है। भारत के मध्य प्रदेश राज्य में सोयाबीन को वाणिज्यिक फसल के रूप में प्रारंभ किया गया था। मध्य प्रदेश सोयाबीन के फसल के उत्पादन में प्रमुख स्थान रखता है। यहां सोयाबीन की खेती भारी मात्रा में की जाती है।

इसलिए मध्य प्रदेश को 'सोया प्रदेश' कहा जाता है। सोयाबीन फसल के वृहद उत्पादन के कारण राज्य में सोयाबीन के अनेक प्लांट स्थापित हैं, प्रदेश के पश्चिमी क्षेत्रों जैसे– देवास, इन्दौर, सिहोर, विदिशा तथा बैतूल में कई सोयाबीन प्रक्रिया उद्योगों की स्थापना की गई है। मध्य प्रदेश के अन्य जिलों में भी सोयाबीन प्रक्रिया उद्योगों की स्थापना की गई है। जैसे– मंडीदीप, साजापुर, पीथमपुर, मुरैना, खण्डवा, पचामा, इटारसी, धरमपुरी, शिवपुरी, मंदसौर और बरलाई आदि जिले भी हैं।

मध्य प्रदेश में स्थापित सोया उद्योग में पूरे प्रदेश के सम्पूर्ण सोयाबीन के उत्पादन की खपत प्रदेश में ही हो जाती है। जिसके कारण मध्य प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में सोयाबीन की फसल को व्यापक प्रोत्साहन प्राप्त हुआ है। इसलिए सम्पूर्ण राज्य में सोयाबीन कृषि का काफी विस्तार हुआ है।

सोया उद्योगों द्वारा सीधे कृषकों से सोयाबीन क्रय के कारण कृषकों का मंडी में होने वाली खरीदी के कारण दलाली, नापतौल, कमीशन, पल्लेदारी से निजात मिल गई है। इसलिए कृषक सोयाबीन का सम्पूर्ण उत्पादन मण्डी में न ले जाकर प्रत्यक्ष रूप से सोया प्लांट में ही विक्रय करते हैं और सोया प्लान्ट द्वारा राशि का भुगतान भी शीघ्र ही कृषकों को कर दिया जाता है। जिसके चलते सोयाबीन के उत्पादन में निरन्तर वृद्धि हो रही है। तिलहन प्रदेश का सबसे महत्वपूर्ण खाद्य पदार्थ है, जिसका प्रयोग समाज के सभी वर्गों द्वारा किया जाता है। सोयाबीन फसल इस दृष्टिकोण से भी उपयोगी है कि भविष्य में इस उत्पादन की बढ़ती मांग के कारण प्रदेश में अनेक सोयाबीन प्लांट स्थापित करना होगा और इसके साथ यह भी जरूरी है कि सोया फसल उत्पादन में सुधार एवं विस्तार की आवश्यकता है।

भारत में सोयाबीन के अन्तर्गत क्षेत्रफल को देखने से यह ज्ञात होता है कि वर्ष 2013–14 में जहां सोयाबीन 6597.39 हजार हेक्टेयर पर बोया गया वहीं 2014–15 में 15.06 प्रतिशत की कमी सोयाबीन क्षेत्र में की गई। मध्य प्रदेश में वर्ष 2013–14 से वर्ष 2017–18 तक सोयाबीन के उत्पादन क्षेत्रफल को हजार हेक्टेयर में निम्नांकित सारणी क्रमांक में दर्शाया गया है–

**प्रति हेक्टेयर सोयाबीन फसल का उत्पादन क्षेत्रफल**

| क्र. | वर्ष | सोयाबीन उत्पादन क्षेत्र | गत वर्ष में प्रति. वृद्धि / कमी |
|---|---|---|---|
| 1. | 2013–14 | 6597.39 | 100 |
| 2. | 2014–15 | 5604.00 | –15.06 |
| 3. | 2015–16 | 5906 | 5.39 |
| 4. | 2016–17 | 5401.00 | –8.55 |
| 5. | 2017–18 | 5010.00 | –7.23 |
| योग | | 28518.39 | |
| औसत | | 5703.68 | |

**निष्कर्ष–**

आज बढ़ती जनसंख्या के दौर में पौष्टिक खाद्य पदार्थ की निरन्तर आपूर्ति एक बड़ी समस्या बनती जा रही है। समाज का अधिकाश भाग कुपोषण का शिकार बनता जा रहा है। ऐसे में ऐसे खाद्य पदार्थ की नितान्त आवश्यकता है जो कम समय और कम व्यय में अधिकाधिक पोषण प्रदान करे।

इसके साथ ही भारत कृषि प्रधान देश है अतः यहां की अधिकांश जनसंख्या का रुझान प्रथमतः कृषि पर ही रहता है। कुछ कृषक पारम्परिक कृषि ये ऊब भी गये हैं क्योंकि इसमें सबसे पहले पूंजी की लागत होती है और आमद बाद में। कुछ अनाज इस प्रकार के होते हैं कि जिनका न तो अधिक दिनों तक भण्डारण ही किया जा सकता है और न ही नगद पैसों के रूप में उन्हें मान्यता ही प्राप्त हो पायी है किन्तु सोयाबीन अब सरकार के प्रयत्न से कच्चा सोना की तरह मान्यता प्राप्त कर चुका है। यह कम लागत में अधिक उत्पादन देकर कृषकों की माली होलत को सुधारने का कार्य करता है। इसके उत्पादन सेअब कृषि भी लाभ का धन्धा बन चुका है।

**सुझाव–**

शोध कार्य से यह सिद्ध हो चुका है कि मध्य प्रदेश के कृषकों व जनता को सोयाबीन उत्पादन से अनेक लाभ हुए हैं अतः इस महत्वाकांक्षी योजना में सरकार और समाज का दायित्व है कि इस निरन्तरता से करते रहना चाहिए। इसके लिए निम्न सुझाव दिये जाते हैं–

1. सोयाबीन की फसल के लिए मध्य प्रदेश की जलवायु उपयुक्त है अतः इसकी कृषि के लिए छोटे किसानों को प्रोत्साहित किया जाय।

2. सरकार की ओर से भी इस दिशा में कदम बढ़ाये जायें कि प्रत्येक जिलों में बहुत सी बंजर भूमि पड़ी रहती है जिसे इसकी कृषि के लिए काम पर लाया जाय।

**सन्दर्भ :–**


1. भट्ट, एम. एस. (2004) पावर्टी एण्ड फूड सिक्योरिटी इन इण्डिया, मिथ एण्ड रिलायटीज ओमगस रिसर्च एण्ड इनवेस्टमेण्ट्स, न्यू दिल्ली।
2. गौड, के.डी. अनिल कुमार (2008) इकोनामिक्स आफ इग्रोइण्डस्ट्रस्टीज, सनराइज पब्लिकेशन, नई दिल्ली।
3. दास, दर्शना (2016), ''ग्रामीण रोजगार में मनरेगा की भूमिका : असम, भारत के बारपेटा जिले का अध्ययन''। इंटरनेशनल जर्नल ऑफ ह्यूमैनिटीज एंड सोशल साइंस स्टडीज, 2 (6), 241–248(2)
4. गनी, फारूक अहमद (2014), भारत में ग्रामीण विकास कार्यक्रमों का एक केस स्टडी इंटरनेशनल जर्नल ऑफ इंग्लिश, लैंग्वेज एंड ह्यूमैनिटीज : 1(5), 40–47, (3)

SHODH CHETNA – YEAR-8, VOL. 2 (APR. TO JUNE, 2022) ISSN : 2350-0441
A Peer-Reviewed & Refereed International Multifocal Research Journal
IMPACT-FACTOR SJIF - 5.999
SHODH CHETNA PRAYAGRAJ Year 2022 Vol. 2
Paper Recieved : 5th Apr. 22 Paper Accepted : 10th Apr. 22

# वैदिक चिन्तन मंजूषा : बहुआयामी वैज्ञानिक चिन्तन

❒ डॉ. आशीष कुमार जैन*
❒ डॉ. अभिषेक कुमार जैन**

**शोध सारांश**

आधुनिक संस्कृत मनीषी प्रो. सूर्यनारायण गौतम के कृतित्त्व एवं व्यक्तित्त्व को समर्पित यह लेख आधुनिक वैदिक विद्वान की एक ऐसी कृति की समीक्षा है जिसमें जीवन का सर्वस्व न्योछावर कर अर्जित गर्हित वैदिक ज्ञान का संचयन किया गया है। भारत वेद भूमि है अतः सस्वर वैदिक मन्त्रोच्चारण करने वाले वैदिक विद्वानों का समूह प्राप्त हो जाना कोई आश्चर्य की बात नहीं है किन्तु आज के सन्दर्भ में वेदमन्त्रों के अर्थज्ञ युवा विद्वानों का यदि नाम लिया जाय जिनके चिन्तन में वैज्ञानितकता समाहित हो ऐसी स्थिति में सबसे पहले प्रो. सूर्यनारायण गौतम का ही नाम आयेगा। 'वैदिक चिन्तन मंजूषा' नामक वैदिक ग्रन्थ में 26 ऐसे विषयों को प्रस्तुत किया गया है जिनको अध्ययन और मनन करने की नितान्त आवश्यकता प्रतीत हो रही है। वेदों के वैज्ञानिक चिन्तन की दिशा में अग्रसर यह लेख वेद ज्ञान की उपयोगिता एवं प्रो. सूर्यनारायण गौतम के वेद विषयक प्रदेय को सिद्ध करता है।

**शब्द कुन्जी** – वैदिक चिन्तन, वेद, बहु आयामी ज्ञान।

प्रो. सूर्यनारायण गौतम मूलतः रीवा मध्य प्रदेश के निवासी हैं। आपकी सम्पूर्ण शिक्षा रीवा में ही सम्पन्न हुई है। बचपन से संघर्षशील रहे प्रो. गौतम ने भारत के अनेक प्रान्तों का भ्रमण किया और समाज के प्रत्येक वर्ग में पहुँचकर उनकी रीति–नीति, आचार–विचार, शिक्षा–दीक्षा आदि का अनुभवजन्य ज्ञान प्राप्त किया है। वेदों का अध्ययन आपने प्रारम्भ से उसी प्रकार परम्परा से प्राप्त किया है जैसे प्रायशः सभी शिक्षार्थी प्राप्त करते हैं किन्तु आपने शोध के दौरान जब अन्यान्य ग्रन्थों का अध्ययन किया तब आपकी जिज्ञासा और भी बलवती हो उठी और आप प्रत्येक वैदिक ग्रन्थों का आद्योपान्त अध्ययन करने के लिए उत्सुक हो उठे।

वेद आपका प्रिय विषय होने के कारण उसके अर्थ से परिचित होना भी आपकी ही जिम्मेवारी थी। अतः वेदार्थ के लिए जब आपने प्रयत्न प्रारम्भ किया तब आपके द्वारा यह देखागया की पाठ्यक्रम में निर्धारित भाष्य उनकी वेदार्थ विषयक जिज्ञासा का समन करने

* अध्यक्ष, संस्कृत विभाग, एकलव्य विश्वविद्यालय, दमोह (म.प्र.)
** अध्यक्ष, हिन्दी विभाग, एकलव्य विश्वविद्यालय, दमोह (म.प्र.)

में असमर्थ हैं तब आपने सभी भाष्यों का संकलन किया तथा उनका स्वाध्याय करना प्रारम्भ कर दिया। वर्तमान में आप एकलव्य विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग में आचार्य के पद पर प्रतिष्ठित हैं। आप निरुक्तकार यास्क के अत्यन्त प्रशंसक है, जिसमें यह विशेष रूप से कहा गया है कि –

**स्थाणुरयं भारहारः किलाभूत अधीत्य वेदमर्थं न विजानीयात्।**

**यो अर्थज्ञ इति सकलभद्रमश्नुते नाकमेति ज्ञानविधूत पाप्मा।।''[1]**

अर्थात् वेदज्ञ वही है जो वेदों के अर्थ को जानता है। वेदमन्त्रों के मन्तव्य को समझता है। जो केवल पुस्तक को देखकर भाष्य को रट लेता है वह भी अर्थ को नहीं जानता। भाष्य वेदार्थ में सहायक अवश्य हैं किन्तु पूर्ण वेदज्ञान नहीं हैं। तभी तो प्रत्येक भाष्यकार ने अपनी–अपनी मति से अनेकानेक प्रकार के भाष्यों का लेखन किया है।

भारतीय भाष्यकारों और विदेशी भाष्यकारों के चरित्र और चिन्तन में प्रायः बहुत ही अधिक अन्तर देखने को मिलता है। प्रो. सूर्यनारायण गौतम ''वेद, यज्ञ और पर्यावरण' नामक ग्रन्थ में कहते हैं कि विदेशी विद्वानों का वेद विषयक ज्ञान समझने के लिए साधन के रूप में स्वीकार्य किया जा सकता है किन्तु उनके द्वारा किया गया ही भाष्य प्रामाणिक है ऐसा नहीं माना जाना चाहिए, क्योंकि उनका वेद ज्ञान केवल संस्कृत व्याकरण के शाब्दिक बल पर आधारित है जबकि भारतीय परम्परा गुरु की सन्निधि में उत्तम आहार–विहार और कठिन तपश्चर्या पूर्वक सूक्ष्मतम ज्ञान पर आधारित है।''[2]

स्वाध्याय के बल पर आपने वेदों का वैज्ञानिक अध्ययन किया और अनेक महनीय ग्रन्थों का सृजन किया। जैसे– जीवन के दस सुख एवं उनकी प्रप्ति के वैदिक उपाय, वेद, यज्ञ और पर्यावरण, वेदतत्वविमर्शः, वेदचिन्तनम्, शतपथ संदर्शन, वैदिक चिन्तन मंजूषा आदि तथा आपकी विशेषता यह भी रही है कि आप प्रथम ऐसे वैदिक विद्वान हैं जिन्होंने वेद भाषा के साथ लोक भाषा को भी उतना ही महत्व प्रदान किया है। बघेलखण्ड में जन्म होने के कारण आपकी मात्र बोली बघेली है अतः आपने बघेली बोली के विकासार्थ गद्य–पद्य दोनों ही विधाओं में लेखन किया है। बघेली कथायें तथा किस्सन केर पोथन्ना जहाँ गद्य साहित्य है वहीं बघेली बिरबाही तथा बोली आपन नाउ रे.... 'पद्य साहित्य है। अनेक ख्यातिलब्ध शोध पत्रिकाओं में आपके द्वारा शोधपत्र लिखे जाते हैं। आकाशवाणी में वार्तायें की जाती हैं। संगोष्ठियों में व्याख्यान दिये जाते हैं।

डा. सुरेश कुमार ढाका– ''शतपथ संदर्शन के प्रारम्भ में प्रकाशक जी.एच.पब्लिकेशन, इलाहाबद द्वारा यह कहा गया है कि ''जनसामान्य के द्वारा वेदों को पुनः सरलता से समझा जा सके; उसके व्याख्यानों से उत्पन्न गुत्थियों की गहरी खाई के पार जाया जा सके, इसके लिए यह ''शतपथ संदर्शन'' नामक ग्रन्थ सेतु के सदृश है। जिसे तपःपूत डॉ. सूर्यनारायण गौतम ने कठिन परिश्रम द्वारा जन सामान्य के प्रबोधन हेतु तैयार किया है।'' उक्त ग्रन्थ के अध्ययन से यह तथ्य स्पष्ट हो जाता है कि, प्रकाशक ने जो अपनी टिप्पणी उक्त ग्रन्थ के विषय में की है वह अक्षरशः सत्य है।''[3]

डा. सीमा सैनी– ''असीम संवेदनाओं की वह अभिव्यक्ति ही साहित्य है, जिसमें रचनाकार शब्द और अर्थ की तूलिका से अपने मानस पटल पर स्थित संवेदनाओं के चित्र उकेरता है और जब वह उसे समाज के हाथों में सौंपता है तब वह अपने आप को कृतकृत्य मानता है। ऐसे ही मनस्वी है आधुनिक संस्कृत विद्वान डा. गौतम जिन्होंने आठ सौ श्लोकों का अनुशीलन अपनी दृष्टि से किया और उसे नाम दिया श्रीमद्रामगीता।''[4]

डॉ. यूसुफ साबिर– ''मैने वैदिक चिन्तन मंजूषा का अध्ययन किया जिसमें एक लेख है भारतीय शिक्षा पद्धति। यह लेख पूरे तीन पेज का भी नहीं है किन्तु मैं पूरे यकीन से कह सकता हूँ कि यह तीस पेज के लेख में भारी है।''[5]

इनके अतिरिक्त अनेक विद्वानों ने खुले मन से आपके वैदुष्य का अभिनन्दन किया है तथा 'वैदिक चिन्तन मंजूषा' में आपके द्वारा किये गये वेदों के वैज्ञानिक चिन्तन को परखने का प्रयास किया गया है।

**वैदिकचिन्तन मंजूषा का वैशिष्ट्य–**

वैदिक चिन्तन मंजूषा के 'प्रतिपाद्य विषय'6 नामक प्रथम अध्याय में अति संक्षेप में यह बताने का प्रयास किया गया है कि वेदों का मुख्य विषय क्या है। 'वेदार्थ प्रक्रिया' में प्रचलित वेदों के भाष्ययज्ञ परक व्याख्या से ओतप्रोत हैं जिनके अध्ययन से वेद के कर्मकाण्ड का ज्ञान तो होता है किन्तु मन्त्रों के सही अर्थ का ज्ञान नहीं हो पाता। अतः वेदमन्त्रों के सम्यक बोध के लिए यह अध्याय विशेष उपादेय है। 'देवताओं का स्वरूप' देवता के विषय में समाज में बहुत भ्रान्ति फैली हुई है। शास्त्रों की लक्षणा–व्यंजना को न समझकर सीधे अभिधा में ही अर्थ करने के कारण 'तैंतीस कोटि देवता' वाक्य में कोटि का जहाँ अर्थ प्रकार से था वहीं उसका अर्थ संख्या से कर देने के कारण भ्रम हो गया। आपके द्वारा इस लेख के अध्ययन से देवता सम्बन्धी भ्रान्ति का समन होता है।

'राष्ट्र का स्वरूप एवं अवधारणा' अध्याय में राष्ट्र के वास्तविक स्वरूप का विवेचन करते हुए प्रत्येक व्यक्ति का उसके प्रति होने वाले कर्तव्यों का विवेचन किया गया है। 'काम, रति एवं वेद नामक अध्याय में काम के स्वरूप तथा शरीर में काम की उपयोगिता पर विशद् चर्चा की गई है। काम की पूर्ति में रति के सहयोग की बात भी की गई है। जिसके सम्यक ज्ञान से संसार के सभी स्त्री–पुरुष स्वेच्छाचारिता से दूर होकर स्वस्थ समाज का निर्माण कर सकते हैं। कर्मवाद8में वेद के उस वाक्य को विशेष रूप से इंगित किया गया है जिसमें मनुष्य को संसार की माया से पृथक रहने का उपदेश किया गया है –

**ईषावास्यमिदं सर्वं यत्किंचिज्जगत्यां जगत्।**
**तेन त्यक्तेन भुंजीथा मा गृधः कस्विद्धनम्।।**[9]

अर्थात, हे मानव ! तेरा अधिकार केवल कर्म करने में है अतः तुम कर्म की डोर को पकड़कर सौ वर्षों वाली अपनी आयु को पूर्ण करो। यदि तुमने ऐसा किया जो कर्मफल के भोग से बचकर मोक्ष को प्राप्त करने वाले बन जाओगे। योगविज्ञाननामक अध्याय में यह कहा गया है कि योग के प्रभाव से योगकर्ता को भूतकाल और भविष्यकाल के 500 वर्षों का वृत्तान्त ज्ञात हो जाता है। योगी अपने मन व देह को अपने वश में कर लेता है, ये दोनों ही मिलकर प्राणी को नर्क की ओर अग्रसर करते हैं अतः प्रत्येक मानव का कर्तव्य है कि वह अपने जीवन में योग को अवश्य ही अपनाये जिससे उसका जीवन सुकर हो सके। भारतीय महिला–स्थिति,समस्या एवं निदान अध्याय में भारतीय समाज में असन्तुलित होते लिंगानुपात पर चर्चा करते हुए नारियों के ऊपर होते अत्याचार और उससे समाज की भयावहता का चिन्तन किया गया है। घण्टानाद का उद्भव एवं विकास बहुत ही उपयोगी ज्ञान है। वैज्ञानिक चिन्तन से परिपूर्ण यह अध्याय वेदों के वैज्ञानिक अध्ययन की ओर अग्रसर करता है।निःशक्त जन एवं वेद में वेदों की उस मूल भावना को स्पष्ट किया गया है जिसमें शक्तिहीन मानव की रक्षा करने का उपदेश किया गया है।

मोक्ष का स्वरूप' यह दार्शनिक चिन्तन है। जीवन और मोक्ष ऐसे दो पहलू हैं जिनका विन्तन जीवन मर्यन्त चलता रहता है। वेद में मोक्ष की सरलतम अवधारणा दी गई है जिसके द्वारा मनुष्य सहज ही मोक्ष प्राप्त कर सकता है। पारस्कर गह्यसूत्र एवं जलोपयोग, यह एक शाखा विशेष का सूत्र ग्रन्थ है जिसमें समस्त लोकव्यवहार का वर्णन किया गया है जिसके द्वारा मनुष्य का जीवन सुखमय होता है।

**जलतत्त्व के त्रिविध स्वरूप–** जल प्राणीमात्र की अनिवार्य आवश्यकता है, वेदों में जल की रक्षा काबहुत ही उत्तम विधान बताया गया है। वृहस्पति– स्वरूप एवं कार्य– वृहस्पति बुद्धि के देवता हैं, वे सदा ही अपने भक्तों को सद्बुद्धि प्रदान करते हैं।मांसाहार निषेध एवं मानव स्वास्थ्य'– इस अध्याय में स्पष्ट रूप से यह कहा गया है कि संसार के जितने भी प्राणी है उनका प्रकृति से ही भोजन निश्चित है। उनके भोजन करने के स्वरूपानुसार उनके दांत व आकृति भी निर्धारित है। मनुष्य कदापि मांसाहारी नहीं है क्योंकि उसकी आकृति वैसी नहीं है। प्रकृति के प्रतिकूल भोजन से शरीर में प्रतिकूल प्रभाव पड़ना स्वाभाविक है।

**चिकित्सा विज्ञान–**

अथर्ववेद, चौथा वेद अथर्ववेद है जिसमें संसार के सभी विषयों का वर्णन करते हुए चिकित्सा विषय को अधिक स्पष्ट और विशेष रूप से रखा गया है।

ललितकलाएँ एवं मानवोत्कर्ष, मनुष्य का उत्कर्ष उसके कौशल से स्पष्ट होता है। कतिपय ऐसी कलाएँ हैं जो ललित हैं मानवों को सदा ही सुखद हैं। प्रेरणादायी हैं, ऐसी कलाओं से मनुष्य को सदा अवगत रहना चाहिए। वैदिक परिवार व्यवस्था एवं रामायण– इस अध्याय में रामायण के प्रसंगों को वेदों के उपदेशों से जोड़कर देखा गया है। जो ज्ञान वेदों में लिपिवद्ध है वही परवर्ती साहित्य में ललित भाषाओं में और शैली में प्राप्त होता है। उदाहरण के लिए महर्षि वाल्मीकि विरचित रामायण और महर्षि वेदव्यास विरचित महाभारत तथा अन्यान्य ग्रन्थ हैं।

### वैदिक धर्म और विश्व शान्ति–

यह समसामयिक समस्या पर लिखा गया प्रसंग है। वर्तमान की अशान्त होती हुई व्यवस्था को देखते हुए उसके निदानार्थ उत्तम उपाय सुझाये गये हैं इस अध्याय में इसका अध्ययन विशेष लाभदायी है।सुख प्राप्ति के वैदिक उपाय–संसार का प्रत्येक जीव सुख चाहता है किन्तु प्रयत्न कर केवल सुख प्राप्ति का उपाय मनुष्य ही कर सकता है। पर्यावरणीय समस्या का वैदिक समाधान– यह समस्या वर्तमान की सबसे बड़ी समस्याओं में सह एक है। दिनों दिन कटते वृक्ष और घटते वन ने मानव जीवन की शान्ति को खो दिया है। इस दिशा में यह अध्याय बहुत ही उत्तम समाधान प्रदान करता है।वैदिक नवधा भक्ति एवं परवर्ती साहित्य– वेदों में भक्ति के मुख्य नौ प्रकार बताये गये हैं जिन्हें परवर्ती साहित्यकारों ने अपने–अपने ढंग से वर्णित किया है। इस अध्याय में वेद एवं वाल्मीकीय रामायण के उद्धरण प्रस्तुत हैं। शास्त्र एवं मानव जीवन– शास्त्र मनुष्य के लिए दर्पण हैं, उसमें अपने चरित्र को देखकर जीवन को समझना चाहिए।

### वनस्पति विज्ञान–

वेदों में वनस्पतियों के विषय में प्रभूत चर्चा की गई है, जिसका अध्ययन कर मानव रोगों से सदा ही बचा रह सकता है। प्राचीन शिक्षापद्धति नामक यह अध्याय पुरातन शिक्षा पद्धति और उसके गुणों के विषय को स्पष्ट करता है तथा वर्तमान की शिक्षा पद्धति से समाज को होने वाली हानि से अवगत कराता है। **'बाण की वैदिक वाणी'में महाकवि बाणभट्ट द्वारा विरचित कादम्बरी और हर्षचरितम् जैसे उत्कृष्ट काव्यों में वेदों का गूढ ज्ञान किस प्रकार समाया हुआ है यह स्पष्ट किया गया है।**

### निष्कर्ष–

'वैदिक चिन्तन मंजूषा' में वर्णित विषयों का गहन अध्ययन करने के पश्चात इस निष्कर्ष में पहुँच सका हूँ कि यह आकार में न तो बृहद् और न हीं लघुकाय है। आज वर्तमान की आपाधापी में ऐसे ही कलेवर और वैज्ञानिक चिन्तन से ओतप्रोत ग्रन्थों को अध्ययन करने की परम्परा भी बन गई है, जो उचित ही है, जिसमें यह पुस्तक पूरी खरी उतरती है। कम शब्दों में अधिक सारगर्भित जानकारी एकत्र करना शोधार्थियों और विद्यार्थियों के लिए आवश्यक है। नानाविषयों को अपने में सहेजे वैदिक ज्ञान के जिज्ञासुओं के लिए प्रो. सूर्यनारायण गौतम द्वारा लिखित पुस्तक बहुत ही उपयोगी है।

### सन्दर्भ :–


1. निरुक्त, निघण्टु प्रकरण।
2. वेद, यज्ञ और पर्यावरण, डा.सूर्यनारायण गौतम, प्रकाशक–एजुकेशनल पब्लिसिंग आउस, नई दिल्ली, चेप्टर–1।
3. RESEARCH REVIEW International Journal of Multidisciplinary Volume-03. Issue-08. August-2018 www.rrjournals.com[UGC Listed Journal] ISSN: 2455-3085 (Online)
4. इण्टरनेशनल जर्नल आफ एडवान्स रिसर्च एन्ड डेवलपमेन्ट वैल्यूम 3 मस्यू 2.3.2018 पेज 1794
5. साहित्य का सूरज : प्रो. सूर्यनारायण गौतम वेदाचार्य, डा. राजेश शर्मा एवं डा. रमाशंकर मिश्र, वेदाचार्य
6. वैदिक चिन्तन मंजूषा, पृ. 17–24
7. वैदिक चिन्तन मंजूषा पृ 38–41
8. वही पृ 42–46
9. शुक्ल यजुर्वेद अध्याय 40 मन्त्र 1।

SHODH CHETNA – YEAR-8, VOL. 2 (APR. TO JUNE, 2022) ISSN : 2350-0441
A Peer-Reviewed & Refereed
International Multifocal
Research Journal
IMPACT-FACTOR
SJIF - 5.999
Paper Recieved : 1st May 22 Paper Accepted : 10th May 22

# नवयुवकों के चरित्र-निर्माण में डॉ. सूर्यनारायण गौतम द्वारा संकलित एवं संपादित श्रीमद्रामगीता की भूमिका

❑ डॉ. कल्पना दीक्षित*

## शोध सारांश

प्रसिद्ध शिक्षाविद् एवं संस्कृत, हिन्दी और बघेली साहित्य के मूर्द्धन्य मनीषी डॉ. सूर्यनारायण गौतम ने महर्षि वाल्मीकि विरचित रामयण आदिकाव्य का गहन अध्ययन किया जिससे रामायण का सार उनके लिए हस्तामलक हुआ। उन्होंने उसी महनीय ग्रन्थ का सारभूत आंश निकालकर उसकी सरलतम व्याख्या की है जो साधारण पाठक के लिए भी उपयोगी हो चुकी है। जिस प्रकार श्रीमद्भगवद्गीता महाभारत का अंश होने के बावजूद भगवान् श्रीकृष्ण की वाणी होकर उपनिषद् रूप में प्रतिष्ठित है उसी प्रकार यह श्रीमद्रामगीता भी श्रीराम की वाणी है अतः यह भी आधुनिक युग का विरचित उपनिषद् है तथा उसके संकलक आचार्य सूर्यनारायण ऋषि हैं। इस ग्रन्थ में उन शिक्षाओं का विशेषता के साथ उल्लेख किया गया जिनके द्वारा मानवीय मूल्यों का न केवल विकास होता है बल्कि उनकी स्थापना होती है। आज की शिक्षा में जीवन निर्वाह की सूचनायें अधिक हैं जबकि व्यक्ति में मानवीय मूल्यों के अभाव में वे सूचनायें केवल व्यक्ति को स्व तक ही सीमित कर देती हैं। इसी का दुष्परिणाम है कि समाज में सर्वत्र विसंगतियाँ देखने को मिल रही हैं। न्यायालयों में लम्बित झगड़ों के मामलों में पति–पत्नी, भाई–भाई, मित्रादि के प्रकरण हैं। जिनका निराकरण केवल कानून से नहीं बल्कि उत्तम शिक्षा और संस्कार से ही किया जा सकता है। श्रीमद्रामगीता ऐसा अद्भुत ग्रन्थ है जिसके अध्ययन से अध्येता को एक नवीन दिशा प्राप्त होती है। आज इस शिक्षा की विशेष आवश्यकता है। समाज में विश्वबन्धुत्व, भाईचारा, उदारता, निष्ठा आदि सद्गुणों का विकास हो इस दिशा में यह शोध प्रवृत्त है।

**शब्द कुंजी–** नवयुवक, चरित्रमिर्माण, डॉ. सूर्यनारायण गौतम, श्रीमद्रामगीता।

* सहायक प्राध्यापक, शिक्षा विभाग, श्री रावतपुरा सरकार महाविद्यालय, आरी, जिला- झाँसी (उ.प्र.)

श्रीमद्रामगीता में अठ्ठारह अध्याय हैं जो श्रीराम द्वारा लक्ष्मण, भरत, सीता, वाली, तारा, विभीषण, शुक–सारण आदि को दिये गये उपदेश हैं। इस ग्रन्थ में उपदेश का कारण प्रायः लक्ष्मण तथा उपदेष्टा श्रीराम हैं। अक्षर विन्यास एवं मनोभाव महर्षि वाल्मीकि के हैं।

इस ग्रन्थ की तात्कालिकी लेखन में संस्कृत के मूर्द्धन्य विद्वान् प्रो. उमाकान्त मिश्र 'मधुराज' ने बड़ी ही प्रासंगिक बात कही है कि हमारे आदि शास्त्र प्रणेताओं की एक श्रृंखला हुआ करती थी। जैसे– महकर्षि पाणिनि ने अष्टाध्यायी का लेखन किया उसके बाद महर्षि पतंजति ने उसका भाष्य किया। फिर कात्यायन ने उसकी सूत्रवृत्ति कर उस ग्रन्थ को और अधिक पठनीय बनाया।

इसी प्रकार अनेक उदाहरण देखे जा सकते हैं। इसी कड़ी में महर्षि वाल्मीकि ने जिस रामायण आदिकाव्य का प्रणयन किया उसी ग्रन्थ का प्रबल अध्यवसाय तथा कठिन तपश्चर्या से आचार्य सूर्यनारायण गौतम ने उसका सारभूत अंश निकारकर संसार के लिए एक चरित्रनिमाणकर्त्री पेटिका प्रदान किया है।

इस ग्रन्थ की भूमिका में आप लिखते हैं कि आज का समाज इस प्रकार का होता चला जा रहा है कि जो पिता अपने पुत्र जो पैदा करता है तथा उसका पालन–पोषण करने में अधिक समय व्यतीत करता है फिर जब उसका पुत्र कामयाब व्यक्ति बन जाता है तो वह उस पुत्र के सामने आदरणीय व्यक्ति न होकर दीन–हीन व्यक्ति बन जाता है। इतना ही नहीं वह अपने पुत्र से भयभीत भी होता है। प्रायः देखा जाने लगा है कि पुत्र की कामयाबी पिता तो अनाथालय या वृद्धाश्रम भी पहुचाने लगी है।

पति–पत्नी के सम्बन्ध में आपने कहा कि यह ऐसा सम्बन्ध है जिसे दो देखने पर भी एक ही आत्मा के दो रूप होने चाहिए किन्तु समाज में एक दूसरे के लिए समझदारी के अभाव में तलाक जैसी कुप्रथा जोर पकड़ रही है।

मित्र का मित्र के साथ लौकिक सम्बन्ध होता है। किसी गुण, घटना तथा आवश्यकता विशेषसे दोनों का आपस में मिलन होता है। किन्तु उसमें स्वार्थ का अभाव होता है। जितनी अधिक स्वार्थहीनता होती मित्रता उतनी ही अधिक टिकाऊ होगी। किन्तु आज देखा जा रहा है कि मित्र भी सुबह, दोपहर, शाम अलग–अलग मिलते हैं।

श्रीमद्रामगीता में जिन गुणों का वर्णन किया गया है तथा जिनका पालन करना आज के समय में अति आवश्यक होता जा रहा है वे निम्नानुसार है–

**पिता के प्रति पुत्र के करणीय कर्तव्य–**

जब राम की सौतेली माता कैकेयी ने अपने पति राजा दशरथ से भरत को राजा तथा राम को बन जाने का वरदान माँग लिया तब राम अपने पिता का वचन और सौतेली माता की इच्छा पूरी करने के लिए वन की प्रस्थान किया।

माता कैकेयी तथा पिता दशरथ का राम के प्रति यह व्यवहार अच्छा नहीं लगा। वे क्रोधिक होते हुए आपा खो बैठे और राम से कहने लगे कि भाई ये पिता बुढापे में कैकेयी जैसी नारी के गुलाम हो गये हैं, इसीलिए उचित और अनुचित का विचार ही छोड़ दिया है। बिना किसी अपराध के किसी को दण्डित करना यह महान अनुचित है। ऐसे पिता को बन्दी बनाकर जेल में डाल देना चाहिए या फिर उसकी हत्या ही कर देना चाहिए।1

श्रीराम ने लक्ष्मण को समझाते हुए कहा कि लक्ष्मण तुम्हें इस प्रकार की बात नहीं करनी चाहिए क्योंकि इस संसार में पिता ही पुत्र को संसार में लाता है। यह शरीर देता है जिससे मनुष्य श्रेष्ठ कर्म करते हुए स्वर्ग प्राप्त करता तथा जन्म जन्मान्तर के चक्कर से निकलकर मोक्ष पद को भी प्राप्त करता है।

इस शरीर पर पिता–माता को पूर्ण अधिकार होता है वे जैसा चाहें वैसा इसका उपयोग कर सकते हैं आदि।2

**भाई के प्रति करणीय कर्तव्य–**

जिस समय श्रीराम सीता और लक्ष्मण सहित चित्रकूट में पर्णकुटी बनाकर निवास करने लगे थे। राम के छोटे भाई कैकेयी पुत्र भरत राम को उनका

राज्य सौंपने के लिए आये तो उनकी विशाल सेना को देखकर लक्ष्मण को भ्रम हो गया। उन्हें ऐसा लगा कि भरत राम की हत्या कर निष्कंटक राज्य की अभिलाषा से यहाँ आ रहे हैं। अतः उन्होंने बिना कुछ विचार ही राम को सचेत होने के लिए कहने लगे कि आप भाभी सीता को लेकर पर्णकुटी में चले जाँय। मैं अभी भरत का बध कर देता हूँ। इस बात को सुनकर राम ने उन्हें समझाया कि मैं भरत को अच्छी तरह से जानता हूँ। वे ऐसा नहीं कर सकते। और यदि ऐसा किया भी तो मेरा भाई ही तो राजा बनेगा। मैं राजा बने या मेरा भाई भरत राजा बने इससे क्या फर्क पड़ता है।

दूसरी बात यह है कि मैं अपने हाथों अपने अनुजों का बध करके अयोध्या क्या पूरी पृथ्वी का राज्य भी यदि मिल जाये तो उसे नहीं लूँगा। बिना भाईयों के राज्य का सुख भी सब दुःख में ही बदल जायेगा।3

### मित्र के प्रति करणीय कर्तव्य–

सुग्रीव और राम की मित्रता हुई। अग्नि को साक्षी मानकर दोनों ने ही एक दूसरे का साथ देने और विपत्ति से निकालने की प्रतिज्ञा की। सुग्रीव जब राजा हो गये तो किष्किन्धा पुरी में निवास करने लगे। वर्षा का समय व्यतीत हो जाने पर सीता की खोज की जानी थी पर सुग्रीव को राम के पास आने में समय लग गया। इस बात से लक्ष्मण को सुग्रीव पर अत्यधिक क्रोध उत्पन्न हुआ। उन्होंने अपना धनुष और बाण उठा लिया और राम से कहने लगे कि भाई यह सुग्रीव बहुत की कृतघ्न और निम्न प्रकृति का वानर है। इसका कार्य हो गया तो हमें भूल गया। मैं अभी जाकर उसे मृत्युदण्ड देता हूँ। लक्ष्मण की इस बात को सुनकर राम ने खूब समझाते हुए लक्ष्मण से कहा कि हमने मित्र को वचन दिया है कि अपने प्राणों की बलि देकर भी आपके प्राण की रक्षा करूँगा। यदि मेरे रहते तुमने सुग्रीव का वध कर दिया तो हमारी प्रतिज्ञा का क्या होगा ? तुम्हें ऐसा कदापि नहीं सोचना चाहिए।

एक मित्र को अपने मित्र के प्रति सदा ही उदार रहना चाहिए और उसके छोटे दुःख को भी बड़ा मानना चाहिए और अपने बड़े दुःख को छोटा मानना चाहिए। लक्ष्मण मित्र वध बहुत ही बड़ा अपराध है।4

### शरणागत के प्रति कर्तव्य–

विभीषण ने रावण को उचित परामर्श दिया कि पराई स्त्री का अपहरण करना बहुत ही निन्दनीय कार्य है। यह बहुत ही बड़ा अपराध है अतः यह नहीं करना चाहिए और यदि हो गया है तो सीता को ले जाकर राम को सौंप दें तथा उनसे क्षमा याचना कर ले तो वे इस अपराध को क्षमा कर देंगे। उनकी इस बात से रावण विभीषण के ऊपर क्रोधित हुआ और पैरों से प्रहार करते हुए राजसभा से निकाल दिया। विभीषण राम की शरण में आये तो राम की सेना में कोई उन्हें प्रवेश ही नहीं करने दे रहा था कि यह राक्षस का भाई है, कहीं कोई हानि न पहुँचा दे। किन्तु राम ने कहा कि शरणागत की रक्षा करना मनुष्य का प्रथम धर्म होना चाहिए। उन्होंने अपने प्राणों की परवाह त्यागकर विभीषण को शरण दी।

इसी तरह रावण ने अपने मन्त्रियों में से शुक तथा सारण को राम की सेना के बल का पता लगाने के लिए भेजा था जिसे विभीषण ने पहचान लिया। वे दोनों को बन्दी बनाकर राम के सामने प्रस्तुत किया और कहने लगे कि इनको मृत्युदण्ड दिया जाय। सभी की यही विचारधारा थी किन्तु राम ने कहा कि कोई भी दूत या गुप्तचर स्वयं के द्वेष से कोई कार्य नहीं करता वह तो राजा के सन्देश का वाहक तथा आदेश का पालनकर्ता होता है। अतः पाप का भागी राजा होता है न कि दूत। इसलिए शुक और सारण को मुक्त कर दिया जाय।5

### निष्कर्ष–

आधुनिक काल में इन शिक्षाओं की विशेष आवश्यकता है। आज का नवयुवक ही कल का नागरिक, कर्मचारी, वृद्ध माता–पिता का पुत्र, राजनीतिज्ञ आदि दायित्वों को धारण करेगा। यदि वह चरित्रवान होगा तो उससे प्रेरणा प्राप्त कर भावी पीढ़ी भी वैसा

ही आचरण करेगी। समाज में चारों ओर सुख शान्ति होगी। सबका विकास होगा। यदि राम के आदर्श समाज में जन–जन तक जायेंगे तो सभी में माता–पिता के प्रति कर्तव्य भावना का उदय होगा। भाई–भाई आपस में प्रेम का वर्ताव करेंगे, मित्र अपने मित्रों से कभी भी बिना झगड़े जीवन निर्वाह करेंगे। शरणागत की रक्षा के भाव जागृत होगा तथा भाईचारे का विकास होगा। संसार के सभी सम्बन्ध मधुर होंगे। स्वस्थ समाज का निर्माण होगा।

**सन्दर्भ :–**

1. विपरीतश्च वृद्धश्च विषयैश्च प्रधर्षितः।
   नृपः किमिव न ब्रूयाच्चोद्यमानः समन्मथः।।
   नास्यापराधं पश्यामि नापि दोषं तथाविधम्।
   येन निर्वास्यते राष्ट्राद् वनवासाय राघवः।।
   *(श्रीमद्रामगीता, डॉ. सूर्यनारायण गौतम, प्रकाशक– एजुकेशनल बुक सर्विस, उत्तम नगर, नई दिल्ली, अध्याय 2 श्लोक 3–4)*
2. त्वया मया च वैदेह्या लक्ष्मणेन सुमित्रिया।
   पितुर्नियोगे स्थातव्यमेव धर्मः सनातनः।।
   *(वही, अध्याय 2 श्लोक 49)*
3. पितुः सत्यं परिश्रुत्य हत्वा भरतमाहवे ।
   किं करिष्यामि राज्येन सापवादेन लक्ष्मण।।
   *(वही, अध्याय 8 श्लोक 33)*
4. सामोपहितया वाचा रुक्षाणि परिवर्जयन्।
   वक्तुमर्हसि सुग्रीवं व्यतीतं कालपर्यये।।
   *(वही, अध्याय 17 श्लोक 8)*
5. न चेदं ग्रहणं प्राप्य भेतव्यं जीवितं प्रति।
   न्यस्तशस्त्रौ गृहीतौ च न दूतौ वधमर्हथः।।
   *(वही, अध्याय 18 श्लोक 20)*

SHODH CHETNA – YEAR-8, VOL. 2 (APR. TO JUNE, 2022) ISSN : 2350-0441
A Peer-Reviewed & Refereed
International Multifocal
Research Journal
IMPACT-FACTOR
SJIF - 5.999
Paper Recieved : 1st June 22
Paper Accepted : 15th June 22

# रीवा जिले के शासकीय माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों पर कोरोना महामारी (कोविड-19) के प्रभाव का अध्ययन

## (रीवा विकासखण्ड के सन्दर्भ में)

❒ रीता निगम*

**शोध सारांश**

शिक्षा व्यक्ति एवं समाज दोनों के लिए आवश्यक है, शिक्षा से ही मनुष्य का सर्वांगीण विकास संभव हैं, स्वतंत्रता पूर्वक विद्यालय में जाकर शिक्षा ग्रहण करना प्रत्येक बालक का अधिकारी है लेकिन अचानक से सम्पूर्ण भारत में कोरोना महामारी फैलने के कारण बच्चों का ये स्वप्न बीच में टूट गया। शासकीय माध्यमिक विद्यालयों में कक्षा– 6, 7, 8 के विद्यार्थियों पर कोरोना महामारी का सर्वाधिक प्रभाव पड़ा। विद्यार्थियों की इस समस्या को देखते हुए शोधार्थी द्वारा ''रीवा जिले के शासकीय माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों पर कोरोना महामारी (कोविड–19) के प्रभाव का अध्ययन'' की आवश्यकता महसूस हुई।विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों की शिक्षा बाधित न हो इस हेतु शासन के प्रयास से ऑनलाइन कक्षाओं को प्रारंभ किया गया। ये कक्षाएं छात्रों को कितना प्रभावित की, छात्र कितना लाभान्वित हुए प्रस्तुत शोध में यह ज्ञात करने का प्रयास किया गया। रीवा जिले के विकासखण्ड के 45 विद्यालय के कक्षा –6, 7, 8 के विद्यार्थियों, उनके अभिभावक, शिक्षकों से साक्षात्कार प्रश्नावली के माध्यम से तथ्य संकलित किए गए। सत्र 2019–20 एवं 2020–21 में चयनित विद्यार्थियों की संख्या 3319 थी। साक्षात्कार द्वारा यह निष्कर्ष निकला कि सत्र 2019–20 में कोरोना महामारी ने छात्रों को ज्यादा प्रभावित किया। सत्र 2020–21 में कम प्रभाव देखने को मिला। कोरोना महामारी से विद्यार्थियों में, आलस, चिड़चिड़ापन, क्रोध, उदासी, सिरदर्द, शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक एवं अन्य स्वास्थ्य संबंधी समस्या उत्पन्न हो गई, उनकी दिनचर्या ही बदल गई। सम्पूर्ण समय मोबाइल फोन में ही व्यतीत होता था, इसलिए आवश्यक हैं कि उनमें नई उमंग, आत्मविश्वास को जागृत किया जाएं। जिससे वो अपने भविष्य के निर्माण की ओर अग्रसर हो।

**शब्द कुन्जी :–** रीवा, माध्यमिक विद्यालय, कोरोना महामारी।

* शोधार्थी (शिक्षाशास्त्र), अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा (म.प्र.)

**प्रस्तावना :**

मानव की सम्पूर्णता का प्रकटीकरण ही शिक्षा हैं। शिक्षा व्यक्ति एवं समाज दोनों के लिए अत्यंत आवश्यक एवं महत्वपूर्ण है। शिक्षा का अर्थ सीखना है, जिसमें अनुभव द्वारा विवेक जागृत होना शामिल हैं।

**''शिक्षा स्वयं की अनुभूति हैं।''**–शंकराचार्य

**''शिक्षा का अंतिम लक्ष्य निर्माण हैं।''**–उपनिषद्

**शोध कार्य की आवश्यकता**

प्रस्तावित शोध–पत्र ''रीवा जिले के अंतर्गत रीवा विकासखण्ड के शासकीय माध्यमिक विद्यालयों में कक्षा – 6, 7, 8 में अध्ययनरत विद्यार्थियों पर कोरोना महामारी के प्रभाव'' पर केन्द्रित है। कोरोना काल में विद्यार्थियों का शिक्षा एवं स्वास्थ्य प्रभावित हुआ। देश में लॉकडाउन की बढ़ती अवधि के कारण विद्यार्थियों का विद्यालय आना बंद हो गया। पाठ्यक्रम अधूरा रह गया, परीक्षा नहीं हुई, जिससे छात्रों के ज्ञान का स्तर, सीखने के क्षमता, अध्ययन के प्रति अभिरूचि को प्रभावित किया। शासन ने प्रयास किया कि ऑनलाइन कक्षाओं के माध्यम से शिक्षा स्थिति में सुधार आए, ऑनलाइन शिक्षण क्या है यह जानना आवश्यक है।

''ऑनलाइनशिक्षण वो शिक्षण हैं जिसमें इंटरनेट के माध्यम से हम सीखतें है, विद्यार्थी अपने समय, स्थान का चुनाव कर सकते हैं।''–सिंह एवं टर्मन – 2019(3)

समय की मॉग है कि छात्रों को व्हाट्सएप, जूम, गूगल मीट, ई–मेल के माध्यम से शिक्षा प्रदान की जाए। विद्यालय में शैक्षणिक संसाधन की उपलब्धता का आंकलन, शैक्षणिक स्थिति, ऑनलाइन कक्षा का प्रभाव, अभिभावकों, शिक्षकों की भूमिका क्या रही यह ज्ञात करने के उद्देश्य से प्रस्तावित शोध–पत्र की आवश्यकता महसूस हुई।

**शोध कार्य का महत्व**

प्रस्तुत शोध–पत्र भारत में व्याप्त ''कोरोना महामारी का विद्यार्थियों पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन।'' पर विषय केन्द्रित है, कोरोना काल में संयुक्त राष्ट्र शैक्षणिक वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन युनेस्को द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार ''भारत में लगभग 32 करोड़ छात्रों की शिक्षा प्रभावित हुई है, जिसमें 15.8 करोड़ छात्रा एवं 16.25 करोड़ छात्र है।''–यूनेस्को ख4,कोरोना महामारी ने विद्यार्थियों की शिक्षा में विघ्न ड़ाल दिया है, इसलिए यह शोध कार्य महत्वपूर्ण है। शोध कार्य का महत्व निम्नलिखित है –

1. शोध क्षेत्रान्तर्गत विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों पर कोरोना महामारी (कोविड–19) के प्रभाव का अध्ययन हो सकेगा।

2. शोध अध्ययन के परिणामस्वरूप विद्यार्थियों के अभिभावकों को शैक्षणिक संसाधन की उपलब्धता एवं शिक्षकों द्वारा उसके उपयोग का अध्ययन किया जा सकेगा।

3. शोध क्षेत्रान्तर्गत शैक्षणिक संसाधन की उपलब्धता एवं शिक्षकों द्वारा उसके उपयोग का अध्ययन किया जा सकेगा।

**शोध क्षेत्र के उद्देश्यः**

विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों की शिक्षा अनवरत चलती रहे, यह शासन के प्रयास से संभव हो पाएगा। इस हेतु 'मानव संसाधन विकास मंत्रालय (MHRD)' द्वारा ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से कक्षाएं,– टेलीविजन, रेडियों, मोबाइल द्वारा चलचित्र दीक्षा पोर्टल, ई–पाठशाला, स्वयंप्रभा द्वारा छात्रों एवं शिक्षकों को शिक्षण सहायक सामग्री उपलब्ध कराने का प्रयास किया। ये प्रयास कहॉ तक सफल रहे इन उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए कुछ उद्देश्यों का निर्धारण किया गया हैं–

1. विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों पर कोरोना महामारी के प्रभाव का अध्ययन।

2. शोध क्षेत्र में शैक्षणिक संसाधनों की उपलब्धता एवं शिक्षकों, विद्यार्थियों द्वारा उसके उपयोग का अध्ययन।

3. विद्यार्थियों के अभिभावकों को शैक्षणिक संसाधनों की जानकारी एवं उपयोग का अध्ययन।

**शोध क्षेत्र का परिसीमन**

प्रस्तुत शोध–पत्र ''रीवा जिले के शासकीय माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों पर कोरोना महामारी के प्रभाव का अध्ययन विषय पर केन्द्रित है'' शोधार्थी ने परिसीमन के अंतर्गत (1) रीवा जिले की राजस्व सीमा, (2) विषयवस्तु परिसीमित की गई है, जिसके अंतर्गत रीवा जिले के 09 विकासखण्डके ग्रामीण क्षेत्र के शासकीय माध्यमिक विद्यालय उन विद्यालयों के कक्षा –6, 7, 8 के अध्ययनरत विद्यार्थी, उनके अभिभावक एवं शिक्षक शामिल है।

**शोध विधियॉ**

यह एक वैज्ञानिक पद्धति है, यह शोध समस्या को हल करने के लिए उपयोगी है। शोध विधियॉ प्रमुखतया (1) शोध कार्य की प्रगति तथा उद्देश्यों की प्राप्ति पर, (2) समय की अवधि पर।शोधार्थी द्वारा चिन्हित समस्या के लिए 'सर्वेक्षण विधि' का चयन किया गया है। जिसके अंतर्गत विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थी, अभिभावकों, शिक्षकों से साक्षात्कार प्रश्नावली के माध्यम से तथ्यों का संकलन किया गया है।

**शोध उपकरण**

यह शोध में प्रयोग किया जाने वाला उपकरण है। इससे शोध विषय पर संगत ऑकड़े प्राप्त किए जाते है। कोरोना महामारी को ध्यान में रखते हुए, कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करते हुए शोधार्थी द्वारा ''साक्षात्कार अनुसूची'' को उपकरण के रूप में चयनित किया गया है।

**न्यादर्श**

रीवा जिले के 09 विकासखण्डों (रीवा, रायपुर–कर्चुलियान, गंगेव, मऊगंज, नईगढ़ी, त्योथर, हनुमना, जवा एवं सिरमौर)प्रत्येक विकासखण्ड के 5–5 विद्यालय कुल 45, प्रत्येक विद्यालय के 10–10 विद्यार्थीगण कुल 450प्रत्येक विद्यालय के 5–5 अभिवावक कुल 225, प्रत्येक विद्यालय के 5–5 शिक्षकगण कुल 225

पूर्ववर्ती शोधकार्य का संक्षिप्त विवरणः–प्रस्तुत शोध–पत्र में अध्ययन की प्रकृति एवं समय को ध्यान में रखते हुए पत्र–पत्रिकाएं, अभिलेखों, पुस्तकों, प्रकाशित–अप्रकाशित शोधपत्रों का अध्ययन, फोन, इंटरनेट का प्रयोग कर शोध समस्या का चयन, परिकल्पना का निर्माण अध्ययन की रूपरेखा तैयार की गई। हाल ही में कोरोना महामारी के संबंध में डॉ॰ रंजना, डॉ॰ शेखर, सी॰ माण्डे, डॉ॰ शैलजा वैद्य गुप्ता, कुमुद श्रीवास्तव द्वारा अध्ययन किया गया है।

**पूर्ववर्ती शोध कार्य –**

**राज, लेख** – 2021 ''कोविड–19 का जनजातीय शिक्षा पर प्रभाव।'' (चंबा जिले के पंगवाल अनुसूचित जनजाति के संबंध में)

सहायक प्राध्यापक – इतिहास विभाग, शासकीय माध्यमिक विद्यालय टाकीपुर, जिला – कॉगड़ा (हिमाचल प्रदेश)

**न्यादर्श–** चम्बल जिला का जनजातीय क्षेत्र पांगी विकासखण्ड के 15 गॉव के शैक्षणिक संस्थान एवं 250 पंगवाल अनुसूचित जनजाति।

**अध्ययन पद्धति–**प्रकाशित व अप्रकाशित शोध पत्रिकाएं, समाचार–पत्र पत्रिका, फोन, इंटरनेट आदि।

**निष्कर्ष**–(1) मोबाइल के उपयोग से बच्चों की स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं बढ़ गई है।

**सुझाव–**

(1) विद्यार्थियों व शिक्षकों को डिजिटल तकनीकी का प्रशिक्षण व संसाधन उपलब्ध कराए जाए।

शोध क्षेत्र का भौगोलिक एवं जनांकिकी परिचयः–रीवा भारत के मध्यप्रदेश राज्य के रीवा जिलेमें स्थित एक नगर है, यह जिले का मुख्यालय है, यहॉ विंध्याचल की पहाडियॉ, दक्षिण में कैमूर पर्वत माला है। यहॉ मुख्य रूप से बघेली भाषा बोली जाती है। विश्व का पहला सफेद शेर मोहन यहीं के राजाओं द्वारा पकड़ा और पाला गया। यहॉ का रेलमार्ग एवं सड़क मार्ग देश के कई बड़े–बड़े शहरों से जुड़ा है। यहॉ वर्तमान में कृष्णा राजकपूर ऑडोटोरियम का निर्माण कराया गया है। रीवा का अल्ट्रामेगा सौर परियोजना पूरे विश्व में अपनी पहचान बना चुका है। यहॉ कई पर्यटन एवं धार्मिक स्थल है। यहॉ पर कई

बड़ी शासकीय, अशासकीय शिक्षण संस्थाएं हैं। रीवा जिले का क्षेत्रफल 2011 के जनगणना के अनुसार 6314 वर्ग किलोमीटर है।

रीवा की अनुमानित जनसंख्या सन् 2022 के अनुसार – 27,26,120

पुरूषों की अनुमानित जनसंख्या सन् 2022 के अनुसार – 14,33,857

महिलाओं की अनुमानित जनसंख्या सन् 2022 के अनुसार – 13,34,263

कुल साक्षरता– 14,41,757, पुरूष साक्षरता– 8,45,572, महिला साक्षरता– 5,96,185 है।

## परिणामों का विश्लेषण एवं व्याख्या

### तालिका क्र॰ – 1.1
### परिकल्पना क्रमांक 1 के अनुसार
### सत्र 2019–20 "शोध क्षेत्रान्तर्गत विद्यार्थियों पर कोरोना महामारी का प्रभाव पड़ा हैं।"

| स॰ क्र॰ | जानकारी संकलन के स्त्रोत | न्यादर्श में चयनित विद्यालय | न्यादर्श में चयनित अभिभावकों, शिक्षक, छात्र/छात्रा | प्रश्नों का विवरण | प्रश्नों की संख्या | प्रश्नों की आवृत्ति | हॉं | | नहीं | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | संख्या | प्रति. % | संख्या | प्रति. |
| 1 | अभिभावक साक्षात्कार प्रश्नावली | 45 | अभिभावक की संख्या 45x5= 225 | 1. कोरोना महामारी संबंधित अध्ययन | 5 | 225 x 5= 1125 | 223 | 99.1% | 2 | 0.9% |
| | | | | 2. संचार के साधन संबंधित अध्ययन | | | 215 | 95.6% | 10 | 4.4% |
| | | | | 3. विद्यालयों में शैक्षणिक संसाधन संबंधित अध्ययन | | | 225 | 100% | 0 | 0.0% |
| | | | | 4. अध्ययन के प्रति रूचि संबंधित अध्ययन | | | 210 | 93.3% | 15 | 6.7% |
| | | | | 5. स्मरण शक्ति संबंधित अध्ययन | | | 198 | 88.0% | 27 | 12.0% |
| 2 | शिक्षक साक्षात्कार प्रश्नावली | 45 | शिक्षकों की संख्या 225 | 1. कक्षा में उपस्थित संबंधित अध्ययन | 5 | 225 x 5= 1125 | 192 | 85.3% | 33 | 14.7% |
| | | | | 2. बालकों के मानसिक स्वास्थ्य संबंधित अध्ययन | | | 217 | 96.5% | 8 | 3.5% |
| | | | | 3. मोबाइल के उपयोग संबंधित अध्ययन | | | 208 | 92.4% | 17 | 7.0% |
| | | | | 4. ऑनलाइन कक्षाओं से संबंधित अध्ययन | | | 225 | 100% | 0 | 0.0% |
| | | | | 5. कोरोना के प्रभाव संबंधित अध्ययन | | | 204 | 90.7% | 21 | 9.3% |
| 3 | छात्र/छात्रा साक्षात्कार प्रश्नावली | 45 | छात्र/छात्रा की संख्या 45x10= 450 | 1. संचार के साधनों की उपलब्धता संबंधित अध्ययन | 5 | 450 x 5= 2250 | 400 | 88.9% | 50 | 11.1% |
| | | | | 2. मोबाईन के माध्यम से पढ़ाई संबंधित अध्ययन | | | 435 | 96.7% | 15 | 3.3% |
| | | | | 3. अध्ययन के प्रति रूचि संबंधित अध्ययन | | | 427 | 94.9% | 23 | 5.1% |
| | | | | 4. शारीरिक स्वास्थ्य संबंधित अध्ययन | | | 392 | 87.1% | 58 | 12.9% |
| | | | | 5. मोबाइल के अत्याधिक उपयोग संबंधित अध्ययन | | | 446 | 99.1% | 4 | 0.9% |

**तालिका क्र. – 1.2**

**परिकल्पना क्रमांक 1 के अनुसार**

**सत्र 2020–21 ''शोध क्षेत्रान्तर्गत विद्यार्थियों पर कोरोना महामारी का प्रभाव पड़ा हैं।''**

| स. क्र. | जानकारी संकलन के स्त्रोत | न्यादर्श में चयनित विद्यालय | न्यादर्श में चयनित अभिभावकों, शिक्षक, छात्र/छात्रा | प्रश्नों का विवरण | प्रश्नों की संख्या | प्रश्नों की आवृत्ति | हॉं | | नहीं | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | संख्या | प्रति. % | संख्या | प्रति. |
| 1 | अभिभावक साक्षात्कार प्रश्नावली | 45 | अभिभावक की संख्या 45x5= 225 | 1. कोरोना काल में बालकों के शारीरिक स्वास्थ्य संबंधित | 5 | 225 x 5= 1125 | 180 | 80% | 45 | 20% |
| | | | | 2. व्यवहार में परिवर्तन संबंधित अध्ययन | | | 182 | 80.9% | 43 | 19% |
| | | | | 3. बालकों द्वारा मोबाइल के उपयोग संबंधित अध्ययन | | | 193 | 85.8% | 32 | 14.2% |
| | | | | 4. ऑनलाइन कक्षा के प्रति रूचि संबंधित अध्ययन | | | 153 | 68% | 72 | 32% |
| | | | | 5. दिनचर्या संबंधित अध्ययन | | | 184 | 81.8% | 41 | 18.2% |
| 2 | शिक्षक साक्षात्कार प्रश्नावली | 45 | शिक्षकों की संख्या 225 | 1. आर्थिक समस्या संबंधित जानकारी | 5 | 225 x 5= 1125 | 220 | 97.8% | 5 | 2.2% |
| | | | | 2. सीखने की क्षमता संबंधित अध्ययन | | | 218 | 96.9% | 7 | 3.1% |
| | | | | 3. खेलकूद से संबंधित अध्ययन | | | 213 | 94.7% | 12 | 5.3% |
| | | | | 4. अभिभावकों की भूमिका | | | 191 | 84.9% | 34 | 15.1% |
| | | | | 5. नकारात्मक दृष्टिकोण संबंधित अध्ययन | | | 174 | 77.3% | 51 | 22.7% |
| 3 | छात्र/छात्रा साक्षात्कार प्रश्नावली | 45 | छात्र/छात्रा की संख्या 45x10= 450 | 1. दिनचर्या संबंधित अध्ययन | 5 | 450 x 5= 2250 | 399 | 88.7% | 51 | 11.3% |
| | | | | 2. मोबाइल के प्रति लगाव संबंधित अध्ययन | | | 429 | 95.3% | 21 | 4.7% |
| | | | | 3. शिक्षकों के सहयोग संबंधित अध्ययन | | | 447 | 99.3% | 3 | 0.7% |
| | | | | 4. अभिभावकों की भूमिका संबंधित भूमिका | | | 417 | 92.7% | 33 | 7.3% |
| | | | | 5. भावनात्मक प्रभाव संबंधित अध्ययन | | | 402 | 89.3% | 48 | 10.7% |

प्रस्तावित शोध–पत्र में शोध कार्य के दौरान ''कोरोना महामारी'' का विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों पर क्या प्रभाव पड़ा, उनकी शैक्षणिक अभिरूचि, उनका स्वास्थ्य का अध्ययन हेतु न्यादर्शो में ''कोविड–19'' का पालन करते हुए शोध उपकरणों की सहायता से साक्षात्कार प्रश्नावली के माध्यम से तथ्यों का संकलन, सारणीयन, विश्लेषण एवं व्याख्या की गई है।

## विश्लेषण

विश्लेषण– सारणी क्र. 1.1 एवं 1.2 में शोध क्षेत्र में कोरोना महामारी का प्रभाव संबंधित तथ्यों के संकलन के उपरांत सत्र 2019–20 में अभिभावक साक्षात्कार प्रश्नावली के आधार पर कोरोना महामारी का प्रभाव छात्रों पर 95.2% एवं सत्र 2020–21 में 79-2% पड़ा। शिक्षक साक्षात्कार प्रश्नावली के आधार पर 2019–20 में 93% एवं 2020–21 में 90.3% रहा। वही पर छात्र/छात्रा साक्षात्कार प्रश्नावली से यह स्पष्ट हुआ कि सत्र 2019–20 में 93ण्3ः एवं सत्र 2020–21 में 93.1% प्रभाव पड़ा।

**निष्कर्षतः** कोरोना महामारी से संबंधित प्रश्नों के आधार पर प्राप्त ऑकड़ों के अनुसार सत्र 2019–20 में ''कोरोना महामारी (कोविड–19)'' का प्रभाव कक्षा – 6, 7, 8 के विद्यार्थियों पर सत्र 2020–21 की अपेक्षा ज्यादा पड़ा। अतः यह कहॉ जा सकता है कि कोरोना महामारी का प्रभाव छात्रों पर पड़ा है।




शोध क्षेत्रान्तर्गत विद्यार्थियों पर कोरोना महामारी के प्रभाव का अध्ययन करना
वर्ष 2020–21



**व्याख्या–** अंको की गणितीय सांख्यिकीय विवेचना के आधार पर ''विद्यार्थियों पर कोरोना महामारी के प्रभाव का अध्ययन''

| साक्षात्कार प्रश्नावली | वर्ष | हाँ की संख्या का प्रतिशत | नहीं की संख्या का प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| अविभावक | **2019–20** | $\frac{1071}{1125}$ x100 = 95.2% | $\frac{54}{1125}$ x100 = 4.8% |
| | **2020–21** | $\frac{892}{1125}$ x100 = 79.2% | $\frac{233}{1125}$ x100 = 20.8% |
| शिक्षक | **2019–20** | $\frac{1046}{1125}$ x100 = 93% | $\frac{79}{1125}$ x100 = 7% |
| | **2020–21** | $\frac{1016}{1125}$ x100 = 90.3% | $\frac{109}{1125}$ x100 = 9.7% |
| छात्र / छात्रा | **2019–20** | $\frac{2100}{2250}$ x100 = 93.3% | $\frac{150}{2250}$ x100 = 6.5% |
| | **2020–21** | $\frac{2094}{2250}$ x100 = 93.1% | $\frac{156}{2250}$ x100 = 6.9% |

उपरोक्त विश्लेषित तथ्यों एवं आरेख क्र॰– 01 एवं आरेख क्र॰– 02 के अनुसार सत्र 2019–20 एवं 2020–21 में ''रीवा जिले के शासकीय माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों पर कोरोना महामारी का प्रभाव पड़ा है।''

(13) परिकल्पना का सत्यापन एवं निरसनः–''शोध क्षेत्रान्तर्गत विद्यार्थियों पर कोरोना महामारी का प्रभाव पड़ा है।''

यह परिकल्पना मुख्य रूप से रीवा जिले के शासकीय माध्यमिक विद्यालयों में कक्षा– 6, 7, 8 में अध्ययनरत विद्यार्थियों पर कोरोना महामारी के प्रभाव का अध्ययन करने के उद्देश्य से की गई। तालिका क्र. 1.1 एवं 1.2 की गणितीय सांख्यिकीय विश्लेषण एवं व्याख्या तथा आरेख क्र.– 1, 2 के अनुसार यह स्पष्ट होता है कि ''कोरोना महामारी (कोविड–19)'' का विद्यार्थियों पर प्रभाव पड़ा है। अतः उपरोक्त व्याख्या के अनुसार शोधार्थी की परिकल्पना स्वीकृत होती है।

**निष्कर्ष :–**

1. ''कोरोना महामारी (कोविड–19)'' काल में विद्यार्थियों का शारीरिक, मानसिक स्वास्थ्य प्रभावित हुआ है।

2. मोबाइल का अत्यधिक प्रयोग से चिड़चिड़ापन एवं स्मरण शक्ति तथा सीखने की क्षमता कम हुई है।

3. विद्यार्थियों की दिनचर्या बदल गई है।

**सुझावः—**

1. विद्यार्थियों द्वारा मोबाइल का उपयोग आवश्यकतानुसार किया जाय।

2. विद्यार्थियों को विद्यालय जाकर अध्ययन हेतु अभिभावकों द्वारा प्रेरित किया जाय।

3. विद्यार्थियों के स्वास्थ्य में सुधार हेतु प्रयास किए जाय।

**संदर्भ ग्रन्थ सूची—**


1. शर्मा, डॉ. आरती एवं अदानिया दिनेश — 2019 प्रथम संस्करण 'समसामयिक भारतीय समाज में शिक्षा' डी.एल.एड., पृष्ठ संख्या—15, ठाकुर प्रकाशन नं. 110, कमरा नं. 1 अहिंसा बिहार कालोनी, अयोध्या बाई—पास, भोपाल (म॰प्र॰), पिनकोड—462022,
2. मदान पूनम — 2015—16 अंतिम संस्करण ' शिक्षा के दार्शनिक एवं समाजशास्त्रीय आधार', पृष्ठ संख्या— 910, अग्रवाल प्रकाशन— 28 / 115 ज्योति ब्लॉक, संजय पैलेस, आगरा—2
3. शुक्ला, डॉ अखिलेश — 2021 प्रथम संस्करण '(कोविड—19) चुनौतियॉ और भविष्य की रणनीति' पृष्ठ क्र॰ 74, गायत्री प्रकाशन, 186 / 1 लिटिल बैम्बिनोज स्कूल कैम्पस, विन्ध्य विहार कालोनी, पड़रा, रीवा, 486001
4. शुक्ला, डॉ अखिलेश — 2021 प्रथम संस्करण '(कोविड—19) चुनौतियॉ और भविष्य की रणनीति' पृष्ठ क्र॰ 84, 85, गायत्री प्रकाशन, 186 / 1 लिटिल बैम्बिनोज स्कूल कैम्पस, विन्ध्य विहार कालोनी, पड़रा, रीवा, 486001

SHODH CHETNA – YEAR-8, VOL. 2 (APR. TO JUNE, 2022) ISSN : 2350-0441
A Peer-Reviewed & Refereed International Multifocal Research Journal
IMPACT-FACTOR SJIF - 5.999
Paper Recieved : 15th June 22
Paper Accepted : 25th June 22

# देवेन्द्र सत्यार्थी का काव्य : एक अनुशीलन

❑ दिनेश कुमार यादव*
❑ डॉ. श्री कृष्ण तिवारी**

## शोध सारांश

देवेन्द्र सत्यार्थी के अध्ययन और चिन्तन का केन्द्र लोक साहित्य रहा है। जिसका संकलन उन्होंने अपने स्वयात्रा के जरिये विभिन्न क्षेत्रों में जाकर किया। चूंकि मूलतः गीत काव्य के आधार संरचनाएं होती हैं अतएव लोक गीतों के प्रभावी भावों और अध्ययन एवं संग्रह के दौरान हुई अनुभूतियों को उन्होंने काव्य रूपों में भी अंकित किया है। जिनमें अधिकांश रचनाओं में लोक तत्व की विभिन्न छटाएं देखने को मिलती हैं। जिनमें काव्य के सभी गुण किसी न किसी रूप में दिखते हैं। इनमें मूलतः लोक तत्व, प्रगतिशीलता, प्रकृति चित्रण तथा अनय विशिष्टताएं मिलती हैं, इन्हीं बिन्दुओं को इस शोध पत्र में उल्लेखित करने का प्रयास है।

**मुख्य शब्दः—** लोक तत्त्व, देवेन्द्र, सत्यार्थी, काव्य, अनुशीलन, प्रगतिशीलता, प्रकृति, चित्रण, स्वयात्रा, अनुभूति आदि।

**प्रस्तावना :—**

काव्य के विविध संदर्भीय अध्ययन से काव्योचित गुणों का समाहार होता है। देवेन्द्र सत्यार्थी के काव्यों के अनुशीलन के दौरान यह बात महसूस होती है कि उनकी काव्य रचनाएं सामान्य कविधर्म से हटकर लोक तत्वीय चिन्तक के अनुभूतियों का शब्दसंसार है लिहाजा उनके काव्यों में लोक तत्व के प्रभावी अनुभूति होती है। देवेन्द्र सत्यार्थी के काव्य में लोकतत्त्व प्रभूत मात्रा में विद्यमान हैं क्योंकि गीत परम्परा को उन्होंने आधार स्वरूप स्वीकार किया है। उन्होंने अपने के अन्तर्गत समाज में व्याप्त लोक जीवन के विविध तत्त्वों जनधर्मिता, रीति, परम्परा और मान्यता, आस्था—विश्वास, अभिजात के प्रति तिरस्कार, रूढ़िओं पर प्रहार, नवीनता के प्रति आग्रह, सौन्दर्य के प्रति नवीन दृष्टिकोण, प्रकृति लोकतत्त्व, आजीविका मूलक लोकतत्त्व ग्राम्यबोध मूलक लोकतत्त्व, प्रगतिवादी विविध रंगों की छटा आदि के लोकतत्त्व को आधार दिया है। उनके अभिप्रेरक हैं।

लोक और समाज एक दूसरे के अनिवार्य अंग हैं। इनका सम्बन्ध जनक और है। लोककवि समाज के जिस प्रत्यक्ष रूप में देखता है उसी वास्तविकता को रूप में ढालकर लोगों के समक्ष प्रस्तुत करना है।

* शोधार्थी (हिन्दी), रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर (म.प्र.)
** प्राध्यापक (हिन्दी), शासकीय श्याम सुन्दर अग्रवाल महाविद्यालय सिहोरा, जबलपुर (म.प्र.)

समाज में घटित होने वाली गीतकार के हृदय को आन्दोलित करती है 'समाज के उत्तम आदर्श उस प्रभाव डालते हैं, उतना ही प्रभाव समाज की विशेषताओं का दोषपूर्ण का और दलित वर्ग की दयनीय अवस्थाओं का भी पड़ता है। लेखक देवेन्द्र सत्यार्थी ने समाज की प्रत्येक गतिविधि को देखा और विचारा है। उन्होंने धरती माँ के दुख और सुख की अनुभूति की है। उन्होंने अच्छे समाज की कल्पना के लिए पृथ्वी सूक्त के इस मंत्र को विशेष महत्त्व दिया है–

**माताभूमिः पुत्रोऽहं पृथिव्याः।**

अर्थात् धरती मेरी माता है और माँ उसका पुत्र हूँ। लेखक ने अच्छे समाज की निर्मात्री इस पृथिवी माँ की वन्दना भी की है–

**धरती माता तैने काजर दिए**
**सेंदरन भर लई माँग,**
**पहर हरिअला ढाँड़ी भई[1]**
**तैने मोह लयो जगत संसार,..**

अर्थात् हे धरती माता! तुमने आँखों में काजल डाल लिया, सिंदूर से माँग भर ली, हरियाले वस्त्र पहनकर तुम खड़ी हो गई हो, तुमने समस्त संसार को मोह लिया है। धरती का यह अभिनंदन आज भी समाज में व्याप्त है। देश का एक–एक प्रात, एक–एक छोटा–बडा जनपद इस अभिनंदन में सम्मिलित होता है। जब धरती माता स्वयं अपनी संतान के साथ स्वर में स्वर मिलाकर गाती हैं तो यों प्रतीत होता है कि समस्त देश एक है और इसकी एकता को कभी चुनौती नहीं दी जा सकती है।

मेघों के साथ किसान का मिलन–सूत्र जुड़ते ही चारों ओर का चित्रपट प्राणवान नजर आने लगता है। मेघ किसान के मित्र हैं, भले ही वे देर आएँ या किसी कारण–वश अधिक समय तक आतिथ्य स्वीकार न कर सकें। 'चितरंग' सरोवरों को मुँह तक छलकाने का सामर्थ्य मेघों के सिवा और किसमें हैं? इन्द्र की गरज सुनने के लिए समस्त देश जागरुक दीखता है।[2]

कवि ने लोक चेतना को आधार मानकर दीपक को समाज का अंग माना है। यह समाज को प्रकाश तो देता है साथ ही साथ एक नूतन उदारवादी स्वभाव को भी प्रस्तुत कर देता है–

**दीवा बले सारी रात।**
**बत्तियाँ बटा रख दी, मेरया जाल्मा**
**दीवा बले सारी रात।**
**आवेंगा ताँ पुच्छ लवांगी, मेरया जाल्मा**
**कित्थे गुजारी सारी रात।[3]**

इसी प्रकार देवेन्द्र सत्यार्थी ने लोक चेतना को अभिन्न अंग मानते हुए श्री–पुरुष के विरह के गीतों को भी अपने काव्य में संजोया है। कुछ गीत वीर रस के प्रधान हैं। उनकी पत्नी को भी ऐसे गीत आते थे जो लोक चेतना के प्रमुख अंग बने हुये थे। जिस दिन प्रभात से दो–तीन घंटे पहले ही जाने की ठान रखी थी, उससे पहली रात चौबारे में बैठकर मेरी सरल–हृदया पत्नी ने एक दूसरा ही गीत सुना दिया। यह गीत पंजाब की किसी स्त्री के रणभूमि में जाने वाले पति को संबोधन करके गाया था–

**जे उठ चल्लियाँ चाकरी,**
**नीले घोड़े घोड़े वालिया!**
**सानूँ बोजे पा।**
**जित्थे ते आवे रातड़ी**
**नीले घोड़े वालिया!**
**कड्ढ कले जड़े ला।[4]**

अर्थात् यदि तुम जंगी नौकरी पर चल पड़े हो, ओ नीले घोड़े वाले! मुझे अपनी जेब में डाल लो, जहाँ कहीं रात पड़ जाया करे, निकालकर हृदय से लगा लिया करना।

लेखक ने अपनी याद में लिखा है कि एक पुराने लोक नृत्य में इस देश की कुँवारी लड़कियाँ बाजू हिला हिलाकर चम्पू चलाने की झाँकी पेश कर रही थीं। उनके चेहरों पर भय छाया हुआ था–किश्तियाँ मझधार में थीं सिर पर वर्षा खड़ी थी फिर एक और गीत समीप आ जाता है–

**इरावती की लहरों की तरह,**
**मेरी प्रेयसी स्वतन्त्र है।**

ये गीत लोक लोक चेतना के अभिन्न अंग है। मल्लाहों के द्वारा ये गाये जाने वाले गीत लोक के रूप में प्रस्तुत हुये हैं। देवेन्द्र सत्यार्थी ने लोकतत्त्व के महत्त्व को स्वीकार किया है। उन्होंने सवाई दुलहिन के माध्यम से व्यक्त किया है कि वह एक मधुर गीत गाती है। उसके एक गीत की टेक है बखरी में को निंबला कोहे डोले? (घर में का नीम क्यों डोल रहा है) बुंदेलखंड का प्राकृतिक सौन्दर्य यहाँ के लोक तत्त्व का विशेष उपादान है। दरिद्र होकर भी सवाई दुलहिन खुश होकर अपने मुँह से एक रसिया गीत इस प्रकार गाती है–

**रसिया आए गरद उड़ी गोरी।**
**जब मोरे रसिया मेंडे पै आए**
**सूखी डूब हरियाली, गोरी,**
**रसिया आएं गरद उड़ी गोरी।**
**जब मोरे रसिया कुयला पै आए**
**रीते कुया भर आए, गोरी।**
**जब मोरे रसिया द्वार पै आए**
**जब मोरे रसिया द्वार पै आए**
**मोति अन चौक पुराए गोरी**
**रसिया आए गरद उड़ी गोरी।।**[5]

अर्थात्–भावुक प्रेमी आ गया, ओ रूपवती गर्द उड़ी। जब मेरा भावुक प्रेमी मेंड पर आया, सूखी दूब हरी हो गई, ओ रूपवती। भावुक प्रेमी आ गया, ओ रूपवती, गर्द उड़ी। जब मेरी भावुक प्रेमी कुएँ पर आया, रीते कुएँ में जल उमड़ आया ओ रूपवती ! भावुक प्रेमी आ गया, ओ रूपवती गर्द उड़ी।

यहाँ लेखक ने बुदेलखण्ड के गीतों के माध्यम से लोकतत्त्व को प्रस्तुत किया है। कवि ने लिखा है कि चाँद है। सूर्य है। आकाश पर पतुरिया–सी आँखें बिछाती बिजली है। देखो तो रात का यह दूल्हा–निर्मल चाँद कैसे धरती की ओर निहार–निहारकर मुसकरा रहा है। भोर हुआ। उदय होते सूर्य का कुंदल मुख, जिसे किसान अपने पड़ोसी की भाँति पहचानता है, जगती जोत लिये हाजिर है। मेघ उमड़ आए। बिजली चमकी। घर बैठे–बिठाए इतना उपादान! गीत हैं सीधे–सादे पर कितनी संकेतमय उनकी लोकतात्त्विक पृष्ठभूमि है –

**चंदाबरण वर मिल गए**
**सूरज से मिल गए जेठ,**
**बिजरी–सी चमकत ननदी मिली**
**बेला चमकत चारों देस।**[6]

अर्थात् चंदा सरीखा वर मिल गया, बिजली–सी चमकती ननद मिली, छिनाल चारों ओर चमक रही है।

जीवन लोक के सभी गुणों में समाहित है मानव मन का सुख–दुःख का क्रम बना रहता है। लेखक ने लिखा है कि जीवन में सभी कुछ रहेगा–अमृत भी तथा विष भी। विष भी तो कभी–कभी अमृत का काम देता है। ये गीत गाते समय भूख और गरीबी की चक्की में पिसने वाले किसान अपनी समस्त वेदनाएँ भूल जाते हैं। बुंदेली लोकगीतों में भरपूर लोकतत्त्व विद्यमान है। इनमें रसियों और दादरों का अपना स्थान है। लेंदे भी बहुत शौक से गाई जाती हैं। और श्सैरों को तो हम खेती की कविता कह सकते हैं। इसमें अलग–अलग जातियों के कुछ विशेष गीत भी मिलते हैं, जैसे धोवियों के 'धुबियाऊ' ठीमरों के ''ठीमरमारू'' गड़रियों के गड़रायाऊ आदि हैं।

हमारे इस प्रांत में अज्ञात काल से जो राछरे पँवारे, देवी के भजन आदि प्रचलित हैं, वे तो हमारी प्राचीन संस्कृति के भग्नाव शेष हैं। उनमें हमारे समाज और भाषा के विकास का इतिहास छिपा पड़ा है। ये गीत कब बने किसने इनकी रचना की, इसका कुछ पता नहीं। परंतु वे मानव सभ्यता के किसी बीते हुए लोक की स्मृति हमें दिलाते हैं। कवि ने ऐसा लिखा है कि हमारा अतीत लोक स्मृतियों पर आधारित है कोई कवि अपनी नायिका की यात्रा का वर्णन करता है तो वह कोस या दो कोस का प्रयोग न करके कहता है–

**इक बन चाली, दोय बन चाली,**
**तीजे वहाँ पहुँची हो– ओ जाय।**

क्या ये पंक्तियाँ हमें सभ्यता की उस अवस्था का परिचय नहीं देती, जब सड़कें नहीं थी और मनुष्यों को राघन वनों से होकर ही अपनी यात्रा का अधिकांश भाग पूरा करना पड़ता था? इसीलिए तो कवि कहता है उसकी नायिका एक वन चली दो वन चली और तीसरा वन पार करके वह अपने स्थान पर पहुँची। यहाँ लेखक ने सभ्यता के अतीत को याद कर लोकतत्त्व को याद किया है जब सडके, ग्राम शहर से दूर पैदल जाना पड़ता था।

इसी प्रकार कवि बेला फूले आधी रात गीत के माध्यम से लोकानुभूति करायी है। उसने लिखा है कि एक फूल दिन के बारह बजे खिलता है तो दूसरा रात के बारह बजे–इसी टेक पर युक्त प्रांत का लोक मानस सौन्दर्य बोध की अनुभूति प्रस्तुत कर देता है–

**एक फूल फूलै खड़ी दुपहरिया**
**दूसर फूल फूलै आधी रात, हो गोरिया!**
**फुलवा बिनि–बिन मैं रसा गरायों**
**हौदा भरा रस होय, होय गोरिया।**
**उहै रसा का रंगदार, हो गोरिया!**
**जेकरे मैं बियाही तेउ पख फोरबा, हो गोरिया![7]**

अर्थात् एक फूल ठीक दुपहरी में खिलता है दूसरा फूल खिलता है आधीरात को जो गोरी! फूल चुन–चुनकर मैंने रस निचोड़ वाया रस से कुंड भर गया, ओ गोरी! उसी रस में मैंने चुनरी रँगाई, चुनरी रंगदार हो गई, ओ गारी! चेर के समान पिया छिप–छिपकर आते हैं, वही मानो सेंध लगाते हैं, ओ गोरी!

बेला के रस से तो चुनरी नहीं रँगी गई होगी। पर आधी रात को खिलने वाले फूल भी चुन गए होंगे और दोपहर को खिलने वाले फूलों के साथ उन्हें भी निवोड़वा लिया गया होगा। यह लोक भावना की कल्पना की गयी है। कवि ने लोकगीत की सुन्दर झांकी प्रस्तुत की है।

रूस की एक आख्यायिका के माध्यम से कवि लोकतत्व को प्रस्तुत किया है। रूसी कल्पना है कि जब भगवान ने उपहार बाँटे तो उन्होंने यूक्रेन निवासियों को संगीत का उपहार देकर खुश किया। इसीलिए कहा जाता है कि यूक्रेन लोकगीत जर्मन लोकगीतों से कहीं अधिक गहरे और रूसी गीतों से कहीं अधिक मधुर होते हैं। यदि ब्रज–निवासी चाहें तो इसी से मिलती–जुलती आख्यायिका की सृष्टि कर सकते हैं क्योंकि ब्रज के लोकगीतों में दोनों गुण यथेष्ट मात्रा में नजर आते हैं। इनमें भावों की गहराई भी है और संगीत का माधुर्य भी झूला रे झूलत नागन डस गई श्यह एक स्त्री–गीत की टेक है, जिसे युक्तियाँ झूले की रस्सियों को हवा में उछालते हुए मधुर लय में गाया करती हैं–

**गूलरिया झक झालरी गूलर रहे गदकार**
**झूला रे झूलत नागन डस गई,**
**ससुर ते कहियो गोरी बीनती**
**सास ते सात सलाम**
**झूला रे झूलत नागन डरा गई।[8]**

गीत में किसान को लक्ष्य कर बतलाया गया है कि गूलर के पेड़ पर झूला झूलती उसकी पत्नी को नागिन ने काट खाया है और वह हल छोड़कर उसकी चिकित्सा की चिंता में मथुरा और दिल्ली तक हो आता है। यह नहीं बताया गया कि यह झूले की नायिका बच गई या प्राण छोड़ गई। यह कल्पना की जा सकती है कि यह कोई साधारण स्त्री नहीं बल्कि एक उत्कृष्ट नायक–नायिका के भावों को कवि लोकानुभूति के शब्द दिये हैं। सामाजिक परिस्थितियों की पड़ताल में लोकगीत पग–पग पर हमारा साथ देते हैं। अब एक और प्रसंग लीजिए जो उत्तर भारत के अनेक जनपदों के लोक गीतों में मिलता है। पति एक साधारण 'पटाक' या बटोही के वेष में अपने ग्राम के समीप अपनी पत्नी के सत की परीक्षा लेने का यत्न करता है–

**गीत बर के गोद झूलती रे बटाक ढोला**
**सात सहेलिन बीच,**
**सातौन के मुख ऊजरे मेरी डाबरनैनी**
**त्योरो चौं रे मैलो भेस?**
**सातौन के ढोला घर रहे रे बटाऊ**

**ढोला हमरे गए परदेस।**
**भाजूँ लौ पहुँचूँ नही मेरी सासु रानी**
**हेला देते आने लाज।**[9]

इस गीत में 'डाबर नैनी' अत्यन्त महत्त्वपूर्ण प्रयोग प्रतीत होता है। 'डाबर' उस नीची जमीन को कहते हैं, जहाँ पानी ठहरा रहे। तुलसीदास ने एक स्थान पर लिखा है–

**भूमि परत भा डाबर पानी, जिमि जीवहि माया लपटानी।**

किन्तु डाबर नैनी या डाबर जैसी बड़ी–बड़ी आँखों वाली सुन्दरी का प्रयोग एक नए चित्र की सृष्टि करता है, और हिन्दुस्तानी गुलाम कन्या जलंतशचंन्द्रा क्राहसिस की सुंदरता का बखान करते हुए कहती है, ष्तेरे केश मधुमक्खियों के झुंड के समान हैं जो किसी बड़े वृक्ष की टहनियों से उलझ गई हों। और तेरी आंखे ऐसी गहरी झीलें हैं जिन पर वेदमुश्क की टहनियाँ झुकी हुई हों। ष्डाबरनैनीश कहकर ब्रज के लोकमानस ने इससे मिलती–जुलती छबि चित्रित की है। जिन्होंने अजंता के चित्र देखे हैं, वे कह सकते हैं कि भिक्षु पत्रकारों ने डाबरनैनी नारी ही को पग–पग पर उपस्थित किया है। डाबरनॅनी नारियों की आज भी ब्रज के ग्रामों में कुछ कमी नहीं । बड़ी–बड़ी आँखें, जिनमें आर्दता की यथेष्ट मात्रा उपस्थित हो, लोक–कवि के लिए आज भी प्रेरणा की वस्तु हैं। यहाँ कवि ने लोकानुभूति को गीत का विषय बनाया है। हास्यरस भी ब्रज के लोक–जीवन में बार–बार छलक उठता है। झूले के एक गीत में बाजरे की प्रशंसा सुनिए–

**आध पाव बाजरा कूटन बैठी,**
**उछल उछल घर भरियो, शैतान बाजरा।**
**कानों देवर मरियो, शैतान बाजरा।**
**आध पाव बाजरा पकावन बैठी**
**खदक–खदक हँडिया भरियो, शैतान बाजरा**
**कनों देवर मरियो, शैतान बाजरा।**[10]

इस प्रकार हम देखते हैं ब्रज के लोकगीत ब्रज भारती के प्रतीक हैं। ब्रज की आत्मा को इनसे अलग करके देखना–समझना संभव नहीं हो सकता है कि कुछ लोग यह देखकर कि इन गीतों की भाषा लोक जीवन से परे है। परन्तु लोकानुभूति की परम्परा का ये गीत सर्वता अनुगामी बन पड़े हैं। कवि ने लोकतत्त्व को समविष्ट कर अपने गीतों को गति दी है।

इसी प्रकार देवेन्द्र सत्यार्थी के अन्य गीतों में भी लोकतत्व की सम्प्रस्तुति हुयी है। कवि ने राम बनवास के उड़िया गीतों के माध्यम से लोकानुरंजित तत्त्वों की समीक्षा की है। उन्होंने धान कूटने वाले यंत्र का नाम उड़िया भाषा में ढेंकी बतलाया है। एक ढकी गीत के माध्यम से उन्होंने तत्कालीन समाज में उसके लोक महत्त्व को प्रस्तुत किया है–

**हीरा मांणकर धान ढेंकी रे अच्छी पणाँ**
**राम लइखन दुई हेले झीका टणाँ**
**किए गो पेलीवो से धान, कहो मोते कि न जे**
**राम बोलंति है सुनो लइखन**
**पेलीवो धान तुभे कुटिवा मोर मन**
**एते कहि ढ़ेकी ऊपर बस्सी भाँगे पान**
**महकी ऊठूछी वासना कि मीठा लागीवा से।।**[11]

ढेकी के पास हीरों–मणियों सदृश धान का ढेर लगा है राम और लक्ष्मण में विवाद हो रहा है कि कौन धान डालै, कौन कूटे। राम ने कहा–लक्ष्मण, तुम धान डालो, मैं कूटूंगा। यह कहकर राम ढेंकी पर बैठ गए और पान खाने लगे। दो में से एक पान राम ने खा लिया। धान कूटने का काम आनंद से चलता गया। चारों ओर महक फैल गई। यह लोक जीवन में प्रसिद्ध है।

कवि ने लोकतत्त्व में माँ की स्वर्गमयी क्रान्ति के समान कल्पना की है। उसने लिखा है कि माँ का दिल भी अजब चीज है, पर यह दुनिया में कैसे आ गया? अवश्य ही इसकी रचना स्वर्ग में हुई होगी। फिर भगवान् ने सोचा होगा चलो, इसे भूमि पर भेज दें, ताकि इसके स्पर्श से वहाँ भी एक स्वर्ग वस जाए। मेरा जरा से इशारे से कविता की माँ का गुस्सा दूर हो गया। वात्सल्य उमड़ आया। एक नहीं, चार लोरियाँ माँ की लोकतत्त्व में उपस्थित का अहसास करा रही हैं–

**कविता आवे मैं किक्ड जाणाँ,**
**कविता दे पैरी कड़ीयाँ**
**मैं बाज पछाणाँ।**

अर्थात कविता आती है, पर मैंने यह कैसे जाना? कविता ने अपने पैरों में श्कड़ियाँ पहन रखी हैं। मैं इन कड़ियों की झनकार पहचानती हूं।

**कविता आई खेडके**
**पैंदी आई धुम्म,**
**रोटी दियाँ चोपड़ के**
**चुन्नी लैंदी चुम्म।**

कविता खेलकर आई है, खूब धूमधाम से आई है वह। मैं उसे घी से चुपड़ी हुई रोटी दूँगी, उसकी चुनरी को मैं चूम लूँगी ।

**सुन नी कविता लोरी**
**तैनूँ दियाँ गन्ने दी पोरी!**

अर्थात् सुनरी कविता, लोरी सुन! मैं तुझे गन्ने की पोरी दूंगी।

**कविता दी मासी आई ए.**
**दुद्ध–मलाई लियाई ए।**[12]

अर्थात् कविता की मौसी आई है। वह दूध और मलाई लेती आई है। यहाँ कवि ने माँ की सार्वभौमिक सत्ता को लोकानुरंजित बतलाया है। इसी प्रकार कवि भारत भूमि को उपजाऊ बनाने वाली माता गंगा को भी प्रणाम कर लोक जीवन में उसके महत्व को प्रतिपादित किया है। कवि ने गंगा को लोक के लिए महत्त्वपूर्ण माना है। कोई उससे आशीर्वाद माँगे तो वह संकोच नहीं करेगी, पर वह रुक नहीं सकती–उसे आगे बढ़ना है अवश्य लोक के लिए एक सोहर गीत की पृष्ठभूमि में यही भावना काम करती है कि गंगा खुश हो जाए तो नारी की कोख झट हरी हो सकती है–

**गंगा–जमुनवाँ के बिचवाँ तेवइया एक तपु करह हो,**
**गंगा, अपनी लहर हमैं दतिउ मैं मझधार डूबित हो।**
**की तोहि सास–ससुर दुःख कि नैहर दूरि बसै**
**गंगा, देहु भगीरथ पूत जगत जस गावइ हो।**[13]

अर्थात् गंगा–यमुना के बीच एक स्त्री तप कर रही है हे गंगा! अपनी एक लहर तुम मुझे दे देतीं तो मैं मझधार में डूब जाती। क्या तुझे सास–ससुर का दुःख है? क्या तेरा नैहर दूर है? हे स्त्री ! क्या तेरा पति परदेश में है? किस दुःख से तुम डूबना चाहती हो? हे गंगा! न मुझे सास–ससुर का दुःख है, न नैहर दूर है, हे गंगा! न मेरा पति परदेश में है, मैं कोख के दुःख से डूबना चाहती हूँ। हे स्त्री! तुम अपने घर जाओ, मैं तुम्हें लहर न दूँगी। हे स्त्री ! आज से नौवे महीने तेरे पुत्र होगा। हे गंगा! मैं तुम्हें चटक रंग की पीली साड़ी चढ़ाऊँगी, जब मेरे पुत्र होगा। हे गंगा ! मुझे भगीरथ जैसा पुत्र दो, संसार जिसका यशगान करे।

यहाँ यह लोकवृतान्त का भी वर्णन हुआ है कि अयोध्या के प्रसिद्ध सूर्यवंशी राजा दिलीप के पुत्र राजा भगीरथ घोर तपस्या करके गंगा को पृथ्वी पर लाए थे यह पुरातन परम्परा है। इसीलिए गंगा का एक नाम भागीरथी भी है। इस लोकगीत में ग्राम की स्त्री और गंगा का वार्तालाप बहुत महत्त्वपूर्ण है। गंगा आशीर्वाद देती है और ग्राम की स्त्री का खुश होकर गंगा को चटक रंग की पीली साड़ी चढ़ाने की बात अत्यन्त लोकजीवन पर आधारित है और उसकी मान्यता है कि भगीरथ जैसा पुत्र प्राप्त करने की इच्छा, जिसका यश दूर–दूर तक फैलता चला जाए।

इस प्रकार यह कह सकते हैं कि देवेन्द्र सत्यार्थी के लोक साहित्य में विभिन्न अंचलों की तस्वीरें हूबहू

अंकित हुई हैं। जिससे उनमें भाव प्रवणता और अर्थ गंभीर विशिष्ट है। देवेन्द्र सत्यार्थी ने धूम धूमकर लोकगीतों की रचना की एक महत्वपूर्ण कार्य किया है। वह यह है कि समग्र भारत का लोकदर्शन एक मंच पर अपने प्रभावी स्वरूप के साथ उद्भूत हुआ है। जिनमें विविधता भी है, एकता भी है और विभिन्न सांस्कृतिक, सामाजिक, धार्मिक और ऋतुपरक अनुभूतियों को संग्रहीत किया गया है। सत्यार्थी जी के गीतों में मानव मन की अनुभूतियों को भी समय सापेक्ष शब्द और भाव मिले हैं।

**संदर्भ स्रोत :–**

1. देवेन्द्र सत्यार्थी, धरती गाती है–पृ०सं०29
2. देवेन्द्र सत्यार्थी, धरती गाती है–पृ०सं० 41
3. देवेन्द्र सत्यार्थी, दीया जले सारी रात–पृ०सं०57
4. देवेन्द्र सत्यार्थी, दीया जले सारी रात–पृ०सं०61
5. देवेन्द्र सत्यार्थी, बुंदेलखण्ड मूक नहीं–पृ०सं०103
6. देवेन्द्र सत्यार्थी, बुंदेलखण्ड मूक नहीं–पृ०सं०105
7. देवेन्द्र सत्यार्थी, बेला फूले आधीरात–पृ०सं०119
8. देवेन्द्र सत्यार्थी, ब्रज–भारती पृ०सं०138
9. देवेन्द्र सत्यार्थी, ब्रजभारती पृ०सं०142
10. देवेन्द्र सत्यार्थी, ब्रज भारती पृ०सं०161
11. देवेन्द्र सत्यार्थी, राम वनवास के उड़िया गीत–पृ०सं०172
12. देवेन्द्र सत्यार्थी, माँ लोरी सुना–पृ०सं०179
13. देवेन्द्र सत्यार्थी, धीरे बहो गंगा–पृ०सं०161

SHODH CHETNA – YEAR-8, VOL. 2 (APR. TO JUNE, 2022) ISSN : 2350-0441
A Peer-Reviewed & Refereed International Multifocal Research Journal
IMPACT-FACTOR SJIF - 5.999
Paper Recieved : 1st Apr. 22 Paper Accepted : 10th Apr. 22

# ''नागार्जुन की कविता में जनवादी चेतना का स्वरूप : नवीन संदर्भ''

❐ संतोष साहू*
❐ डॉ. वंदना त्रिपाठी**

## शोध सारांश

जो कवि जनता से दूर रहता हो, सत्ता के साथ अपनी साँठ–गाँठ को ही सच्ची क्रान्तिकारिता मानता हो वह साधारण जनता के जीवन की घुटन और संघर्ष को नहीं समझ सकता। वो नहीं समझ सकता कि जनता की तकलीफें और संघर्ष उसकी अन्याय, दमन और शोषण का परिणाम है जिसके खिलाफ कटुता (वास्तव में घृणा) नागार्जुन के काव्य में भरी पड़ी है। नागार्जुन अपने इस भाव को 'प्रतिहिंसा' कहते हैं। वे अच्छी तरह समझते हैं कि जनता की हालत में सुधार करना है तो उसे बौद्धिक जड़ता से निकालना पड़ेगा, राजनीति को वास्तविक रूप से समझने में सहायता देनी पड़ेगी, संघर्ष में उतरने के लिए तैयार करना पड़ेगा। उसके लिए जनता के साथ हमदर्दी और हिस्सेदारी की जरूरत है। अपनी इस हिस्सेदारी को निभाने में राजनीतिक कविताओं की भूमिका को अच्छी तरह पहचान कर ही नागार्जुन ने अन्याय, दमन, शोषण का विरोध (सक्रिय प्रतिरोध) करने के लिए उनका उपयोग किया।

**मूल शब्द–** प्रतिहिंसा, जनवादी, चेतना, नागार्जुन, जठराग्नि, मनोवैज्ञानिक।

व्याख्या–वास्तव में यह प्रतिहिंसा ही नागार्जुन की कविता का स्थायी भाव है। सामाजिक जड़ता के कारण ही विषमता और अन्याय के विरोध का स्वर, उस विरोध का स्वर प्रभावी नहीं हो पाता है। महान कवियों की प्रतिरोध चेतना कविता की उस धार को अपनी कलम से घिस–घिस कर उसमें सान चढ़ाता है, उसे तीक्ष्ण बनाता है।

इस दृष्टि से देखा जा सकता है –

**''मानव होकर मानव के ही चरणों में मैं रोया**
**दिन बागों में बिता रात को पटरी पर मैं सोया!**
**कभी घुमक्कड़ यार दोस्त से मिलकर, कभी अकेले**
**एक–एक दाने के खातिर सौ–सौ पापड़ बेले।''**

इस प्रकार नागार्जुन को जीवन के आरम्भिक काल में ही जठराग्नि से परिचय हो गया उसके पीड़ा की सच्ची अनुभूति उन्हें मिली। इसीलिए तो अकाल का जैसा वर्णन बाबा ने किया है वह अन्यत्र दुर्लभ है।

* शोधार्थी, एम.ए. (हिन्दी), अवधेश प्रताप प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा (म.प्र.)
** शोध निर्देशक, प्राध्यापक हिन्दी, शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रीवा (म.प्र.)

इतना चित्रमय इतना मनोवैज्ञानिक वर्णन उसी कवि की लेखनी से सकता है जिसने अकाल की वास्तविक पीड़ा महसूस की हो–

**''कई दिनों तक चूल्हा रोया, चक्की रही उदास**
**कई दिनों तक कानी कुतिया सोयी उन पास**
**कई दिनों तक लगी भीत पर छिपकिलियों की गश्त**
**कई दिनों तक चूहों की भी हालत रही शिकस्त।''**

मनुष्य की तो बात छोड़िए, चूहों तक के लिए भी घर में दाने नहीं। इन चार पंक्तियों में अकाल का इतना जीवन्त चित्रण, भोगे हुए यथार्थ के बिना नहीं सम्भव है। बाद का भी दृश्य देखिए–

**''दाने आए घर के अन्दर कई दिनों के बाद**
**धुआँ उठा आँगन से ऊपर कई दिनों के बाद**
**चमक उठी घर भर की आँखें कई दिनों के बाद**
**कौए ने खुजलाई पाँखें कई दिनों के बाद।''**

अब अन्न देखकर घर भर की आँखों में चमक आने का वर्णन अनुभूति की सूक्ष्मता देखिए, संवेदना देखिए। बिना तीव्र संवेदना के आप अभाव अन्याय का प्रतिकार नहीं कर सकते। नागार्जुन के पुत्र शोभाकान्त अपनी पुस्तक 'नागार्जुनः मेरे बाबूजी' में नागार्जुन की कहानी 'जेठा' (1946) का उल्लेख करते हुए कहते हैं कि ''उसकी कुछ पंक्तियों मे रचनाकार की उस उम्र का परिचय प्राप्त होता है जिसे निर्माण की उम्र कहा जा सकता है।'' जेठा की कहानी का यह अंश देखिए–

''पिछले पन्द्रह वर्षों का मेरा जीवन अपमान और लांछना, ग्लानि और विषाद का जीवन रहा है। पता नहीं मैंने आत्महत्या क्यों नहीं कर ली। पागल क्यों नहीं हो गया कड़वी वेदनाओं को मीठी मुस्कान के गुलाबी आवरण से ढंकना न जाने कब किसने मुझे सिखला दिया। लोग समझते हैं बड़ा विनोदी स्वभाव का है! सदाबहार! अंदर जो धू–धूकर के आग जल रही है, ओह किसी को इसका भी पता होता।''

आगे शोभाकान्त ने लिखा है अभी भी ऊपर से देखने पर कहाँ पता लगता कि इस दुबले–पतले

कमजोर–जर्जर वृद्ध में प्रतिहिंसा (प्रतिरोध) की आग भयंकर रूप से धू–धूकर जल रही है। नागार्जुन का संघर्ष यात्री से आरम्भ हुआ जब उन्होंने छब्बीस वर्ष की आयु में गृह त्याग किया। यही था उनका प्रथम प्रतिरोध है –

**''पुरजन परिजन के छोड़ि छाड़ि**
**अहिबातक पालित फोड़ि–फाड़ि**
**हम जाय रहल छी आन ठान**
**हे माँ मिथिले अन्तिम प्रणाम।''**

वे मातृभूमि को प्रणाम कर विदा हो गए। बाद में श्रीलंका चले गए पर इस गृह त्याग का कारण क्या था? बाबा लिखते हैं –

**''दुखोदधि सँ संतरण हेतु**
**चिर विस्मृत वस्तुक जागरण हेतु**
**हम छोड़ि रहल छी अपना गाम**
**माँ मिथिले, ई अंतिम प्रणाम।।''**

मैथिली साहित्य के आलोचक, मोहन भारद्वाज एक जगह लिखते हैं कि– ''हिंदी में ओ एकठाम लिखने छथि जे 'प्रतिहिंसा' हुनक स्थायी भाव छनि ध यान वेबाक अछि जे ओ हिंसा के नहिं प्रतिहिंसा के स्थायी भाव कहलेन अछि। प्रतिहिंसा राग–चेतनाक प्रति स्थायी होइत अछि ओहुना राग शब्दक अर्थ प्रेम त होइते अछि तामस सेहो होइत अछि।"

नागार्जुन का यह गृह त्याग बुद्ध के महाभिनिष्क्रमण जैसा है क्योंकि यात्री भी दुःख के समुद्र से उद्धार के लिए घर छोड़ते हैं। इसीलिए तो उन्हें जन बिरादरी का पहरेदार कहा गया है– ''वह जो भारत की जन बिरादरी का पहरेदार है। तुच्छजनों का 'अ' तुच्छ हिन्दी कवि। जितना ठेठ मैथिल, उतना ही ठेठ हिंदीव, जितना दरभंगिया, उतना ही कलकतिया। जितना बनारसी–इलाहाबादी, उतना ही भेलसाई (विदिशा का मध्यकालीन एक नाम)। जितना मैदानी, उतना ही पठारी। जितना ग्रामंचलीय, उतना ही उपनगरीय।

**''कुछ–कुछ अष्टावक्र तेवर!**
**बहुत कुछ दुर्वासाई अन्दाज!!''**

इस उपस्थिति और पहरेदारी के पीछे उनकी यही प्रतिरोधी चेतना है। वे सम्पूर्ण शासन व्यवस्था को अहं की व्यवस्था करार देते हुए कहते हैं –

**''हजार फन फैलाए**
**बैठा है मार कर गुंजलक**
**अहं का शेषनाग**
**लेटा है मोह का नारायण वो देखो नाभि**
**वो देखो संशय का शदतल**
**वो देखो स्वार्थ का चतुरानन**
**चाँप रही चरण कमल लालसा–लक्ष्मी**
**लहराता है सात समुद्रों का एक समुद्र**
**दूधिया झाग – दूधिया झाग।।''**

वस्तुतः व्यवस्था में छिपी जड़ता ही अहं को जन्म देती है और अहं शोषण करता है। राम विलास जी के शब्दों में – ''नागार्जुन जितने क्रान्तिकारी सचेत रूप से हैं उतने ही अचेत रूप से भी हैं। उनका क्रान्तिकारित्व एक ओर साम्राज्यवाद, सामन्तवाद और पूँजीवाद की प्रखर आलोचना में प्रकट होता है, दूसरी ओर वह उनकी कला द्वारा हिंदी जातीयता के स्तर पर विभिन्न जनपदों की श्रमिक जनता को एकताबद्ध करने में भी प्रकट होता है।''

नागार्जुन का यह संघर्ष जाग्रत है। उनके संघर्ष में आवेग है, जिद्द है और वह इसलिए भी है कि उन्होंने सक्रिय संघर्ष में हिस्सेदारी ली है। शोभाकान्त कहते हैं, 'जीवन में बाबूजी मात्र कलम या रचना को ही हथियार नहीं बनाया खुद जन संघर्षों में हिस्सा लिया है।

नागार्जुन रचना की सार्थकता संघर्ष में मानते थे दूसरे शब्दों में कहें तो प्रतिरोध चेतना में मानते थे। इस संबंध में श्री राजकुमार सैनी ने (जनयुग, 10 अप्रैल 1983) में नागार्जुन से अपनी बात के हवाले लिखा है कि ''नागार्जुन कहते थे कि उनके संघर्ष के पीछे भी सौंदर्यबोध का उद्देश्य था। जब हम संघर्ष को महत्व देते हैं तो किसलिए? आखिर सौन्दर्य और प्रेम की रक्षा के लिए ही।

प्रतिरोध किसलिए? समाज को सुन्दर बनाने के लिए। नागार्जुन का यह प्रतिरोध अन्याय को निर्मूल करने के उद्देश्य से है। बहुजन हिताय बहुजन सुखाय, समता मूलक समाज के लिए। अनाचार, अन्याय, शोषण के बढ़ते फन को कुचलने के लिए उसके मार्ग में बाधा उत्पन्न करना, अवरोध उत्पन्न करना, गतिरोध पैदा करना, प्रतिकार करना। पूँजीवादी व्यवस्था श्रमिक जनता का आर्थिक रूप से ही शोषण नहीं करती वह उसके सौन्दर्यबोध को कुण्ठित करती है उसके जीवन को घृणित और कुरूप भी बनाती है। फूलों और फव्वारों से सजे बाग–बगीचे पूँजीपतियों और उनकी रखैलों के लिए है, मजदूरों के लिए गन्दी वस्तियों की तंग कोठरियाँ हैं। मैनेजर पाण्डे के शब्दों में ''बड़ा कवि वह होता है जो सूक्ष्मताओं के सौन्दर्य से लेकर विराटता के आश्चर्य तक को अपनी कविता में जगह देता है।''

**निष्कर्ष–**

नागार्जुन की कविता का धरातल अत्यंत विस्तृत है। यह विस्तार उन्हें अपने दीर्घ अनुभव, विभिन्न स्थान, , परिवेश के जन–समुदाय से उनका सीधे संवाद से प्राप्त हुआ है बचपन में मातृहीन वैद्यनाथ अपने पिता (गोकुल मिश्र) के कंधों पर बैठकर जहाँ तहाँ भटकते, फिर किशोरावस्था में बंधन मुक्त हो, क्योंकि घर पर पूछने वाला कोई था नहीं। सारा दिन सब जाति–बिरादरी के बच्चों का साथ उठते–बैठते। 1934 में घर छोड़े। सिंधल में बौद्ध दीक्षित हुए पालि सीखा। 1938 में भारत आए। अकबारी (बिहार) के अत्याचारी भू–स्वामी के विरुद्ध राहुल सांकृत्यायन ने नेतृत्व किया। नागार्जुन उस संघर्ष में लग गए। छपरा और हजारीबाग जेल में दस महीने रहना पड़ा। दूसरी बार भागलपुर सेन्ट्रल जेल में आठ महीने रहे। नागार्जुन कम्युनिस्ट पार्टी के सक्रिय सदस्य बने किन्तु भारत पर चीनी आक्रमण से आहत होकर सदस्यता छोड़ दी। नागार्जुन किसी धारा में बँधने वाले नहीं थे। उनका वैचारिक धरातल इतना विस्तृत था कि वे किसी फ्रेम में समा ही नहीं सकते थे। इसीलिए उनकी कविताओं का कैन्वास बहुत बड़ा है।

**संदर्भ सूची**

1. नागार्जुन और थॉमस हार्डी के आँचलिक उपन्यासों की तुलना– डॉ0 राखी बालगोपाल, अभय

प्रकाशन, आवास विकास, हंसपुरम् कानपुर, संस्करण 2016

2. हिन्दी के आंचलिक उपन्यासों का लोकतात्विक अध्ययन– डॉ0 कलावती प्रकाश, ज्ञानपूर्णा प्रकाशन, संस्करण 1990

3. नागार्जुन रचनावली–खण्ड–एक– संपादक संयोजन शोभाकान्त, राजकमल प्रकाशन, नयी दिल्ली पटना इलाहाबाद,दरबारी बिल्डिंग, महात्मा गांधी मार्ग, संस्करण 2011

4. नागार्जुन संवाद, विजयबहादुर सिंह, वाणी प्रकाशन, 21–ए, दरियागंज, नयी दिल्ली, संस्करण 2009

5. नागार्जुन एक अध्ययन –ललिता अरोड़ा, भारतीय ग्रंथ निकेतन, संस्करण 1982

6. नागार्जुन : व्यक्तित्व एवं कृतित्व–प डॉ0 अजिनाथ नागरगोजे, जगत भारती प्रकाशन इलाहाबाद, संस्करण 2012

7. पहल त्रैमासिक –पत्रिका, संपादक ज्ञानरंजन, अप्रैल–जून, जबलपुर 1996

# जी.एच. पब्लिकेशन

(पुस्तक सूची)

## हमारे नवीनतम प्रकाशन

| | | |
|---|---|---|
| • रीवा राज्य के बघेल राजाओं की आर्थिक नीतियों का ऐतिहासिक अध्ययन (1755 ई. से 1948 ई. तक) | डॉ. जीतेन्द्र कुमार पाण्डेय | 999.00 |
| • क्रान्ति से परिवर्तन | सं. डॉ. श्रीकान्त शुक्ल | 400.00 |
| • छत्तीसगढ़ के छत्तीस रतन (छत्तीसगढ़ी भाषा) | कन्हैया साहू 'अमित' | 300.00 |
| • फुरफुन्दी (छत्तीसगढ़ी बाल कविता संग्रह) | कन्हैया साहू 'अमित' | 150.00 |
| • बघेली बिरबाही (बघेली भाषा) | डॉ. सूर्य नारायण गौतम | 120.00 |
| • पशुपालन एवं पशु चिकित्सा (एक संक्षिप्त परिचय) | डॉ. राहुल शर्मा, डॉ. शिवांगी शर्मा डॉ. राजकुमार पटेल, डॉ. रमेश मिश्रा डॉ. सुनील नायक, डॉ. अंकुर खरे | 500.00 |
| • Livestock Health, Nutrition, Disease Diagnosis and their Management | Raj Kumar Patel, Adesh Verma Nitin Bajaj, Amit Jha, Jayant Goel Rahul Sharma, Suman Kumar | 500.00 |
| • Augmentation of Fertility and Correction of Reproductive Disorders in Livestock | Nitin Bajaj, Amit Jha, Adesh Verma Suman Kumar, Yogesh A. Chatur Raj Kumar Patel | 500.00 |
| • Text Book of Animal Behaviour and Welfare | Manoj Ahirwar, Shashi Pradhan Deepika Diana Jesse Ariand, Raj Kumar Patel, Adesh K. Verma | 400.00 |

# हमारे आगामी प्रकाशन

| | |
|---|---|
| • **पर्यटन** | सी.पी. तिवारी |
| • **रीवा अंचल के सरयूपारीण ब्राह्मणों की वंशावली** | डा. सुशीला पाण्डेय तिवारी |
| • **Civil Engineering Construction Materials** | Dr. Nisha Pandey |
| • **सामान्य एवं आंगिक भेषज विज्ञान** | डा. सचिन जैन, डा. विधि गौतम<br>डा. राजेश शर्मा, डा. क्षेमशंकर श्रमण<br>डा. अर्पिता श्रीवास्तव |
| • **गौवंश में प्रजनन एवं कृत्रिम गर्भाधान** | डा. जे.एस. राजौरिया<br>डा. ए.के. सिंह<br>डा. बी.के. ओझा<br>डा. ए.के. झा<br>डा. एस.एस. तोमर |
| • **प्रेमचन्द की अनमोल कहानियाँ** | सं. गौरान्शी कुशवाहा |

## पुस्तक मँगाने का नियम

- प्रत्येक पुस्तक पर 20% कमीशन दिया जायेगा एवं डाक व्यय फ्री रहेगा।
- पुस्तक के मुद्रित मूल्य में 20% धनराशि काटकर शेष धनराशि हमारे Phone Pay No. में जमाकर उसका स्क्रीन शाट तथा अपना पूरा पोस्टल पता एवं अपना मोबाइल नं., हमारे Whatsapp No. 9532481205 पर भेज दें।
- आदेशित पुस्तकें आपके पते पर रजिस्टर्ड डाक द्वारा भेज दी जायेंगी।

Phone Pay No. : **9532481205**
**Sushil Kumar Kushwaha**
**Union Bank of India**
A/c. No. : **394302010996632**
IFSC : **UBIN0807095**

# हमारे प्रकाशन जी.एच. पब्लिकेशन द्वारा प्रकाशित एवं प्रचारित पुस्तकें

## शिक्षा

| | | |
|---|---|---|
| वैदिक चिन्तन मंजूषा | डॉ. सूर्य नारायण गौतम | 350 |
| शतपथ संदर्शन | डॉ. सूर्य नारायण गौतम | 400 |
| शिक्षा में सुधार चुनौतियाँ अपार | डॉ. प्रेम भारती | 395 |
| वैदिक शिक्षा के विविध आयाम | डॉ. प्रेम भारती | 395 |
| शिक्षाप्रद प्रेरक प्रसंग | डॉ. प्रेम भारती | 350 |
| शिक्षा की समस्याएँ | शारदा देवी | 250 |

## पर्यावरण

| | | |
|---|---|---|
| वेद, यज्ञ और पर्यावरण | डॉ. सूर्य नारायण गौतम | 400 |
| पर्यावरण सुरक्षानाम शतकम् *(संस्कृत)* | डॉ. द्वारिकानाथ त्रिपाठी | 300 |

## विधि

| | | |
|---|---|---|
| आधुनिक हिन्दू विधि *(संस्कृत) (धर्मशास्त्रीयविधि सहितः)* | प्रो. वेद प्रकाश उपाध्याय | 750 |

## योग एवं स्वास्थ्य

| | | |
|---|---|---|
| योगसार संग्रह | डॉ. रश्मि पाठक | 500 |
| योग एक कल्पवृक्ष | डॉ. प्रेम भारती | 300 |
| शंख थेरेपी | डॉ. प्रेम भारती | 250 |
| योग समग्र जीवन की ओर | कौशल किशोर | 400 |

## पशुपालन एवं स्व-रोजगार

| | | |
|---|---|---|
| खरगोश पालन (छात्र संस्थान) | डॉ. एस.पी. वर्मा | 150 |
| बटेर पालन (छात्र संस्थान) | डॉ. एस.पी. वर्मा | 100 |
| बत्तख पालन (छात्र संस्थान) | डॉ. एस.पी. वर्मा | 130 |

*(* उक्त तीनों पुस्तकें रज्जू भैया राज्य विश्वविद्यालय, उ.प्र. के बी.एस-सी. एग्रीकल्चर के पाठ्यक्रम में है।)*

| | | |
|---|---|---|
| पशु पालन एवं पशु चिकित्सा | डॉ. राहुल शर्मा | 500 |

## धर्म एवं संस्कृति

| | | |
|---|---|---|
| वैष्णव महापुराणों में श्रीकृष्ण | डॉ. रामबहोरी त्रिपाठी | 500 |
| चित्रकूट के घाट से | डॉ. रामबहोरी त्रिपाठी | 200 |
| महाकवि कालिदास का सन्देश | डॉ. रामबहोरी त्रिपाठी | 100 |
| भारतोत्तर नाट्याचार्यों का योगदान | डॉ. बलजीत कौर | 100 |
| बुद्ध ज्ञान रसायन | शीतला प्रसाद मौर्य | 400 |
| युद्ध के नीतिशास्त्र का समीक्षात्मक अध्ययन *(रामायण एवं महाभारत के सन्दर्भ में)* | डॉ. सीमा सैनी | 450 |
| संस्कृत ग्रन्थों में राजनीतिक एवं आर्थिक विचारधारा *(आचार्य बृहस्पति, शुक्र, कौटिल्य एवं कामान्दक के सन्दर्भ में)* | डॉ. सन्ध्या कुमारी | 700 |
| उपनिषदों की प्रेरक कथाएँ | डॉ. विभा श्रीवास्तव | 400 |
| वैदिक साहित्य में दाक्षायण यज्ञ | डॉ. मीनाक्षी उपाध्याय | 500 |
| श्रीमानस भ्रम भंजनी | रामदेव प्रसाद सोनी | 400 |
| द्वादश ज्योतिर्लिंग | ओंकार क्रान्तिकारी | 200 |

## शब्दकोश

| | | |
|---|---|---|
| किहिनी, कहनूति उखान कोश *(बघेली-हिन्दी)* | रवि रंजन सिंह | 750 |
| मिल बाँचें बघेली हिन्दी *(बघेली-हिन्दी शब्दकोश)* | प्रो. अम्बिका प्रसाद तिवारी | 400 |
| विपरीतार्थक शब्दकोष | बी.आर. पनेरू | 340 |

## इतिहास

| | | |
|---|---|---|
| तब और अब रीवा | रविरंजन सिंह | 550 |
| रीवा राज्य के बघेल राजाओं की आर्थिक नीतियों का एतिहासिक अध्ययन (1755 ई. से 1948 ई. तक) | डॉ. जीतेन्द्र कुमार पाण्डेय | 999 |
| काँटे (जीवन का सच) भाग-1 | सोमदत्त त्रिपाठी | 600 |
| काँटे (जीवन का सच) भाग-2 | सोमदत्त त्रिपाठी | 600 |
| वीरांगना दुर्गावती | सोमदत्त त्रिपाठी | 250 |
| क्रान्ति से परिवर्तन | सं. डॉ. श्रीकान्त शुक्ल | 400 |

## संस्कृत

| | | |
|---|---|---|
| आधुनिक हिन्दूविधि | प्रो. वेदप्रकाश उपाध्याय | 750 |
| वेदतत्वविमर्शः | डॉ. सूर्य नारायण गौतम | 500 |
| यजुर्वेद अग्नि तत्व विमर्शः | डॉ. सूर्य नारायण गौतम | 400 |
| शुक्ल यजुर्वेदीय गर्भाधानादि षोडश संस्कार-पद्धति विमर्शः | आचार्य केदारनाथ द्विवेदी | 350 |

| | | |
|---|---|---|
| कृष्णयजुर्वेदीया कठोपनिषद | प्रो. वेद प्रकाश उपाध्याय | 250 |

**बघेली साहित्य**

| | | |
|---|---|---|
| बघेली व्याकरण | सोमदत्त त्रिपाठी | 250 |
| पिता का आम वृक्ष *(कहानी संग्रह)* | डॉ. रामसिया शर्मा | 300 |
| जगन्नाथ केर परसाद | सीताशरण गुप्त | 300 |
| किस्सन केर पोथन्ना | डॉ. सूर्य नारायण गौतम | 250 |
| मिल बाँचे बघेली हिन्दी | प्रो. अम्बिकाप्रसाद तिवारी | 400 |
| किहिनी कहनूति उखान कोश | रवि रंजन सिंह | 750 |
| बघेली बिरबाही | सं. डॉ. सूर्य नारायण गौतम | 120 |

**छत्तीसगढ़ी साहित्य**

| | | |
|---|---|---|
| छत्तीसगढ़ के छत्तीस रतन *(छत्तीसगढ़ी)* | कन्हैया साहू 'अमित' | 300 |
| छत्तीसगढ़ के लोकगीतों का सामाजिक संदर्भ | बलदाऊ राम साहू | 450 |
| सुन्दरकाण्ड *(छत्तीसगढ़ी)* | श्रीमती धनेश्वरी सोनी 'गुल' | 50 |
| फुरफुन्दी *(छत्तीसगढ़ी बाल कविता संग्रह)* | कन्हैया साहू 'अमित' | 150 |
| नचई अरु फटाका फोरई *(छत्तीसगढ़ी बाल कहानियाँ)* | बलदाऊ राम साहू | 90 |
| चोर के जीव पुतकी मा *(छत्तीसगढ़ी लोक कथाएँ)* | बलदाऊ राम साहू | 140 |
| चलित प्रयोगशाला *(छत्तीसगढ़ी बाल कहानियाँ)* | डॉ. रामसिया शर्मा | 90 |
| तरिया (पोखर) *(छत्तीसगढ़ी बाल कहानियाँ)* | डॉ. रामसिया शर्मा | 90 |

**साहित्य, जीवनी, संस्मरण एवं प्रेरक प्रसंग**

| | | |
|---|---|---|
| विश्व की महान महिलाएँ | श्रीमती विभा श्रीवास्तव | 300 |
| संकल्प *(नाटक संग्रह)* | उमेश कुमार 'निराला' | 120 |
| स्मृतियों के इन्द्रधनुष | स्वामी विजयानन्द | 400 |
| तड़प *(दलित चेतना पर आधारित कहानी संग्रह)* | बृजलाल कोरी | 250 |
| मुखाग्नि *(दलित चेतना पर आधारित उपन्यास)* | बृजलाल कोरी | 250 |
| नैतिक कहानियाँ | गौरान्शी कुशवाहा | 300 |
| राष्ट्रीय पर्व एवं जयन्तियाँ | डा. प्रेम भारती | 400 |
| महान शिक्षाशास्त्री श्री राधाकृष्णन | डा. प्रेम भारती | 250 |
| भारत की महान नारियाँ | कमल नयन गुप्ता | 400 |
| शरतचन्द्र की सर्वश्रेष्ठ कहानियाँ | मनीष भारतीय | 300 |
| प्रेरक बोध कथाएँ | डा. प्रेम भारती | 350 |
| हमारे हरिजन सन्त | अविचल द्विवेदी | 395 |
| घाघ भड्डरी की लोक कहावतें | महाकवि घाघ | 300 |
| दिव्य औषधियाँ | चन्द्रप्रकाश शुक्ल | 395 |
| वैदिक गणित | डा. प्रेम भारती | 395 |
| जयशंकर प्रसाद की अनमोल कहानियाँ | जयशंकर प्रसाद | 400 |
| ध्यान : एक वैज्ञानिक चमत्कार | डा. प्रेम भारती | 395 |
| कुम्भ *(कहानी संग्रह)* | डा. रामसिया शर्मा | 300 |

**बाल साहित्य**

| | | |
|---|---|---|
| कुएँ का भूत | डा. रामसिया शर्मा | 100 |
| घमंडी हाथी | डा. रामसिया शर्मा | 100 |
| शहर में बन्दर | डा. रामसिया शर्मा | 100 |
| उड़ गौरैया ऊँचे उड़ | डा. रामसिया शर्मा | 130 |
| भारत रत्न प्रधानमंत्री | श्रीमती विभा श्रीवास्तव | 60 |
| भारत रत्न महिलाएँ | श्रीमती विभा श्रीवास्तव | 60 |
| हमारा शरीर | डा. निशा गुप्ता | 60 |
| दुनिया के अनोखे जीव-जन्तु | सन्तोष दुबे | 60 |
| शिक्षाप्रद लघुकथाएँ | गौरान्शी कुशवाहा | 60 |
| दादी का आशीर्वाद | गौरान्शी कुशवाहा | 60 |
| श्रेष्ठ बाल कहानियाँ | श्रीमती विभा श्रीवास्तव | 60 |
| फुरफुन्दी *(छत्तीसगढ़ी बाल कविता संग्रह)* | कन्हैया साहू 'अमित' | 150 |
| नचई अउ फटाका फोरई *(छत्तीसगढ़ी बाल कहानियाँ)* | बलदाऊ राम साहू | 90 |
| चोर के जीव पुतकी मा *(छत्तीसगढ़ी लोक कथाएँ)* | बलदाऊ राम साहू | 140 |
| चलित प्रयोगशाला *(छत्तीसगढ़ी बाल कहानियाँ)* | डा. रामसिया शर्मा | 90 |
| तरिया (पोखर) *(छत्तीसगढ़ी बाल कहानियाँ)* | डा. रामसिया शर्मा | 90 |
| हमारी पृथ्वी | श्रीमती करूणा श्रीवास्तव | 50 |